(iii) Such important or key words used in the original abstract (in no. 7 above) as indicate such important subjects treated in the thesis which are not reflected by the key word/s, phrase or part of the title, but, are useful to the researchers, using a separate slip for each separate word;

(iv) The Hindi version used in the Hindi abstract in no. 8 above of the words selected under (iii) above (each on a separate slip as before).

N. B. (i) One slip should carry only one name or word, as the case may be.

(ii) The size of the slip used should be 1/8 of a foolscape paper.

B. Similar abstracts (in duplicate) of your works, papers etc. published in or after 1970 prepared on the above lines can also be sent. In the abstract of these works the name of the publisher and the year of publication should be given in place of the matter indicated in 4 above. The price of the work should be indicated at the end of entries in no. 5 above, just before the name of the language of the work. In case of papers etc. published in journals the name of the journal etc., its volume and issue numbers (with a full stop between them) and date indicated on the journal (in case the date of the publication of the journal is different from the date to which it relates or on which it was due, the latter, i. e., the date indicating the period to which it relates should be given).

C. Names of months should be indicated by their serial number in the year, i. e., January, February, March, April, June, August, October and December be indicated as 1, 2, 3, 4, 6, 8, 10 and 12). A full stop should be placed between the date and and the month and between the number of the month and that of the year which should be followed by a semi-colon.

Slips for indices should be prepared exactly on the lines specified under unpublished theses above. A slip indicating the name of the journal should also be sent. A slip containing your name in the Devanagari script must also be sent.

In slips Roman script should be used for words and names written in the Roman script and for all others Devnagari script should be used.

Important Note—This work is purely honorary and carries no remuneration in any form., nor even a reprint or a copy of the abstract. The editor reserves the full right to accept, reject or to modify the abstract as he may deem fit. The cooperation will be **acknowledged only** by printing the name of the abstractor below his/her abstract followed by the name of the translator if the abstract has to be translated into Hindi. If the editorial changes materially affect the abstract the name of the editor will also be indicated.

ससंक्षेप देवनागरी लिपि की पत्र-पत्रिकाएं आदि

इस सूची में प्रस्तुत अंक में प्रयुक्त पत्र-पत्रिकाओं आदि की तालिका दी गई है। नामों के आगे अंक और प्रकाशन-वत्सर का निर्देश है।

संक्षेप	पत्र-पत्रिकादि
आ. मा.	आर्य मार्तण्ड, अजमेर ५०.१९; २०; २१
	आर्यों का त्रैतवाद; बीकानेर १.१-२
उमकव.	उमेश मिश्र कौमोमोरेशन वाल्यूम, इलाहाबाद १९७०
एभाओरिइ.	एनल्ज् ऑफ दी भाण्डारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना
	कादम्बरी, कुन्कुनु १९६९–७०
	कादम्बिनी, ३.१९७१
गुरु.	गुरुकुलपत्रिका, कांगड़ी २३.९–३; ९–११.१९७०
गोपुविदिशोप.	गोरखपुरविश्वविद्यालय शोधपत्रिका, गोरखपुर, १९६०–६१
जतमससला	दी जर्नल ऑफ दी तंजोर महाराजा सरफोजीज सरस्वती महल लाइब्रेरी, तंजोर, २४. २; १९७१
जराइंहिरि.	जर्नल ऑफ दी राजस्थान इन्स्टीट्यूट ऑफ हिस्टौरिकल रिसर्च, जयपुर
	जिनवाणी, जयपुर, २८. १-३; १-३. १९७१
जैसंशो.	जैन सन्देश (शोधांक), मथुरा, २९; ११. २. १९७१
	ज्ञानेश्वर, ३. १; १९७१
त.अ.	तत्त्व-अनुसन्धान, जयपुर; १. १–५
	तत्त्वचिन्तन, जयपुर, ३. २; ४. १९७१
दकास्मा.	दयानन्द कालिज, अजमेर रजतजयन्ती १९७१
	स्मारिका, आचार्य शास्त्री अभिनन्दन ग्रन्थ, अजमेर
नभा.	नवभारत, १०–१२. १९७०; ४. १९७२
नभाटा.	नवभारतटाइम्स, नई दिल्ली १५. १. १९७१
पुविप.	पुणे विद्यापीठ पत्रिका, मानसखण्ड, पुणे, ३३; १९७०

मजस्मा.	महावीर जयन्ती स्मारिका, जयपुर, १९७०
	मागधम्, आरा, ४; ५. १९७०
यूरासंहिस.	यूनिवर्सिटी औफ राजस्थान स्टडीज इन हिन्दी एण्ड संस्कृत, जयपुर, १९६७-१९६९
	राजस्थान यूनिवर्सिटी स्टडीज़ इन संस्कृत एण्ड हिन्दी, जयपुर
राप.	राजस्थानपत्रिका, जयपुर
राप्राविप्रजो. का वार्षिक प्रतिवेदन	राजस्थान प्राच्यविद्याप्रतिष्ठान जोधपुर का वार्षिक प्रतिवेदन, १९६७-६९; जोधपुर
	लोककला, उदयपुर, २०; ७. १९७०
विभाप.	विश्वभारतीपत्रिका, शान्तिनिकेतन. ११. १; ४, ६. १९७०
विभ.	विश्वम्भरा, बीकानेर, ६. ३; १९७०
वेवा.	वेदवाणी, बहालगढ़, सोनीपत, २३. १–३; ११–१९७०–१. १९७१
शोप.	शोधपत्रिका २१. ३; ७–९. १९७०
	श्रमण, वाराणसी, ३. १९७१
सप.	समितिपत्रिका, १०. १–२; १–२. १९७१
सस्मा.	स्मारिका सम्बोधिका, जयपुर, १९७०, जैन मित्रमण्डल, कुन्दीगरों के भैरूं जी का रास्ता जयपुर–३
	सागरिका, सागर, ९. २; २०२७ वि०
साजैसंस्मा.	श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैनसंघ, रांगडी मोहल्ला, बीकानेर
	सोवियत भूमि, ६. ३. १९७०; १८. ९. १९७०
स्मारिका हि.वि.प.हा; हाहिविपस्मा.	स्मारिका हिन्दु विश्वपरिषद्, हाड़ौती सम्मेलन, कोटा, १९७०
	स्वाहा, राजस्थान प्राच्यविद्याप्रतिष्ठान, जोधपुर, १. १–३; १९६९
हिटा.	दी हिन्दुस्तान टाइम्ज़, नई दिल्ली

मजस्मा.	महावीर जयन्ती स्मारिका, जयपुर, १९७०
	मागधम्, आरा, ४; ५. १९७०
यूरासंहिस.	यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान स्टडीज इन हिन्दी एण्ड संस्कृत, जयपुर, १९६७-१९६९
	राजस्थान यूनिवर्सिटी स्टडीज् इन संस्कृत एण्ड हिन्दी, जयपुर
राप.	राजस्थानपत्रिका, जयपुर
राप्राविप्रजो. का वार्षिक प्रतिवेदन	राजस्थान प्राच्यविद्याप्रतिष्ठान जोधपुर का वार्षिक प्रतिवेदन, १९६७-६९; जोधपुर
	लोककला, उदयपुर, २०; ७. १९७०
विभाप.	विश्वभारतीपत्रिका, शान्तिनिकेतन. ११. १; ४, ६. १९७०
विभ.	विश्वम्भरा, बीकानेर, ६. ३; १९७०
वेवा.	वेदवाणी, बहालगढ़, सोनीपत, २३. १–३; ११–१९७०–१. १९७१
शोप.	शोधपत्रिका २१. ३; ७–९. १९७०
	श्रमण, वाराणसी, ३. १९७१
सप.	समितिपत्रिका, १०. १–२; १–२. १९७१
सस्मा.	स्मारिका सम्बोधिका, जयपुर, १९७०, जैन मित्रमण्डल, कुन्दीगरों के भैरूं जी का रास्ता जयपुर–३
	सागरिका, सागर, ९. २; २०२७ वि०
साजैसंस्मा.	श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैनसंघ, रांगडी मोहल्ला, बीकानेर
	सोवियत भूमि, ६. ३. १९७०; १८. ९. १९७०
स्मारिका हि.वि.प.हा; हाहिविपस्मा.	स्मारिका हिन्दु विश्वपरिषद्, हाड़ौती सम्मेलन, कोटा, १९७०
	स्वाहा, राजस्थान प्राच्यविद्याप्रतिष्ठान, जोधपुर, १. १–३; १९६९
हिटा.	दी हिन्दुस्तान टाइम्ज्, नई दिल्ली

भारतीशोधसारसंग्रह

वर्ष १] अप्रैल, १९७१ [अंक १

१. वेद (1. Veda)

ऋग्वेद (Rgveda)

1. Two Anomalous Cases in the Pada-Pāṭha of the Ṛg Veda; P.D. Navathe, Centre of Advanced Study in Sanskrit, Universtty of Poona, Poona; **JUPH.**, 33; 1970; 9–12; E. So far as the Pp. of the Rv. is concerned the rules for analysis of Saṁhitā words into Pp. are nowhere defined; yet it is certain that there are some underlying principles which it persistently follows. However, some deviations from the normal practice have occasionally occurred. The two instances discussed in the present note fairly illustrate the point: 1. suṣuvúṣaḥ (Rv. 10. 94. 14c), Genitive sg. masc. of suṣuvāṁs- shou'd not have been analysed since, like many other similar unanalysed forms, it is made with the weak grade of the suffix. But it has been analysed as susu/vúṣaḥ, probably owing to the occurence of a v as is found in forms like sasavā́n etc. This makes vúṣaḥ made up of vús (the suffix) and as (the case-ending) which is evidently erroneous. In the second case gartārúgiva, the Pp., contrary to the general practice of separating iva from the inflected words with which it is compounded, has analysed it as garta/ārúgiva. This is the only instance where iva has not been separated by the Pp.

बात को पर्याप्त स्पष्ट कर देते हैं। १. सुषुवांस्— के पुंल्लिंग षष्ठी एक वचन सुषुवु'षः (ऋ १०.९४.१४ ग) को अवगृहीत नहीं करना चाहिए था। क्यों कि, अन्य बहुत से इस जैसे अनवगृहीत पदों के समान, यह प्रत्यय के दुर्बल क्रम से बना है। परन्तु, संभवतः ससवा'न् आदि रूपों के समान, इन में व् की स्थिति के कारण, यह पपा० में सुसुऽवु'षः के रूप में अवगृहीत किया गया है। इस विश्लेषण से वु'षः वुस् (प्रत्यय) और –अस् (विभक्ति) के योग से निष्पन्न ठैरता है, जो स्पष्ट ही अशुद्ध है। दूसरे उदाहरण गर्तारु'गिव में पपा० ने 'इव' को समस्त पदों से अवगृहीत करने की सामान्य प्रणाली के विपरीत इस का विश्लेषण गर्तऽआरु'गिव किया है। यही केवल एक ऐसा स्थल है, जहां इव को पपा० में अवगृहीत नहीं किया गया है।

सुधीर कुमार गुप्त

२. उन्नति के पथ पर; ले० मित्रसेन; प्र. भारतवर्षीय वैदिक सिद्धान्त परिषद्, अचल मार्ग, अलीगढ़; ०–६० पैसे; हि०; समीक्षकः भवानीलाल भारतीय, राजकीय कालिज, अजमेर; आ. मा., ५०. १६; १.१२.१९७०; १५; हि०। इस लघु कृति में ग्रंथ.

४. **दाता की धनसम्पत्ति कभी कम नहीं होती;** (वैदिक विनय से उद्धृत); **वेवा०** २३.२; १२.१९७०; १–२; हि० । न वा उ देवाः क्षुधमिद् आदि ऋ० १०.११७.१ का उपर्युक्त शीर्षक के विषय का प्रकाशक हि० अ० और भावार्थ हैं।

५. **पञ्चवृत्ति मुख्य प्राण; गुप०,** २३.१-२; ९–१०. १९७०;१०३; हि.। इस में ऋ० १.६.२७ के भाष्य के पंचवृत्ति मुख्य प्राण रूप अयास्य का भाव व्यक्त किया गया है। अयास्य प्राणों के केन्द्र में रहता है। इस से सम्बद्ध वाक् आन्तरिक—ब्राह्मी है। सूक्ष्म प्राण के केन्द्र–मस्तिष्क से उतरती हुई दिव्य वाणी सात धाराओं में बंट जाती है। इस भाव को एक चित्र द्वारा भी व्यक्त किया गया है।

६. **पाणिग्रहण प्रतिज्ञा;** ब्रह्मानन्द त्रिपाठी, अजमेर; **आ. मा.,**५०.२१; १.१.१९७१; ११–१२; हि.। यहां पर विवाहसंस्कार में प्रयुक्त कतिपय प्रतिज्ञा-मन्त्रों का पद्यों में अनुवाद सहित भाव दिया गया है।

७. **प्रार्थना;** अम्बादान आर्य, कविकुटीर, कुरडायां (राजस्थान); **आ. मा ,** ५०.२०; १५.१२. १९७०; १:१; हि.। इस में त्वं हि विश्वतः (ऋ० १.९७.६) का व्याख्यान और पद्यानुवाद हैं। परमात्मा के सत्योपदेश से निष्पाप हो हम परमेश्वर की भक्ति और आज्ञापालन में नित्य तत्पर रहें।

८. **वेद का अद्भुत बैल**—अर्थात् राष्ट्र का स्वरूप; ले. ब्रह्मानन्द जिज्ञासु; प्र. श्री हंसराज आर्य ट्रस्ट, जाखल मण्डी (जिला हिसार); .५० पैसे; समीक्षकः भवानीलाल भारतीय; **आ. मा.,** ५०.२१; १.१.१९७१; १६.१; हि.। इस में 'चत्वारि शृंगा त्रयोऽस्य पादा' का राष्ट्रपरक व्याख्यान है।

९. **वेदप्रवचन—अथेश्वर-स्तुति-प्रार्थनोपासना-मन्त्राः;** युधिष्ठिर मीमांसक, सम्पादक वेदवाणी, सोनीपत; वेवा०, २३.३; १.१९७१; १७–२६; हि.। ईश्वर, स्तुति, प्रार्थना और उपासना का लक्षण बता और समझा कर ऋ० ६.६६.११ और ऋ० १.९७ के हिन्दी अनुवाद सहित 'विश्वानि देव' (य०३०.३) का आध्यात्मिक, आधिदैविक और अधियज्ञ अनुवाद और व्याख्यान देते हुए इन तीनों का परस्पर सम्बन्ध और सब का अध्यात्म में पर्यवसान बताया गया है। सविता ईश्वर, सूर्य और अग्नि है, दुरित दुर्गुण और अन्धकार हैं। भद्र कल्याण और प्रकाश है।

१०. **वेदवाणी; आ.मा.,** ५०.२१; १.१.१९७१; १:१;हि.। यहां ऋ० ७.८९.३. (क्रत्वः समह दीनता का शब्दार्थ और पद्यों में भाव दिए गए हैं। मन्त्र का आशय है कि "मैं ने अशक्ति से कर्त्तव्य-घात किया है। प्रभु मुझे सुखी करें।"

११. **श्रुतिसुधा; गुप०,** २३.३; ११.१९७०; ११५; हि.। इस में इदं वसो (ऋ० ८.२.१) का अनुवाद और व्याख्या हैं। इन्द्र का सोमपान मन का मस्तिष्क से सम्पर्क है। इस से ज्ञान प्राप्त होता है।

२२. **सत्य की विजय ही स्थायी होती है;** (वैदिक विनय से उद्धृत); **वेवा०,** २३.१;११.१९७०; १–२; हि०। सा मा सत्योक्तिः (ऋ० १० ३७.२) का उपर्युक्त आशय का अनुवाद और भावार्थ हैं।

१३. **हिन्दी रुद्राष्टाध्यायी;** प्र. वैदिक ज्ञान-भारती, ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम, रतनगढ़ (राजस्थान); मूल्य ३–५०; स., हि.। समीक्षकः दिवाकर शर्मा; विभ., ६.३;१९७० (२०२७ वि०.); ८९; हि.। यह रुद्रविषयक सूक्तों का सरल हिन्दी अनुवाद सहित प्रकाशन है।

१४. **हे मनुष्यो ! अपनी आत्मा को देखो;** (वैदिक विनय से उद्धृत); वेवा०, २३.३; १.१९७१; १–२; हि.। यह अयं होता प्रथमः (ऋ० ६.९.४) ऋचा का अनुवाद और भावार्थ है। आत्माग्नि का हवन अनादि काल से चला आ रहा है। इसी हवन से समस्त ज्ञान बल और ऐश्वर्य का आदान मिल रहा है। यह अमर है और शरीर आदि में बढ़ता है और सब संसार को व्याप्त कर लेता है। उसे देख कर अमर हो जाओ।

१५. अन्नदानप्रशंसा; रामचन्द्र वामन कुम्भारे, प्रोफेसर औफ संस्कृत, वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली; पूरासंहिस., २; ७.१९६७; ६८–७१; हि. । ऋ० १०.११७ को हिन्दी अनुवाद सहित प्रस्तुत कर उस में प्राप्त अन्नदान की महिमा के उपदेश की अथर्ववेद और उपनिषदों आदि के वाक्यों से पुष्टि करते हुए लेखक ने माना है कि प्राणियों को अन्न देना भगवान् को ही जिमाना है ।

१६. ऋग्वेद का इन्द्र, इन्द्राणी और वृषाकपि का सम्वाद; रामनाथ वेदालंकार; गुप०, २३.१-२; ९-१०.१९७०; ७०–७९; हि. । लेखक ने विभिन्न आचार्यों के मतानुसार ऋ० १०.८६ के मन्त्रों के वक्ता बता कर इस सूक्त का कथानक, उस के आध्यात्मिक (–इन्द्र=आत्मा; इन्द्राणी=बुद्धि; वृषाकपि=मन; मृग=अहंकार; उक्षा=प्राण और इन्द्रियां),तिलक के अनुसार आधिदैविक (वृषाकपि=सूर्य; हरित मृग=मृगशीर्ष नक्षत्र; कुत्ता=श्वा नक्षत्र), स्कन्दाभिमत ऐतिहासिक (इन्द्राणी=इन्द्र की पत्नी; वृषाकपि=ऋषि), नैरुक्त (इन्द्राणी=माध्यमिक वाणी; इन्द्र=वैद्युत अग्नि) और राजनीतिक (इन्द्र=राष्ट्र का राजा: इन्द्राणी=राजपरिषद्,वृषाकपि=सामन्त राजा;सोम=कर; मृग=सामन्त का एक अधिकारी) अर्थ दिए गए हैं तथा सूक्त के सब मन्त्रों का समीक्षात्मक पाटि० सहित हि०अ० और मूल मन्त्र दिए गए है ।

कर के पाणिनि के सूत्र ३.२.१०९ और ५.१.११८ में प्रस्तुत व्याख्या को स्वीकार करता है और इस पंक्ति का यह अनुवाद करता है '(यम के लिए), जो निम्नतम प्रदेश (पितृलोक=प्रवतो महीः) ·······तक ले जाता रहा है ।'

18 **Apropos the** Ṛg-veda **V. 40;** V.G. Rahurkar, Deptt. of SKT & PKT. Languages, University of Poona, Poona-7; **UMCV.,** 1970; 511-516; E. Study of Rv. V. 40 can help in determining the position of Atris in the social set up of those days. Stanzas 1–5 are an invocation to Indra and 6–9 describe sun's rescue by Atri from Svarbhānu. Atris achieved it with their magical power, an indispensable aid to Indra's valour. The solar eclipse was not total when Atris observed it; it came to an end soon and Atris came out victorious. Svarbhānu is not mentioned any where else in the Ṛg-veda and the Atharvaveda. Brāhmaṇas often allude to this event. The story appears in the Mahābhārata. This vedic phenomenon ultimately developed into the legend of Rāhu–ketu.

ऋ० ५,४० का अध्ययन तत्कालीन समाज-व्यवस्था में अत्रियों के स्थान के निर्णय में सहायक हो सकता है । मन्त्र १-५ में इन्द्र की स्तुति है, ६-९ में अत्रि द्वारा स्वर्भानु से सूर्य की रक्षा का वर्णन है । अत्रियों ने इस कर्म को इन्द्र के वीर्य को अपरिहार्य सहायक अग अपनी माया से सम्पन्न

देश की अवस्था ठीक करने और सुख-समृद्धि प्राप्त करने की इस सूक्त में वर्णित एकता ही एक मात्र औषधि है।

२०. नासदीयसूक्तम् (भाववृत्तीयम्) (ऋ० १०.१२९); अरविन्दमतमनुसृत्य केनचित् लिखितम्; विषयसूच्यां त्वरविन्दस्यैव नामांकितमस्ति;गुप०, २३. १-२; ९-१०.१९७०; २२-३१;सं.। त्रैतवादमनुसृत्य मन्त्राणामर्थं प्रदायारविन्दकृता नासदीयसूक्तव्याख्या प्रत्तास्ति। जगतोऽस्योत्पत्तिरवचेतनायाः समुद्रात् संकल्पजन्यस्पन्दनात् संजाता। एकं सत् स्वसंकल्पमात्रेण निमित्तोपादानकारणानि युगपदेव जनयति। तस्यात्मप्रकाश इयं सृष्टिः।

मन्त्रों का त्रैतवादपरक अर्थ दे कर नासदीय सूक्त की अरविन्द की व्याख्या दी गई है। इस जगत् की उत्पत्ति अवचेतना के समुद्र से संकल्पजन्य स्पन्दन से हुई है। एकं सत् (=ब्रह्म) संकल्पमात्र से निमित्त और उपादान कारणों को एक साथ उत्पन्न कर देता है यह सृष्टि उसी का प्रकाश है।

२१. वैदिक अग्निप्रकाश; ले० स्वा० समर्पणानन्द; सम्पादकः इन्द्रराज; प्र. वर्णाश्रमसंघ, प्रभात आश्रम, टीकरी मेरठ; रु० १-२५; हि०; समीक्षकः भवानी लाल भारतीय, राजकीय कालेज, अजमेर; आ. मा० ५०.१९; १.१२.१९७०; १५; हि.। स्वामी समर्पणानन्द के कुछ वेदमन्त्रों की व्याख्या के भाषणों का संग्रह है।

शब्दों का अध्ययन (Study of Words)

22. **Tryambaka;** S.K.Gupta, Reader in Sanskrit, Rajasthan University, Jaipur-4; **7th All Rajasthan Homoeopathic Medical Conference Sovenir 1970; 40-41:** E It is in continuation of 'Cocount (Tryambaka) in the Rg-Veda is the Origin of Siva Cult' and points out the preparation of a homoeo trituration from coconut water and its efficacy in several diseases. Mrtyu in Rv. VII. 59. 12 means appendix in the human body.

यह पूर्व लेख 'ऋग्वेद में नारिकेल (त्र्यम्बक) शिव पूजा का मूल है' का अनुबन्ध है। इस में नारिकेल के जल से होम्यो दवा के निर्माण और कतिपय रोगों पर इस दवा के अनुकूल प्रभाव का वर्णन है। ऋ. ७.५९.१२ में 'मृत्यु' मानवशरीर में स्थित उण्डुक या अपेण्डिक्स का नाम है।

23. **Bṛhaspati Und Indra;** Au von Hanns-Peter Schmidt: Otto Harrassowitz, Wiesbaden; Reviewer: V. G. Rahurkar; **ABORI.,** L. 1-IV; 1969; **109-112;** E Schmidt offers a close and critical study of Bṛhaspati. He feels that Bṛhaspati has an evolving form completely accomplished by the time of the final redaction of the Ṛgveda. The Vala-myth is a world-creation myth. The author has discussed the specialities of Bṛhaspati punctuated with exact quotations from the Ṛgveda and other sources. Parallels from Greek and Avestan myths have also been cited.

श्मिट् ने बृहस्पति का समीक्षात्मक व्यापक अध्ययन प्रस्तुत किया है। उन का मत है कि बृहस्पति का रूप विकसनशील है जो ऋग्वेद के अन्तिम सम्पादन तक पूरा हो चुका था। वल का आख्यान सृष्टि की रचना का आख्यान है। लेखक ने बृहस्पति की विशेषताओं पर विचार किया है, जिस में ऋग्वेद आदि से पुष्कल प्रमाण दिए गए हैं। यूनानी और अवेस्ता देव- कथाओं से मिलते जुलते आख्यान भी दिये गये हैं।

२४. ब्रह्मगवी; बद्री प्रसाद पंचोली, प्रवक्ता, हिन्दी विभाग, राजकीय कॉलेज, अजमेर; गु २३.१-२; ९-१०. १९७०; ८५-८७; हि.। ऋग्वेद में बृहती सृजनशक्ति का नाम है। पीछे के साहित्य में यह बृहती ही ब्राह्मी, ब्रह्माणी आदि के रूप में विकसित हुई है। बृहती √बृह् और √बृंह् से उत्पन्न होने से बृहस्पति और ब्रह्मणस्पति — दोनों के भावों को व्यक्त करता है। बृहद्दिवा—बृहती सृजन की पूर्वावस्था है। यही अथ० में ब्रह्मगवी और ब्रह्मजाया है। यह दुर्धर्ष, स्वयम्भू, भूमण्डल में स्थित और अबाध्या है। अध्यात्म में यह साधक की विरोधी अन्तर्वृत्तियों को नष्ट करती है। व्यवहार-जगत् में यह

मनुष्य को सफलता द्वारा दुर्धर्ष आत्मबल देती है जनता की वाणी का दबना अनुचित है ।

25 The Meaning of Vedic Kāru'; J. Gonda, van Hogendorpstrast 13, Utrecht; **UMCV**, 1970; 479-488; E. The auther studies the uses of the vedic word Kāru' – and the Greek word kérux and concludes that these two words, 'although their appellations were etymologically related, were, it is true, both of them "spokesmen", speaking, on behalf of patrons or others in public obviously being the most conspicuous part of their task. In detail their functions were widely different, those of the kérux being more like the task of the sūta as represented by the authors of the brāhmaṇas Granting that in olden times no clear distinction was made between the man who composed poems, hymns or tales and the man who delivered them, the Vedic term kārú alone – for Greek kérux does not support Schmitt's argument —, denoting the "proclaimer of praise", cannot prove the existence, in the common fatherland of all Indo-Europeans, of a poet, known by the name of *kāru–, and mainly characterised by his wanderings.'

में *कारु' नाम से अभिज्ञात और प्रमुखतः अपने भ्रमणों से विशिष्ट कवि की सत्ता को प्रमाणित करने में समर्थ नहीं है ।

26. The Word 'Garta' in the Ṛgveda; B. H. Kapadia, Va labha Vidyapeeth, Vallabha Vidyanagar; **UMCV.**, 1970; 521-526; E. From a discussion of the Vedic uses and interpretations of the word garta and its compounds, the author concludes that the 'word garta is found in all the three genders viz. m.,f, and n. The meaning of the word has undergone gradual change.' It 'appears to have originally the meaning a chariot or an elevated seat in a chariot Then an elevated seat in the gambling hall on which a person is required to sit in order to tell the truth and truth alone Subsequently, it meant a house, then a pit or a hollow and even a cemetry. It is only in I. 124.7 that garta because of gartāruk can mean a board or a dais on which dice was thrown.'

गर्त शब्द और उस के समासों के प्रयोगों और भाष्यों के विवेचन से लेखक ने निष्कर्ष निकाला है 'कि गर्त शब्द तीनों ही लिगों पुं०, स्त्री और न. में

indicate that this word refers to a container for the purpose of drinking soma from (dhene); this container is such as it could kill, may be, by piercing (hanū); it could be taken up, could be placed to resemble the shoot of the soma-plant and it could be fixed and loosened. In the case of śipiviṣṭa also the original concept seems to be of the piercing horn, mixed with that of the pointed and virile male organ. This inference is supported by an interpretation or explanation of some related Vedic utterances.

शिप्र *√ शिप् (तु. क अवे. √ शिफ् और अवैस्ता पद शुफ़) से निष्पन्न हुआ है। इस का अर्थ 'शिरस्त्राण पर सींग के समान उच्छ्रय' है, क्यों कि इस लेख में अधीत इस शब्द के प्रयोग इंगित करते हैं कि यह शब्द सोमपान के निमित्त पात्रविशेष का संकेतक है; यह पात्र ऐसा है कि यह, हो सकता है, वींध कर, वध कर सकता था; इसे उठाया जा सकता था, सोम के पौधे के तन्तु के सदृश दिखाई पड़ने के लिए रक्खा जा सकता था और यह कसा या ढीला किया जा सकता था। शिपिविष्ट का मूल भाव भी खड़े हुए सशक्त पुरुष लिंग के भाव से मिश्रित वींधने वाला सींग रहा होगा। इस निष्कर्ष को कतिपय सम्बद्ध वैदिक उक्तियों के भाष्य या व्याख्यान से पुष्ट किया गया है।

28 **Vedic Sources of the** Śārṅgaka **Legend of the** Mahābhārata; Ram Gopal, Reader in Sanskrit, Punjab University, Chandigarh; **UMCV**, 1970; 397-401; E The Mahābhārata is rich in Vedic legends, names, metres and grammatical forms. It contains the legend of Śārṅgaka in I. 228-232. In this legend the Śārṅgaka sages are named as Jaritāri, Sārisṛkva, Stambamitra and Droṇa. Their father is Mandapāla and mother is Jaritā. The seers of Rv. X. 142 have been given as Jaritṛ, Sārisṛkva, Stambamitra and Droṇa. The first name differs in the two lists. The epic verses closely resemble the Mantras of the Yajurveda. However, there is no trace of the epic story in the Ṛgveda. Sāyaṇa has linked the epic story with Rv. X. 142 which can not be accepted for chronological reasons. Since the verses of this hymn are applied in prayers to ward off the dangers of Agni, it appears that the epic legend has been developed on the basis of Rv. X. 142 read with its application in ritual. It is also possible that there was some other Vedic legend which has given rise to the epic legend.

महाभारत वैदिक आख्यानों, नामों, छन्दों और व्याकरणिक रूपों में समृद्ध है। इस में १.२२८-२३२ में शार्ङ्गक का आख्यान आया है। यहां शार्ङ्गक ऋषियों के नाम जरितारि, सारिसृक्व, स्तम्बमित्र और द्रोण हैं। ऋ० १०.१४२ के ऋषि जरितृ, सारिसृक्व, स्तम्बमित्र और द्रोण दिए गए हैं। दोनों सूचियों के पहले नाम में भेद है। महाभारत के श्लोकों का यजुर्वेद के मन्त्रों से घनिष्ट साम्य है। परन्तु इस महाभारतीय कथा का ऋग्वेद में कोई चिह्न नहीं है। सायण ने महाभारतीय आख्यान को ऋ. १०.१४२ से सम्बद्ध किया है जिसे तिथि-सम्बन्धी कारणों से स्वीकार नहीं किया जा सकता। क्यों कि इस सूक्त के मन्त्रों का प्रयोग अग्नि से भीति के निवारण की प्रार्थना में किया जाता है, ऐसा प्रतीत होता है कि यह महाभारतीय कथा ऋ. १०.१४२ और उस के कर्मकाण्ड में विनियोग के आधार पर विकसित हुई होगी। यह भी सम्भव है कि कोई अन्य वैदिक आख्यान रहा हो जिस से यह महाभारत का आख्यान विकसित हुआ है।

सुधीर कुमार गुप्त

२९. **ऋग्वेदाचे द्रष्टे**; व. ग. राहूरकर; ज्ञानेश्वर, ३.१; २.१९७१; १-१३; म.। लेखक का पूर्व ग्रन्थ-Seers of the Ṛgveda, Poona, 1964. ऋग्वेदातील सूक्तों ज्यांनी "पाहिली" अशा ऋषींच्या धार्मिक, सामाजिक, राजकीय इतिहासविषयक इत्यादी प्रकारची माहिती मिळवण्याचा

imposed upon the archaic text an unnatural and *unoriginal* set of Saṁdhi rules and phonetic pronunciation (and later, consequently, transcription) which were completely at variance with the ṛṣi-kavis' own speech habits. It is now a product of pre- but semi-pāṇinian type of grammer. The essential genius of Indian literary transmission has always been not passively receptive but receptively dynamic and modifyingly redactorial. This was due to the Indian cultural setting, transmission wear-and-tear and sacrificial decadence. The emergence of the various pāṭhas of the Ṛg-veda explicitly imply the feeling of danger from wear and tear which must have set in at the time of their emergence. In their redaction the Saṁhitākāras besides effecting Saṃdhis etc. mentioned above, also changed the order of words. The original Ṛg vedic text should therefore, be reconstructed by restoring the metrical regularity etc. and four types of archaisms and for that sake all modifications of the text—especially in the word-order should be effected. The author has explained his method of reconstruction and its steps and has furnished a summary-demonstration of this method by offering reconstructed texts of some Ṛgvedic verses in Gāyatrī, Triṣṭubh and Jagatī metres. The paper also describes the nature, importance and quality of the eleven methodolcgical and textual results obtained by the author from this and similar previous studies.

अब यह पूर्व—परन्तु अर्ध—पाणिनीय प्रकार की व्याकरण की निष्पत्ति है। भारतीय साहित्य संक्रामण सदा से ही, मूक ग्राहक न हो कर, ग्रहण में सशक्त और परिवर्तक शोधक-सम्पादक रहा है। इस के कारण भारतीय सांस्कृतिक व्यवस्था, संक्रामण में जीर्ण-शीर्ण हो जाना और याज्ञिक अधःपतन हैं। ऋग्वेद के विभिन्न पाठों का उद्गम स्पष्ट ही जीर्ण-शीर्ण होने के भय को व्यक्त करता है, जो उन पाठों के उद्गम काल में चालू हो चुका होगा। अपने शोधक सम्पादन में संहिताकारों ने, ऊपर वर्णित सन्धि आदि के अतिरिक्त, पदों के क्रम को भी बदल दिया। अतः ऋग्वेद के मूलपाठ की संरचना छान्दसिक व्यवस्था आदि को ठीक कर के तथा चार प्रकार की प्राचीनता को लागू कर के करनी चाहिए और इस के लिए पाठ में सर्वविध परिवर्तन, विशेष रूप से पदों के क्रम में हेर-फेर कर लेना चाहिए। लेखक ने पुनः संरचना की शैली और इस के सोपानों/क्रमों का व्याख्यान किया है और इस शैली का गायत्री, त्रिष्टुभ् और जगती छन्दों के कुछ ऋग्मन्त्रों के पुनर्निर्माण प्रस्तुत कर संक्षिप्त प्रदर्शन किया गया है। लेख में लेखक के प्रस्तुत और इसी प्रकार के पहले अध्ययनों से प्राप्त ग्यारह प्रणाली और पाठ सम्बन्धी निष्कर्षों के प्रकृति, महत्त्व और गुण का भी वर्णन किया

आत्मानुभव, सृष्टिक्रम, इतिहासज्ञान, आप्तजनों और सामान्य लोक के मत से होता है।

३६. श्री शूरजी आर्ष गुरुकुल "यज्ञतीर्थ" एटा (उ.प्र.) में **अश्वमेध यज्ञ के स्वरूप** का प्रदर्शन; ज्योतिस्वरूप आचार्य; **आ.मा.**, ५०.२०; १५.१२.१९७०; १०; हि.। यह स्वामी ब्रह्मानन्द दण्डी के ८.११.१९७० के भाषण का सार है। अश्वमेध राष्ट्र और विश्व को धनधान्य से पूर्ण करना, और सार्वभौम सर्वहितकारी नियमों से राष्ट्र का पालन है, गोमेध वाणी आदि इन्द्रियों पर वश और गोरक्षा है तथा पुरुषमेध व्यक्ति का त्यागी हो अपने को ईश्वर के समर्पण करना और शव को जला देना हैं।

अथर्ववेद (Atharvaveda)

३७. **श्रुतिसुधा**; (ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका' से); गुप., २३.१-२; ९-१०.१९७०;१; हि.। यहां अवे. १०.७.२० (यस्मादृचो अपातक्षन्) का शब्दार्थ और भाव दिए गए हैं। ईश्वर वेदों का कर्त्ता है। वही उपासना के योग्य है।

३८. **बृहस्पति द्वारा फालमणि-बन्धन**; भगवद्दत्त वेदालंकार; गुप., २३.१-२; ९-१०.१९७०; ९७-१०२; हि.। यहां अवे. १०.६ का विश्लेषण और अध्ययन प्रस्तुत किए गए हैं। फालमणि का स्थान शरीर के अन्दर है। यह न अन्न है, न कुदाल, प्रत्युत मानव शरीरस्थ एक शक्ति है। देवों के अंश रूप फालमणियों से आविष्ट कृपिजन्य अन्न भी मणि है। भोजन द्वारा यह मणि शरीरस्थ देवों को प्राप्त हो जाता है। यह प्राप्ति अन्न के शरीर में वीर्य आदि में परिणत होने से होती है। वीर्य के शक्ति और इन्द्रिय केन्द्रों में पहुंचने पर आन्तरिक कृषिकर्म प्रवृत्त होता है। यहां अन्न ही अग्नि और कुदाल है। अग्नि ही खदिर है। इन्द्रिय आदि में दिव्य शक्ति ही अर्क है। इस अर्क रूप मणि को ही बृहस्पति शिष्यों को बांधता है-उन्हें ब्रह्मचर्य के पालन की शिक्षा देता है। इस में सर्वविध भूमि मिलती है।

ब्राह्मण (Brāhmaṇas)

३९. **सामविधानब्राह्मणम्** with वेदार्थ-प्रकाश of सायणाचार्य and पदार्थमात्रविवृति of भरतस्वामिन्; Ed. B. R. Sharma, Tirupati, 1964; 15-00; Reviewer: V. G. Paranjape; **ABORI.**, L. I-IV; 1969; **114-115**; E. SVB. is edited with a new commentary by Bharata Svāmin along with that of Sāyaṇa. Although a work of degenerate priesthood—a medley of Śrauta ceremonies, magical rites, kāmya ritual and rites for securing rewards yet its study with co plete detatchment is the prime need of the moment. This gives us a sample of painstaking scholarly work.

सायणभाष्य और भरतस्वामिन् के नए भाष्य के साथ सामविधान ब्राह्मण का सम्पादन है। यद्यपि यह पतित पौरोहित्य की रचना है जिस में श्रौत क्रियाओं, जादू-कर्म और लाभप्राप्ति के लिए काम्य विधि-विधानों की खिचड़ी है, तथापि पूर्ण अनासक्ति से इस का अध्ययन आज परम आवश्यक है।

40. **Jaiminīyārṣeya-Jaiminīyopaniṣad Brāhmṇe**; Ed., Pub. B. R. Sharma, Director, Kendriya Sanskrit Vidyapeetha, Tirupati; 24-00; Reviewer: C. G. Kashikar; ABORI., L. I-IV; **105-108**; E. The volume comprises two texts of the Jaiminīyas The JĀBr. presents an exhaustive register of Gānas and their Ṛṣis. It is in sūtra style. It differs from the Kauthuma Ārṣeya Brāhmaṇa mainly in its Gānas. The JUp. Br. may be regarded as a part of or an Appendix to the Jaiminīya Brāhmaṇa. It bears the character of an Upaniṣad rather than that of a Brāhmaṇa. It contains a few injunctive elements and several myths and legends particularly bringing out the significance of the Gāyatri Sāman.

इस ग्रन्थ में जैमिनीयों के दो ब्राह्मणों का संग्रह है। जैआर्बा. गानों और उन के ऋषियों का पूर्ण लेखा प्रस्तुत करता है। यह सूत्रशैली में है। कौथुम आर्षेय ब्राह्मण से इस का प्रमुख भेद गानों में है। जैउब्रा. को जैमिनीय ब्राह्मण का

अंश या परिशिष्ट माना जा सकता है। इस की प्रकृति ब्राह्मण की अपेक्षा उपनिषद् की है। इस में कुछ विधि तत्त्व और बहुत सी कथाएं और आख्यान हैं, जो विशेष रूप से गायत्री सामन् के भाव को व्यक्त करते हैं।

४१. **शतपथब्राह्मण की स्वरप्रक्रिया;** बृजबिहारी चौबे, प्राध्यापक, विश्वेश्वरानन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ संस्कृत एण्ड इण्डोलोजिकल स्टडीज, (पंजाब यूनिवर्सिटी), होश्यारपुर (पंजाब); यूरासंहिस, १९६८-६९; ६१ ७३; हि.। सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय कुछ अपवादों के साथ स्वराङ्कित है। प्रायः संहिता, ब्राह्मण और आरण्यक में एक ही प्रक्रिया मिलती है। परन्तु शतपथब्राह्मण (=श.) की स्वरप्रक्रिया सब संहिताओं और ब्राह्मण आदि से भिन्न है। वेबर, विश्वबन्धु, युधिष्ठिर मीमांसक, मैक्डोनल, कैलण्ड और कीलहार्न की श. में स्वराङ्कनपद्धति एवं स्वरप्रक्रिया विषयक कल्पनायें (-विचार, व्याख्यान या लेख) परम्परा एवं शास्त्रीय सिद्धान्त के विपरीत हैं। श. 'में दो ही स्वर प्रचलित हैं- उदात्त और अनुदात्त। उदात्त और अनुदात्त का सन्धि से जो उदात्त स्वर उत्पन्न होता है उस को भाषिक स्वर कहते हैं। जात्यादि स्वतन्त्र स्वरित भी भाषिक कहलाते हैं। ये भाषिक स्वर उदात्त ही होते हैं। भाषिक स्वर से भिन्न संहिता में जो उदात्त होता है वह श. मे अनुदात्त तथा संहिता मे जो स्वरित एवं उदात्त होते हैं वे श. में उदात्त हो जाते हैं।' उच्चारण और अर्थभेद से स्वरपरिवर्तन सब मानते हैं। शाखाभेद और प्रक्रियाभेद से भी स्वरों में विपर्यय मिलता है। अतः स्वर के निर्णय में परम्परा ही प्रमाण है। उपर्युक्त श. की स्वर-प्रक्रिया कात्यायन श्रौतसूत्रादि से सम्मत है। संहिता के समान ही श. में उदात्त स्वर को बिना अंकित किये छोड़ दिया जाता है तथा अनुदात्त को वर्ण के नीचे एक पड़ी रेखा के द्वारा संकेतित किया जाता है। जात्यादि स्वतन्त्र स्वरित श. में उदात्त ही माने जाते हैं, इस लिये इन के स्वराङ्कन का अलग प्रकार नहीं है। संहिता में जो वर्ण उदात्त था उस के नीचे श. में पड़ी रेखा का चिह्न देख कर तथा संहिता में जो अनुदात्त था श. में उस वर्ण के नीचे कोई चिह्न न देख कर वेबर, मैक्डोनल आदि विद्वानों ने अनुदात्त के चिह्न को उदात्त का चिह्न समझ लिया तथा अचिह्नित वर्णों को अनुदात्त समझ लिया, किन्तु उन की यह धारणा बिल्कुल गलत है। भाषिक स्वर के लिये कोई चिह्न नहीं है।

४२. **आलम्भ यज्ञ;** बद्रीप्रसाद पंचोली, प्राध्यापक, राजकीय महाविद्यालय, किशनगढ़; यूरासंहिस., २;७.१९६७; ४७-६३; हि.। देवपूजा, संगतिकरण और दानार्थक√यज् से निष्पन्न यज्ञ को जैन, बौद्ध और वैदिक परम्परा में आध्यात्मिक तो माना ही गया है, वैदिक परम्परा में उस का जीवन के व्यावहारिक पक्ष से भी संबन्ध है। यज्ञ तो कर्म के लिए स्वार्पण की. विचार की एकतानता की और साथ ही समष्टि के सन्दर्भ में अपने अधिकार के प्रति सत्य निष्ठा की संज्ञा है। प्राचीनों ने यज्ञ के तीन प्रमुख और इक्कीस अवान्तर प्रकारों में मनुष्यों के अनन्त कर्मों या यज्ञों को समाहित किया है। यज्ञ मन्त्रों से पदार्थ निर्माण, उन के उपभोग और उन की सत्ता की भावना की कल्पना से होते हैं। यज्ञ सब वर्णों से सम्बन्ध रखता है। क्षत्रियों का आलम्भयज्ञ से विशेष सम्बन्ध है। लौकिक और वैदिक साहित्य में आ√लभ् का अर्थ छूना, पाना, व्यवस्था में रखना आदि हैं। इस का हिंसा से कोई सम्बन्ध नहीं है। यज्ञों में न पशुहिंसा थी, न पुरुषहिंसा। यज्ञ ओषधियों से होता था। पशुओं और पुरुषों को यथायोग्य काम में लाना और व्यवस्था में रखना ही उन का आलम्भन है। पशु-हिंसा का बहुशः उल्लेख मालूम पड़ता है। अश्वमेध और मण्डन में चलने वाली क्रियाओं का प्रतीक है। गवालम्भ गो से दूध, दही और उपयोगी सामग्री प्राप्त करना आदि है। प्रतीक यज्ञों में पशु बलि के लिए पुरोडाश का प्रयोग होता था।

सब को वश में रखने का कार्य क्षत्रिय का था। अत: आलम्भ यज्ञ क्षत्रियों का कर्त्तव्य था। आजकल भी उद्घाटन समारोहों आदि के रूप में आलम्भ यज्ञ होते हैं। आलम्भ और आरम्भ एक ही हैं। ये पद 'कर्म', 'आरम्भ' आदि के द्योतक हैं।

43. Henoritualism of the Brāhmaṇa **Texts;** G. U. Thite, Centre of Advanced Study in Sanskrit, University of Poona, Poona; **JUPH.,** 33; 1970; 23-36; E. There is a general 'henoism' in Indian thinking. Hence anything which is the subject-matter at particular moment becomes the omnipotent, the highest, the only one identical with all etc for the time being This tendency is clearly seen in the careful descriptions and explanations of the ritual in the Brāhmaṇas which treat each and every detail in the ritual with utmost care and importance. The Brāhmaṇas glorify the ritual detail which is in the context as the only existing one forgetting that they have treated other preceding rites in the same manner. They identify these rites with worlds, Prāṇa, Vajra, year and so on and regard it as a means to attain heaven. to remove the asuras and so on. The paper calls this tendency 'henoritualism' and describes its various aspects like those mentioned above with examples and observes that this henoritualism is an important link between the ritualism and spiritualism of the *Brāhmaṇa* texts. *It is also* closely connected with the latent monism which is seen more prominently in the Upaniṣads and other literature.

भारतीय विचारधारा में एक को सर्वोपरि मानने की सामान्य प्रवृत्ति है। अतः कोई भी वस्तु जो किसी समय पर विचार का केन्द्र है, उस समय वही एक सर्वशक्तिमान्, सर्वोन्नत तथा सब के साथ तदात्मभूत मान ली जाती है। यह प्रवृत्ति ब्राह्मणों के क्रियाओं के वर्णनों और व्याख्यानों में स्पष्ट लक्षित होती है। ब्राह्मण कर्मकाण्ड के प्रत्येक विस्तार को बड़ी सावधानी और महिमा के साथ वर्णित करते हैं। ब्राह्मण वर्ण्यमान क्रिया को एकमात्र सत्तावान् के रूप में प्रशंसित करते हैं और यह भूल जाते हैं कि उन्हों ने उस पूर्व की क्रियाओं की भी इसी प्रकार स्तुति की है। वे इन क्रियाओं का लोकों, प्राण, वज्र और संवत्सर आदि से तादात्म्य करते हैं और इसे स्वर्ग प्राप्ति और असुरों के अपाकरण आदि का साधन मानते हैं। यह लेख इस प्रवृत्ति को हीनोरिच्वलिज्म नाम देता है और जिस प्रकार के ऊपर वर्णित किए गए हैं इस प्रकार के इस प्रवृत्ति के विभिन्न पक्षों का सोदाहरण वर्णन करता है और मानता है कि यह हीनोरिच्वलिज्म ब्राह्मणों के कर्मकाण्ड और अध्यात्म के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है। इस का उस अन्तर्हित अद्वैतवाद से भी गहरा सम्बन्ध है जो उपनिषदों और अन्य साहित्य में अधिक प्रमुख रूप में लक्षित होता है।

उपनिषद् (Upaniṣads)

40. Jaiminīyārṣeya-Jaiminīyopaniṣad-Brāhmaṇe Ed., Pub. B.R. Sharma, Director, *Kendriya Sanskrit Vidyapeetha*, Tirupati; 24-00; **Reviewer:** C.G. Kashikar; **ABORI.,** L I–IV; 1969; **105–108; E.**

४४. जीवन का लक्ष्य; जीवाराम पुरोहित श्री कर्णपुर; आ.मा., ५०.२०; १५.१२.१९७०; ४-५; हि.। यहां केनोपनिषद् २.२ (नाहं मन्ये सुवेदेति) के शब्दार्थ और भाव का व्याख्यान दिया गया है।

४५. श्वेताश्वतरोपनिषद्; ले. जगत् कुमार शास्त्री; प्र. मधुर प्रकाशन, आर्य समाज, बाजार सीताराम, दिल्ली ६; रु. ४-००; हि.; समीक्षक: भवानीलाल भारतीय; आ.मा., ५०.१६;१.१२. १९७०; १५; हि.। प्रारम्भ के कतिपय मन्त्रों को विशद व्याख्या है, परन्तु पिछले अध्यायों में व्याख्या को संक्षिप्त कर दिया गया है।

46. Concept of Haṃsa **in the** Upaniṣdic **Literature;** Anam Charan Swain, Poona; **JOI.,** XIX. 3; 3. 1970; **216-222;** E. "In the Ṛgveda the word haṁsa besides denoting the swan was also used as a symbol of the sun. In the old upaniṣads" this "word came to mean both the individual self and the Supreme *Self* In the postvedic period, when purāṇic. Hinduism was gaining strengt , haṁsa

became a popular symbol, and signified the different techniques of yoga and meditation. It is the new upaniṣads which throw a flood of light on the concept of haṁsa and its development " In this connection the paper discusses the importance of 'Om', 'Om' pictured as haṁsa, Ajapā haṁsa-mantra and its tāntric analysis and the characteristics of the haṁsa and parama haṁsa saṁnyāsins.

"ऋग्वेद में हंस शब्द हंस पक्षी का द्योतक होने के साथ सूर्य के प्रतीक के रूप में भी प्रयुक्त हुआ है। पुराने उपनिषदों में यह जीव आत्मा और परम आत्मा का अर्थ देने लगा है। प्रत्यग्वैदिक काल में जब पौराणिक हिन्दु धर्म शक्तिशाली बन रहा था, हंस लोकप्रिय प्रतीक बन गया और योग तथा ध्यान की विविध विधियों का द्योतक हो गया। हंस की परिकल्पना और उस के विकास पर नए उपनिषद् पुष्कल प्रकाश डालते हैं।" इस प्रसंग में लेख में 'ओम्' के महत्त्व, हंस रूप में चित्रित ओम्, अजपा हंस मन्त्र और उस के तांत्रिक विश्लेषण तथा हंस और परमहंस सन्यासियों की विशेषताओं (या गुणों) का भी विचार किया गया है।

47. Pre-Śaṅkara Upaniṣadic **Philosophy as Expounded** by Kālidāsa; T. K. Gopala Swamy Iyengar, Department of Sanskrit, Sri Venkateswara University, Tirupati; **UMCV**, *1970; 179-186;* E Before the advent of Śaṅkarācārya the Vedānta philosophy and the Brahmasūtras were not very prominent. For an insight into the pre-Śaṅkara import of the Brahmasūtras, great poets like Kālidāsa are the only source. *Kālidāsa* has woven upaniṣadic thoughts into his *works*. He is a follower of the upaniṣadic conception of body-soul relationship (*śarīra-śarīribhāva*) between the Supreme Brahman and the entire sentient and *insentient* universe This *conception*, the conception of antaryāmi-brāhmaṇa (BṛAUp) and the summary teachings of the four chapters of the Brahmasūtra are clearly reflected in the nāndīs of his three drāmas as explained in this paper. *Kālidāsa* also implies that every word ultimately refers to the Supreme Brahman. Kālidāsa does not conceive māyā or avidyā as enveloping the Supreme Being nor does he deny the reality of the world. He is, thus, a perfect realist and advocates the upaniṣadic conception of *śarīra-śarīribhāva* which admits unity in spite of diversity.

शंकराचार्य के प्रादुर्भाव से पूर्व वेदान्त दर्शन और ब्रह्मसूत्र बहुत प्रमुख नहीं थे। शंकर से पूर्व ब्रह्मसूत्रों के भाव के ज्ञान के लिए कालिदास जैसे महान् कवि ही स्रोत हैं। कालिदास ने अपनी रचनाओं में उपनिषदों के विचारों को पिरोया है। वह परम ब्रह्म और समस्त जड़ चेतन ब्रह्माण्ड के बीच उपनिषदों के शरीर-शरीरिभाव सम्बन्ध को मानते हैं। यह भाव, अन्तर्यामि-ब्राह्मण (बृआउप.), और ब्रह्मसूत्र के चार अध्यायों के संक्षिप्त विचार उन के तीन नाटकों की नान्दियों में इस लेख की व्याख्या के अनुसार स्पष्ट प्रतिबिम्बित हो रहे हैं। कालिदास यह भी इंगित करते हैं कि प्रत्येक शब्द अन्ततोगत्वा परम ब्रह्म का संकेतक है। कालिदास परमात्मा के आच्छादक माया या अविद्या की कल्पना नहीं करते हैं। न वे जगत् की सत्यता का निराकरण करते हैं। इस प्रकार वे पूर्णतः यथार्थवादी हैं, उपनिषदों के शरीर-शरीरिभाव की परिकल्पना का प्रचार करते हैं, जो विभेदों के होते हुए भी ऐक्य को स्वीकारते हैं।

48. **Problem of Biological Philosophy with regard to the Philosophy of the** Upaniṣads; Bernhard Renseh, University of Münster, West Germany; **IJHS**, *I.1; 5. 1966; 75-81;* E. 'The basic thoughts of the Upaniṣads show a remarkable parallelism to *modern* aspects of science and natural philosophy. The old Indian philosophers were the first men who recognised the important fact that our sense data are only indications of the extra-mental reality, a statement which was established and investigated in detail by European thinkers like Descartes, Spinoza, Locke and their followers only in the seventeenth century. . *With doubt-*

less certainty we can only pretend that we have psychic phenomena When we try to find out what matter is like, we have to abstract from our feelings and from all senes qualities like colour, taste, smell, tones etc., characters which only run parallel to physiological processes in our sense ogans and brains But in this process of reduction we do not abstract from awareness as such (in its most general meaning). Hence all matter still remains a 'last something' endowed with a psychica chracter. This *identistical* and hylopsychistical standpoint is parallel to the old Indian ideas of ātman and brahman. It is strengthened by biological considerations about the phylogenetical development of psychic phenomena in animals, by statements of brain physoilogy and by the fact that physicists define matter mainly in terms of relations of energy". **(Author's summary).**

उपनिषदों के मूल विचारों का विज्ञान और दर्शन के आधुनिक पक्षों से विलक्षण साम्य है। प्राचीन भारतीय दार्शनिकों ने ही सर्वप्रथम इस महत्त्वपूर्ण तथ्य को माना कि हमारे ऐन्द्रिय विषय अतिमानसिक सत्य के ही द्योतक हैं। डेस्कार्टीज, स्पिनोज़ा लोके और उन के अनुयायी आदि योरोपीय विचारकों ने तो इस विषय का प्रतिपादन और गवेषणा सत्रहवीं शती में की। निःसन्दिग्ध निश्चय से हम कह सकते हैं कि हम मानसिक दृश्यों का ही अनुभव करते हैं। जब हम यह जानना चाहते हैं कि द्रव्य क्या है, तो हम को अपने अनुभवों और रंग, स्वाद, गंध और स्वर आदि समस्त इन्द्रिय गुणों से सूक्ष्मीकरण करना पड़ता है। ये विषय हमारी इन्द्रियों और मस्तिष्कों में शारीरिक प्रक्रियाओं के समानान्तर चलते हैं। परन्तु इस न्यूनीकरण में हम (इस के परम सामान्य अर्थ में) बोध से पृथक् नहीं होते हैं। अतः सब द्रव्य अभी भी मानसिक गुण से युक्त 'शेष कुछ' रह जाता है। यह तादात्म्यात्मक और मनोद्रव्यवादी सिद्धान्त आत्मन् और ब्रह्मन् के प्राचीन भारतीय विचारों के अनुरूप है। इस की पुष्टि पशुओं में पशुजाति सम्बन्धी मानसिक विषयों के विकास के प्राणिशास्त्रीय अध्ययनों, मस्तिष्क की रचना से सम्बन्धित कथनों और भौतिकीवेत्ताओं के द्रव्य की प्रमुखतया शक्ति के रूप में परिभाषा से होती है।

सूत्र (Sūtras)

49. Text-Critical Notes on the Vaitāna Śrauta Sūtra XXV-XLIII; Hukum Chand Patyal, Poona; **JOI.,** XIX.4; 6. 1970; 319-330; E. This paper contains a short account of the published editions of the text of the Vaitāna srauta Sūtra (by R. Garbe and by Vishva Bandhu with the commentary of Ākṣepānuvidhi by Somāditya) and its English translations by W. Caland and S.N. Ghosal followed by a study of the Vaitāna text from the Text-critical point of view in which 112 readings have been examined pointing that in the light of this study both these editions can be improved.

इस लेख में (सोमादित्य की आक्षेपानुविधि नामक टीका सहित आर. गार्बे और विश्वबन्धु के (वैतान श्रौत सूत्र के पाठ के छपे संस्करणों, इस के डब्ल्यू कैलण्ड और एस.एन. घोषाल के अंग्रेजी अनुवादों और वैतानपाठ के पाठालोचना की दृष्टि से अध्ययन का विवरण दिया गया है। इस अन्तिम अध्ययन में ११२ पाठों की परीक्षा की गई है और यह बताया गया है कि इस अध्ययन की दृष्टि में इन दोनों संस्करणों को सुधारा जा सकता है।

50: **The Text of** Pāpmano Vinidhayaḥ with Commentaries; C. G. Kashikar, CASS Univ. of Poona, Poona; **JUPH.,** 33; 1970; 39-60; E. The text of the formulas called Pāpmano Vinidhayaḥ, purificatory in nature and preserved as a part of the Baudh ŚS was published by W Caland, then in the Śrauta Kośa Vol. I Kashikar has discovered two commentaries on these formulas viz, Subodhinī by Mahādeva Vājapeyayājin and the other Siṃhānuvākabhāṣya (in ms. फ ?),

published here for the first time on the basis of four mss. of the first and three mss. of the second commentary. The second commentary is inferior and is based on the first These commentaries have helped in understanding the formulas and in fixing their text. Kashikar earlier pubished the results of his study in tnese two directions viz, English translation of the formulas, study of some vocables and readings. By reciting these formulas the sacrificer directs his evils or deficiencies towards objects or beings or regions as are characterised by those evils or deficiencies. The text edited here consists of the Mantras, their commentaries designated as सु and क, the variants found in the mss. of both the commentaries as also the different readings in the Mantras as published by Caland and Śrautakośa Vol. I. (The English introduction covers the Sanskrit introduction preceding the edited text. Hence abstract of the Sankrit introduction has not been given here.)

शोधक फल वाले और बौधायन श्रौसू. के अंश के रूप में सुरक्षित पाप्मनो विनिधयः सूत्र डब्ल्यू. कैलण्ड द्वारा और फिर श्रौतकोश भाग १ में प्रकाशित किए गए। काशीकर ने इन सूत्रों की दो टीकाएं खोज निकाली हैं—महादेव वाजपेययाजिन् की सुबोधिनी और दूसरी (हस्तलेख क १ में) सिद्धानुवाकभाष्य। ये दोनों यहां पहली बार प्रकाशित की गई हैं—पहली चार हस्ते. के आधार पर और दूसरी तीन हस्ते. के आधार पर। इन टीकाओं ने सूत्रों को समझने और उन के पाठ के निर्णय में सहायता की है। काशीकर ने पहले इन दोनों दिशाओं में अपने अध्ययन के परिणामों—अर्थात् सूत्रों के अंग्रेजी अनुवाद, कुछ पदों के पाठों और अध्ययनों को प्रकाशित किया था। इन सूत्रों के पाठ से यजमान अपनी बुराइयां और कमियों को उन बुराईयों और कमियों से विशिष्ट पदार्थों, भूतों और प्रदेशों की ओर कर देता है। यहां प्रकाशित पाठ में मन्त्र, उन की सु और क से इंगित टीकाएं, और दोनों टीकाओं तथा कैलण्ड और श्रौतकोश भाग १ में प्रकाशित मन्त्रों में प्राप्त पाठभेद हैं। [मूल पाठ से पूर्व प्रदत्त संस्कृत भूमिका के सब विषय अंग्रेजी भूमिका में आ गए हैं। अतः संस्कृत उद्घपोत का सार यहां नहीं दिया गया है।]

५१. जिज्ञासा और समाधान; युधिष्ठिर मीमांसक; वेवा., २३.३; १.१९७१; ४३-४६; हि.। युधिष्ठिर मीमांसक द्वारा सम्पादित संस्कारविधि के प्राक्कथन में दो विधियों के अस्थान सन्निवेश विषयक लेख पर गुरुप्रसाद की जिज्ञासात्मक आलोचना का समाधान इस लेख में प्रस्तुत किया गया है। अनेक विधियां अस्थान में निर्दिष्ट हैं, उन को यथास्थान प्रयुक्त करना चाहिए। कर्मकाण्ड ज्ञाता ही पौरोहित्य और ऋत्विक् कर्मों का अधिकारी है।

६. पाणिग्रहण प्रतिज्ञा; ब्रह्मानंद त्रिपाठी, अजमेर; आ.मा., ५०.२१; १.१.१९७१; १०–११; हि.।

३८. बृहस्पति द्वारा कालमणिबन्धन; भगवद्दत्त वेदालंकार; गुप., २३.१–२; ९–१०.१९७०; ९७–१०२; हि.।

सुधीर कुमार गुप्त

५२. मूलविधि: स्वरूप आणि उगम; प्रभाकर भा. मांडे; नभा., १०.१९७०; २१–२८; म.। धार्मिक विधीं चा मूळ विधि विश्वोत्पत्ति विषयक विधि हा आहे. जे विधी प्रचलित आहेत ते प्राचीन काळात प्रचलित असलेल्या राज्याभिषेक विधीं चे आणि राज-बलिदान विधीं चे अवशेष आहेत. समाजातील एखाद्या व्यक्तीला राजा किंवा देव मानून त्याला बळी देण्यात यज्ञाचे मूळ आहे. अश्वमेधाचे उद्दिष्ट प्रजापतीचे संभरण करणे हे आहे. सर्व धार्मिक क्रियां चा उद्देश दैवी शक्ति मिळवणे हा आहे.

धार्मिक विधियों की मूल विधि विश्वोत्पत्ति की विधि है। आज जो विधियां प्रचलित हैं, वे

प्राचीन काल में प्रचलित राज्याभिषेक विधियों के और राजबलिदान-विधियों के अवशेष हैं। समाज का किसी व्यक्ति को राजा या देव मान कर उस को बलि देने में यज्ञ का मूल है। अश्वमेध का लक्ष्य प्रजापति का संभरण है। सब धार्मिक क्रियाओं से दैवी शक्ति प्राप्त करना अभीष्ट है।

गणेश उमाकांत थिटे

५३. **संस्कारसमुच्चय**; ले. मदनमोहन विद्यासागर; प्र. रामलाल कपूर ट्रस्ट, सोनीपत; १२–००; समीक्षकः भवानीलाल भारतीय; **आ.मा.**, ५०.२०; १५.१२.१९७०; १५:२–१६:१; हि.। यह दयानंद सरस्वती की संस्कारविधि से अनुभूति और सामग्री के आधार पर षोडश संस्कारों की तथा अनेक लौकिक कृत्यों की विधियों की निर्धारक स्वतन्त्र रचना है।

सुधीर कुमार गुप्त

54. **Accent in Sanskrit**; K. V. Abhyankar; **ABORI.**, L. I-IV; 1969; **41-55**; E. The author feels that the field of accent in Sanskrit has not been sufficiently explored He, therefore, examines the problem from various angles and discusses a variety of problems connected with Sanskrit accent. He holds that the Rv. must have been recited with a stress. There are five types of accents—syllabic, sentential, metrical, modulatory and musical. The three accents udātta, anudātta and svarita with a difference in pitch, produced a musical effect, and hence, they can be called musical accents. These accents later on developed into the seven musical notes. The present Saṃhitā text is only a presentation of the original metrical text in a different manner. It cannot be called a revision or redaction of the old text. Where one or more syl ables are less, the number is completed by स्वरभक्ति or विश्लेषण. Where the syllable increases, it is reduced by reading two syllables as one-when two short syllables precede or follow a syllable with udātta accent or stress, the short vowel of one is lost. The author examines the theory of and the reconstruction of the Rv. by Father Esteller, rejects it as unsound and lays down five important factors for the re-reading of the Ṛgvedic text.

लेखक मानते हैं कि संस्कृत में स्वर के क्षेत्र का पर्याप्त अनुसन्धान नहीं हुआ है। अतः वे इस विषय की अनेक दृष्टियों से परीक्षा करते हैं और संस्कृत स्वर से सम्बद्ध विभिन्न समस्याओं पर विचार करते हैं। वे मानते हैं कि ऋग्वेद का पाठ बलात्मकता से ही होता होगा। स्वर पांच प्रकार के हैं–अक्षर का, वाक्य का, छन्द का, ध्वनि के उत्तार–चढ़ाव का और संगीतात्मक। आरोह में भेद के कारण तीनों स्वर–उदात्त, अनुदात्त और स्वरित संगीतात्मक प्रभाव उत्पन्न करते थे और इस लिए उन्हें संगीतात्मक कहा जा सकता है। ये स्वर बाद में संगीत के सात स्वरों में विकसित हो गए। उपलब्ध संहिता–पाठ मूल छान्दसिक पाठ को ही भिन्न रूप में प्रस्तुत करता है। इसे प्राचीन पाठ का संशोधन या नवी नीकरण नहीं कहा जा सकता है। जहां एक वा अधिक अक्षर कम होते हैं, वहां स्वरभक्ति या विश्लेषण से संख्या की पूर्ति कर ली जाती है। जहां अक्षर बढ़ते हैं, वहां दो अक्षरों को एक पढ़ कर संख्या घटा ली जाती है। जब किसी उदात्त या बलाघात से पहले या पीछे दो लघु अक्षर आते हैं, तो उन में से एक ह्रस्व स्वर का लोप हो जाता है। लेखक पादरी एस्टेलरके ऋग्वेद के पाठ के पुनर्निर्माण के मत और पुनर्निर्माण की भी समीक्षा करते हैं, इसे अयुक्त ठहरा कर हेय बताते हैं और ऋग्वेद के पाठ के शोधन के लिए पांच महत्त्वपूर्ण नियम प्रस्तुत करते हैं।

55. **Udātta Accent Before And After The Age of the Veda Saṃhitās**; K V. Abhayankar, Poona; **JOI.**, XIX. 3;3.1970; **213-215**; E. Before the age of the Saṃhitās there was only one accent called Udātta or the stress accent on one syllable in a word, the other syllables being all unaccented. The Rv. was

recited in a strict verse-form with words uttered with the stress accent Later on with the spread of Sanskrit among people using different styles of speech it became no longer possible to say which accent was a proper one. In poetic works and singing different types of accents came into use In narration no accents were used. Accentuation, therefore, soon went completely out of use and posed a danger for the preservation of the Vedas. To preserve them they came to be recited in three tones--udātta, anudātta and svarita throughout the country.

संहिताओं के काल से पूर्व एक पद में एक ही अक्षर पर केवल उदात्त या बलाघात नामक एक ही स्वर रहता था, शेष सब अक्षर निघात रहते थे। ऋग्वेद का पाठ ठीक पद्यरूप में पदों के बलाघात स्वर के साथ किया जाता था। पीछे बोली की विभिन्न शैलियों का प्रयोग करने वाले लोगों में संस्कृत के प्रसार के साथ यह बताना सम्भव न रहा कि कौन सा स्वर ठीक है। काव्यकृतियों और गायन में विभिन्न प्रकार के स्वर प्रयोग में आने लगे। कथादि के वर्णन में किसी स्वर का प्रयोग नहीं होता था। परिणामतः स्वर शीघ्र पूर्णतः प्रयोग से उठ गया और वेदों की सुरक्षा के लिए समस्या बन गया। उन की सुरक्षा के लिए समस्त देश में उन का उच्चारण तीन स्वरों–उदात्त, अनुदात्त और स्वरित में किया जाने लगा।

56. A note on Pāṇini's **Technical Vocabulary;** George Cardona, Philadelphia (U. S. A.); **JOI.**, XIX. 3;3. 1970; 195-212; E. "Early ritual literature shows no evidence of a standardized technical vocabulary which would reflect a syntactic analysis comparable to Pāṇini's. Nor would the general views of grammarians and ritualists support an assertion that the kāraka classification of Pāṇini represents an analysis based on the categories of the ritual. In the absence of documented evidence such a view is a mere conviction. This does not, of course, mean that Pāṇini did not know the ritual intimately; his own statements prove the contrary. It does show, however, that quite aside from his being a product of his environment he was also a very astute grammarian. Let us not, for the sake of merely locating Pāṇini in some mystical Indian background, deny him this claim to greatness."

(Author's summary)

प्रारम्भिक कर्मकाण्डीय साहित्य में ऐसी किन्हीं स्थिर परिभाषाओं की साक्षी नहीं मिलती है, जो पाणिनि के सदृश कारकीय विश्लेषण को प्रतिबिम्बित करती हों। वैयाकरणों और कर्मकाण्डियों के सामान्य विचार भी इस बात की पुष्टि नहीं करते हैं कि पाणिनि का कारकों का वर्गीकरण कर्मकाण्ड के तत्त्वों के विश्लेषण का प्रतिनिधित्व करता है। ग्रन्थों की साक्षी के अभाव में ऐसा विचार केवल भावना ही है। परन्तु इस का यह अर्थ नहीं है कि पाणिनि कर्मकाण्ड को भली भांति नहीं जानते थे। उन के अपने कथन इस के विरुद्ध साक्षी देते हैं। तो भी इस से यह सिद्ध होता है कि अपने वातावरण की उपज होने के साथ वह प्रकाण्ड वैयाकरण भी था। पाणिनि को किसी रहस्यवादी भारतीय पृष्ठभूमि में सिद्ध करने मात्र के लिए उसे इस महत्ता के अधिकार से वञ्चित नहीं करना चाहिए।

57. Authorship of a Vārttika **from the** Mahābhāṣya; S. D. Laddu, CASS., Univ of Poona, Poona; **JUPH**, 33; 1970; 13-22; E. Kielhorn has given two principles for judging whether a vārttika is by Kātyāyana or otherwise. According to his rules there should be a reference in the line Kelimara upasaṃkhyānam to the sūtra of Pāṇini under which it appears No such reference is available here. Patañjali has not recognised the suffix kelimara. Uṇādi Sūtras recognise it but give a different accent. The use of the word upasaṃkhyānam in this line viewed in the light of its uses in Kātyāyana and Patañjali do not point to Kātyāyana's authorship of the line. The author finally concludes that this line does not

come from the pen of Kātyāyana but is framed later by Patañjali, and that this is one more instance of chance repetition at the hands of copyists being responsible for its having later come down wrongly as a vārttika of Kātyāyana.

कोई वार्त्तिक कात्यायन की है अथवा नहीं इस के निर्णय के लिए कील्हौर्न ने दो कसौटियां दी हैं। इन कसौटियों के अनुसार केलिमर उपसंख्यानम् पंक्ति में पाणिनि के उस सूत्र का निर्देश होना चाहिए जिस के अन्तर्गत यह पढ़ी गई है। यहां ऐसा कोई संकेत नहीं है। पतञ्जलि ने केलिमर प्रत्यय को मान्यता नहीं दी है। उणादि सूत्रों ने इस को माना है। परन्तु स्वर भिन्न दिया है। कात्यायन और पतञ्जलि के प्रयोगों की दृष्टि में परीक्षा करने पर इस पंक्ति में उपसंख्यानम् का प्रयोग इसे कात्यायन की रचना सिद्ध नहीं करता है। अन्त में लेखक निष्कर्ष निकालते हैं कि यह पंक्ति कात्यायन की लेखनी से नहीं आई है, बल्कि पीछे पतञ्जलि ने लिखी है, और कि यह एक और ऐसा उदाहरण है जहां लेखक द्वारा आकस्मिक पुनर्लेखन के कारण यह बाद में भूल से कात्यायन की वार्तिक के रूप में प्रचलित हो गई है।

58. **A Brief Note on the Chronological Order of the** Phiṭ-Sūtras, **The** Uṇādi-Sūtras **and the** Aṣṭādhyāyī; K. V. Abhayankar, Poona; **JOI**, XIX. 4;6.1970; 331-332; E. Pāṇini and his followers refer to the Uṇādi Sūtras directly and indirectly whereas the Uṇādis do not refer to Pāṇini. Uṇādis explain yoga-rūḍha words, while Pāṇini deals with yaugika words. Phiṭ Sūtras are very general rules about accent given by Śāntanava mere for the guidance of scholars in an age when Sanskrit was a spoken language. The chronology of the three works under discussion is thus: Phiṭ Sūtras, then the Uṇādi Sūtras and then the Aṣṭādhyāyī. In case of conflict the authority dealing with the type of the word under dispute should be accepted.

पाणिनि और उस के अनुयायियों ने उणादि सूत्रों की ओर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में निर्देश किया है, जब कि उणादियों ने पाणिनि की ओर संकेत नहीं किया है। उणादि योगरूढ़ शब्दों का व्याख्यान करते हैं, जब कि पाणिनि यौगिक शब्दों का। फिट् सूत्र स्वरविषयक बहुत सामान्य नियम हैं जिन्हें शान्तनव ने उस काल के विद्वानों के पथप्रदर्शन के लिए निबद्ध किया था जब संस्कृत बोलचाल की भाषा थी। अतः विचार्यमाण तीनों रचनाओं का रचनाक्रम इस प्रकार है-फिट् सूत्र, फिर उणादि सूत्र और फिर अष्टाध्यायी। तीनों में संघर्ष की स्थिति में वह प्रमाण मान्य होगा जिस के क्षेत्र के शब्द का विचार किया जा रहा है।

59. **Some Views of** Pāṇini **And His Followers on Object Language and Meta Language;** G. B. Palsule, CASS., Univ. of Poona, Poona; JUPH., 33; 1970; 1-7; E. 'The ancient Indian grammarians were aware of the form-denoting capacity of a word (Meta Language) as apart from its ordinary meaning-denoting capacity (Object Language). A word used in its form-denoting capactity was called swarūpa-padārthaka etc. as against the ordinary one which was called the artha-padārthaka. The term *anukaraṇa which properly meant* imitation, reproduction or quotation was also extended to such form-denoting words'. When a form-denoting word was used to convey its form, all distinctions of inflectional categories (which are based upon meaning) were effaced.

प्राचीन भारतीय वैयाकरण शब्द के सामान्य अर्थप्रकाशक पक्ष (पदार्थभाषा) से भिन्न उस के अपने स्वरूपप्रकाशक पक्ष (रूपभाषा) से परिचित थे। रूपद्योतक पक्ष में प्रयुक्त पद को स्वरूपपदार्थक कहते थे, जब कि सामान्य (अर्थ-प्रकाशक) पद को अर्थपदार्थक कहते थे। अनुकरण का वास्तविक अर्थ अनुहार, मूल रूप में कथन को कहना (-अनुकथन) या उद्धरण था। इस का प्रयोग इस प्रकार के स्वरूपद्योतक शब्दों के लिए भी किया जाने लगा। जब किसी स्वरूपद्योतक पद का प्रयोग अपने स्वरूप के प्रकाशन के लिए किया जाता था, रूप-विधानों के समस्त भेद (विभक्ति आदि) (जो अर्थावलम्बित हैं) दूर कर दिए जाते थे।

60. La Thèorie Des Voix Du Verbe Dans L' École Pāṇinéenne (Le 14 e Āhnika); By Rosane Rocher, (Universitè Libre de Bruxelles: Travaux de la Facultè de Philosophie et Letters, To n. XXXV.); PP. 353; Bruxelles, Presses Universitairesde Bruxelles, 1968; Reviewer: T. Burrow; **JRAS (GBI).**, 1. 1970; 82-83; E. This work presents the teachings of Pāṇini and the works of his school represented by the Mahābhāṣya, the Kāśikā, the Dhātupāṭha and their commentaries, the Bhāṣāvṛtti, and the Durghaṭavṛtti on the uses of the Ātmanepada and the Parasmaipada Here the original matter has been accurately paraphrased and rearranged under appropriate headings.

यह कृति पाणिनि और महाभाष्य, काशिका, धातुपाठ और इन की टीकाओं, भाषावृत्ति और दुर्घटवृत्ति रूप उन के अनुयायियों की रचनाओं की आत्मनेपद और परस्मैपद के प्रयोगों सम्बन्धी शिक्षाओं को प्रस्तुत करती है। यहां मूल सामग्री का सही अनुवाद किया गया है और उपयुक्त शीर्षकों के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है।

कोषविद्या Lexicography)

61. A Comparative Dictionary of the Indo Aryan Languages; By R.L. Turner; **Indexes**, compiled by Dorothy Rivers Turner; PP. ix, 357; London, Oxford University Press; 1969; **JRAS (GBI).**, 1. 1970; 80-81; E. The publication of the dictionary was completed in 1966. Lady Turner has compiled the index volume listing "1.40.000 words quoted in the main dictionary for the purpose of comparison, arranged under the individual languages. The Pali and Prakrit words are listed first and after them the modern languages, arranged in geographical order, beginning with Gypsy in the west and ending with Sinhalese and Maldivian in the extreme south. In the case of some of the more important languages, which possess old literatures, there are sections representing the earlier stage of the languages, e.g. Old Bengali, Middle Bengali, Old Awadhi, Old Gujarati, Old Marathi"

कोश का प्रकाशन १९६६ में पूरा हो गया था। श्रीमती टर्नर ने परिशिष्ट खण्ड का संकलन किया है। इस में मूलकोष में उद्धृत १.४०.००० शब्दों को तुलना के प्रयोजन से विभिन्न भाषाओं के अन्तर्गत जमा कर अंकित किया गया है। पहले पालि और प्राकृत के शब्द रखे गए हैं और फिर पश्चिम में जिप्सी से आरम्भ कर के दूर दक्षिण में सिंहाली और माल्दीवी पर समाप्त होने वाली आधुनिक भाषाओं को भौगोलिक क्रम से प्रतिबद्ध किया गया है। पुराने साहित्यों वाली कुछ महत्त्व-पूर्ण भाषाओं के भाषा के पूर्वतर स्तरों का प्रतिनिधित्व करने वाले खण्ड भी दिए गए हैं यथा पुरानी बंगाली, मध्य बंगाली, पुरानी अवधी, पुरानी गुजराती, पुरानी मराठी।

निर्वचन (Etymology)

६२. अक्षर-एक अध्ययन; शिवसागर त्रिपाठी, प्राध्यापक सं. वि., राज. वि. वि., जयपुर; **बुरासंहिस.**, २;७.१९६७; २९-३८; हि। 'अक्षर शब्द स्थूलतः अविनाशी परम पुरुष (पर ब्रह्म) और 'सिलेबुल' (Syllable) के अर्थों में प्रयुक्त होता रहा है। यह अर्थ वैदिक, उत्तर-वैदिक और पौराणिक निर्वचनों से सर्वथा पुष्ट है।' फतह सिंह ने ऐसे पांच निर्वचनों का अध्ययन कर इसे √ क्षर् से उचित ही निष्पन्न माना है। लेखक ने महाभारत और पुराणों को विशेष रूप से दृष्टि में रख कर इन निर्वचनों और 'अक्षर' के अर्थों का अध्ययन प्रस्तुत किया है। उपनिषदों के बाद के निर्वचनों ने इस के अर्थ-सौंदर्य को अधिक स्पष्ट कर दिया है। भाषा के क्षेत्र में यह विश्लेषण-प्रक्रिया का 'फ़ोनीम' है, (परन्तु नादादि रूप फ़ोनीम नहीं है)।

63. A Note on the Epic Folk-Etymology of Rājan; Minoru Hera, Univ. of Tokyo; **UMCV.**, 1970; 489-499; E. In Brāhmaṇa literature etymological approach to a word had a ritual, rather than a linguistic significance. The word and the object

denoted by it were a unity to the Indian ritualist. The analysis of a word means nothing to them but that of the object. The epics have sometimes adopted the style of the Brāhmaṇas and have sometimes differed in their etymologies which are found in the epics in quite a large number. A study of the folk etymological explanations found in Sanskrit literature sometimes enables us to discern what sort of concrete ideas the ancient Indians had about the given concepts, the name of which they attempted to analyse by their etymological devices. The author substantiates this observation by an analysis of the uses of the word rājan in the last portions of the Mbh. (12-18) and the whole Rāmāyaṇa. The word has been derived in most of the passages from the √ rañj and indicates an emotional relation between the king and his subjects.

ब्राह्मण साहित्य के निर्वचनों का निगमन भाषावैज्ञानिक न हो कर कर्मकाण्डीय है। भारतीय कर्मकाण्डी के लिए शब्द और उस से द्योत्य पदार्थ एक ही थे। उन की दृष्टि में शब्द का विश्लेपण वस्तु का ही विश्लेपण था। वीरकाव्यों ने अपने निर्वचनों में अनेक वार ब्राह्मणों की शैली अपनाई है और कई वार उन से भिन्न शैली ली है। वीर-काव्यों में निर्वचन पुष्कल मात्रा में मिलते हैं। संस्कृत साहित्य में प्राप्त लौकिक नैरुक्त व्याख्यानों के अध्ययन से कई वार यह पता लगाना सम्भव होता है कि प्राचीन भारतीयों के उन प्रस्तुत परिकल्पनाओं के विषय में किस प्रकार के संहत विचार थे, जिन के नामों का वे अपने नैरुक्त उपकरणों से विश्लेपण करने का उपक्रम करते थे। लेखक ने इस कथन की पुष्टि महाभारत के अन्तिम भागों (१२-१८) और सम्पूर्ण रामायण में राजन् शब्द के प्रयोगों के विश्लेपण से की है। अधिकांश स्थलों पर इस शब्द को √रञ्ज् से व्युत्पन्न कर राजा और उस की प्रजाओं के बीच एक भावात्मक संबंध को इंगित किया गया है।

६४. सरस्वतीशब्दस्य व्युत्पत्तिविचारः; रघुनाथ एरी, राजकीय महाविद्यालय, जींद; गुप., २३.२; १०-११.१९७०; ११६-१२०; सं.। √सृ (गतौ) इति निर्वचनात् समधिकवैज्ञानिकरूपेण सरस्वतीति शब्दो व्याख्यातुं शक्यते। यास्क-पाणिनि-सूर्यकान्त-कीथ-मैक्डोनल-पुराणादीनां निर्वचनानि व्याख्यानानि च प्रत्याख्याय १. नद्यर्थे √सृ (स्वृ-गमने) इति २. वागर्थे √ सृ < स्वृ (शब्दे) इति ३. देवतार्थे √सृ <स्वृ (स्वरे-स्तवने) इति ४. धेन्वर्थे √सृ<स्वृ (उपतापे) इति निर्वचनानि प्रस्तुतान्यत्र।

√सृ से निर्वचन की अपेक्षा अधिक वैज्ञानिक रीति से सरस्वती शब्द का निर्वचन संभव है। यास्क, पाणिनि, सूर्यकान्त, कीथ, मैक्डोनल और पुराणों आदि के निर्वचनों का प्रत्याख्यान कर गति, शब्द, स्वर—स्तवन और उपताप अर्थों वाली √स्वृ >सृ से नदी, वाक्, देवता और गाय अर्थों में निर्वचन प्रस्तुत किए गए हैं।

65. **(Letter dated 15-5-1965 in) Appendix** (to Nature and Scope of Etymology in the Context of Vedic Words by S. K. Gupta); S. Varma, Honourary Incharge, V. V. R. I. Sub-office, 284 Sector 16 A, Chandigarh-2; **URSHS.**, 1967-68; 81-89; E. This letter is an observation on S.K. Gupta's paper यास्कीय निर्वचन published in the वेदवाणी, वाराणसी (17.1-4). Here the writer explains the latest views of Etymology, particularly the Synchronistic approach to it, shows that each system evolves its own groups in order to explain a language from the inside out and observes that the practical problem is to prepare patterns of etymologies, which were already there in the Vedic language. They only need to be ascertained "to recode" them. It is true that the Vedic literature is the oldest literature in Indo-European. But some non-Vedic languages embody Indo-European forms much older than Vedic ones. In Indo-European languages, unrelated monosyllabic words are unthinkable. Vedic monosyllabic words can, therefore, be called monosyllabic correlates of vocabulary patterns. Most of such words in inflected languages are dissyllables.

Linguistic study of Vedic words can not be separated from literary evidences. Yāska's approach is entirely functional, purposive and consequently subjective.

यह पत्र वेदवाणी, वाराणसी (१७.१–४) में प्रकाशित स.क. गुप्त के लेख पर एक दृष्टि है। यहां लेखक निरुक्ति के नूतनतम विचारों, विशेष रूप से इस की ओर समकालिक पहुंच को स्पष्ट करते हैं। अन्दर से बाहर की ओर किसी भाषा के व्याख्यान के लिए प्रत्येक प्रणाली अपने वर्ग बनाती है। अतः व्यावहारिक समस्या निरुक्तियों के उन प्रतिरूपों को तय्यार करना है, जो वैदिक भाषा में पहले ही विद्यमान हैं। केवल पुनः वर्गीकृत करने के लिए उन का निर्धारण अपेक्षित है। यह सत्य है कि भारोपीय में वैदिक साहित्य प्राचीनतम साहित्य है। परन्तु कुछ अवैदिक भाषाओं में वैदिक भाषा के रूपों से बहुत अधिक प्राचीनतर भारोपीय रूप सुरक्षित हैं। भारोपीय भाषाओं में असम्बद्ध एकाक्षर शब्द अचिन्त्य हैं। अतः एकाक्षर वैदिक शब्दों को शब्दों के प्रतिरूपों से सम्बद्ध ही माना जा सकता है। इन में से अधिकांश शब्द विभक्तिप्रधान भाषाओं में द्व्यक्षर हैं। वैदिक पदों का भाषाशास्त्रीय अध्ययन साहित्यिक साक्षी से विलग नहीं किया जा सकता है। यास्क की पद्धति व्यवहारमूलक, सहेतुक और इस कारण व्यक्तिनिष्ठ है।

66[a] Nature and Scope of Etymology in the Context of Vedic Words; S. K. Gupta, Reader in Sanskrit, Rajasthan Univ., Jaipur; URSHS., 1967-68; 61-89; E. The paper is a sequel to S. Verma's letter dated 15. 5. 1965 printed in the Appendix offering some observations on the author's paper Yāskīya Nirvacana (Veda Vāṇī, Varanasi, 17.1-4) It examines the natures and approaches of both the ancient and modern sciences of etymology and concludes that the 'evidences in the modern study of etymology of Vedic words many a time are vitiated by imaginary and circumlocutary forms, principles and laws. The very existence of the I. E. language is doubtful. Various stages of historical developments of I. E. languages and words and the factors leading to them cannot be ascertained with sufficient amount of accuracy and authenticity. Moreover, here the attention is mainly directed towards phonetic developments irrespective of semantic developments, while the Indian approach attaches secondary or no importance to phonetic developments. The modern study is useful and important from the view point of phonology but it is not very helpful for the interpretation of vedic words and texts. For this purpose one should adopt the approach of the ancient Indians, using the modern apparatus as a corroborating evidence, wherever it helps.'

यह लेख वेदवाणी वाराणसी १७.१–४ में छपे लेखक के लेख यास्कीय निर्वचन पर कुछ विचार प्रस्तुत करने वाले परिशिष्ट (ऊपर ६५ देखें) में छपे एस. वर्मा के पत्र दिनांक १५-५-१९६५ का परिणाम है। यहां निरुक्तिविषयक प्राचीन और अर्वाचीन—दोनों ही विज्ञानों की प्रकृति और पद्धतियों की परीक्षा की गई है और निष्कर्ष निकाला गया है कि वैदिक पदों के निर्वचनों के आधुनिक अध्ययन में साक्षियां अनेक बार काल्पनिक,घेरे में घूमने वाले रूपों, नियमों और सिद्धान्तों से दूषित हो जाती हैं। भारोपीय भाषा की सत्ता ही सन्दिग्ध है। भारोपीय शब्दों और भाषाओं के ऐतिहासिक विकास के विभिन्न स्तरों और उन के साधक तत्वों को पर्याप्त सूक्ष्मता और प्रामाणिकता से निर्धारित नहीं किया जा सकता है। अपि च, यहां ध्यान अर्थवैज्ञानिक विकासों की अपेक्षा के बिना ध्वनिसम्बन्धी विकासों पर केन्द्रित किया जाता है, जब कि भारतीय पद्धति ध्वन्यात्मक विकासों को गौण या कोई महत्त्व नहीं देती है। आधुनिक अध्ययन ध्वनिविज्ञान की दृष्टि से उपयोगी और महत्त्वपूर्ण है, परन्तु वैदिक शब्द और ग्रन्थों के अर्थ करने में यह बहुत सहायक नहीं है। इस प्रयोजन के लिए प्राचीन भारतीयों की पद्धति का ही अवलम्बन करना चाहिए। जहां सहायक हो,

वहाँ आधुनिक उपकरणों को पोषक साक्षी के रूप में काम में ले लेना चाहिए।

ज्योतिष (Astronomy)

67. The Brahmasiddhānta **of** Śākalya; D. G. Dhavale, Fergusson College, Poona; **JUPH.** 33; 970; 37-38; E. Out of the four Siddhāntas (astronomical works) the Brahmasiddhānta has invariably described itself as the dvitīya praśna at the end of all its chapters The author has secured a mss. of the work from South India in which there are many verses not found in the North Indian mss. A statement in this mss. leads to the conclusion that Sūrya Siddhānta was the first Praśna. The other praśnas were: 2. Brahmasiddhānta of Śākalya 3. Pauliśa Siddhānta 4. Somasiddhānta 5. Romaśasiddhānta 6. Garga-Saṃhitā 7. Some treatise attributed to Bṛhaspati 8 Vasiṣṭha Siddhānta. There was probably no astronomer named Śākalya. Someone has fathered his work on him.

(ज्योतिष के) चार सिद्धान्त (ग्रन्थों) में से ब्रह्मसिद्धान्त ने अपने को अपने सब अध्यायों के अन्त में द्वितीय प्रश्न कहा है। लेखक को इस रचना का एक हस्ते. दक्षिण भारत से मिला है जिस में ऐसे बहुत से पद्य हैं जो उत्तर भारतीय हस्ते. में नहीं मिलते हैं। इस हस्ते. के एक कथन से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि सूर्यसिद्धान्त प्रथम प्रश्न था। अन्य प्रश्न थे—२. शाकल्य का ब्रह्मसिद्धान्त ३. पौलिशसिद्धान्त ४. सोमसिद्धान्त ५. रोमशसिद्धान्त ६. गर्गसंहिता ७. बृहस्पति से सम्बद्ध कोई ग्रन्थ ८. वसिष्ठसिद्धान्त। सम्भवतः शाकल्य नाम का कोई ज्योतिषी न था। किसी ने अपनी रचना को उस के नाम से सम्बद्ध कर दिया है।

सामान्य अध्ययन (General Studies)

वेदार्थ (Vedic Interpretation)

ज्ञानं सर्वेषामावश्यकम्। श्रुत्यर्थविज्ञानं तु त्रैवर्णिकमात्रोपयोगि सम्प्रदायसिद्धं चेष्यते। शूद्रा वेदानधिकारिणः। पाश्चात्या वेदार्थं न जानन्ति। तुलनात्मकं व्याख्यानं नोचितम्। सायणभाष्यमेव पारमार्थिकं नान्यं नव्यं भाष्यम्।

वेदों का अर्थ जानना सब के लिए आवश्यक है। यह अर्थज्ञान तीनों वर्णों के लिए उपयोगी और परम्परा के अनुसार होना चाहिए। शूद्रों को वेदाध्ययन का अधिकार नहीं है। पाश्चात्य वेदार्थ नहीं जानते हैं। तुलनात्मक व्याख्यान अनुचित है। सायण का भाष्य ही पारमार्थिक है, अन्य नवीन भाष्य नहीं।

वेद का स्वरूप (Nature of Veda)

६६. महर्षि जैमिनि का वेद-विषयक सिद्धान्त; जगत्कुमार शास्त्री, साधु सोम तीर्थ, देहली; **आ. मा.**, ५०-१६; १-१२. १६७०; ३-५; हि.। यहां पर मनु और उस के अनुयायी दयानन्द की वेद-विषयक मान्यता का कथन कर गंगाप्रसाद उपाध्याय के 'मीमांसाप्रदीप' में से वेदों की अपौरुषेयता और प्रामाणिकता पर जैमिनि के सिद्धान्त को उद्धृत किया गया है। जैमिनि के मत में वेद आप्तोपदेश और प्रामाणिक हैं। ब्राह्मण-ग्रन्थ भी प्रमाण हैं, परन्तु वेद परम प्रमाण और धर्म के ज्ञापक हैं। यहां नित्य अर्थों के नित्य शब्दों के साथ नित्य सम्बन्ध का ज्ञान होता है। शब्दार्थ सम्बन्ध नित्य है, शब्द भी नित्य है। आकृति और जाति समानार्थक हैं। शब्दों के अपने अर्थों के वाक्यगत क्रियावाचक शब्द से सम्बन्ध द्वारा वाक्य के अर्थ का बोध होता है। काठक, कालापक आदि प्रवचनकर्ताओं के नाम हैं। मन्त्रों में व्यक्तियों के नाम नहीं हैं।

भवानी लाल भारतीय; **आ. मा.**, ५०, १९; १-१२-७०; १५-१६; हि० । वेद के यथार्थ अर्थ के ज्ञान में बाधक अपूर्ववाद, विनियोगवाद और विकासवाद तथा साधक यौगिकवाद, समकक्षवाद और विज्ञानवाद के परिचायक, ऋषि दयानन्द की वेदार्थक्रांति के महत्त्व के प्रतिपादक वेदसम्मेलन अम्बाला में स्वामी समर्पणानन्द के अध्यक्षीय भाषण का सम्पादन है ।

वैदिक देववाद (Vedic Mythology)

७१. अग्निसंहिता रहस्यविदां सिद्धान्तः (आर्यपत्रिकायां प्रकाशिताग्निसूक्तानां प्रस्तावनातः संकलिताः संदर्भाः); अरविन्दः, अनुवादकस्य नाम न प्रत्तम्; **गुप०**, २३.१-२; ९-१०. १९७०; ४०-४४; सं. । बृहत्त्वं वास्तवमस्तित्वं ज्योतिरानन्द इति यज्ञस्य लक्ष्यम् । यज्ञः प्रयात्यारोहति च । अग्निना सत्तासमुद्रः समुत्तार्यः । शत्रवो दस्यवश्च जेतव्याः । वृत्रशुष्णादिराक्षसा. मानवान् पीडयन्ति । देवानां साहाय्येन ते निष्कासनीयाः । वेदोक्ता इन्द्रसोमवरुणादयो देवताः किल विश्वव्यापि परमदेवस्य नामानि, शक्तयो व्यक्तित्वविशेषाश्च । एता अस्माकं दिव्याः सखायः । अस्माकं पूर्णतार्थं सर्वेषां देवत्वानां विकासोऽपरिहार्यः । एवमेव सत्यं, तेन चानन्दः, तत्र च निरपेक्षसतो निस्सीमचैतन्यम् उपलभ्यते । पौराणिकत्रिमूर्तेर्मूलभूतास्तिस्रो महादेवताः परमेश्वरस्य तिस्रो बृहत्तमशक्तय इमा क्रमोन्नतिमिममूर्ध्वोन्मुखविकासं च साधयन्ति । ऋषयः केषांचिदाध्यात्मिकविजयविशेषाणां निदर्शनभूता. ।

यज्ञ का लक्ष्य विशालता, वास्तविक सत्ता, ज्योति और आनन्द हैं । यज्ञ गति करता है, (ऊपर को) चढ़ता है । अग्नि के द्वारा सत्ता के समुद्र को पार करना चाहिए । शत्रुओं और दस्युओं को जीतना चाहिए । वृत्र, शुष्ण आदि राक्षस मानवों को पीड़ित करते हैं । देवताओं की सहायता से उन्हें निकाल देना चाहिये । वेदोक्त इन्द्रादि देवता विश्वव्यापी परम देव के नाम, शक्ति और व्यक्तिविशेष हैं । ये हमारे दिव्य मित्र हैं । अपनी पूर्णता के लिए सब देवभावों का विकास अनिवार्य है । इस प्रकार ही सत्य और उस से आनन्द और आनन्द में निरपेक्ष सत् का असीम चैतन्य प्राप्त हो सकता है । पौराणिक त्रिमूर्ति के देवता भी परमेश्वर की तीन विशाल शक्तियां हैं । ये उपर्युक्त क्रमोन्नति और ऊर्ध्व विकास को सिद्ध करती हैं । ऋषि आध्यात्मिक विजयों के द्योतक हैं ।

७२. तस्माद् वेदस्य वेदता; औदुम्बरकरः; **गुप०**, २३.१-२; ९-१०. १९७०; १४-२०; सं० । अत्र पौराणिकमतानुसारी वेदविचारो विहितः । वेदात् स्वर्गमोक्षयोर्ज्ञानं भवति । वेदाः अपौरुषेया । वेदकालनिर्णयो व्यर्थः । प्रतिसृष्टि ईश्वरो नित्यसिद्धमेव वेदं प्रकाशयति । मन्त्रब्राह्मणात्मको वेदः । वेदे कर्मोपासनाज्ञानेतित्रिविधप्रतिपादकतया त्रिकाण्डो वेदः । तत्र अद्वैतवादः, प्रतीकोपासना च वरीवर्त्ति । सा एव मूर्तिपूजा । वेदोऽखिलो धर्ममूलम् । तत्र स्त्रीः शूद्रांश्च विहाय सर्वेषामधिकारः । पुराणमीमांसादिशास्त्राणि धर्मप्रमाणानि सन्ति । वेदोपवेदेष्वष्टादश विद्याः सन्ति ।

इस में पौराणिक मतानुसार वेद का विचार है । वेद अपौरुषेय हैं । उन का कालनिर्णय आवश्यक नहीं है । ईश्वर हर सृष्टि में नित्यसिद्ध वेद को प्रकट करता है । मन्त्र और ब्राह्मण वेद हैं । वेद तीन काण्डों वाला है । वहां अद्वैतवाद और प्रतीकोपासना बहुशः मिलती है । यही मूर्तिपूजा है । वेद सब धर्मों का मूल है । स्त्री और शूद्रों को छोड़ कर सब का वेद में अधिकार है । पुराण और मीमांसा आदि शास्त्र धर्म के प्रमाण हैं । वेदों और उपवेदों में अठ रह विद्याएं हैं ।

७३. वैदिक देववाद; सत्यकाम वर्मा; **गुप०**, २३. १-२; ९-१०. १९७०; १०४-११३; हि० । ऋग्वेद मे देवों के एकत्व की भावना रही प्रतीत नहीं होती । देवता तीन प्रकार के हैं–१. प्राकृतिक २. ऐतिहासिक व्यक्ति ३. भावात्मक । यास्क के

देवों और मन्त्रों के तीन-तीन प्रकारों के मूल में ये तीन प्रकार रहे होंगे। वे सब देवों को इन तीन पक्षों में लेना चाहते हैं। पाश्चात्यों ने यास्क के भाव को न समझ कर प्राकृतिक देवता ही माने हैं। सृष्टि के मूल तत्त्व को वेद ने पुरुष और आइसलैंड के आदिमों ने इमिर कहा। नासदीय सूक्त और पुरुष सूक्त के समन्वित भाव का इमिर के वर्णन से घनिष्ठ साम्य है। वस्तुतः वैदिक देवकल्पना भी आदिम मानव की कल्पनाओं पर आश्रित है। प्रत्येक देवता के उपर्युक्त तीन रूप हैं। वे तीनों रूप एक दूसरे में मिल गए हैं। परन्तु सब देवों के रूप में इन तीन प्रकारों को खोजना सम्भव नहीं। वैदिक देवों के स्वरूप के विश्लेषण से यह तथ्य सुव्यक्त है। अतः वैदिक देवकल्पना एक दृष्टिमात्र है जो एक मूलभूत सत्य को भिन्न-भिन्न रूपों में प्रस्तुत करती है। इस दृष्टि के 'कारण इतिहास, भूत जगत् या भाव जगत् से आई कोई भी बात, भाव, या व्यक्ति अपना नाम-रूप खो कर तीनों में से किसी भी रूप में वर्णित की जा सकती है।'

वैदिक दर्शन (Philosophy of the Veda)

४२. आलम्भ यज्ञ; बद्री प्रसाद पंचोली, प्राध्यापक, राजकीय महाविद्यालय, किशनगढ़; पुरासंहिस., २;७.१९६७; ४३-६३; हि.।

74. Upaniṣadic Ātman and the Conception of Attā in the Teachings of the Buddh; (Partly published in) Poona Orientalist, xxvii; 1964; 114-132; E. This paper seeks to present a comprehensive account of the Buddha's teachings with regard to the conception of Attā and establishes that the Buddha did not negate the existence of Ātman, rather he repudiated the conceived identity of the Ātman with the body, the mind and the senses. The Buddha's view point has been compared with the Upaniṣadic concept of Ātman. The problem of the Avyākṛtas has also been tackled and it has been established that the Buddha recognised the conscious and enduring Ātman in ourselves.

यह लेख अत्ता के विषय में बुद्ध के विचारों का व्यापक आकलन प्रस्तुत करता है और दिखाता है कि बुद्ध आत्मा का नहीं, प्रत्युत शरीर, मन और इन्द्रियों से आत्मा के कल्पित तादात्म्य का निषेध करते हैं। बुद्ध के विचार की औपनिषद आत्मविचार से तुलना की गई है। अव्याकृत समस्या का भी विचार किया गया है और यह प्रतिपादित किया गया है कि बुद्ध ने प्राणियों में चेतन नित्य (निर्विकल्प, शिव) आत्म-तत्त्व की सत्ता मानी है।

करुणेश शुक्ल

१६. ऋग्वेद का इन्द्र, इन्द्राणी और वृषाकपि का सम्वाद; रामनाथ वेदालंकार; गुप०, २३.१-२; ९-१०.१९७०; ७०-७९; हि.।

७५. ऋग्वेद के ऋषि और उन का सन्देश और दर्शन; कुवीर कुमार गुप्त; १९६७; ६४; ८-००; हि.,अं.। इस में लेखक ने दिखाया है कि वेदमन्त्रों के ऋषि, देवता और छन्द उन-उन मन्त्रों के अर्थों को बताने वाली परिभाषाएं हैं, व्यक्तिविशेषों, शक्तिविशेषों और अक्षरपरिमाणों के द्योतक पद नहीं हैं। दो परिशिष्टों में लेखक के शोधप्रबन्ध 'वेदभाष्यपद्धति को दयानन्द सरस्वती की देन' से ऋषियों और छन्दों के मन्त्रों को अर्थ की प्रकाशक परिभाषा मानने की पुष्टि में पुष्कल सामग्री भी प्रस्तुत की गई है। साथ में अंग्रेजी का मूल लेख भी दिया गया है।

अनिल कुमार गुप्त

46 Concept of Hamsa in the Upaniṣadic Literature; Anain Charan Swain, Poona; JOI., XIX. 3; 3. 1970; 216-222; E.

४६. जीवन का लक्ष्य; जीवाराम पुरोहित; श्री डूंगरपुर; आ.भा., ५०-२०; १५.१२.१९७०; ४-५; हि.।

10. Jaiminiyārṣeya-Jaiminiyopaniṣad Brāhmaṇe; Ed., Pub. B. R. Sharma, Director, Kendriya Sanskrit Vidyapeetha, Tirupati; 24-00; Rev. C. G. Kashikar; ABORI, L. I-IV; 1969; 105-105; E.

76. A Discourse on Saccidānanda; R. K. Garg, Deptt. of Philos., M. M. H. (P. G.) College, Ghaziabad (U. P.); **UMCV.**, 1970; 65-80; E. The entire history of Indian philosophy, indeed, tells a story of Saccidānanda. Its concept finds its most exalted and perfect expression in Prasthāna trayī. Sat, cit and ānanda respectively relate to cognition, conation and affection. In an integrated personality all these three processes unite in a balanced, ordered, synthesised and proportionate degree. Indians have always lived a life of saccidānanda. The author now examines the metaphysical, religious and ethical senses of sat, metaphysical and epistemological and special senses of cit, and general and philosophical views about ānanda. Philosophically ānanda is identified with Brahman or Ātman. The Prasthāna trayī defines Brahman as Sat (Existence), Cit (Knowledge) and Ānanda (Bliss). This threefold nature of Brahman distinguishes Brahman from the nāma-rūpātmaka jagat which is unreal (anṛta), non-intelligent (jaḍa) and of the nature of suffering (duḥkha). These Sat, Cit and Ānanda are inseparable from Brahman, are not Its parts or properties or attributes, although they seem as if separable. Hence Saccidānanda is verily advaita (unique).

वस्तुतः समस्त भारतीय दर्शन सच्चिदानन्द की कहानी कहता है। प्रस्थानत्रयी में इस के भाव का परम उदात्त और पूर्ण प्रकाश हुआ है। सत्, चित् और आनन्द क्रमशः ज्ञान (अनुभव), इच्छा और राग से सम्बन्ध रखते हैं। पूर्ण आदर्श मानव में ये तीनों क्रियाएं सन्तुलित, नियमित, संश्लिष्ट और समुचित मात्रा में पाई जाती हैं। भारतीयों ने सदा सच्चिदानन्द का जीवन बिताया है। अब लेखक सत् के आध्यात्मिक, धार्मिक और नैतिक अर्थों, चित् के आध्यात्मिक, तात्त्विक और विशेष अर्थों तथा आनन्द के सामान्य और दार्शनिक विचारों की परीक्षा करते हैं। दार्शनिक दृष्टि से आनन्द का ब्रह्मन् और आत्मन् से तादात्म्य है। प्रस्थान त्रयी ने ब्रह्मन् को सत् (सत्ता), चित् (ज्ञान) और आनन्द (परम सुख) कहा है। ब्रह्मन् की यह त्रिविध प्रकृति ब्रह्मन् को नामरूपात्मक जगत् से पृथक् करती है, जो असत्य (अनृत) ज्ञानहीन (जड़) और दुःख के स्वभाव वाला है। ये सत्, चित् और आनन्द ब्रह्म से अविभाज्य हैं, ये ब्रह्मन् के अंग, गुण या उपाधियां नहीं हैं, यद्यपि वे विभाज्य-से मालूम पड़ते हैं। अतः सच्चिदानन्द निःसन्देह अद्वैत (अनुपम) ही है।

सुधीर कुमार गुप्त

77. Try'ambaka (the Genesis of the Concept); Sadashiva Ambadas Dange, Bombay; **JOI.**, XIX. 3; 3. 1970; 223-227; E. "The most original concept in the word tryambaka is that of the triple fire fostered by the triple water-mothers. This concept appears to be the most dominating one, and was later transferred to Rudra-Śiva, in one of the aspects of the cosmic fire. The fire is also prominantly associated with Śiva in his form as try'ambaka being present in his third eye on the forehead. This brings us to the concept of ambaka as eye. Agni's constant association with waters as the light principle probably gave rise to the concept of the shining or seeing water-principle—the ambaka. Ambaka seems to refer to the cosmic light principle. In this way try' ambaka (one having three eyes) will be the cosmic waters. The concept of pervading light-eye in the cosmic waters is not clearly seen in the Vedic or the later Hindu mythology, though it is very well suggested. This concept is very finely present in the ancient Egyptian mythology."

त्र्यम्बक शब्द की सर्वाधिक मौलिक परिकल्पना तीन जल-माताओं द्वारा पोषित तीन अग्नियों की है। यह परिकल्पना परम प्रभावशाली रही मालूम पड़ती है और पीछे सृजक अग्नि के एक रूप में रुद्र-शिव को संक्रान्त हो गई। अग्नि भी त्र्यम्बक रूप वाले शिव के साथ उस के मस्तक की तीसरी आंख में उपस्थित होने के कारण प्रमुखता से सम्बद्ध है। यह हमें अम्बक की परिकल्पना—आंख पर ले आता है। प्रकाशतत्त्व के रूप में अग्नि के जलों के साथ सतत सम्बन्ध ने सम्भवतः अम्बक-

चमकते हुए या देखने वाले जलतत्त्व के भाव को जन्म दिया होगा। अम्बक सृजक प्रकाशतत्त्व का द्योतक प्रतीत होता है। इस प्रकार त्र्यम्बक (तीन आंखों वाला) सृजक जल होंगे। सृजक जलों में व्यापक प्रकाश – आंख की परिकल्पना वैदिक अथवा पिछले हिन्दू देवशास्त्र में स्पष्ट दिखाई नहीं पड़ती है, तो भी यह अच्छी प्रकार इंगित हुई है। यह परिकल्पना प्राचीन मिश्री देवशास्त्र में बहुत उत्तमता से प्रस्तुत की गई है।

सुवीर कुमार गुप्त

२०. नासदीयसूक्तम् (भाववृत्तीयम्) (ऋ. १०. १२९); अरविन्दमतमनुसृत्य केनचित् लिखितम्; विषयसूच्यां त्वरविन्दस्यैव नामांकितमस्ति; गुप., २३.१ २;९-१०.१९७०; २२-३१; सं.।

५. पञ्चवृत्तिमुख्य प्राण; गुप. २३.१-२; ९-१०.१९७०; १०३; हि.।

47. Pre-Śaṅkara Upaniṣadic Philosophy as Expounded by Kālidāsa; T. K Gopala Swamy Iyengar, Deptt. of Skt., Venkat. Univ., Tirupati; **UMCV**, 1970; 179–186; E.

48. Problems of Biological Philosophy with regard to the Philosophy of the Upaniṣads; Bernhard Rensch, Unvi. of Münster, W. Germany; **IJHS.**, I. 1; 5. 1966; 75–81; E.

78. Philosophical Concepts in the Hymn of Creation; Satya Prakash Singh, Aligarh (India); Ṛtam, I 2; 1970; 39–46; E. This paper gives an analysis and elucidation of the doctrines expounded in Rv. X. 129 under the following heads: 1. Idea of Transcendence 2. Negation of Space and Time 3. Implicit Immanence of the Divine in the apparently Non-Existent 4. Desire as the First Evolute of the Cosmic Mind 5. The Intuitive Method of Metaphysical knowledge 6. Antagonism between two orders of Cosmic Constituents and 7. The Final Scepticism. Incidentally the view point of C. G Jung has also been referred to In general philosophical interpretation of the hymn has been offered. The author feels that the Vedic seers believed in the indeterminate natureof cosmic evolution.

प्रस्तुत निबन्ध में ऋ. १०.१२९ में प्रकाशित वादों का अधोदत्त शीर्षकों में विश्लेषण दिया गया है: १. अतिक्रान्त सत्ता की कल्पना २. रजस् और काल का निषेध ३, आपाततः असत् में दिव्य निर्विवाद सत्ता ४. सृजक मन का पहला विकास–काम ५. अध्यात्म ज्ञान की अन्तर्ज्ञान प्रणाली ६. सृजक तत्त्वों के दो क्रमों में विरोध और ७. अन्तिम संशयवाद। प्रसंगतः सी. जी. जंग के दृष्टिकोण का भी निर्देश किया गया है। सामान्य रूप से इस सूक्त का दार्शनिक भाष्य दिया गया है। लेखक का मत है कि वैदिक ऋषि सृष्टि के विकास को निश्चयात्मक अवधारण से अपेत मानते थे।

करुणेश शुक्ल

23. Bṛhaspati Und Indra; Au von Hanns-Peter Schmidt: Otto Harrassowitz, Wiesbaden; Rev. V. G. Rahurkar; **ABORI.**, L. I–IV; 1969; 109–112; E.

२४. ब्रह्मगवी; बद्रीप्रसाद पंचोली, अजमेर; गुप., २३.१-२; ९-१०.१९७०; ८५-८८; हि.।

७९. मीमांसादर्शने विधिविमर्शः; रामशरण शास्त्री, शोधकः, काशी; सागरिका, ६.२;२०२७वि; १२९-१४१; सं.। वेदकर्तुः विषये संक्षेपेण विविच्य विशेषतो (पूर्व-) मीमांसादर्शने प्रोल्लिखितानां पञ्च भेदानां–विधिर्मन्त्रोनामधेयो निषेधोऽर्थवाद इत्यादीनां प्रपंचनम्। तथापि च विधिसामान्यस्य विधिविशेषस्य च सांगनिरूपणं शास्त्रीयञ्च विवेचनं सरलया भाषयोपस्थापितम्।

वेद के कर्ता के सम्बन्ध में विभिन्न दर्शनों के सिद्धान्तों का संक्षेप में उल्लेख करते हुए विशेष रूप से पूर्वमीमांसा दर्शन में निर्दिष्ट विधि, मन्त्र, नामधेय, निषेध तथा अर्थवाद आदि पांच भेदों का विवेचन प्रस्तुत किया गया है। यहां भी सामान्य विधि और विशेष विधि का सांग निरूपण और शास्त्रीय विवेचन सरल भाषा में किया गया है।

प्रभाकर शा

४५. श्वेताश्वतरोपनिषद्; ले. जगत्कुमार शास्त्री; प्र. मधुर प्रकाशन, आर्य समाज, बाजार सीताराम, दिल्ली ६; ४-००; हि.; समीक्षकः भवानीलाल भारतीय; आ.मा., ५०.१६; १.१२. १९७०; १५; हि.।

३५. सत्य का अनुसन्धान कैसे करें ? जयदत्त शास्त्री; वेवा. २३.३; १.१९७१; ८-१६; हि.।

75 Seers of the Ṛg-Veda and Their Message and Philosophy; S.K. Gupta, Reader in Sanskrit, Raj Univ., Jaipur-4; 1967; 64; Rs 8.00; E., H. The author shows that the names of seers, deities and metres associated with the vedic verses are terms coined to indicate the senses of the verses in which they were explained. In two appendices some more evidences in support of this view have been collected from the author's doctoral thesis 'Dayānanda's Contribution to Vedic Exegesis'.

हिन्दी सार के लिए ऊपर सं. ७५ देखें।

अनिल कुमार गुप्त

43 Henoritualism of the Brāhmaṇa Texts; G. U Thite, CASS, Univ. of Poona; **JUPH**, 33; 1970; 23 36; E.

१४. हे मनुष्यो ! अपनी आत्मा को देखो; वैदिक विनय से उद्धृत; वेवा., २३.३; १.१९७१; १-२; हि.।

सांस्कृतिक अध्ययन (Cultural Study)

३६. श्रीगुरजी आर्ष गुरुकुल "यज्ञतीर्थ" एटा (उ.प्र.) में अश्वमेध यज्ञ के वैदिक स्वरूप का प्रदर्शन; ज्योतिस्वरूप; आ.मा., ५०-२०; १५.१२. १९७०; १०; हि.।

८०. एक आध्यात्मिक विवेचन-ऋतुराज वसंत; रामनारायण शर्मा, भू. पू. उपनिदेशक, शिक्षा विभाग (राजस्थान); राजस्थान पत्रिका, ३१.१. १९७१; ३ ४; हि.। शारदा की पूजनतिथि है—माघ शुक्ला पंचमी। शारदा श्री है जो राष्ट्र को ऐश्वर्यशाली बनाने वाली प्रज्ञानुगत बौद्धिक ज्ञान-विभूति है। इस का सम्बन्ध जीवों के प्राणदाता और मर्त्यलोक के सृजक, संचालक और संहारक द्वादश आदित्य अमृत प्राण सूर्य से है। इस सूर्य को सत्, हिरण्यगर्भ, स्वयंभू और परमेष्ठी लोकों से शक्ति और स्वरूप मिलता है। सूर्य के ऊपर पराशक्ति सरस्वती है। ब्रह्म के गुप्त स्वरूप को प्रकृति के समान वसन्त मानव में देवत्व को उत्पन्न करती है। पुरुष त्रैलोक से परे तुरीय व्यापक आत्मतत्त्व का आत्म-स्वरूप अंश ही है। विद्या शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा में समस्वरता और राष्ट्र को अभ्युदय देती है। धर्म के कारण ही सृष्टिप्रक्रिया ध्रुव तत्त्व-अन्तर्यामी संकर्षण शक्ति के सहारे गतिशील है। पृथ्वी दैनिक, वार्षिक और अयन गतियां करती है। अयन गति का सम्बन्ध वसन्त और वसन्त संपात से है। वसन्त, ग्रीष्म और वर्षा में ही सूर्य और चन्द्र से राम और कृष्ण के जैसे गुण प्राप्त होते हैं।

अनिल कुमार गुप्त

१६ ओषधि; मुंशी राम शर्मा, आर्यनगर, कानपुर; गुप०, २३.१-२; ९-१०.१९७०; ८६-९३; हि.।

८१. कालिदास पर ऋग्वेद का प्रभाव; निगम शर्मा; गुप०, २३.१-२; ९-१०.१९७०; ८०-८५; हि.। ऋग्वेद से मन्त्र उद्धृत करते हुए कालिदास के, प्रमुख रूप से रघुवंश के तथा अभिज्ञान शाकुन्तल और मेघदूत के, भावों से सोद्धरण घनिष्ट साम्य बताया गया है।

अनिल कुमार गुप्त

८२. धर्म के हिन्दू सिद्धान्त की उत्पत्ति एवं विकास; रणजीतसिंह, प्राध्यापक इति. वि., इलाहाबाद वि. वि., इलाहाबाद; उमकव., १९७०; ३०१-३२६; हि.। लेखक ने ऋ० में ऋत, सत्य, धर्म और धर्मन् के स्वरूपों का विवेचन कर, उन सब के 'धर्म' के अन्तर्गत समा जाने और उस से ब्राह्मणों, आरण्यकों, उपनिषदों, गृह्य, श्रौत और धर्म सूत्रों, स्मृतियों, रामायण, महाभारत, पुराणों और दर्शन ग्रन्थों में धर्म के स्वरूप के क्रमिक विकास और उन-उन ग्रन्थों के धर्मविषयक विचारों का वर्णन

किया है। प्रसंगतः आधुनिक विद्वानों के विचार भी दिए हैं। प्रक्रिया विधि का भी वर्णन किया है। तात्त्विक, नैतिक और सामाजिक दृष्टियों से धर्म का स्वरूप व्यक्त करते हुए लेखक ने निष्कर्ष निकाला है कि "धर्म का अर्थ बहुत व्यापक है। यह मानव जीवन एवं विश्व समाज के आधारभूत सिद्धान्तों का सामूहिक रूप होने के कारण मानव धर्म माना गया है। सामान्य रूप से समस्त क्रिया-कलापों एवं सम्बन्धों में धर्म व्यक्ति समाज और ब्रह्माण्ड व्यवस्था के साथ-साथ सुसंचालित करने वाला नियामक तत्त्व माना जा सकता है। धर्म के बहिः प्रकाश बहिरंग उतने महत्त्वपूर्ण नहीं हैं जितना कि स्वतः धर्म का सिद्धान्त। धर्म का तात्त्विक स्वरूप शाश्वत है जो कि उस का अन्तरंग स्वरूप है। पर देशकालादि के भेद के कारण उस के व्यावहारिक एवं बहिरंग स्वरूप भिन्न-भिन्न हो जाते हैं।

सुबोध कुमार गुप्त

८३. प्राचीन भारत में गोमांस एक समीक्षा; प्र. मोतीलाल जालान, गीता प्रेस, गोरखपुर; पृष्ठ २३६; २-००; हि.; समीक्षकः गुप०, २३-२; १०-११.१९७०; १३४; सं.। पुराकाल आर्यजनेषु गोमांसभक्षणं सर्वथापि नासीत्। यद्यप्यत्र संस्कृत-वाङ्मयादेर्भूयसी सामग्री संकलिता तथाप्यन्यदपि बहु वक्तव्यं विद्यते।

प्राचीन काल में आर्य जाति में गोमांस का भक्षण बिल्कुल नहीं था। यद्यपि यहां संस्कृत साहित्य आदि से भारी सामग्री इकट्ठी की गई है, तथापि और भी बहुत कुछ कहने योग्य है।

सुधीर कुमार गुप्त

वाद (-अनासक्त भाव से कर्म करना, आशावाद, समन्वय-प्रवृत्ति और निवृत्ति का, प्रेय और श्रेय का, परिग्रह और उत्सर्ग का, धर्म, अर्थ और काम का) वेद, वर्ण-आश्रम और पुरुषार्थ की त्रयी भारतीय संस्कृति के मूल तत्त्व हैं। वर्ण गुणकर्मानुसार थे। कालान्तर में जन्मगत हो गए। वर्णों और आश्रमों की उत्पत्ति विकास और कर्मों का विशेष वर्णन किया गया है।

सुकेशी रानी गुप्ता

८५. मेघदूत की वैदिक पृष्ठभूमि और उस का सांस्कृतिक सन्देश; सुवीर कुमार गुप्त; भारती मन्दिर, नई बस्ती, खुरजा; ५.१९५४; १-३६; ०-९०; हि.। इस में मेघदूत में संकेतित रंतिदेव, बलराम का सूतवध और सारस्वत जलों का सेवन, त्रिपुरविजय, क्रौञ्चभेदन, देवताओं की यौवनावस्था, देवता और अप्सराएं, शिव और कुबेर के पौराणिक आख्यानों की वैदिक पृष्ठभूमि दे कर उस के सन्देश की उद्भावना की गई है। यक्ष, मघोनः, कामरूपम्, पयोद, श्रद्दधानाः, अतिथिः, स्त्रीणाम्, सवितुः, सुरपति, तोय, पादान्, जल, अनिल, भर्तुः पदों का व्याख्यान किया गया है और बताया गया है कि कालिदास की व्यञ्जना का यौगिक वैदिक व्याख्यान शैली से विशेष स्पष्टीकरण होता है।

सुबोध कुमार गुप्त

८६. योगः; भगवदाचार्यः; गुप०, २३.१-२; ९-१०.१९७०; ४७-४९; सं.। योगदर्शनानुसारि योगस्वरूपं व्याख्याय सभाष्यं सभावं वा मन्त्रान् वेदेभ्य उद्धृत्य तत्रास्य स्वरूपस्य, योगदर्शनस्य समाधिपादे पठितश्रद्धावमादिपरिभाषाणां कासांचित् क्रियाणां च सद्भावः प्रतिपादितः। किन्त्वस्यास्य वेदे क्रमेण वर्णनं नोपलभ्यते। परं पतञ्जलिना

मन्त्र उद्धृत कर के वहां इस का स्वरूप तथा योगदर्शन की दम, अविद्या, द्वेष, चित्त, श्रद्धा और यम आदि परिभाषाओं और कुछ क्रियाओं की सत्ता प्रतिपादित की गई है। इस विषय का वेद में क्रम से वर्णन नहीं मिलता है। परन्तु वेदों से योग के तत्त्व ले कर ही पतञ्जलि ने अपने दर्शन की रचना की है।

सुधीर कुमार गुप्त

87. **Recognition of *Merit* in Caste System in Ancient India**; Jogiraj Basu, Professor and Head of the Department of Sanskrit, Gauhati Univ, Gauhati; **UMCV.**, 1970; 685-694; E. The author holds that merit was the important factor in determining castes in ancient India. Caste was identified with character. Several examples like those of Kavaṣa, Mahidāsa, Viśvāmitra, Agniveśa and others mentioned in the Bhāgavata Purāṇa and non-Brāhmaṇa teachers have been cited and evidences in the form of utterances or rules from Āpastamba Dharma Sūtra, Manu, Mahābhārata, Buddha and Gītā have also been adduced in support of this view.

लेखक मानते हैं कि प्राचीन भारत में वर्णनिर्णय में गुण महत्त्वपूर्ण तत्त्व था। चरित्र ही वर्ण था। भागवत पुराण में वर्णित कवष, महिदास, विश्वामित्र, अग्निवेश आदि बहुत से और अनेकों अब्राह्मण आचार्यों के बहुत से उदाहरण प्रस्तुत किए गए हैं तथा इस मत की पुष्टि में आपस्तम्ब धर्मसूत्र, मनु, महाभारत, बुद्ध और गीता से कथनों के रूप में साक्षियां भी दी गई हैं।

सुबोध कुमार गुप्त

८८. वैदिक युग के आर्य जीवन की अभिलाषाएं; लक्ष्मीचन्द्र मिश्र; विभ. ६३; १९७० (२०२७ वि.); ७-८; हि.। आर्यजीवन सर्वाङ्गीण उन्नति का अभिलाषी था। वह मानसिक और शारीरिक शक्तियां प्राप्त कर विजयी होने की कामना रखता था।

सुकेशी रानी गुप्ता

८९. वैदिक वाङ्मय में गोहत्या या गोरक्षा? जयदेव, गुरुकुलकांगड़ी हरिद्वार; गुप., २३.३; १०-११.१९७०; १४२-१४६; हि.। वेद में गौ अघ्न्या अही और अदिति है। उस के वध का विधान नहीं है। अनेक मन्त्रों में वध न करने को कहा गया है। इस की पुष्टि में अनेकों मन्त्र हिन्दी भावानुवाद सहित दिए गए हैं। गोघाती को दण्ड का विधान है। पशुओं के अंगों से यज्ञ करने वाले गर्ह्य और दण्ड्य हैं। गौ के दुग्ध आदि का प्रयोग ही गोमेध है।

सुकेशी रानी गुप्ता

९०. वैदिक वृष्टि विज्ञान; वीरसेन वेदश्रमी; प्र. वेद सदन, महारानी रोड़, इन्दौर-२ (म.प्र.); ४+३६; हि.।

लेखक का विचार है कि अनावृष्टि जन्य जलाभाव को वेद में वर्णित यज्ञ द्वारा यथेच्छ वर्षा करा के दूर किया जा सकता है। विषय के व्यापक इस विवेचन में जल की प्राप्ति के स्रोत, जलों के नाम, रूप और प्रकार, यज्ञ द्वारा अन्तरिक्ष में स्तनन क्रिया, तापमान का ठीक रखना, ताप से वायु में गति, घृताहुति से वाष्प में घनत्व वृद्धि, यज्ञ से कृषि उत्पादन में वृद्धि और वायव्य खाद की अधिक क्रियाशीलता और सामर्थ्य आदि अनेकों विषयों पर संक्षेप में प्रकाश डाला गया है। आदि और अन्त में लेखक ने अपने कार्यकलापों का वर्णन किया है।

सुकेशी रानी गुप्ता

९१. श्रीगोस्वामी तुलसीदासचरितं महाकाव्यम्; ले. हरिप्रसाद द्विवेदी; प्र. वेदव्रत शर्मा, मन्त्री भारतीय साहित्य संघ, आर्य औषधालय, नदरई गेट, कासगंज, जिला एटा, (उ.प्र.); १-००; समीक्षक. भगवद्दत्तः; गुप, २३.१-२; ९-१०.१९७०; ६८; सं.। गोस्वामितुलसीदासचरितात्मके संस्कृतमहाकाव्ये ऽस्मिन् यत्र तत्र वेदमन्त्राणां तदंशानां तत्सदृशभावानां वा समावेशः कृतो विद्यते।

गोस्वामी तुलसीदास के चरित पर इस संस्कृत महाकाव्य में जहां-तहां वेदमन्त्रों, उन के अंशों या भावों का सन्निवेश किया गया है।

सुकेशी रानी गुप्ता

९२. संयोजक का वक्तव्य; फतहसिंह, कोटा; **स्मारिका** हि.वि.प., १९७०; ३३-४१; हि.। हिन्दू को अपने मूल मन्त्र 'एकं सत्' को अपनाना है। हिन्दु सिन्धुघाटी के हिन्धु से है। उस में समस्त विश्व को हिलाने की क्षमता है। ऋ. १०.९ में सिन्धुद्वीप सात-सात नदियों के तीन वर्गों से युक्त भारतवर्ष ही है। वहां बिलोचिस्तान से ब्रह्मा तक का चित्र है। हिन्दुकुश हिन्धु+कुष् से बना है। यह जड़ता के नाश और सिन्धु के निर्माण का प्रतीक है। परशु इसी भाव का दक्षिण पूर्व में प्रचलित प्रतीक है। हिन्दुत्व हिंसा का नाशक, सब को सम मानने वाला, राष्ट्रीय संस्कृति का पर्याय, जयन-यजन और भजन प्रक्रियाओं वाला, विश्व-मानुष और विश्वमना की कल्पना वाला, घृणा और अस्पृश्यता और अराष्ट्रीय विचारधारा और तत्त्वों का विरोधी है।

९४. **सिन्धुघाटी की लिपि में ब्राह्मणों और उपनिषदों के प्रतीक**; फतहसिंह, जोधपुर; **स्वाहा**, १.१; १९६९ (ग्रन्थांक १०५); १-५+१-७६; चित्रादि के पृष्ठ ५+१२; सिन्धुघाटी लिपि के अध्ययन सम्बन्धी पूर्व प्रयासों का समीक्षात्मक वर्णन कर के लेखक ने अपने प्रयासों और प्रणाली का वर्णन करते हुए उन के परिणामों का परिचय प्रस्तुत किया है। इस लेख में लगभग ५०० मुद्राचित्रों और मुद्रालेखों का परिचय, सिन्धुघाटी की लिपि, सिन्धुघाटी का अवर्ण, वरुण और वृत्र, दक्षिणावर्त और वामावर्त, स्वस्तिक-द्वय तथा क्रॉस, क्रॉस और मन, मानव व्यक्तित्व का मन में परिवेष्टन, वृत्रवरुण मानव, मानव व्यक्तित्व के तीन पक्ष, द्विशृंगी पशु और पुरुष, द्विशृंगी पशु और वृक्ष, अन्नाद अग्नि, अश्वत्थ वृक्ष, अश्वत्थवृक्ष की गौ, गोधा और महिष, ओंकारभेद, वषट् और वृषट्, यथा पिण्डे तथा ब्रह्माण्डे, विदेह जनक – ज्ञान और कर्म का समन्वय, यथा देहे तथा देशे, स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः, इन्द्रावरुणौ सम्राजौ, भारत राष्ट्र के विभिन्न घटक, ब्रह्म देश या बर्मा, भारतीय प्रदेशों के नामोल्लेख का अभिप्राय, तामिल तथा बौद्ध

मिलते हैं। यहां उपलब्ध तद्वनं, वषट् और प्रणव आदि शब्दों की ब्राह्मणग्रन्थों की व्युत्पत्तियों और समीकरण पर विलक्षण प्रकाश मिलता है जो भारतीय योग, मन्त्र, तन्त्र, आगम, पुराण, शैव और शाक्त मतों के वैदिक परम्परा से सम्बन्ध को व्यक्त करता है। सिन्धुघाटी चित्रों आदि में चित्रित सभ्यता वैदिक है और उस में आरण्यकों और उपनिषदों के समान वैदिक देवों का आध्यात्मिक और आधिदैविक भाव लिया गया है। इन सिन्धुघाटी चित्रों के लेखों की भाषा निःसन्देह संस्कृत है, जिस की अपनी कुछ विशेषताएं हैं। सिन्धुघाटी की मुद्राओं का प्रयोग भूर्जपत्र आदि पर मुद्रण के लिए होता होगा और इस प्रकार यह विश्व का सर्वप्रथम मुद्रणालय हो सकता है। लेख के अन्त में पृ. ६९-७६ तक सिन्धुघाटी के २४१ मुद्रालेखों का देवनागरी में पाठ दिया गया है। इन के आगे १२ पृष्ठों में ५८ मुद्राचित्र हैं। प्रारम्भिक अंश में पृ. ५ से आगे ५ पृष्ठों में सिन्धुघाटी की लिपियों के चित्र दिए गए हैं।

सुधीर कुमार गुप्त

ऐतिहासिक अध्ययन (Historical Study)

९५. ऋग्वेद का परिचय; सुधीर कुमार गुप्त; प्र. भामप्रना.; पृ० ७२; १-५०; हि.। इस में वैदिक साहित्य पर विहगम दृष्टि डालते हुए ऋग्वेद के काल, संघटना, धर्म, संस्कृति और व्याख्यानपद्धति आदि ऋग्वेद से सम्बन्धित सब विषयों का विवरण प्रस्तुत किया गया है। लेखक के मत में वंशमण्डलों और अर्वाचीन और प्राचीन मण्डलों के विभाजन में दो गई युक्तियां प्रबल नहीं हैं। ऋग्वेद का धर्म एकेश्वरवादी है। वेद की व्याख्यान की वैदिक साहित्य में प्राप्त शैली ही उपयुक्त है।

सुकेशी रानी गुप्ता

२९. ऋग्वेदाचे द्रष्टे; ग. ग. राहूरकर; ज्ञानेश्वर, ३.१; २.१९७१; १-२३; म.।

३०. क्या वेद में आर्यों और आदिवासियों के युद्धों का वर्णन है? ले. रामगोपाल शास्त्री वैद्य; प्र. संस्कृत विभाग, हंसराज कालिज, नई दिल्ली; २-५०; हि.; समीक्षक: भवानी लाल भारतीय; आ. मा., ५०.१९; १.१२.१९७०; १६; हि.।

९६. जलप्लावन – एक ऐतिहासिक घटना; द्वारका प्रसाद सक्सैना, रीडर, मेरठ वि. वि., मेरठ; उमकव., १९७०; ७४७-७५५; हि।शोध, प्रलय और डेल्यूज आदि नामों से अभिहित जलप्लावन मानव के प्रारम्भिक इतिहास की एक महत्त्वपूर्ण घटना है। इस का वर्णन (लेख में दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार) विश्व भर के साहित्य में मिलता है। दक्षिणी एशिया के वर्णनों में समस्त पृथ्वी के डूबने और तत्कालीन सृष्टि के नाश का वर्णन है, उत्तरी एशिया में चीन, जापान आदि के साहित्यों में पूर्ण विनाश का वर्णन नहीं है। यूरोप में भी पूर्ण विनाश की ओर संकेत अल्प हैं और अफ्रीका के साहित्य में नहीं के बराबर हैं। इस विवरण से यह सुव्यक्त है कि आधुनिक मानव-सृष्टि के विकास से पूर्व अवश्य कोई ऐसी जलप्लावन सम्बन्धी घटना घटी जिस में तत्कालीन सब मानव-सृष्टि नष्ट हो गई और एक अवशिष्ट पुरुष से वर्तमान सृष्टि का विकास हुआ।

सुकेशी रानी गुप्ता

97. The Aryan Problem; S. K. Gupta, Reader in Skt., R-2, Univ. Colony, Jaipur-4; **UMCV.**, 1970; 737-742; E. In this brief paper the author has referred to anthropological and geological evidences on the subject, has examined at some length and interpreted the evidences of the Ṛgveda and has concluded that "there is no Aryan Problem as such, whether racial, cultural or linguistic. It is all a creation of the 19th and the 20th centuries in particular and is based in the sense of superiority and purity in the minds and thinking of a group of people. The original home of the first man was some where in the Himalayas in Northern India from where all existing races of the world have dispersed and inhabited various lands."

इस संक्षिप्त लेख में लेखक ने प्रकृत विषय पर मानव शास्त्रीय और भूगर्भशास्त्रीय प्रमाणों का निर्देश किया है. ऋग्वेद की साक्षी का कुछ विस्तार से परीक्षण और भाष्य प्रस्तुत किया है और निष्कर्ष निकाला है कि "जातीय, सांस्कृतिक या भाषा शास्त्रीय कैसी भी कोई आर्यसमस्या नहीं है। यह विशेष रूप से १९वीं और बीसवीं शतियों की देन है और लोगों के एक वर्ग के मनों और चिन्तन में उज्वला और पवित्रता की कल्पना पर आश्रित है। आदिम मानव का मूल निवासस्थान उत्तर भारत में हिमालय पर कहीं था, जहां से संसार को विद्यमान सब जातियां अलग हुई हैं और विभिन्न देशों में बसी हैं।"

सुबोध कुमार गुप्त

31. **Fresh Light on the Battle of Ten Kings**; P. L Bhargava, Prof. and Head Skt Deptt., Univ. of Raj., Jaipur; **URSHS.**, 2; 7 1967; 25-28; E.

९८. भारतीय इतिहास का मूल स्रोत वेद; रामगोपाल अय्यर; गुरुकुल कांगड़ी वि वि.; गुप०, २३.१-२; ९-१०;१९७०; ९३-९६; हि.। भारतीय इतिहास के ज्ञान का मूल साहित्यिक स्रोत वेद है। वहां से धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक स्थितियों का, प्रमुखतः ऋग्वेद के आधार पर, कहीं-कहीं उद्धरण और प्रमाणों सहित वर्णन दिया गया है। अन्त में वैदिक साहित्य की चार विशेषताएं— १. धर्म प्रधानता २, गद्यांश की प्रमुखता ३. भाषा की स्वच्छता और गतिशीलता तथा ४. प्रतीकों द्वारा अमूर्त भावों की साकारता बताई है।

भी नहीं है। द्रविड दक्षिण-पूर्व एशिया के आस्ट्रेलिया और न्यूगिनी से आए और दक्षिण और लंका में बसे। हरि=वानर, ऋक्ष, राक्षस, असुर आर्य ही थे। आर्य नेता अगस्त्य ने द्रविड़ों को व्याकरण और साहित्य की प्रवृत्ति दी। द्रविड़ ही निषाद हैं। आर्य द्रविड़ संग्राम केवल पाश्चात्यों के मस्तिष्क की उपज है, वास्तविक नहीं। देवासुर संग्राम के समय आर्य और निषादों का एकीकरण या मेल हुआ। दोनों ने मिल कर सेतु बनाया। यह काम आज भी चालू है जिसे पाश्चात्यों का काल्पनिक 'इतिहास' झकझोरता रहता है।

अनिल कुमार गुप्त

100. **Some Aspects of the History of Hinduism** by R. N. Dandekar; Publication No. 3, Class B, of the CASS., Univ of Poona. 1967. PP. 142; Reviewer: V. M Bedekar; **ABORI**, L. I-IV; 1969; 121-125; E The review offers an appreciative detailed summary of the work which surveys the history of Hinduism from its prevedic Indus religion to modern times in five chapters-'Protohistoric Hinduism The Vedic Interlude, Classical Hinduism and Hinduism and Modern Culture'. The author holds that the Indus religion gave rise to Hinduism, Jainism and Buddhism. Vedism is only an interlude and its impact has been of superficial nature. Hinduism has the inherent capacity to adjust itself with modern culture easily and without violating its essential character in any way.

किए बिना अपने को आधुनिक संस्कृति से समन्वित करने की स्वाभाविक शक्ति है।

अनिल कुमार गुप्त

१०१. वेदानां धरातलं सूक्ष्मम्; भगवद्दत्तो वेदालकारः; गुप०, २३.३; १०–११.१९७०; १२५–१२७; स.। वेदानां धरातल=वर्ण्यविषयः सूक्ष्मं जगदस्ति। तत्र सूक्ष्माः शक्तय एव देवताः। इदं स्थूल जगत् तासां शक्तीनामायतनमात्रम्। वेदस्था देवताः स्थूलजगतो व्यापारान् स्थूलाकृतिव्याजेन गौण्या वृत्त्या एव वर्णयन्ति। एकस्य शब्दस्यानेकार्थत्वं, कथाया रूपकत्वं, लुप्तोपमालंकारादिकञ्चेत्यादीनि प्रच्छन्नरहस्यगर्भितानि दृष्टिजातानि वेदानामध्ययनस्याभिव्यञ्जयन्ति देवतानां सूत्रात्मकत्व सूक्ष्मतां च तासाम्। वेदे सर्वा विद्याः सन्ति। तत्र पदार्थानां गुणधर्माणां वर्णनं बीजरूपेणाग्न्यादिदेवतापदैर्विहितम्। एषामेव देवानां वर्णनव्याजेन यत्रतत्र स्थूलाकृतीनामपि संग्रहणं श्रुतिष्ववलोक्यते। पुरावृत्तादीन्यपि गौण्या वृत्त्या निगूढभावान् प्रकाशयन्ति। वेदस्तु सर्वसूत्राणामपि परमसूत्रमन्तर्यामिणं भगवन्तमेव प्रतिपादयति।

वेदों का धरातल=वर्ण्य विषय सूक्ष्म जगत् है। वहां सूक्ष्म शक्तियां ही देवता हैं। यह स्थूल जगत् उन का आयतन ही है। वेदों के देवता स्थूल जगत् के व्यापारों को स्थूल रूप के माध्यम से गौणी वृत्ति से ही वर्णित करते हैं। एक शब्द के अनेक अर्थ होना, कथाओं के रूपक, लुप्तोपमा आदि अलकार आदि वेदों के अध्ययन में गूढ़ रहस्य से भरी हुई दृष्टियों को, और उन देवताओं की सूत्रात्मकता और सूक्ष्मता को अभिव्यक्त करते हैं। वेद में सब विद्याएं हैं। वहां अग्नि आदि देवता पदों के द्वारा पदार्थों के गुण धर्मों का वर्णन बीज रूप में किया गया है। इन देवताओं के वर्णन के बहाने जहां-तहां वेदों में स्थूल रूपों का ग्रहण भी देखा जाता है। पुरावृत्त आदि भी गौणी वृत्ति से गूढ़ भावों को व्यक्त करते हैं। वेद सब सूत्रों के परम सूत्र, अन्तर्यामी भगवान् का ही प्रतिपादन करते हैं।

सुधीर कुमार गुप्त

३७. श्रुतिसुधा; (ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका से); गुप०, २३;१–२; ९–१०; १९७०; १; हि.।

राजनीति (Polity)

२४५. स्वभावोक्ति का शैली पक्ष; मथुरेश नन्दन कुलश्रेष्ठ, सी-८३/ए, बापूनगर, जयपुर-४; विभ, ६.३; १९७० (२०२७ वि.); ३३-५२; हि.। वर्ण्यविषयों की दृष्टि से स्वभावोक्ति काव्य का पर्याय है। अग्राम्यत्व, पुष्टार्थ, चारुत्व, चमत्कार और अद्भुतार्थ दोनों में समान गुण हैं। परन्तु निर्व्याजता और चित्रोदात्तता स्वभावोक्ति के स्वरूप को परिचायक और काव्य से भेदक शैलियां या विशेषताएं हैं। स्वभावोक्ति की कुछ अन्य विशेषक शैलियां हैं--निरलंकृतता, लक्षित बिम्बविधान, सारल्य, इतिवृत्तात्मकता, परिगणना और अभिधात्मकता। ले. ने यहां इन का हिन्दी काव्य से उद्धरण पूर्वक स्वरूप विवेचन किया है। उस का मत है कि प्रतीकात्मक रहस्यवादी कविता स्वभावोक्ति से भिन्न है।

नाट्य शास्त्र (Dramaturgy)

246. The Daśarūpaka of Dhanañjaya with the commentary Avaloka by Dhanika and the Sub-Commentary Laghuṭīkā by Bhaṭṭanṛsiṃha; Edited

with Introduction and Notes by T. Venkatacharya, Assistant Prof. of Skt., Toronto; Rev. V. M. Kulkarni; **JOI.**, XIX. 3; 3. 1970; **298-300**; E. Here is an attempt to present Prākṛta passages in their correct form. The Laghuṭīkā published here for the first time is a brief but learned commentary and furnishes many correct readings both in the Daśarūpaka and the Avaloka. The editor's notes to this Laghuṭīkā are useful in understanding the text. The index of verses at the end gives their sources wherever possible. The reviewer has given his views on two or three points.

इस में प्राकृत अंशों को उन के शुद्ध रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। यहां सर्वप्रथम प्रकाशित लघुटीका संक्षिप्त परन्तु वैदुष्यपूर्ण टीका है और दशरूपक तथा अवलोक दोनों में ही बहुत से शुद्ध पाठों को उपस्थित करती है। इस लघु टीका पर सम्पादक की टिप्पणियां मूल पाठ को समझने में उपयोगी हैं। अन्त में पद्यों की अनुक्रमणिका में यथासम्भव उन के स्रोतों का निर्देश किया गया है। समीक्षक ने दो तीन-विषयों पर अपने विचार भी व्यक्त किए हैं।

247. **Further Light on the Apabhraṃśa Verse quoted in the Avaloka on** Daśarūpaka, **IV.**, 34; A N. Upadhye; ABORI., L I-IV, 1969; **91-94**; E. Prev. Ref T. Venkatacharya, 'An Appraisal of the Hindi 'Daśarūpaka', (JUGau)(A) (Vol. II, PP. 126f).' The author discusses the reading of the verse 'अण्णाहुणाहु' etc. examines the views of various scholars and accepts P. L. Vaidya's reading and interpretation as final and decisive. The author has also translated and explained the verse.

पिसं.--'एन एप्राइज़ल ओफ दी हिन्दी दशरूपक'; टी. वेंकटाचार्य, जयूगो (प्रा), २, पृ. १२६। ले. ने 'अण्णाहुणाहु' आदि पद्य के पाठ का विवेचन करते हुए विभिन्न विद्वानों के विचारों की समीक्षा कर पी. एल. वैद्य के पाठ और भाव को अन्तिम और निर्णायक माना है। ले. ने पद्य का अनुवाद और व्याख्या भी दिए हैं।

२४८. आचार्य धनञ्जय कृत **हिन्दी दशरूपक**; अनुवादक गोविन्द त्रिगुणायत, अध्यक्ष, सं. वि., के. जी. के. कालेज, मुरादाबाद; प्र. साहित्य निकेतन, कानपुर; १९६६; ६+२+४२२; ७-५०; सं., हि.। इस में धनञ्जय के दशरूपक का अवलोक संस्कृत टीका और हिन्दी अनुवाद सहित सम्पादन है। ग्रन्थारम्भ में ३७ पृष्ठों की भूमिका में ग्रन्थकार का परिचय दे कर दशरूपक के प्रतिपाद्य विषयों- १. नाट्य, नृत्य और नृत्त २. वस्तु ३. दशरूपक ४. नायक-नायिका-भेद ५. नाट्यवृत्तियों ६. नाटक के पूर्व प्रयुक्त विशेपताओं और ७. रससिद्धान्त का संक्षेप में हिन्दी में विवरण दिया गया है।

249. **The** Nāṭyaśāstra, **Vol I (Chapters** I-XXVII). The original Sanskrit Text; 1967; **i-lxxxvii**+239; 40-00.

250. The Nāṭyaśāstra, Vol. I. (Chapters I-XXVII) translated into English from the original Sanskrit with an Introduction, various Notes and Index; 1967; **i-Lxix + 587;** 60-00.

Both edited and translated by Man Mohan Ghosh; Pub. Manisha Granthalaya Pr. Ltd., Bankim Chatterjee Street, Calcutta 12; Rev. V. M. Bedekar; ABORI., L. I-IV; 1969; 131-133; E. The editor has not been able to collate mss. discovered during the last thirty years. He feels little improvement can be expected from the collation of these mss. He follows Grosset's method and principles of text reconstruction. He has sometimes differed from Grosset. The author has also suggested several emandations in the text. The English Translation has been revised and supplemented with notes. Introduction to the text discusses textual problems, gives a resume of the literature on Anciant Indian drama and examines the problems of the date of the Nāṭyaśāstra. Introduction to English Translation covers various subjects (list given by the

reviewer). This volume has a very useful general and Skt. Index. Numbering of verses 58-61 in this translation is incorrect.

सम्पादक ने पिछले तीस वर्षों में प्राप्त हुए हले. का मिलान नहीं किया है। उन का विचार है कि इन हले. के मिलान से बहुत अल्प-सा सुधार सम्भव है। पाठ के पुनर्निर्माण में ले. ग्रौसेट की प्रणाली और सिद्धान्तों पर चलते हैं। वह अनेक बार ग्रौसेट से मतभेद रखता है। ले. ने मूल पाठ में कुछ सुधारों के भी सुझाव दिए हैं। अंग्रेजी अनुवाद का शोधन कर उसे टिप्पणियों से पूरा कर दिया गया है। मूल की भूमिका में पाठ की समस्याओं पर विचार किया गया है, प्राचीन भारतीय नाटक से सम्बद्ध साहित्य का संक्षिप्त परिचय दिया गया है और नाट्य शास्त्र की तिथि की समस्या की परीक्षा की गई है। अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका में (समीक्षक द्वारा प्रदत्त सूची के) विविध विषयों पर विचार किया गया है। इस खण्ड में एक बहुत उपयोगी सामान्य और संस्कृत अनुक्रमणिका है। इस अनुवाद में ५८-६१ पद्यों की संख्या अशुद्ध हैं।

२५१. भरतमुनिकृतनाट्यशास्त्र; अनुवादक भोलानाथ शर्मा, अध्यक्ष, सं. वि., बरेली कालेज, बरेली; प्र. साहित्य निकेतन, कानपुर; १९६०; २+२+४६+११२; २-७५; सं., हि.। इस में नाट्यशास्त्र के प्रथम तीन अध्यायों का मूल पाठ, उस का हि.अ. और विवरण दिए गए हैं। ग्रन्थारम्भ में ४४ पृष्ठों में हिन्दी में भरत की समस्या, नाट्यशास्त्र का महत्त्व, विषय, रचनाकाल, तत्सम्बन्धी साहित्य की परम्परा, नाट्य की उत्पत्ति और भारतीय रंगमंच विषयों पर प्रकाश डाला गया है।

सुधीर कुमार गुप्त

२५२ भारतीय नाट्यशास्त्र और ट्रेजेडी; दिनेश अग्रवाल; पूरासंहित., १९६८-६९; १९६-१७९; हि.। "यदि समग्र भावात्मक एवं साहित्यिक प्रभाव को दृष्टि में रख कर अध्ययन किया जाए तो स्पष्ट है कि 'ट्रेजिक' नाटक भारतीय काव्यशास्त्र से अपरिचित नहीं कहा जा सकता। इस निष्कर्ष की पुष्टि में ले० ने ट्रेजेडी शब्द के हिन्दी अनुवादों-त्रासदी, मरणान्त और दुःखान्त की समीक्षा करते हुए अरस्तू के ट्रेजेडी विषयक विचारों को प्रस्तुत करते हुए बताया है कि ट्रेजेडी में विशेष प्रकार की भय और त्रास के भावों से उदित भाव दशा पैदा की जाती है। वहां काव्यात्मक न्याय का हनन दिखाना आवश्यक है, जिस का आद्यन्त बने रहना आवश्यक नहीं। अन्त में काव्योचित न्याय का पुनः स्थापन किया जा सकता है। आध्यात्मिक या नायकोचित महानता के अंश के अनुरूप ही नाटक को ट्रेजिक कहा जा सकता है। इस कसौटी पर आंकने में संस्कृत के बहुत से नाटक ट्रेजेडी की कोटि में आ जाते हैं। ले० ने अभिज्ञानशाकुन्तलम् के विश्लेषण से उसे ट्रेजेडी प्रमाणित किया है।

सुधीर कुमार गुप्त, मनमोहन अग्रवाल

२५३. रासलीलाः परम्परा एवं विकास; अज्ञात, लखनऊ; लोककला, २०; ७.१९७०; ७४-९२; हि.। चार चित्रों से युक्त इस लेख में अज्ञात ने अन्य विद्वानों को अभिमत रस, रासक, नाट्यरासक, रासो, रहस आदि के रासलीला से साम्य को भ्रान्तिपरक माना है। रासलीला या महारास नृत्य-गीत की एक स्वतन्त्र और आध्यात्मिक नाट्यपद्धति है। रासलीला का प्रारम्भ वाई० मनकद के अनुसार गुजराती के संत कवि नरसी मेहता ने किया था। बंगाल में चैतन्य महाप्रभु और उन की शिष्यमण्डली ने जयदेवकृत 'गीतगोविन्द' के आधार पर साभिनय कृष्णलीला का प्रवर्तन किया। हिन्दी (व्रज भाषा) में रासलीला के प्रारम्भ पर विद्वानों में मतभेद है। इन में विजयेन्द्र स्नातक का मत ठीक मालूम पड़ता है कि हितहरिवंश ने प्रथम रासमण्डली की स्थापना कर

निपट अबूझी वास्तविकता के तनावों के चित्रण के लिए प्रत्येक रचनाकार असामान्य कथनविधियों को अपनाता है। सब कुछ होते हुए भी ध्वन्यालोक की विभाजनवादी विधि आज के प्रसंग में अननुकूल है। केवल ध्वनिवाद की अन्तर्दृष्टियां सामयिक साहित्य और कला की सांकेतिकता को समझने में सहायक हो सकती हैं। सामयिक आलोचना में कृतिपरकता की प्रवृत्ति के बढ़ाव के कारण शब्दार्थ निर्णय, रीतिविचार और शब्दशक्ति विवेचन का उपयोग प्रमाणित होने जा रहा है। अतः युगानुरूप बदलते हुए सामयिक साहित्य और कला के विकासपरक अध्ययन के लिए युगानुरूप प्रभावों अथवा युगविशेष के ढांचे और उस के ऊपरी आधार को अवधान में रख कर द्वन्द्वात्मक ऐतिहासिक विधि को अपनाना होगा। किन्तु भारतीय काव्यशास्त्र के मानव के भावात्मक स्तर और उस के रूपायन से सम्बन्धित संकेतों और अन्तर्दृष्टियों के सृजनात्मक उपयोग द्वारा सामयिक कला और साहित्य का अध्ययन किया जा सकता है।

अनिल कुमार गुप्त

धर्म और दर्शन (Religion & Philosophy)

ईरानी मत (Zoroastrianism)

257. **God And Evil : Zoroaster And Barth;** Eldon R. Hay; **Dalhousie Review,** 49. 3; (Autumn 1969); 369-376: E. Comparative study of the views of Zoroaster (6th C.B C.) andBarth(20th c.) on Evil and God has been presented here. Zaroastrianism is the religion of free will *par excellence.* Ahura creates two secondary spirits who make decisive choices for themselves—the one for good, the other for evil. Man chooses either of them Ahura is thus Supreme and Good ultimately triumphs over the Evil Spirit who is no phantom—his path is a live option for every person. Barth holds that God's two hands right and left represent good and evil. God permits evil. Both the hands are parts of God and are not independent entities. There are, thus, certain similarities between the two—(i) there is a desire to proclaim God's holiness, the reality of evil, the subordination of evil to good, the responsibility of man, the ultimate triumph of God and the good. Barth also offers a 'careful distinction and qualified *differentiation* between the "shadow" side of creation and nothingness'(--the left hand).

इस में ज़ोरोएष्टर और बार्थ के ईश्वर और पाप विषयक विचारों का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। ईरानी धर्म सर्वाधिक स्वतंत्र इच्छा का है। अहुर दो गौण आत्माएं उत्पन्न करता है, जो अपने-अपने लिए निश्चयात्मक चुनाव करती हैं—एक पुण्य के लिए और दूसरी पाप के लिए। मनुष्य दोनों में से एक को चुन लेता है। इस प्रकार अहुर सर्वोपरि है और अन्त में पुण्य पाप पर विजय पाता है। पाप आभास मात्र नहीं है। उस का मार्ग प्रत्येक मानव के लिए सजीव विकल्प है। बार्थ के मत में ईश्वर के दाएँ और बाएँ हाथ पुण्य और पाप हैं। ईश्वर पाप की अनुमति देता है। दोनों हाथ ईश्वर के अंग हैं और पृथक् सत्ताएं नहीं हैं। इस प्रकार दोनों में कुछ साम्य हैं--ईश्वर की पवित्रता, पाप की यथार्थता, पाप के पुण्य के अधीन होने, मनुष्य के दायित्व तथा ईश्वर और पुण्य की अन्ततोगत्वा विजय की घोषणा की (दोनों में) कामना है। बार्थ शून्य (--बाएं हाथ) और सृष्टि की छाया के बीच स्पष्ट अन्तर और सगुण भेद भी प्रस्तुत करते हैं।

सुधीर कुमार गुप्त

जैनमत (Jainism)

२५८. अनेकान्तवाद और स्याद्वाद; के भुजबली शास्त्री; साजैसंस्मा., १९७०; ८१-८६; हि.। पदार्थ अनन्तधर्मात्मक है। एक वस्तु में दो विरोधी धर्म किसी खास अपेक्षा से रह सकते हैं, यह अपेक्षा दृष्टि ही अनेकान्तवाद है। जब वाणी द्वारा

इस तथ्य को अभिव्यक्त किया जाता है, तब वह स्याद्वाद कहलाता है। स्याद् शब्द का अर्थ है एक अपेक्षा से, वाद का अर्थ है कथन करना। अपेक्षाविशेष से अन्य अपेक्षाओं का निराकरण नहीं करते हुए प्रतिपादन करना स्याद्-वाद है। विनोबा भावे ने इसे मध्यस्थता की दृष्टि या सत्याग्रही दृष्टि कहा है। यह एक प्रकार से जीवन-व्यवहार का सिद्धान्त है। इसे जीवन में उतारने से व्यक्ति अपनी असहिष्णुता को दूर कर सारे धर्मों को समन्वय दृष्टि से देखने लग जाता है। सप्तभंगी और सप्तनय द्वारा इसे स्पष्ट समझा जा सकता है।

नरेन्द्र भानावत

२५९. **अर्चना और आलोक;** सम्पादिका कमला जैन 'जीजी'; प्र. श्री वर्धमान श्वे. स्था. जैन श्रावक संघ, विजयनगर (अजमेर); १४.११.१९७०; ४०४; ५-००; समीक्षक अजित शुकदेव, **श्रमण,** २२.५; ३.१९७१; ३३; हि.। इस में महासती उमराव कुंवर 'अर्चना' के इक्कीस प्रेरणादायी प्रवचनों का संग्रह है, जो सामाजिक, आध्यात्मिक, धार्मिक एवं राष्ट्रीय प्रगतिशील विचारों से ओतप्रोत हैं। इन प्रवचनों में विभिन्न संस्कृतियों के तत्त्व भी समन्वित हैं।

सुबोध कुमार गुप्त

२६०. **अहिल्या स्मारिका;** सम्पादक स. का. दीक्षित, रामसेवक गर्ग एवं हीरालाल शर्मा; प्र. खासगी ट्रस्ट, इन्दौर; ८.१९७०; १००; २-५०; समीक्षा; **जैसंशो.,** २६; ११.२.१९७१; २३०; हि.। इस में इन्दौर राज्य एवं चरित नायिका से सम्बन्धित २० लेखों का चयन है। इन्दौर राज्य की सर्वतो-मुखी प्रगति के इतिहास में जैनों का पर्याप्त योग-दान होने पर भी उन का कोई उल्लेख नहीं है।

सुधीर कुमार गुप्त

२६१. **आचारांग सूत्र और अहिंसा;** परमेश्वर दास जैन; **सस्मा.,** १९७०; ९५-१०२; हि.। जैन द्वादशागमों में आचारांग प्रथम अंग सूत्र माना गया है। यह सूत्र निर्ग्रन्थ श्रमणों के आचार सम्बन्धी नियमों का प्रतिपादक है। इस सूत्र के प्रथम अध्याय का नाम शस्त्र परिज्ञा है जिस का अर्थ होता है पट्काय के जीवों की हिंसा से विरत होना। पृथ्वीकायिक, अप्कायिक, अग्नि-कायिक, वनस्पतिकायिक, त्रसकायिक और वायु-कायिक ये पट्कायिक जीव माने गये हैं। साधु के लिये इन की हिंसा वर्जित है। इस अहिंसा महाव्रत को पुष्ट करने के लिये ग्रन्थ को द्वितीय श्रुत स्कंध में ईर्या समिति, भाषा समिति, एषणा समिति आदि पांच भावनाओं का वर्णन किया गया है।

नरेन्द्र भानावत

२६२. **इन्द्रभूति गौतम: एक अनुशीलन;** ले. गणेशमुनि शास्त्री; सम्पादक श्रीचन्द सुराना 'सरस'; प्र० सन्मति ज्ञानपीठ, लोहामण्डी, आगरा; १०. १९७०: १६०; ४.००; समीक्षक अजित शुकदेव; **श्रमण,** २२.५; ३,१९७१; ३२; हि.। इस में गौतम सम्बन्धी अनेक चर्चायें हैं। इन्द्रभूति गौतम के सम्बन्ध में गहराई से चर्चा है। उस के व्यक्तित्व पर प्रथम बार प्रकाश डाला गया है। पुस्तक के अन्त में परिशिष्ट में गणधरों का लेखा, गौतम रास और महावीर स्वामी की चौढालियों को संकलित किया गया है। ऐतिहासिक दृष्टि से और भी बहुत कुछ कहा जाने योग्य रह गया है।

सुधीर कुमार गुप्त

२६३. **ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ महापुराण ऑफ पुष्पदन्त;** ले. (श्रीमती) रत्ना नगेश श्रियन; प्र. ला. द. भा. विद्यामन्दिर, अहमदाबाद: १९६९; ३५०; ३०-००; समीक्षा; **जैसंशो.,** २६; ११.२.१९७१; २२४; हि.। यह पुष्पदन्त के महापुराण एवं अन्य ग्रन्थों में प्रयुक्त लगभग १५०० देश्य तथा अन्य विरल शब्द प्रयोगों का आलोचनात्मक अध्य-यन है। प्रारम्भ में दलसुख मालवणिया, भयाणी और ले. के प्राक्कथन, अन्त में दो परिशिष्ट और शब्दानुक्रमणिका हैं।

सुधीर कुमार गुप्त

२६४. **कर्मवाद व अन्य वाद;** मोहन लाल मेहता; श्रमण, २२.५; ३.१९७१; ११-२०; हि.। कुछ विचारकों ने कर्मवाद के अतिरिक्त कालवाद, स्वभाववाद, नियतिवाद, यदृच्छावाद, भूतवाद, पुरुषवाद, दैववाद और पुरुषार्थवाद की स्थापना की। यहां इन वादों (कर्मवाद को छोड़कर) की व्याख्या की गई है। इन मतों के अनुसार संसार में जो कुछ भी होता है उस का एक मात्र घटक अपने-अपने वाद के अनुरूप या तो काल है या स्वभाव है, या नियति है, या यदृच्छा—अकारण ही है। भूतवादियों के मत में जड़-चेतन सब कुछ चार भूतों से उत्पन्न होता है। ब्रह्मवाद में ब्रह्म ही जगत् का निमित्त और उपादान कारण है। ईश्वरवाद में ईश्वर जगत् का निमित्त कारण, नियंत्रक और नियामक है। दैववाद में प्राणी अपने कर्मों का अत्यन्त और एकान्तिक पराधीन है। पुरुषार्थवाद इष्टानिष्ट की प्राप्ति बुद्धिपूर्वक प्रयत्न से मानता है। जैन सिद्धान्त काल, स्वभाव, नियति, पूर्वकृत कर्म और पुरुषार्थ सभी को संसार की घटनाओं का घटक मानता है। जगत् का नियामक ईश्वर नहीं है, कर्म है। कर्म मूर्त है और उस का अस्तित्व है। आत्मा अमूर्त होने पर भी, कर्मपरिणाम होने से मूर्त भी है। कर्म, आत्मा और शरीर का सम्बन्ध अनादि है।

सुधीर कुमार गुप्त, मनमोहन अग्रवाल

२६५. **क्रियाकोश;** सम्पादक मोहन लाल बांठिया एवं श्रीचन्द चोरड़िया; प्र. जैन दर्शन समिति, कलकत्ता; ४००; १५-००; समीक्षा; जैसंशो, २९; ११.२.१९७१; २२४; हि.। इस में जैन दशमलव वर्गीकरण संख्या १२२२ तथा १३०१ हैं। प्राचीन जैन साहित्य में क्रिया शब्द दो अर्थों में आया है—१. कर्मवाद में 'कर्मबन्धनिबन्धभूता' के और २. क्रियावाद में 'मोक्षमार्गवाहका' के अर्थ में। इस कोश में इन दोनों के लिये अलग-अलग संख्या दी गई है। इस में प्रधानतः श्वेताम्बर आगमों को लिया गया है, कहीं-कहीं कुछ दिगम्बर शास्त्रों का भी प्रयोग किया गया है। प्रारम्भ में उपाध्याय अमर मुनि की उपयोगी भूमिका भी है।

सुधीर कुमार गुप्त

२६६. **जर्मन इन्डोलाजी, पास्ट एण्ड प्रेजेन्ट;** प्र० शकुन्तला पब्लिशिंग हाउस, बम्बई; १९६९; ६२.; *समीक्षा; जैसंशो.*, २९; ११.२.१९७१; २२९; हि.। इस में १५ शीर्षकों में विभिन्न जर्मन विद्वानों द्वारा भारतीय विद्या के विभिन्न अंगों पर किये गये कार्य का विवरण है। १० लेख एच. वान. स्टीटेनकान और ५ लेख जी. डी. सोन्थेमेर ने लिखे हैं। लेखांक १० में जर्मन भाषा में अथवा जर्मनों द्वारा जैन धर्म पर किये गये कार्य का संक्षिप्त वर्णन है।

सुधीर कुमार गुप्त

२६७ **जैन आगमों में तत्कालीन भिन्न-भिन्न दार्शनिक विचारधारायें;** जितेन्द्र जेटली; **सस्मा.,** १९७०; ३२-३५; हि.। भगवान् महावीर के मूल उपदेशों के प्राचीनतम आधार, श्वेताम्बर सम्प्रदाय के जैन आगमों के रूप में उपलब्ध हैं। इन में सूत्रकृतांग सब से अधिक प्राचीन माना जाता है। अन्य आगम हैं—स्थानांग, भगवती, उत्तराध्ययन, अनुयोगद्वार, नंदी सूत्र आदि। प्रस्तुत लेख में यथाप्रसंग उदाहरण देते हुये लेखक ने यह बताने का प्रयत्न किया है कि उक्त आगमों में यत्र-तत्र आत्माद्वैतवादी, कूटस्थ आत्मवादी सांख्य, आत्मषष्ठवादी वैशेषिक, नैयायिक आदि विचारधाराओं के उल्लेख मिलते हैं।

नरेन्द्र भानावत

२६८. **जैनदर्शन में प्रतिपादित कर्मवाद;** प्रेमसुमन जैन, जैन कालेज, बीकानेर; साजैसंस्मा., १९७०; १३९-१४५; हि.। जैन धर्म में जिसे कर्म कहा गया है, उसी से मिलते-जुलते अर्थ में अन्य दर्शनों में कर्म के लिये माया, अविद्या, प्रकृति, वासना आदि शब्दों का प्रयोग हुआ है। जैन दर्शन

प्रस्तुत करता है। अमृतचन्द्र सूरि समयसार के सर्वोपरि व्याख्याताओं में है।

सुधीर कुमार गुप्त

२७७. **तिरुकुरल (तमिल वेद)–एक जैन रचना**; मुनि नगराज; सन्मा., १९७०; ३६–४४; हि.। 'तिरुकुरल' कुरल छन्द में लिखा गया तमिल भाषा का एक नीतिकाव्य है। इस में १३३ अध्याय हैं और एक एक अध्याय में दस-दस कुरल छन्दों के क्रम से कुल १३३० कुरल हैं। धर्म, अर्थ और काम इस ग्रन्थ के मूलभूत आधार हैं। जनश्रुति के अनुसार इस के रचयिता तिरुवल्लुवर माने जाते हैं जो कबीर की तरह जुलाहे थे। मुनि श्री नगराज जी ने यथाप्रसंग उदाहरण दे कर स्पष्ट किया है कि वास्तव में 'तिरुकुरल' एक जैन रचना है और इस के रचयिता हैं प्रथम शती के जैनाचार्य कुन्दकुन्द। तिरुवल्लुवर इन्हीं कुन्दकुन्द के शिष्य थे। गुरु ने अपनी रचना इन्हें सौंपते हुए आदेश दिया कि इस ग्रन्थ के नैतिक सिद्धान्तों का प्रचार करो। सार्वभौम नैतिक सिद्धान्तों के कारण ही यह रचना तमिल वेद के रूप में समादृत है। लेख में स्थान-स्थान पर किंवदन्तियां भी दी गई हैं।

नरेन्द्र भानावत

२७८. **तिलकमंजरी सार**; ले० पल्लीवाल धनपाल; सम्पादक नारायण मणिलाल कन्सारा; प्र. ला. द. भा. विद्यामन्दिर, अहमदाबाद; १९६९; १४०; १२–००; समीक्षा; जैसंशो., २९; ११.२.१९७१; २२३; हि.। यह धनपाल की तिलकमंजरी का किसी अन्य धनपाल द्वारा पद्यमय सार है। इस का काल १२०५ ई० है। सम्पादक द्वारा ४० पृष्ठों की अंग्रेजी प्रस्तावना में रचना से सम्बन्धित सभी आवश्यक तथ्यों की उपयोगी विवेचना की गई है। सम्पादक के मत में तिलकमंजरी पर आधारित रचनाओं में यह सार सर्वोत्कृष्ट है।

सुधीर कुमार गुप्त

२७९. **तीर्थराज अयोध्या**; विमल कुमार जैन सोंरया, निहाल चन्द जैन; प्र० स्वामी समन्त भद्र, सरस्वती सदन, मडावरा, झांसी; १९७०; ६०; ०–७५; समीक्षा; जैसंशो., २९; ११.२.१९७१; २३०; हि.। अयोध्या तीर्थ की परिचायिका रचना है।

२८०. **दिव्य जीवन**: ले. मुनि भजन लाल; सम्पादक भवानी शंकर त्रिवेदी; प्र० श्री रतन चन्द्रीय भरतमुनि जैन छतरी, दोघट (मेरठ); १७६; समीक्षा; जैसंशो., २९; ११.२.१९७१; २२८ हि.; इस में ले. ने अपने आम्नाय गुरु रतनचन्द्र जी का विस्तृत जीवन चरित दिया है। अन्त के अध्यायों में महावीर के बाद गौतम गणधर से मुनि लाल चन्द पर्यन्त अपने आम्नाय में मान्य गुरुपरम्परा भी दी है।

२८१. **नमस्कारचिन्तामणि**; ले. मुनि कुन्दकुन्दविजय; अनुवादक चान्दमल सीयाणी; प्र. श्री जिनदत्त सूरि मण्डल अजमेर; १९६९; २००; ५०–००; समीक्षा; जैसंशो., २९; ११.२. १९७१; २२६; हि.। यह गुजराती की पुस्तक का हि. अ. है। महामन्त्र नवकार के विषय में पर्याप्त विस्तृत विवेचन किया गया है। रचना भक्तिप्रधान है। जैन दृष्टि से नाम, जप, एवं नामस्मरण का महत्त्व भी भली भान्ति दिखाया गया है। अन्त में अनेक स्तोत्र, पाठादि भी हैं। आरम्भ में प्रस्तावना आदि हैं।

सुधीर कुमार गुप्त

२८२. **पंचाध्यायी का कर्तृत्व**; ज्योतिप्रसाद जैन, लखनऊ; जैसंशो., २९; ११.२.१९७१;१९४–१९८; हि०। ले० ने मक्खनलाल के मत की समीक्षा कर बताया है कि पचाध्यायी के रचयिता अमृतचन्द्राचार्य नहीं हैं, प्रत्युत जैसा जुगल किशोर मुख्तार ने माना है इस के रचयिता लाटी-पाण्डे राजमल्ल हैं। ले० ने इन का व्यक्तित्व भी निर्धारित किया है। वे जम्बूस्वामीचरित और छन्दोविद्या के

भी रचयिता राजस्थानी स्वतन्त्र विचरणशील विद्वान् थे।

कस्तूर चन्द कासलीवाल

२८३. पिच्छि-कमण्डलु; विद्यानन्द मुनि; प्र० जयपुर प्रिन्टर्स, मिर्जा इस्माइल रोड, जयपुर--१ (राज०); १९६७: क—ञ+२२०; ३-००; हि.। अंतरङ्ग नामक ले० की प्रस्तावना और चैनसुखदास के प्रथम संस्करण (१९६४) के दो शब्दों के बाद ले० के इस लोक और परलोक के समन्वयकारक १८ लेख हैं—जिनेन्द्रभक्ति; गुरुसंस्था का महत्त्व; नरजन्म और उस की सार्थकता; जैनधर्म में नारी का महत्त्व; निर्ग्रन्थ मुनि; मनोविज्ञान मीमांसा; चारित्र बिना मुक्ति नहीं; पिच्छि और कमण्डलु; शब्द और भाषा; वक्तृत्व कला; मोह और मोक्ष, लेखनकला; साहित्य, स्वाध्याय और जीवन; समाज, संस्कृति और सभ्यता; वर्षायोग; धर्म और पन्थ; दीक्षा-ग्रहण-विधि और सल्लेखना ग्रन्थगत विषय आत्मा के लिये सोपान मार्ग मात्र के सूचक हैं। साधनावस्था के लिये वह आदेय है, सिद्धावस्था में आत्मा ही उपादेय है। महाव्रती तपस्वी बन्धनकारक राग-मार्ग को त्याग कर मुक्तिप्रद त्याग का अवलम्बन कर परम लक्ष्य आत्मसाक्षात्कार और कैवल्याधिगम की सिद्ध में रत रहते हैं। जैसंशो. २९;११.२. १९७१; २२७; हि० में समीक्षा भी देखें।

सुधीर कुमार गुप्त

२८४. पुराने घाट नई सीढियां; ले. नेमिचन्द्र शास्त्री; प्र. अहिंसा मन्दिर प्रकाशन, दिल्ली; १९७०; २५५; ५-००; समीक्षा; जैसंशो, २९; ११.२.१९७१; २२६; हि०। इस में ११ पुरातन प्राकृत जैन कथाओं को नये रूप में प्रस्तुत किया गया है। पुरोवाक् में इन के शिल्प आदि का भी विवेचन किया गया है।

सुधीर कुमार गुप्त

२८५. प्राकृत जैन कथासाहित्य; देवेन्द्र मुनि शास्त्री; श्रमण, २२.५; ३.१९७१; ३-१०; हि०। श्रमण भगवान् महावीर धर्म-दर्शन व आध्यात्म के गम्भीर प्ररूपक ही न थे वरन् एक सफल कथाकार भी थे। नायाधम्मकहा, उत्तराध्ययन, विपाक आदि में विपुल रूपक एवं कथायें संकलित थीं। अनुयोगों का परिचय दे कर ले० ने बताया है कि आगम साहित्य की कुछ कहानियां भिन्न नामों से या रूपान्तर से वैदिक, बौद्ध एवं विदेशी साहित्य में भी मिलती हैं। मूल आगम साहित्य ने कथासाहित्य का वर्गीकरण अर्थकथा, धर्मकथा और कामकथा के रूप में किया है। परवर्ती साहित्य में विषय, पात्र, शैली और भाषा की दृष्टि से भेद-प्रभेद किये गये हैं। आचार्य हरिभद्र ने विषय की दृष्टि से अर्थकथा, कामकथा, धर्मकथा और मिश्रकथा-ये चार भेद किए हैं। पात्रों के आधार से दिव्य, मानुष और दिव्यमानुष-ये तीन भेद कथा के किए गये हैं। शैली की दृष्टि से सकल कथा, खण्ड कथा, उल्लाप कथा, परिहास कथा और संकीर्ण कथा-ये पांच भेद किये गये हैं। आगम कालीन कथाओं में उपमाओं और दृष्टान्तों का अवलम्बन ले कर जन-जीवन को धर्म-सिद्धान्तों की ओर आकर्षित किया है। इन कथाओं की उत्पत्ति, उपमान, रूपक और प्रतीकों के आधार पर हुई है। पात्र, विषय, प्रवृत्ति, वातावरण, उद्देश्य, रूप, गठन एवं नीति संश्लेष प्रभृति सभी दृष्टियों से आगमिक कथाओं की अपेक्षा व्याख्या साहित्य की कथाओं में विशेषता व नवीनता आई है। आगम युग की कथायें चरित्रप्रधान होने से विशेष विस्तार वाली होती थीं तथा व्याख्या साहित्य की कथायें संक्षिप्त, ऐतिहासिक, अर्ध ऐतिहासिक, पौराणिक सभी प्रकार की हैं। [लेख अपूर्ण है]

मनमोहन अग्रवाल

२८६. प्राचीन तमिल कवयित्री 'औवै'; रमा कान्त जैन, जैसंशो., २९;११.२.१९७१; २१२-२१३; हि०। प्रस्तुत लेख में तमिल भाषा की कवयित्री 'औवै' पर तथ्यपूर्ण सामग्री प्रस्तुत की गई है। र० शौरिराजन के शब्दों में 'औवै यार संघकालीन साध्वी कवयित्री तथा जन साधारण के

देश का कथन किया गया है। ग्रन्थ में १४ परिच्छेद हैं—१. परिचय २. वैदिक दर्शन ३. पुनर्निर्माण काल का दर्शन ४. भारतीय दर्शन के नास्तिक सम्प्रदाय (चार्वाक, जैन, बौद्ध) ५. सांख्य और योग दर्शन ६. न्याय और वैशेषिक ७. पूर्व और उत्तर मीमांसाएं ८. अन्य सम्प्रदाय (तन्त्र—वैष्णव, शाक्त, शैव) ९. भारतीय दर्शन की संकीर्ण धाराएं (ब्रह्माकुमारी, आनन्दमार्ग सम्प्रदाय) १०. प्राचीन दर्शनों का समन्वित रूप–दयानन्द सरस्वती का दर्शन ११. प्रकीर्ण दार्शनिक सम्प्रदाय (—बौद्ध और जैनतन्त्र, महेश योगी) १२. वैदेशिक दर्शन (पारसी, ईसाई और इस्लामी) १३. भारतीय दर्शन का इतिहास और साहित्य १४. भारतीय दर्शन का यूनानी दर्शन से सम्बन्ध। अन्त में ९ परिशिष्टों में कतिपय दार्शनिक विषयों के चित्र और स्पष्टीकरण आदि हैं। परिच्छेद ९ में आधुनिक दार्शनिक चिन्तन की प्रवृत्तियों में अरविन्द, गान्धी और शरणानन्द के दर्शनों का परिचय दिया गया है। इस प्रकार इस में वेद से आज तक के वैदिक और अवैदिक, आस्तिक और नास्तिक देशी और विदेशी भारतीय दर्शनों का विवरण है। अन्त में नामों, विषयों और शब्दों की अनुक्रमणिका दी गई है। उपजीव्य पुस्तक सूची भी दी गई है।

अनिल कुमार गुप्त

२९६. महावीर स्वामी; श्रमण, २२.५: ३. १९७१; १–२; प्रा: हि०। महावीर के उपदेशों से सात मूल प्राकृत के श्लोक हिन्दी अनुवाद सहित संकलित किये गए है। मनुष्य जन्म तब मिलता है जब पापों का वेग कुछ कम हो जाता है और अन्तरात्मा शुद्धि को प्राप्त हो जाती है। आत्मा अपने कर्मों के अनुसार विभिन्न गोत्र जातियों—योनियों में जन्म लेता है और दुःख भोगता रहता है। संसार इन जातियों से भरा पड़ा है।

सुधीर कुमार गुप्त

२९७. मेला चांदनपुर के महावीर का; गजानन्द डेरोलिया; रात्र०, ११.४.१९७१; ३: ५–८; ४: १–३; हि०। यह मेले के स्थान का वर्णन, एक भूमिगत प्रतिमा के चमत्कार से क्रमश: मन्दिर के निर्माण, प्रबन्ध समिति और उस के कार्यों का विवरण है। यहां का मन्दिर हिन्दू-मुस्लिम निर्माण-कला का निश्चित नमूना है। दीवारों पर जैन कथाओं के भित्तिचित्र हैं। इन की कला जयपुरी है। दस वेदियों में तीर्थंकरों की मूर्तियां हैं। मूल प्रतिमा लाल पत्थर की १४०० वर्ष पुरानी है। मन्दिर के प्रांगण में ५२ फीट ऊंचा मान स्तम्भ है।

अनिल कुमार गुप्त

२९८. युक्त्यनुशासनम् (उत्तरार्ध); ले. समन्तभद्राचार्य; विवेचकः मूलचन्द शास्त्री; सम्पादकः क्षु. शीतलसागर; प्रस्तावना ले० दरबारी लाल कोठिया; प्र० श्री दि० जैन पुस्तकालय, सांगानेर; १९६९; २१५; १–००; समीक्षा; जैसंशो., २९; ११.२.१९७१; २२५; हि०। इस भाग में मूल रचना की ३६–६५ कारिकाओं के अन्वय, हि० अ० और भावार्थ दिये गए हैं।

सुधीर कुमार गुप्त

२९९. रत्नाकरावतारिका भाग ३; ले० रत्नप्रभ सूरि; सम्पादक दलसुख मालवणिया; प्र० ला० द० भा० विद्या मन्दिर, अहमदाबाद; १९६९; २३५; ८–००; समीक्षा: जैसंशो., २९; ११.२.१९७१; २२३–२२४; हि०। यह "आचार्य वादिदेवसूरिकृत सुप्रसिद्ध न्याय ग्रन्थ, प्रमाण नयतत्त्वालोक की टीका का तीसरा भाग है। साथ में मूल ग्रन्थ की राजशेखरसूरिकृत पञ्जिका, जिनचन्द्रकृत टिप्पण तथा मुनि मलयविजयकृत गुजराती अनुवाद है। अन्त में ग्यारह उपयोगी परिशिष्ट और अनुक्रमणिकायें आदि हैं और प्रारम्भ में मालवणिया जी की २४ पृष्ठ की विद्वत्तापूर्ण गुजराती प्रस्तावना है जिस में जैन प्रमाण विद्या-प्रमाण, नय, प्रमाण विषय, प्रमाण फल, प्रमाता आदि का, प्रमाणनयतत्त्वालोक का नाम स्याद्वादरत्नाकर के रूप में गुजरात में प्रमाण विद्या का अवतार, उस के टीका, टिप्पण आदि, 'कर्ता वादिदेवसूरि, उनको

शिष्य परम्परा, टीकाकार, प्रस्तुत टीका आदि प्रायः समस्त सम्बन्धित विषयों पर प्रकाश डाला गया है।"

सुधीर कुमार गुप्त

३००. राजस्थान के प्राचीन जैन साहित्यकार; चम्पालाल सिंघई; सस्मा०, १९७०; ११३-११९; हि०। इस निबन्ध में ले० ने राजस्थान के सकलकीर्ति, ब्रह्म जिन दास, सोमकीर्ति, ज्ञानभूषण, ब्रह्म बूचराज, शुभचन्द्र, वीरचन्द्र, सुमतिकीर्ति, रायमल, रत्नकीर्ति, कुमुदचन्द्र, अभयचन्द, धर्मचन्द्र, सुरेन्द्रकीर्ति, चन्द्रकीर्ति, नरेन्द्र कीर्ति, ब्रह्म धर्मसागर, ब्रह्म सुमतिसागर, त्रिभुवनकीर्ति, रत्नचन्द्र, ब्रह्म अजित, कल्याणकीर्ति, महीचन्द्र, ब्रह्म कपुरचन्द्र, हर्षकीर्ति, सकलभूषण, राजचन्द्र, ब्रह्म विद्यासागर, विद्याभूषण, तानकीर्ति आदि जैन विद्वानों का संक्षिप्त जीवन-परिचय देते हुये उनके ग्रन्थों का नामोल्लेख किया है।

शान्ता भानावत

३०१. रात्रिभोजन; इन्द्रलाल शास्त्री; प्र० इन्द्र एण्ड कम्पनी, जयपुर; १९६९; ६६; ०-६०; समीक्षा; जैसंशो., २६; ११.२.१९७१; २२८; हि०। ले० ने रात्रिभोजन के दोषों को युक्ति, दृष्टान्त तथा जैन और अजैन शास्त्रों के प्रमाणों द्वारा प्रकट किया है और जैनधर्म के रात्रिभोजननिषेध का औचित्य सिद्ध किया है।

सुधीर कुमार गुप्त

३०२. रामकथा; ले० गुणभद्र जैन; सम्पादक पन्नालाल जैन; प्र० जैन साहित्य प्रकाशन, देहली; १९७०; ३२७; अमूल्य; समीक्षा; जैसंशो., २६; ११.२.१९७१; २२७-२२८; हि०। इस में विमल सूरि के पउमचरिउ, रविषेण के पद्मचरित और स्वयंभू की रामायण की रामकथा को १६ सर्गों में खड़ी बोली हिन्दी पद्य में प्रस्तुत किया है। इस के दो भाग है। पूर्वार्द्ध में १२ सर्ग हैं और उत्तरार्द्ध में ४ सर्ग है।

३०३. रुहेल खण्ड कुमायुं जैन डायरेक्ट्री; संयोजक एवं संग्रह कर्त्ता; उग्रसेन जैन सम्पादक : ज्योति प्रसाद जैन; प्र० रुहेल खण्ड कुमायुं जैन परिषद्, काशीपुर; १९७०; १७०; ५-००; समीक्षा; जैसंशो., २६; ११.२.१९७१; २२९; हि०। इस के प्रारम्भ में सम्पादक ने ३२ पृष्ठ की भूमिका में रुहेल खण्ड-कुमायुं प्रदेश के जैन धार्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास पर प्रकाश डाला है। डायरेक्ट्री ३ खण्डों में विभाजित है। प्रथम खण्ड में ४ लेख हैं, द्वितीय में इस क्षेत्र के लभग ६० विभिन्न स्थानों के जैनों का पृथक्-पृथक्-विवरण, जनसंख्या आदि और तृतीय खण्ड में ९ परिशिष्टों में आवश्यक तालिकायें हैं। लगभग सौ चित्र हैं।

304. Was It Permissible For a Saṁnyāsī (Monk) To Revert To Lay Life? Y. Krishan; **ABORI.**, L. I-IV; 1969; 75-89; E. Indian law and customs did not permit a monk to become a house holder. Renunciation of layman's life is considered civil death and the monk is deprived of all types of civil rights. This is the case with Hindu, Jain and Buddhist monks. But in other Asian countries renunciation does not deprive monks of their civil rights In Ceylon monks can own and inherit property. In Burma stress is laid on intention and hence temporary withdrawl from the world for celibacy has grown up recently. In China monks owned property. In Tibet monks can go back with their superior's permission, work over land and can own property They can amass great wealth. Some are married openly. "Thus the legal and social systems of India and of the countries of Asia which were dominated by the religions and cultures of India, were quite different This explains why the reversion of the saṁnyasis and bhikṣus of India to lay life, the life of a house holder, was barred, but this was permissible, nay was frequent, in countries which cultivated the Indian institution of parivrājakas."

भारतीय विधिविधान संन्यासी को गृहस्थ में आने की अनुमति नहीं देते हैं। गृहस्थ से संन्यास

एण्ड वेस्ट' में जैन विषयक निर्देशों का उल्लेख किया गया है।

कस्तूरचन्द कासलीवाल

३१०. श्री चम्वलेश्वर पार्श्वनाथ दि. जैन अतिशय-क्षेत्र का संक्षिप्त इतिहास; ले० सम्पादक हरक चन्द सेठी; प्र० भूरामल गोधा, मन्त्री क्षेत्र; १९६९; ६०; १-००; समीक्षा; जैसंशो., २९; ११.२.१९७१; २३०; हि०। इस में शीर्षकगत इतिहास के अतिरिक्त क्षेत्र सम्बन्धी पूजापाठ, स्तोत्र और विनती आदि भी हैं।

सुधीर कुमार गुप्त

३११. श्री रामसेन के गुरु; चन्दनलाल, प्रतापगढ; जैसंशो., २९; ११.२.१९७१; २१०-२११; हि०। दिगम्बर सम्प्रदाय में रामसेन नाम के कितने ही आचार्य हो गये हैं लेकिन इन सबमें सर्वाधिक ख्याति प्राप्त काष्ठा-संघ, नन्दी तट गच्छ विद्यागण के प्रवर्तक रामसेन हुए जिन्होंने 'तत्त्वानुशासन' ग्रन्थ की रचना तथा नरसिंहपुरा जाति की स्थापना की थी। ले० ने प्रस्तुत शोधलेख में रामसेन के गुरु के नाम पर विस्तृत तथ्यों के आधार पर विचार किया है और अब तक प्रचलित नागसेन के स्थान पर नेमिसेन के नाम की सिद्धि की है।

कस्तूर चन्द कासलीवाल

३१२. समयसार; प्रवचनकार; स्व० गणेश प्रसाद वर्णी; सम्पादक: पन्नालाल; प्र० गणेश प्रसाद वर्णी ग्रन्थमाला, वाराणसी; १९६९; ४५६; १२-००; समीक्षा; जैसंशो., २९; ११.२.१९७१; २२५; हि.। इन में कुन्द कुन्दाचार्य के समय प्राभृत पर वर्णी जी के गाथाधार प्रवचनों का संकलन है। सम्पादकीय वक्तव्य, प्रस्तावना, जगमोहनलाल के प्राक्कथन के अतिरिक्त ५ परिशिष्ट भी हैं।

सुधीर कुमार गुप्त

३१३. सर्वसमन्वयात्मक ब्रह्मलक्षण; गुलाब सन गोस्वामी; विभ., ६.३; १९७० (२०२८ वि०); ८०; हि०। इस में सिद्धान्त दर्शन के सब शास्त्रों के और विज्ञान के चिन्तनों के समन्वयकारक ब्रह्मलक्षण की संक्षिप्त व्याख्या है।

सुधीर कुमार गुप्त

३१४. सर्वोदय तीर्थ—जैन धर्म; वर्धमान पार्श्वनाथ शास्त्री; साजैसंस्मा., १९७०; ७३-७८; हि०। समन्तभद्र ने अपने ग्रंथ 'युक्त्यनुशासन' में जैनधर्म को सर्वोदयतीर्थ कहा है क्योंकि इसमें लोक के सब जीवों के अभ्युदय का साधन प्रतिपादित किया गया है। जैन धर्म में जीवात्मा को परमात्मा बनने का अधिकार देते हुये स्पष्ट किया गया है कि आत्मा स्वयं ही पुरुषार्थ बल से स्वयं का उद्धार करके परमात्मापद में पहुंच सकता है। इस धर्म के दो भाग हैं। प्रथम आचारधर्म में अहिंसा, सत्य, संयम, तप, त्याग, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह आदि का और द्वितीय विचारधर्म में अनेकान्त—स्याद्वाद का प्रतिपादन किया गया है। अन्त में बताया गया है कि संसार-दुःख का मूल मिथ्यादर्शन है जिसकी निवृत्ति तत्त्व श्रद्धानरूपी सम्यग्दर्शन की प्राप्ति से ही संभव है।

नरेन्द्र भानावत

३१५. साधना पथ की अमर साधिका; ले० साध्वी सरला एवं साध्वी चन्दना; भूमिका अमर मुनि; सम्पादक: श्री चन्द सुराना 'सरस'; प्र० जैन महिला समिति, दिल्ली ६; प्रथम संस्करण ४.११.१९७०; ५-००; समीक्षक: अजित शुकदेव श्रमण, २२.५; ३. १९७१; ३२-३३; हि०। इन में महासती पन्नादेवी जी के जीवन चरित को सफलता के साथ चित्रित करने का प्रयास किया है। उन के प्रवचनों को भी संकलित किया गया है।

सुधीर कुमार गुप्त

३१६. साधुमार्गी जैन समाज: संक्षिप्त दिग्दर्शन; देवकुमार जैन, बीकानेर; साजैसंस्मा., १९७०; १-२४; हि०। साधुमार्गी समाज का मूलाधार साधु है जो अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह आदि २७ गुणों का आराधक होता

है। इस साधुमार्ग पर प्रवृत्ति करने वाले साधुमार्गी कहलाते हैं। जब-जब इस मार्ग में विकृति आई उसे दूर करने के लिये जो महापुरुष पैदा हुये वे इस संघ के अगुआ के रूप में विख्यात हुए। ऐतिहासिक अध्ययन की दृष्टि से प्राग् ऐतिहासिक काल में भगवान् ऋषभदेव से अरिष्टनेमि तक २१ तीर्थङ्कर हुए और ऐतिहासिक काल में भगवान् पार्श्वनाथ, भगवान् महावीर और उसके बाद विभिन्न आचार्य हुए। भगवान् महावीर के बाद सुधर्मा के देवर्द्धि-गणि क्षमाश्रमण नामक २७ आचार्यों का परिचय है। देवर्द्धि गणि के बाद दो भिन्न पाठ परम्परायें चली। ज्ञान जी ऋषि के समय सोलहवीं शती में लोंकाशाह ने धार्मिक-सामाजिक क्रांति की और उनके उपदेश से ४५० व्यक्ति दीक्षित हुये। १०० वर्ष बाद आचार में फिर शिथिलता आने पर धर्मसिंहजी, लवजी, आदि जैसे क्रियोद्धारक संत पैदा हुये। लेख के अन्त में इनकी परम्परा के नामावलि का परिचय दिया गया है।

नरेन्द्र भानावत

कृतांग के मूल रूप में नय-निक्षेप के भेदों का वर्णन नहीं मिलता पर शंकराचार्य ने अपनी वृत्ति में नय के सात भेदों नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ़ और एवंभूत तथा निक्षेपों नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव का स्वरूप समझाया है, उसी के आधार पर लेखिका ने इनका तथा सप्त भंगी का परिचय दिया है।

नरेन्द्र भानावत

३१८. हिन्दी विश्वभारती विचार कक्ष (स्वाधीन दिवस गोष्ठी); गिरधारी लाल व्यास; विभ०, ६. ३(१९७०; २०२७ वि०); ३२; हि०। दर्शन में तर्क और विश्वास का समन्वय होता है। विज्ञान दर्शन का ही साधन है। (यह गोष्ठी का प्रतिवेदन मात्र है)।

अनिल कुमार गुप्त

बौद्ध मत (Buddhism)

३१९. अद्वय और अद्वैत : एक समीक्षात्मक टिप्पणी; करुणेश शुक्ल, गोरखपुर, भारत; गोपु-विविशोप; १९६९-७०; १०-१५; हि०। प्रस्तुत

प्रस्तुत निबन्ध बुद्ध के आत्मा (पालि अत्ता–) विषयक मत को उपस्थित करता है और व्यवस्थापित करता है कि बुद्ध ने आत्मा के अस्तित्व का निषेध नहीं किया, अपितु उस ने केवल उस के अहम्, इन्द्रिय, शरीर प्रभृति के साथ विकल्पित तादात्म्य का निषेध किया।

कल्लेश शुक्ल

३२१. चीन की लुङ् म्वाङ् बौद्ध गुफाओं की यात्रा; बीरेन्द्र कृष्ण देव वर्मा; विभाप., ११.१; ४.६.१९०; ७९–८४; हि०। लेख अपूर्ण है। इस में निरंजन प्रसाद, निदेशक पुरातत्त्वविभाग, भारत सरकार के साथ ले० के लुङ् म्वाङ् गुफाओं में बौद्ध चित्रों के अध्ययन के लिए की गई यात्रा का विवरण है। ले० ने इस यात्रा में 'ह्वाउ टु सीक चाइनीज़' से बहुत सहायता प्राप्त की और कैंटन में सन्–यात–सेन का स्मारक, कन्फ्युशियस का प्राचीन मन्दिर, अजायबघर, प्राचीन सम्राटों के विस्तृत चौहद्दी वाले राजप्रासाद, उत्तरी–सि उपवन, व्हाइट पैगोडा, ऐतिहासिक प्रदर्शनालय और टैम्पल ऑफ हैवन आदि स्थान देखे।

राम कुमार गुप्त

322. Diṅnāga's Remarks on the Concept of Anumeya; Bimal Krishna Matilal, Associate Prof, Deptt. of East Asian Studies, Univ. of Toronto, Toronto 5, Ontaries Canada; **UMCV.**, 1970; 151–160; E. The present paper gives an elucidation to the views of Diṅnāga with regard to anumeya as enunciated in his now lost Pramāṇasamuccaya on the basis of four verses of this work quoted in the Nyāya-Vārttika-tātparyaṭīkā and explained in Diṅnāga's Svavṛtti survived in its Tibbetan translation. The author presents an explanatory translation of these four verses, discusses their interpretation by Uddyotakara, Randle and others and shows that they have misunderstood and misinterpreted Diṅnāga's views. Diṅnāga regards inference as a function of three terms. He holds that "the invariable connection of the inferential mark, smoke, with the property fire is seen in other places; and the inferential mark, being well established in such other places, leads us to infer the present property-possessor (dharmin), viz., the mountain, possessing the property fire."

यह लेख तिब्बती अनुवाद में उपलब्ध दिङ्नाग की स्ववृत्ति में व्याख्यात, न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका में उद्धृत दिङ्नाग के अब लुप्त प्रमाणसमुच्चय की चार कारिकाओं के आधार पर इस (प्रमाण समुच्चय) में वर्णित दिङ्नाग के अनुमेय सम्बन्धी विचारों का स्पष्टीकरण करता है। ले० इन चार कारिकाओं का व्याख्यापरक अनुवाद देता है, उद्योतकर, रेण्डल और अन्यों के इन (कारिकाओं) के भाष्यों की समीक्षा करता है और दिखाता है कि उन्हों ने दिङ्नाग के विचारों को अशुद्ध रूप में समझा और व्याख्यात किया है। दिङ्नाग अनुमेय के तीन आधार मानता है। उस का मत है कि "धर्म अग्नि के साथ आनुमानिक चिह्न धूम का सतत सम्बन्ध अन्य स्थानों पर भी देखा जाता है; और इन अन्य स्थानों में आनुमानिक चिह्न भली-भांति सिद्ध होने के कारण प्रस्तुत धर्मी—अग्नि गुण वाले (अग्निमान्) पर्वत का अनुमान करा देता है।

सुधीर कुमार गुप्त, कल्लेश शुक्ल

२२५: भारतीय दर्शन के सम्प्रदाय; सुधीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, सं० वि०, राज० वि० वि०, जयपुर; भामप्रशा., १९६९; १६ अ + २२८ + ४आ; ५–००; ६–००; ७–५०; हि०।

३२३. मूल साम्ति भाषा की पोथी "काम्हा चाता"; राहुल कौण्डिन्य; शोप०, २१.३; ७, ९. १९७०; ३९–४२; हि०। 'काम्हा चाता' का अर्थ कल्प का इतिहास है। इस की पाण्डुलिपि नारायणपुर, उत्तर–लखीमपुर (असम), बरसाम्ति गाँव, बौद्ध विहार में है। इस में सारिपुत्र ने बुद्ध से सृष्टि विकास के बारे में प्रश्न किया है। उस के उत्तर में बुद्ध ने कल्प का इतिहास कहा है।

नाथूराम पाठक

324. Life in North-Eastern India in Pre-Mauryan Times (with special reference to C. 600 B. C.—325 B. C.); Madan Mohan Singh; Pub. Motilal Banarasi Dass, Delhi; 1967; xxv-308; 25-00; Rev.Thomas R. Trautmann; **JRAS (GBI)**; 1. 1970; 83; E. It gives a descriptive account of life in the majjhima desa of the Buddhists between the times of the Tathāgata and the advent of the Mauryan Empire. Its main source is the Pāli Canon including the Jātakas. It also draws on Jain and Brāhmaṇical sources. The author gives very useful and interesting collections of data on topics of which we have less detailed knowledge.

यहाँ तथागत और मौर्य साम्राज्य की स्थापना के बीच के काल के बौद्धो के मज्झिम देस के जीवन-वृत्त का वर्णन है। इस का प्रमुख आधार जातकों सहित पालि धर्म-साहित्य है। इस ने जैन और ब्राह्मण स्रोतों का भी प्रयोग किया है। ले० ने ऐसे विषयों पर बहुत उपयोगी और रोचक आधार-सामग्री दी है जिन पर कम विस्तृत ज्ञान उपलब्ध है।

प्रीतिप्रभा गोयल, अनिल कुमार गुप्त

304. Was It Permissible For a Samnyāsī (Monk) To Revert To Lay Life?; Y. Krishna; **ABORI**, L. I-IV; 1969; 75-89; E.

325. The Vedānta Philosophy as was Reaveled in Buddhist Scriptures; Nākāmurā Vidyā Vācaspati, Tokyo Univ., Japan; **Pañcāmṛtam**, 1968; 1-74; E. Vedānta (V.) is rivalled by Buddhism. Originated in Upaniṣadic thoughts which it endeavours to systematise, some systems of V. have been greatly influenced by Buddhism. Buddhists, however, pay little or no attention to it and do not regard it as an important school. A study of references to Vedāntavādins and Aupaniṣads (or Aupaniṣadika) minutely criticised in Chinese translated Buddhist canon helps in the organisation of a summary outline of the history of the development of early V. thought. Early Buddhist canon does not mention Upaniṣads, but describes ideal Aupaniṣada wandering priests. Widely prevalent ideas similar to those of the Upaniṣads are mentioned and then rejected. The V. school had not yet been formulated. In the Buddhist technical treatises of the period of sectarian antagonism, passages from the Brāhmaṇas and Upaniṣads are quoted and the phrase 'The Vedas say' has been used. The Vedāntic thought of this age seems to be the amalgamated thought of both the V. and the Sāṃkhya. In some what later centuries, the Mahāyāna Sūtras refer to the thought of the Upaniṣads and the V. as heretical doctrines. These Sūtras have sometimes been influenced by the Vedāntic thought. Nāgārjuna is not indebted to the Upaniṣads He appears to have influenced the V. Āryadeva's Śāstra has presented Upaniṣadic and orthodox Brāhmaṇical ideas in details. Maitreyanatha has discussed the views of the Īśvarādikāraṇavādins who come closest to the V. He and other Yogācāra scholars have not mentioned V. Bhavya has described and criticised the V. philosophy of his day. The author presents this description as he has done in the case of preceding cases cited above and concludes that the Vedāntic doctrines treated by Bhavya indicate no other outstanding traces of an advance in thought to be seen in the Upaniṣadic doctrines The Vedāntins were forming a new philosophical system based upon the Upaniṣadic canon which was regarded as an absolute authority. The author finally observes that the picture of V. school gathered from Buddhist sources is in remarkable agreement with that drawn from Jain sources.

बौद्ध मत वेदान्त (वे०) का प्रतिद्वन्द्वी है। वे० औपनिषद विचारों से उद्भूत हुआ। यह इन विचारों को सुव्यवस्थित करने का प्रयास करता है। तथापि वे. की कुछ संस्थाएं बौद्धमत से बहुत प्रभावित हैं। परन्तु बौद्ध वे० पर बहुत कम अथवा कोई ध्यान नहीं देते हैं और इसे महत्त्वपूर्ण सम्प्रदाय नहीं मानते हैं। चीनी में अनूदित बौद्ध शास्त्रों में सूक्ष्मता से निराकृत वेदान्तवादियों और औपनिषदों

(या औपनिषदिक) के उल्लेख प्रारम्भिक वे. विचार के विकास के इतिहास की संक्षिप्त रूपरेखा के निर्माण में सहायक हैं। प्राचीन बौद्धशास्त्र उपनिषदों का उल्लेख नहीं करते हैं, परन्तु आदर्श औपनिषद घुमक्कड़ पुरोहितों (=संन्यासियों) का वर्णन करते हैं। उपनिषदों से मिलते-जुलते सुप्रचलित विचारों के उल्लेख और खण्डन किए गए हैं। वे० सम्प्रदाय अभी निर्मित नहीं हुआ था। साम्प्रदायिक वैमनस्य के युग के बौद्ध शास्त्रों ने ब्राह्मणों और उपनिषदों से अंश उद्धृत किए हैं और 'वेद कहते हैं' पदावली का प्रयोग किया है। इस काल का वेदान्त चिन्तन वे. और सांख्य के विचारों का मिश्रित रूप है। कुछ पिछली शतियों में महायान सूत्रों ने उपनिषदों और वे. के विचारों को नास्तिकवाद कहा है। अनेकशः इन सूत्रों पर वेदान्त का प्रभाव पड़ा है। नागार्जुन उपनिषदों का ऋणी नहीं है। उसने वे. को प्रभावित किया मालूम पड़ता है। आर्यदेव के शास्त्र ने उपनिषदों और आस्तिक ब्राह्मण विचारों को विस्तार से दिया है। मैत्रेयनाथ ने वे० से मिलते-जुलते ईश्वरादिकारणवादियों के विचारों का विवेचन किया है। उस ने और योगाचार के अन्य आचार्यों ने वे. का उल्लेख नहीं किया है। भव्य ने अपने काल के वे० दर्शन का वर्णन और आलोचना किए हैं। ले० उस के वर्णन को प्रस्तुत करता है, जैसा कि उस ने ऊपर वर्णित स्थितियों में किया है और निष्कर्ष निकाला है कि भव्य द्वारा वर्णित वेदान्त सिद्धान्त में औपनिषद मतों में उपलब्ध विचारों में विलगन का कोई प्रमुख इंगित नहीं है। वेदान्ती उपनिषदों को परम प्रमाण मानते थे और उन के आधार पर एक नया दार्शनिक सम्प्रदाय खड़ा कर रहे थे। अन्त में ले० का कहना है कि बौद्ध स्रोतों से प्राप्त वे० सम्प्रदाय का चित्रण जैन स्रोतों में प्राप्त वर्णन से विलक्षण समानता रखता है।

सुधीर कुमार गुप्त

३२६. **शङ्कर और नागार्जुन का तुलनात्मक अध्ययन; करुणेश शुक्ल; गोरखपुर वि० वि० की पी-एच० डी० उपाधि के लिये स्वीकृत शोध-प्रबन्ध; १९६२; हि०।** प्रस्तुत ग्रन्थ में अद्वैत वेदान्त के प्रतिष्ठापक आचार्य शङ्कर एवं बौद्ध माध्यमिक अद्वयवाद के संस्थापक आचार्य नागार्जुन के दार्शनिक सिद्धान्तों की तुलनात्मक समीक्षा प्रस्तुत की गयी है। बौद्धवाद और ब्राह्मणवाद के सम्बन्ध एवं उन की समान वैदिक पृष्ठभूमि का विवेचन कर यह प्रतिपादित किया गया है कि शङ्कर को प्रच्छन्न बौद्ध कहना उनके अद्वैतवादी औपनिषद दृष्टिकोण के वास्तविक स्वरूप के आकलन का अभाव मात्र है। वस्तुत: ये पूर्णत: औपनिषद परम्परा के पोषक थे। नागार्जुन तथा उन के पूर्वगामी बुद्ध भी वैदिक परम्परा से प्रभावित रहे। नागार्जुन और शङ्कर की परम्परा और सरणि में भेद है, तत्त्वदर्शन की व्याख्यान-पद्धति में भेद है। तत्त्वबोध की दृष्टि से कोई मौलिक भेद उनके दर्शनों में नहीं है।

करुणेश शुक्ल

327. **Some Missing Portions of the Gotra Bhūmi;** Karunesha Shukla, Deptt of Skt, Univ. of Gorakhpur, Gorakhpur; **UMCV.**, 1970; 129-137; E. The paper analyses the main contents of Gotrabhūmi (a part of Śrāvakabhūmi of Yogācārabhūmiśāstra of Asaṅga) into 1. Prefatory remarks 2. definition of gotrabhūmi 3 definition of gotra 4. eight causes of the non-acquisition of Nirvāṇa 5 marks of pudgalas in the gotra stage and the gotra-bhūmi. These have further been analysed in details. A sufficient portion of the contents of gotra bhūmi is missing from the solitary mss. of this work. The author presents the reconstructed Skt. text of this missing portion on the basis of the Tibbetan translation, adding footnotes, where necessary.

इस में (असङ्ग के योगाचारभूमिशास्त्र की श्रावकभूमि के एक अंश) गोत्रभूमि के इन विषयों

का १. प्रस्तावना २. गोत्रभूमि और ३. गोत्र की परिभाषा ४ निर्वाण की अप्राप्ति के आठ कारण ५. गोत्रावतार और गोत्रभूमि में पुद्गल के लिंगों में विभाजन किया गया है। इन सब का पुनः सविस्तार विश्लेषण दिया गया है। इस कृति के एक मात्र ह्ले. में से गोत्रभूमि के विषयों का पर्याप्त अंश लुप्त है। ले. ने यथावश्यक पाटि. देते हुए तिब्बती अनुवाद के आधार पर इस लुप्त अंश का संस्कृत में पुर्निर्माण करने का प्रयास किया है।

सुधीर कुमार गुप्त, प्रीतिप्रभा गोयल

328. **Studies in the Buddhistic Culture of India** (during the 7th and 8th Centuries A. D.); Lalmani Joshi; Pub. MLBD; 1967; i–xli–538; 30-00; Rev. V. M. Bedeker; **ABORI.**, L. 1-IV; 1969; 133–135; E. The work purpots to present authentic materials for the historical construction and critical appreciation of some aspects of Buddhistic culture in India during the 7th and 8th centuries A. D The subject and the period elected by the author are highly significant and momentous from the point of view of the cultural history of India. It was the age when some master minds were struggling hard for the defence of their doctrines. The work deals with a variety of topics (list given in the review). The author has based his study on Chinese records, Tibbetan annals and Indian literary and archaeological sources. Notes and references have been given at the end of each chap er in support of the statements made there. There are a very detailed bibliography and an index of proper names. The author has advocated some controversial views about the decline of Buddhism and the date of the origin of the Upaniṣads.

इस रचना का लक्ष्य ७ वीं और ८ वीं शती ई० के मध्य भारत में बौद्ध संस्कृति के कुछ पक्षों का ऐतिहासिक पुनर्गठन और गुणसमीक्षा है। ले० द्वारा चुना गया यह विषय और काल भारत के सांस्कृतिक इतिहास की दृष्टि से नितान्त अर्थपूर्ण और गौरवशाली है। यह वह समय था, जब कुछ प्रबुद्ध विचारक अपने सिद्धांतों की रक्षा के लिए कड़ा संघर्ष कर रहे थे। इस में (समीक्षा में दिए गए) विविध विषयों का विवेचन है। ले. ने अपने अध्ययन का आधार चीनी अभिलेखों, तिब्बती इतिवृत्तों और भारतीय साहित्यिक एवं पुरातत्त्व सम्बन्धी स्रोतों को बनाया है। मूल में दिए गए सिद्धान्तों के अनुपोषण में प्रत्येक अध्याय के अन्त में टिप्पणियां एव सन्दर्भ दिए गए हैं। बहुत विस्तृत पुस्तक-सूची में व्यक्तिनामों की तालिका भी हैं। ले० ने बौद्ध धर्म की क्रमशः अवनति और उपनिषदों की उत्पत्ति के समयनिर्धारण के सम्बन्ध में कुछ विवादास्पद मत प्रतिपादित किए हैं।

सुधीर कुमार गुप्त, प्रीतिप्रभा गोयल

(Sāṃkhya)

329. **On the Interpretation of a** Kārikā of Īsvarakṛṣṇa; V. Varadachari, Reader in Skt., Shri Venkateswara Univ. College, Tirupati (A.P.); **UMCV.**, 1970; 81–85; E. *In this paper the 6th* verse of the Sāṃkhya Kārikā (viz. सामान्यतस्तु दृष्टादतीन्द्रियाणां प्रसिद्धिरनुमानात्) has been interpreted afresh and the scope of the three means of acquiring valid knowledge—Perception, Inferenee and authority has been discussed. The Author accepts Umesh Mishra's interpretation of this verse and attempts its explanation. He finally concludes : "The interpretation that is offered here to this kārikā shows that both pramāṇavyavasthā and pramāṇasaṃplava should apply here. *The restricted employment* of the three pramāṇas cannot apply to the vyakta, avyakta and jña of the Sāṃkhya reality and so pramāṇa-vyavasthā cannot fully apply. While vyakta is cognised by *perception* and *inference*, avyakta *could* be apprehended only by inference and the self is to be known only through Āgama. There is, therefore, pramāṇa-vyavasthā in the case of avyakta and self and *pramāṇa-saṃplava is applicable to* avyakta alone".

प्रस्तुत लेख में ईश्वरकृष्ण की सांख्यकारिका की छठवीं कारिका की पुनः व्याख्या कर प्रत्यक्ष, अनुमान और आप्तागम—इन तीन प्रमाणों के

क्षेत्र पर भी विचार किया गया है। ले. ने उमेश मिश्र के भाष्य को स्वीकार करते हुए उस की व्याख्या की है और अन्तिम निष्कर्ष निकाला है कि "इस कारिका का यहां जो भाष्य किया गया है उस से स्पष्ट है कि प्रमाणव्यवस्था एवं प्रमाण-संप्लव दोनों ही यहां लागू होने चाहिएं। सांख्य सत्ता के व्यक्त, अव्यक्त और ज्ञ पर तीन प्रमाणों का सीमित प्रयोग नहीं किया जा सकता, अतः यहां प्रमाण-व्यवस्था पूर्णतः लागू नहीं हो सकती है। जब कि व्यक्त को प्रत्यक्ष और अनुमान से जाना जाता है, अव्यक्त को केवल अनुमान से ही, और आत्मा को केवल आगम से ही जाना जा सकता है। अतः अव्यक्त और आत्मन् के ज्ञान में प्रमाण-व्यवस्था एवं केवल व्यक्त के ज्ञान में प्रमाणसंप्लव का प्रयोग किया गया है।"

सुधीरकुमार गुप्त, करुणेश शुक्ल, प्रीतिप्रभा गोयल

३३०. क्या उपनिषद् सांख्यपरक हैं; रमेश चन्द्र, दर्शन वि०, राज० वि० वि०, जयपुर; तत्त्व-चिन्तन, ३.२.४. १९७१; १०६–११६; हि०। साधारणत. सभी मुख्य एकादश या त्रयोदश उप-निषदें और विशेषतः श्वेताश्वतर सांख्य परक नहीं है, अपितु वे अद्वैतपरक है। श्वेताश्वतर में सांख्य मत वाले कपिल और सांख्य का नाम देखकर और अन्य तत्त्वों की भी चर्चा देखकर इसे सांख्य का उद्गम स्थल मान लेते हैं। यह ठीक नहीं। इस उपनिषद् की मूल दृष्टि अद्वैत परक ही है। यहां प्रकृति पुरुष के अधीन है उसी का सृजन है। यह पुरुष सांख्य का निष्क्रिय पुरुष नहीं है, वरन् यही ब्रह्म है, महेश्वर है और प्रकृति इसी से उद्भूत एक सत्ता है। यहां कपिल का हिरण्यगर्भ और सांख्य का अर्थ ज्ञान है। यहां जैकोबी के इस मत का भी खण्डन किया है कि सांख्य भौतिकवाद से उद्भूत हुआ है।

रमेश चन्द्र

२९७. जैन आगमों में तत्कालीन प्रचलित भिन्न-भिन्न दार्शनिक विचारधाराएं; जितेन्द्र जेटली; सस्मा०, १७९०; ३२–३५; हि०।

२९५. भारतीय दर्शन के सम्प्रदाय; सुधीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, सं०वि०, राज० वि० वि०, जयपुर; भामप्रशा०; १९६९;१६अ+२८८+४आ; ५-००; ६-००; ७-५०; हि०।

331. Sāṃkhya **And The Taoism of Ancient China.**, Anima Sen Gupta, Patna (Bihar); **JOI.**, XIX. 3; 3. 1970; 228–233; E. The author brings out several points of similarities in the naturalistic traits between the philosophies of Sāṃkhya and Taoism, particularly, in the conception of Prakṛti and Tao, and evolution, dissolution, and newness of creation. Some points of difference, like the plurality of souls and salvation have also been made. Sāṃkhya influence on Taoism is not altogether ruled out, even though Sāṃkhya philosophers have never been missionaries.

ले० ने सांख्य और ताओ दर्शनों की प्राकृतिक प्रवृत्तियों में, विशेष रूप से प्रकृति और ताऊ की तथा सृष्टि के विकास, प्रलय और नवीनता की परिकल्पनाओं में अनेकों समानताएं दिखाई हैं। भेद के कुछ बिन्दु, यथा आत्माओं का बहुत्व एवं मोक्ष भी उपस्थित किये गये हैं। यद्यपि सांख्यिक कभी भी प्रचारक नहीं रहे हैं, तदापि ताओ दर्शन पर सांख्य के प्रभाव का नितान्त निषेध नहीं किया जा सकता है।

सुधीर कुमार गुप्त, प्रीतिप्रभा गोयल

योग (Yoga)

३३२. प्रार्थना योग : जगत्कुमार शास्त्री, दिल्ली; आ. मा., ५०.२१; १.१.१९७१; २–४; हि.। "आत्मचिन्तन और ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना एवं उपासना के कर्मसमुच्चय को ही सन्ध्या, ब्रह्मयज्ञ या प्रार्थना-योग कहते हैं।" इस का हृदय से सतत अनुष्ठान करने से सत्य, आनन्द, आत्मविश्वास आदि उत्तम लाभ प्राप्त होते हैं। अन्त में प्रार्थना के वाक्य दिए गए हैं।

अनिल कुमार गुप्त

३३३. ब्रह्मयज्ञ; रामेश्वरदयाल गुप्त, प्रिंसिपल टेलीकॉम ट्रेनिंग सेन्टर, आदर्शनगर जयपुर-४; आर्यों का त्रैतवाद, १.२; १.२.१९७१; १–१५३ (=१५४); हि. । इस में सन्ध्या की आवश्यकता और महत्त्व, प्रार्थना के लाभ और शक्ति ओ३म् और गायत्री का महत्त्व, वैदिक सन्ध्या के मन्त्रों की ऋषिकृत व्याख्या, हिन्दी गद्य और पद्य में अनुवाद, उन पर विशद टिप्पणियां, प्राणायाम और योग का विवेचन किया गया है । ले. मानते हैं कि मन्त्रों को वैज्ञानिक ढंग से प्रयुक्त करने पर विशेष लाभ होता है क्यों कि इस में मन विज्ञानमय कोष में और बुद्धि आनन्दमय कोष में प्रवेश करती है । ईश्वरभक्ति जड़ की पूजा नहीं है । इस में स्वाहा और योग शब्दों, सात व्याहृतियों, शरीरस्थ दस वायुओं, नेति आदि षट् कर्मों, नासदीय सूक्त के तत्त्व, सगुणनिर्गुणोपासना और सूर्य का स्वरूप आदि पर भी विचार प्रस्तुत किए गए हैं ।

सुधीरकुमार गुप्त

२९५. भारतीय दर्शन के सम्प्रदाय; सुधीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, सं.वि., राज. वि. वि., जयपुर; भामप्रशा., १९६९; १६अ+२८८+४आ; ५-००; ३-००; ३-५०; हि. ।
३८५. **आर्यसिद्धान्त-मुक्तावली (ऋषिबोध)**; मदनमोहन विद्यासागर; प्र० आर्य प्रतिनिधिसभा, सुलतान बाजार, हैदराबाद (आ. प्र.) (द. भा.); १९५६ (२०१३ वि०); ४+११२; हि.। इस में ले. ने विश्व, ईश्वर, जीव, प्रकृति, स्तुतिप्रार्थनोपासना, त्रैतवाद, कार्य-कारण, सृष्टि, प्रलय, वेद, जन्म-मृत्यु, पुनर्जन्म, कर्म-सिद्धान्त, यज्ञ, संस्कार, वर्ण, आश्रम, विवाह, व्यवहार, शासन, न्याय, अतिथि आदि पूजनीय जन, आस्तिक-नास्तिक, मुक्ति, वेदान्त, ब्रह्मविद्या, विवेक, वैराग्य, भूतप्रेत, स्वर्ग, नरक, धर्म, अधर्म, अर्थ और काम, बन्ध और मोक्ष, नमस्ते और आर्यसंस्कृति के दस नियमों आदि का ५५ वर्गों में दयानन्द और आर्यसमाज की मान्यताओं की दृष्टि से परिभाषात्मक विवरण दिया है तथा प्रारम्भ में संक्षिप्त भूमिका में दयानन्द का मूल्यांकन भी प्रस्तुत किया है।

सुवीर कुमार गुप्त

३८६. **ईशोपनिषद्**; सम्पादक: सुवीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, सं. वि., रा. वि. वि., जयपुर-४; प्र. भामप्रशा., १९६९; २+७४—८६; २९अ—४४अ; १-२५; सं., हि.।

३८६. **ईश्वर विषयक**; रामेश्वर दयाल गुप्त, असिस्टेंट इंजीनियर, रानी बाजार, बीकानेर; **आर्यों का त्रैतवाद**, १.१;१०.१९७०; खण्ड ३; १-३१; हि.। प्रारम्भ में सब आस्तिक थे। दर्शन-जन्य अहंकार आदि से इस आस्तिक भाव का ह्रास हुआ है। उसी के कारण अपने को, मन्दिरस्थ मूर्ति को, प्राणी विशेष को अवतार, ईश्वरपुत्र, ईश्वर का सन्देशवाहक आदि मानने लगे। साम्यवाद ने तो धर्म और ईश्वर को उच्छिन्न ही कर दिया है। अल्प ज्ञान से पूर्णज्ञान-परमात्मा के अस्तित्व का बोध होता है। मानव वेद से ज्ञान प्राप्त करता है। वह सम्पूर्ण ज्ञान को नहीं पा सकता है। मानव पूर्णानन्द चाहता है, अतः पूर्णानन्द रूप ब्रह्म है। प्रकृति में विकृति लाने के लिए ज्ञान से शासित शक्तिमान् की अपेक्षा है। सृष्टि और सामाजिक जगत् में सब काम नियम के अनुकूल होते हैं। जैमिनि के मत में वेद—ईश्वर के ज्ञान से सब सृष्टि होती है। परिशेष अनुमान से सब सत्य और पदार्थ-विद्याओं का आदिमूल परमेश्वर है। मार्क्स का द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद ही ईश्वर है। विभिन्न कालों में विभिन्न गुणों के प्राधान्य को त्रैतवाद और मार्क्स का यह दर्शन—दोनों ही मानते हैं। अतः ईश्वर है, वह जीवों पर नियंत्रण रखता है, उस की न्याय-व्यवस्था सदा एकरूप चलती रहती है। उस की कर्मफल की प्रक्रिया न्याय्य और दयामय है। लेख के अन्त में याज्ञवल्क्य, कुरान शरीफ और जैन दर्शन में कर्म के फल के अनुरूप दण्ड या योनिव्यवस्था का निरूपण,

ईश्वर का लक्षण, ईश्वर के गुण और ईश्वर का अस्तित्व मानने के लाभ बताए गए हैं।

३८७. **उपनयनसर्वस्व**; ले. प्र., आचार्य. कृष्ण, दीवान हाल, दिल्ली १९६८; १४+६८; १-२५; हि.। पुस्तक के कोप के पृ. २ और ३ पर शिवकुमार शास्त्री ने ले. का प्रशंसात्मक परिचय दिया है। दो शब्द में ले. ने इस पुस्तक की रचना की परिस्थितियां बताई हैं। पुस्तक में उपनयन का विवेचन करते हुए त्रिगुणात्मिका प्रकृति, यज्ञोपवीत एक चिह्न, उपनयन का अर्थ, दो जन्म, द्विज, परिवीत और उपवीत, यज्ञोपवीत मन्त्र, प्रजापति की कक्षा, बन्धन ही मोक्ष का कारण, ब्रह्मग्रन्थि, वृत्त के तीन तत्त्व, ब्रह्म के अर्थ, यज्ञसूत्र, सावित्री ग्रन्थि, वामस्कन्ध पर (यज्ञोपवीत) धारण करने का रहस्य, सूर्यवृत्त का अनुवर्तन और प्रतिज्ञा मन्त्र आदि अनेकों सम्बद्ध विषयों पर प्रकाश डाला गया है। उपनयन आचार्य और शिष्य को तीन केन्द्रों—नाभि, हृदय और मूर्धा में परस्पर आबद्ध करता है। दोनों एक-दूसरे की वाणी के अनन्य मन से सेवन की प्रतिज्ञा करते हैं। वर्ण का आधार उपनयनजन्य जन्म ही है। आचार्य ओषधिरस से शिष्य की नाभि को, पयःरस से हृदय को और सोमरस से मूर्धा को आप्यायित करे। यज्ञोपवीत ब्रह्म, विद्या और यज्ञ—इस त्रिवृत् का प्रतीक है। सावित्री के त्रिवृत्त १. भर्ग वरेण्यं और धी तथा २. भूः, भुवः और स्वः हैं। ये ही अ, उ, म् या प्रणव ओ३म् हैं। वृत्त से ही मनुष्य आर्य बनता है। वृत्त वित्त से ऊंचा है।

३८४. **ऋषि दयानन्द और आर्य समाज की संस्कृत साहित्य को देन**; भवानीलाल भारतीय, अध्यक्ष हिन्दी विभाग, राजकीय महाविद्यालय, पाली; प्र. रामलाल कपूर ट्रस्ट, अमृतसर; २०२५ वि.; १८+३८४; हि.।

388 **Contributions of Swami Dayanand to Indian Education**; R K Chaudhari, Senior Lecturer in English, P.G. Jialal Institute of Education, Ajmer; **DCS.**, 1971; **7–10**; E. The author briefly describes the conditions of indigenous system of education in the age of Dayānanda and the western bias in our modern educational approaches and points out that Dayānanda gave an Indian outlook to education, pleaded for Vedic instructions, to all including the low borns and women, stressed building of character having 14 qualities of non-violence, belief in God, celibacy, forgiveness, truthfulness and others and advocated the cause of Hindi for medium of instruction. Dayānanda introduced a new method of critical, interpretative and creative teaching. Dayānand wanted that education must be given to all without distinction of sex, caste or creed. Education is a process that runs throughout the life of a man. He wanted educational institutions residential and away from the busy life and other evil influences of cities. He desired the inclusion of the study of modern sciences also. "If the test of modernity is adaptability, he was a most modern thinker on education".

लेखक ने दयानन्द के समय में शिक्षा की देशी पद्धति की दशा और हमारे वर्तमान शैक्षणिक विचारों में पश्चिमी अभिनति का संक्षिप्त वर्णन करते हुए यह स्पष्ट किया है कि दयानन्द ने शिक्षा को भारतीय दृष्टिकोण दिया, शूद्रों और स्त्रियों के सहित सब के लिये वैदिक उपदेशों के लिए उद्बोधन किया, तथा अहिंसा, ईश्वर में निष्ठा, ब्रह्मचर्य. क्षमाशीलता, सत्यता आदि चौदह गुणों से युक्त चरित्रनिर्माण पर बल देते हुए शिक्षा के माध्यम के रूप में हिन्दी का प्रतिपादन किया। दयानन्द ने शिक्षण की एक नवीन विवेचनात्मक, अर्थबोधक एवं सृजनात्मक पद्धति को प्रवर्तित किया। दयानन्द चाहते थे कि लिंग, वर्ण एवं धर्म के भेद के बिना सब को ही शिक्षा दी जानी चाहिए। शिक्षा एक ऐसी व्यवस्था है जो मनुष्य के समस्त जीवन में व्याप्त रहती है। वे चाहते थे कि शैक्षणिक संस्थायें निवासीय हों एवं शहरों के

व्यस्त जीवन एवं अन्य दूषित प्रभावों से दूर बनाई जाएं। वे आधुनिक विज्ञान को भी शिक्षा में सम्मिलित करने के इच्छुक थे। "यदि ग्रहणशीलता ही आधुनिकता की कसौटी है तो वे शिक्षा पर सर्वाधिक आधुनिक विचारक थे।"

सुधीर कुमार गुप्त

३५५. केनोऽपनिषद्; सम्पादक: सुधीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, सं. वि.. राज. वि. वि., जयपुर-४; प्र. भामग्रशा., १९६६; ८+१०४; २-००; ३-५०; सं., हि०।

389. **Gurukula systsm of Education in Present Day Context**; S. C. *Rajvanshi, Senior Lecturer in History, Dayanand College, Ajmer*; **DCS.**, 1971; **14-19**; E. The author outlines the aim, objects and ingredients of the old gurukula system of education which was based on Varnashrama-Dharma. It was free and the institutions were autonomous. Teaching was social service. It was decentralised and individualistic. Teacher had full independence in choosing the courses etc. that he wished to teach. The author also makes out some special features of this system like one man institution, change in instruction method according to age, individual attention, and no prescribed teaching hours. The system proved upto the expectations and needs of the then society. Modern system is all opposite of the ancient system. The attempt to revive the Gurukula system in the 20th c. has been a collosal failure. But this system did prove instrumental in protecting Hinduism from alien attacks.

ले. ने वर्णाश्रम धर्म पर आधारित गुरुकुल शिक्षा प्रणाली के लक्ष्य, उद्देश्य एवं उपकरणों की व्याख्या प्रस्तुत की है। यह शिक्षा निःशुल्क थी एवं संस्थाएं स्वायत्तशासी थीं। अध्यापन समाज सेवा था। यह विकेन्द्रित और व्यक्ति मूलक था। अध्यापक को अपनी अभिरुचि के अनुकूल अध्यापन के लिए पाठ्यक्रम चुनने की पूर्ण स्वतन्त्रता थी। ले. ने इस शिक्षणपद्धति की कतिपय विशेषतायें भी बताई हैं: यथा—एक व्यक्ति की संस्था, आयु के अनुरूप शिक्षणपद्धति में भेद, व्यक्तिशः अवधान और अध्यापन का अनिर्धारित समय। यह पद्धति उस समय के समाज की आशाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप ही सिद्ध हुई थी। किन्तु वर्तमान पद्धति इस प्राचीन पद्धति के बिल्कुल विपरीत है। गुरुकुल पद्धति को २०वीं शती में पुनर्जीवित करने का प्रयास नितांत विफल सिद्ध हुआ है। किन्तु यह पद्धति विरोधी आक्रमणों से हिन्दू धर्म की रक्षा करने में अवश्य ही सहायक सिद्ध हुई थी।

सुधीर कुमार गुप्त, प्रीतिप्रभा गोयल

४४. जीवन का लक्ष्य; जीवाराम पुरोहित, श्रीकर्णपुर; आ. मा., ५०.२०; १५.१२.१९७०; ४-५; हि०।

३९०. जीवात्मा; रामेश्वर लाल गुप्त असिस्टेंट इंजीनियर, रानी बाजार, बीकानेर; आर्यों का त्रैतवाद, १.१; १०.१९७०; खण्ड २; १-३१; हि०। वैज्ञानिक पद्धति पर एक कोशिका भौतिक शरीर से पार्थिव वस्तुओं के निर्माण की प्रक्रिया बताते हुए माना है कि इस में गति जीव या आत्मा रूप एक अन्य शक्ति के प्रवेश करने पर आती है। एक जीव दूसरे जीव को जन्म नहीं देता है। पारिवारिक गुणों का प्रकाश भौतिक कारणों से होता है। निर्जीव प्रकृति से जीव का निर्माण सम्भव नहीं है। तुलना के DNA निर्माण से प्रारम्भिक अमैथुनी सृष्टि का औचित्य व्यक्त होता है। शरीरस्थ जीव अनेकविध कार्य करता है। उस के ज्ञापक चिह्न इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, सुख, दुःख और ज्ञान हैं। यह हिरण्मयकोश में शरीर के ऊर्ध्वभाग में स्थित है, वह ब्रह्म नहीं बनता है, न यह (जीव) ब्रह्म का अंश है। यह अमर है। उस के तीन शरीर हैं—स्थूल, सूक्ष्म और कारण। कारण शरीर सदा जीव के साथ लगा रहता है। कारण शरीर मात्र साथ रहना ही जीव की मुक्ति

है। जीव अनेक और पृथक्-पृथक् हैं। उन की संख्या निश्चित है; घटती-बढ़ती नहीं है। जीव कर्म करने में स्वतन्त्र है। वह अनेक बार जन्म लेता है। कुछ ईसाई और कुरान शरीफ की आयतें भी पुनर्जन्म मानते हैं। जीव ईश्वराधीन है।

सुधीर कुमार गुप्त

५१. **जिज्ञासा और समाधान**; युधिष्ठिर मीमांसक; वेवा., २३.३; १.१९७१; ४३-४६; हि०।

३९१. **जीवेश्वरभेदविमर्शः**; जयदत्त शास्त्री, गुप, २३.१-१; ९-१०; १९७०; ३३-३८; सं.। जीवेश्वरयोः स्वरूपविषये नाना मतानि सन्ति। जीवः परमसूक्ष्मः, परिच्छिन्नश्च, शरीराद् बहिरस्य वृत्तिर्नास्ति। तस्य स्थानं हृदयम्। परमात्मा जीवाद् भिन्नः, सूक्ष्मतरः, तस्मिन् प्रविष्टः, तस्य प्राणाधारश्च। जीव आनन्दं मोक्षं वा प्राप्यापि तस्मात् पृथक् तिष्ठति। स निराकारत्वादिगुण-विशिष्टो जगतः स्रष्टा, धर्ता, पाता, संहर्त्ता च। आत्मसमर्पणेन सत्याचरणेन च स प्राप्यते।

जीव और ईश्वर के स्वरूप पर अनेक मत हैं। जीव परम सूक्ष्म और परिछिन्न है। शरीर से बाहर इस की गति नहीं है। इस का स्थान हृदय है। परमात्मा जीव से भिन्न, सूक्ष्मतर, उस में प्रविष्ट, और उस का प्राणाधार है। जीव आनन्द या मोक्ष को प्राप्त कर के भी उस से अलग रहता है। निराकार आदि गुणों वाला वह जगत् का सृजक, पालक, धारक और नाशक है। उसे आत्मसमर्पण और सत्याचरण से जाना जा सकता है।

३९२. **डी. ए. वी. संस्थाओं का स्वतन्त्रता आन्दोलन में योगदान**; राजेन्द्र जिज्ञासु, दयानन्द कॉलेज, अबोहर; दकास्मा; १९७१; ४५-४८; हि०। लेख में स्वतन्त्रता आन्दोलन के विभिन्न क्षेत्रों—जागृति उत्पन्न करने, गौरव जागृत करने, स्वदेशी के अभियान, प्रथम किसान मोर्चा, मार्शल लॉ, जलियांवाला बाग गोली काण्ड, क्रान्तिकारी आन्दोलन, १९४२ के भारत छोड़ो आन्दोलन आदि में डी. ए. वी. संस्थाओं के छात्रों, अध्यापकों और प्रबन्धकों के योग और बलिदानों का विवरण दिया गया है।

३९३. **त्रैतवाद के सम्बन्ध में साधारण प्रतिज्ञा**; रामेश्वर दयाल गुप्त, असिस्टेंट इन्जीनियर, रानी बाजार, बीकानेर; आर्यों का त्रैतवाद, १.१; १०.१९७०; १-२०; हि०। आर्यसमाज के संस्थापक दयानन्द ने ईश्वर, जीव और प्रकृति को अनादि तत्त्व मान कर अन्य दार्शनिकों से भिन्न दार्शनिक विचारधारा दी। ले. ने इस त्रैतवाद की आवश्यकता का परिचय दे कर उस की मान्यताओं का विवरण दिया है। शरीरस्थ इन्द्र ही जीव या आत्मा है, जो अनादि और अनन्त है। वह कर्म करने में स्वतन्त्र, ईश्वर द्वारा अनिर्मित और उस में लीन न होने वाला है। वह अल्प ज्ञान वाला, सीमित समय के लिए मुक्ति पा सकने वाला, निश्चित परन्तु अनेक संख्या वाला है। सब प्रकृति वास्तविक है। परमाणुओं के संघटन और विघटन से उत्पत्ति और प्रलय का अनन्त और नित्य शाश्वत प्रवाह चलता है। यह जीव की भोग्या है। पदार्थों में ज्ञान, स्वयं की गति, गति में बदलने का सामर्थ्य नहीं है। गुणों से अनुमेय, संसार में न्याय व व्यवस्था बनाए रखने वाली, अवतरित न होने वाली अदृश्य सत्ता ईश्वर है।

३९४. **दक्षिण में हिन्दी के प्रचार में आर्यसमाज का योगदान**; क्षेमचन्द्र सुमन, साहित्य अकादमी, दिल्ली; दकास्मा., १९७१; ५२-५४; हि.। ले. ने आर्यसमाज की शिक्षा-संस्थाओं में शिक्षित दक्षिण भारतीय और उत्तर भारतीय अनेकों व्यक्तियों के दक्षिण में हिन्दी प्रचार कार्य का संक्षिप्त विवरण दे कर निष्कर्ष निकाला है कि आर्यसमाज के कार्यकर्त्ताओं के कार्य के कारण ही दक्षिण में हिन्दी प्रचार इतनी गति से बढ़ पाया है। "दक्षिण के आन्ध्र प्रदेश के हैदराबाद नगर

और तेलंगाना क्षेत्र को छोड़ कर अन्य स्थानों में आर्यसमाज द्वारा प्रभावित हिन्दी प्रचारक कम ही हैं।"

३९५. दयानन्द-शास्त्रार्थ संग्रह; सम्पादकः भवानीलाल भारतीय, राजकीय कालिज, अजमेर; वेवा., २३।१; ११.१९७०; ३-१९०; हि० । इस में दयानन्द सरस्वती के काशी, हुगली, मेलाचांदापुर, जालन्धर, अजमेर, बरेली और मसूदा के शास्त्रार्थों का आलोचनात्मक भूमिकाओं और टिप्पणियों सहित सम्पादन किया गया है। प्राक्कथन में आधारभूत सामग्री का विवरण भी दिया गया है।

२०. नासदीयसूक्तम् (भाववृत्तीयम्) (ऋ. १०.१२९); अरविन्दमतमनुसृत्य केनचित् लिखितम्; विषयसूच्यां त्वरविन्दस्यैव नामांकितमस्तिः; गुप., २३.१-२; ६-१०.१९७०; २२-३१; सं.।

३९६. परिशिष्ट (१); भवानी लाल भारतीय; वेवा., २३.२; १२.१९७०; २२-२६; स., हि०। काशी के पंडितों की ओर से प्रत्नकम्रनन्दिनी (Hindu Commentator), १२.१८६९ में प्रकाशित काशी-शास्त्रार्थ के विवरण से दयानन्द की विजय के संकेतक कतिपय अंशों को प्रस्तुत करने वाले, 'आर्य दर्पण' के सम्पादक को भेजे गए पत्र का सटिप्पण संकलन है।

३९७. द्वितीय परिशिष्ट; सम्पादकः भवानी लाल भारतीय; वेवा., २३.२; १२.१९७०; २७-५४; स.; हि०। सत्यव्रत सामश्रमी द्वारा प्रत्नकम्रनन्दिनी १२.१८६९ में प्रकाशित (स्वा. दयानन्द और पण्डितों के) काशी शास्त्रार्थ-विवरण का [illegible] [illegible] शोधित के हिन्दी अनुवाद सहित द्वितीय संस्करण के आधार पर नए हिन्दी अनुवाद के साथ; व्याख्यात्मक, तुलनात्मक और आलोचनात्मक टिप्पणियों से युक्त नया संस्करण है। दयानंद शास्त्रार्थ में पराजित नहीं हुए। मूर्तिपूजा वैदिक सिद्ध न की जा सकी। पण्डित वृन्द अनेकशः निग्रह स्थानों में पड़ कर पराजित हुए।

३९८. परिशिष्ट (३) सहायक ग्रन्थ सूची; भवानी लाल भारतीय; वेवा., २३.२; १२.१९७०; ५५; हि० । इस में दयानन्दशास्त्रार्थसंग्रह के सम्पादन के उपजीव्य ग्रन्थों की सूची दी गई है।

३९९. प्रकृति की सत्ता; रामेश्वर दयाल गुप्त, असिस्टेंट इन्जीनियर, रानी बाजार, बीकानेर; आर्यों का त्रैतवाद., १.१; १०.१९७०; खण्ड १; १-१९ हि.। इस में त्रैतवाद के जड़तत्त्व प्रकृति का विवेचन किया गया है। भौतिकवादी भी परमाणु को नित्य मानते हैं। प्रोटोन में सत्ता है, बुद्धि नहीं। संसार को क्षणभंगुर या माया या स्वप्नवत् मानना संभव नहीं। वह सत्य, दीर्घ काल व्यापी और स्वतन्त्र अस्तित्व वाला है। प्रकृति के पदार्थों को देवता कहते हैं, पर वे सात्मा नहीं हैं। न्यूटन के गति के नियम से भी प्रकृति की अचेतनता (-जड़ता) सिद्ध होती है। प्रकृति जीव के सुख और उपभोग के लिए है। प्रकृति में परिवर्तन अन्य तत्त्व के कारण ही होता है, उस में स्वतः विकास नहीं होता है।

३३३. ब्रह्मयज्ञ; रामेश्वर दयाल गुप्त, प्रिंसिपल, टेलीकॉम ट्रेनिंग सेन्टर, आदर्श नगर, जयपुर-४; आर्यों का त्रैतवाद, १.२; १.२.१९७१; १-१५३ (=१५४); हि०।

३९५. भारतीय दर्शन के सम्प्रदाय; सुधीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, सं. वि., राज. वि. वि., जयपुर; भामप्रसा., १९६९; १६प्र+ : ८८+४प्र ५-००; ६-००; ७-५०; हि.।

४००. यज्ञ और भोजन में मांस उन ग्रन्थों का क्या किया जाय जिनमें विधान है?; वी. एन. चौबे, हैदराबाद; गुप. २३.३; १०-११.१९७०; १४७-१५०; हि०। दयानन्द के मत से [illegible] [illegible] प्रामाणिक हैं. शेष [illegible] है। मांस [illegible] प्रयोग निषिद्ध है। [illegible]

पर काम करना चाहिए। आर्यसमाज में कुल चार ही विद्वान् हैं। चतुर्वेदविषयसूची को छपवाना चाहिए।

सुधीर कुमार गुप्त

३६०. **रावणभाष्यम्**; सम्पादकः सुधीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, सं. वि., राज. वि. वि., जयपुर-४; भामग्रशा., १९६७; ग+४+६१+८०; १५-००; सं., हि०।

401. Role of the Arya Samaj in the Social and Cultural Reform in India; Miss Jyotsna Velankar, Maharshi Dayanand College, Bombay; **DCS.**, 1971; **11-13;** E. It presents a survey of Dayananda's work for the social uplift of Hindus with special reference to caste system, women, education and Hindi. Reference has also been made to the objectives of the All India Dayananda Salvation Mission and the role of D.A.V. institutions.

यहां हिन्दुओं के सामाजिक उत्थान के लिए, विशेषतः वर्णव्यवस्था, नारी, शिक्षा एवं हिन्दी के क्षेत्र में दयानन्द द्वारा किये गये कार्य की गवेषणा को प्रस्तुत किया गया है। अखिल भारतीय दयानन्द मुक्ति संघ एवं डी. ए. वी. संस्थाओं का भी निर्देश किया गया है।

सुधीर कुमार गुप्त, प्रीति प्रभा गोयल

१७०. **विनयः**; धर्मदेवो विद्यामार्तण्डः (देवमुनिवानप्रस्थः), ज्वालापुरम्; गुप., २३.१-२; ९-१०.१९७०, ३२; सं.।

७०. **वेद के सम्बन्ध में क्या जानो और क्या भूलो**; ले. स्वा. समर्पणानन्द सरस्वती; प्र० वर्णाश्रम संघ, प्रभात आश्रम, भोला झील (मेरठ); ०-५० पैसे; हि०; समीक्षक: भवानी लाल भारतीय; प्रा. मा., ५०.१६; १.१२.१९७०; हि०।

१३४. **वेदभाष्यपद्धति को दयानन्द सरस्वती की देन**; सुधीर कुमार गुप्त, प्रोफेसर व अध्यक्ष संस्कृत विभाग, एन. आर. ई. सी. कालिज, खुरजा (उ०प्र०); **राज. वि. वि. द्वारा १९५७ में स्वीकृत पीएच.डी.(सं.)का शोधप्रबन्ध**; ६८५; हि.।

१३५. **वैदिक अनुसन्धान के लिए छात्रवृत्ति**; वेवा., २३.३; १.१९७१; ४७; हि०।

४०२. **शब्द प्रमाण**; रामेश्वर दयाल गुप्त असिस्टेंट इंजीनियर, रानी बाजार, बीकानेर; आर्यों का त्रैतवाद, १.१; १०.१९७०; १०-२०; हि०। ले. ने पांच श्रुतिवाक्यों को प्रस्तुत कर उन के अर्थ और भाव विवेचन आदि दे कर त्रैतवाद का स्थापन किया है। इस सम्बन्ध में एककारणवादी अद्वैत और प्रकृतिवाद का निराकरण भी किया गया है।

सुधीर कुमार गुप्त

४०३. **शास्त्रार्थ अजमेर**; सम्पादकः भवानी लाल भारतीय; वेवा., २३.१; ११.१९७०; ११८-१२८; हि.। यह पूर्व के संस्करणों के परिचयात्मक सम्पादकीय के साथ अजमेर में पादरी ग्रे से बाइबल में वर्णित ईश्वर के स्वरूप पर लिखित शास्त्रार्थ का सम्पादन है। दयानन्द का मत था कि बाइबल में ईश्वर का वर्णन विरोधों से युक्त है। पादरी ग्रे ने इन विरोधों का समाधान करने का प्रयास किया।

४०४. **शास्त्रार्थ उदयपुर**; सम्पादकः भवानी लाल भारतीय; वेवा., २३.१; १२.१९७०; ७-२१; हि०। सम्पादकीय में इस शास्त्रार्थ का इतिहास है। यह शास्त्रार्थ दयानन्द का मौलवी अब्दुर्रहमान से ईश्वरीय ज्ञान, वेद की रचना और वैशिष्ट्य, मनुष्य की उत्पत्ति और अन्त, संसार के मनुष्यों की एक वा अनेक जातियां विषयों पर हुआ। दयानन्द के मत में वेद की भाषा केवल विद्या की है। सृष्टि के समय लगभग २ अरब वर्ष पूर्व असंख्य जीवों ने मनुष्य शरीर धारण किया। विद्यासिद्ध धर्म प्रमाण है। वेद को शब्दार्थ सम्बन्ध सहित ईश्वर ने चार ऋषियों के आत्मा और मन में प्रकाशित किया। ईश्वर, जीव और प्रकृति अनादि

हैं। प्रकृति सृष्टि का उपादान कारण है। वेद ही सब ज्ञान का आदि स्रोत, विद्यानुकूल, सब का उपकारक पूर्व विद्वानों को मान्य है। बाइबल, कुरान, पुराण आदि ईश्वरीय ज्ञान नहीं हैं।

४०५. शास्त्रार्थ काशी; सम्पादक: भवानी लाल भारतीय; वेवा., २३.१; ११.१९७०; ९-४४; हि०। यह दयानन्द सरस्वती के पौराणिक पण्डितों के साथ १६.११.१८६९ को काशी में मूर्तिपूजा की अवैदिकता और पुराण शब्द के अर्थ आदि पर हुए शास्त्रार्थ का हि. अ. और टिप्पणियों सहित सम्पादन है। सम्पादकीय में शास्त्रार्थ विषयक विविध सामग्री, तत्कालीन मित्र, शत्रु और उदासीनों की प्रतिक्रिया, दयानन्द की पराजय के प्रकाशक ग्रन्थों का विवरण, शास्त्रार्थ का प्रभाव, काशी शास्त्रार्थ के विभिन्न संस्करण तथा तत्सम्बन्धी साहित्य का लेखा प्रस्तुत किया गया है।

४०६. शास्त्रार्थ जालंधर; सम्पादक भवानी लाल भारतीय; वेवा., २३.१; ११.१९७०; १०५-११७; हि०। यह पूर्व के संस्करणों और विवरणों के परिचयकारक सम्पादकीय के साथ जालन्धर में 'पुनर्जन्म और चमत्कार' पर दयानन्द और अहमद हुसैन के शास्त्रार्थ का सम्पादन है। इस्लाम के मत में चमत्कार मनुष्य स्वभाव के प्रतिकूल और ईश्वर का कर्म है। दयानन्द मानते हैं कि ऐसा चमत्कार ईश्वर कभी नहीं करता है। उस की शक्ति की भी सीमा है। मौलवियों के मत में प्रकृति और आकार नाशवान् है और इस लिए पुनर्जन्म नहीं होता। दयानन्द मूल कारण में सूक्ष्म आकृति को निहित मानते हैं। मूल कारण सनातन है। अतः पुनर्जन्म होता है।

४०७. शास्त्रार्थ मथुरा; सम्पादक: भवानी लाल भारतीय; वेवा०, २३.१; ११.१९७०; १७२-१९०; हि०। सम्पादकीय वक्तव्य में इस शास्त्रार्थ का काल और इतिहास है। इस में दयानन्द के दो शास्त्रार्थ हैं— १. मुंह पर पट्टी बांधने और गर्म जल पीने आदि पर जैन साधु सिद्धकरण से लिखित विचारविमर्श है। २. कबीर पर कतिपय आक्षेप हैं। इस में बिहारीलाल ईसाई पादरी और राव साहब बहादुरसिंह मसूदा के स्वामी दयानन्द की मध्यस्थता में विश्वास या ईमान पर हुए विचार का भी विवरण है।

४०८. शास्त्रार्थ हुगली; सम्पादक भवानी लाल भारतीय; वेवा., २३.१; ११.१९७०; ४५-७०; हि०। यह प्रतिमापूजा की वैदिकता और अवैदिकता पर स्वामी दयानन्द और ताराचरण के हुगली में हुए शास्त्रार्थ का सम्पादन है। सम्पादकीय में इस के पहले के संस्करणों का विवरण दिया गया है। मूल में दयानन्द का मत है कि मूर्तिपूजा वेदादि आप्त ग्रन्थों में विहित नहीं है। मनुष्य के मर कर पितृलोक जाने और यहां पितरोपासना शास्त्र सिद्ध नहीं हैं। ब्रह्मविद्या का मूर्तिपूजन से कोई प्रसंग नहीं हैं। प्रमाण या परिमाण करने का साधन ही प्रतिमा है। पुराण विशेषण पद है और 'पुराना' का वाचक है। शतपथ आदि ब्राह्मण ही पुराण हैं। अठारह पुराण साम्प्रदायिक हैं। व्यास रचित नहीं हैं। देव शब्द परमात्मा और मन्त्रों का वाचक है। अग्नि आदि परमेश्वर के नाम हैं। तोबा आदि से पापहीन हो कर मुक्ति नहीं होती है। योग और न्याय के अनेक सूत्रों और मनु के कतिपय श्लोक आदि का हिन्दी में व्याख्यान भी है।

४०९. श्री शंकराचार्य निरंजन देव का ब्यावर में चातुर्मास; प्रेम राज आर्य, अजमेर; आ. मा., ५०.२१; १.१.१९७१; १२-१३; हि०। शंकराचार्य के मूर्तिपूजाविषयक विचारों का युक्ति और प्रमाणों के द्वारा खण्डन किया गया है।

४५. श्वेताश्वतरोपनिषद्; ले. जगत् कुमार शास्त्री; प्र० मधुर प्रकाशन, आर्यसमाज, बाजार सीताराम, दिल्ली ६; ४-७७; हि०; समीक्षक: भवानीलाल भारतीय; आ. मा., ५०.१९; १.१२.१९७०; १४; हि०।

२२७. **संस्कृत भाषा और साहित्य को आर्य समाज की देन**; भवानी लाल भारतीय, मन्त्री आर्य प्रतिनिधि सभा, राजस्थान, प्राध्यापक हिन्दी विभाग, राजकीय कालिज. अजमेर; **दकास्मा.**, १६७०; ३१–३३; हि० ।

४१०. **सत्यधर्म-विचार-मेला-चांदापुर**; सम्पादक: भवानी लाल भारतीय; **वेवा.**, २३.१; ११. १६७०; ७१–१०४; हि० । चांदापुर में सब धर्माचार्यों के पारस्परिक विचार विनिमय के लिए आयोजित मेले में ईश्वर, सृष्टि और मुक्ति पर दयानन्द के अन्य धर्मों के प्रतिनिधियों से वार्तालाप के सारांश का, सम्पादकीय में इस के पूर्व संस्करणों आदि के विवरण के साथ सम्पादन है । दयानन्द का मत है कि जगत् को ईश्वर ने प्रकृति से बनाया । सृष्टि की उत्पत्ति और प्रलय प्रवाह से अनादि और अनन्त हैं । आर्यावर्त से ही सब देशों में विद्या फैली । ईश्वर जगत् को अपने सामर्थ्य की सफलता और जीवों के सुख के लिए बनाता है । ईश्वर, जीव और प्रकृति अनादि हैं । सब दुःखों से छूट कर, जन्म मरण के चक्र से बच कर ईश्वर को प्राप्त हो आनंद में रहना ही मुक्ति है । यह सत्याचरण आदि से प्राप्त होती है । ईश्वर सदा ठीक-ठीक न्याय पर ही रहता है । आवागमन कर्मानुसार होता है । इन विषयों पर ईसाई और इस्लाम मतों की मान्यताएं भी हैं ।

५३. संस्कारसमुच्चय; ले० मदन मोहन विद्यासागर; प्र० रामलाल कपूर ट्रस्ट, सोनीपत; १२–००; समीक्षक भवानी लाल भारतीय; आ. मा., ५०.२०; १५.१२.१६७०; १५ : २–१६ : १ हि० ।

४११. सत्यार्थ सुधा; जगदीश विद्यार्थी, प्र० आर्यकुमार सभा, किंग्जवे, दिल्ली; १–००; समीक्षक: भवानी लाल भारतीय; आ.मा., ५०. २१; १.१.१६७१; १६:१; हि० । दयानन्द सरस्वती के सत्यार्थप्रकाश के पहले १० समुल्लासों का सरल और सुगम भाषा में सार है ।

४१२. **सत्यासत्य–विवेक–शास्त्रार्थ–बरेली**; सम्पादकः भवानी लाल भारतीय; **वेवा.**, २३.१; ११.१६७०; २६–१७१; हि० । सम्पादकीय में पूर्व संस्करणों और शास्त्रार्थ का परिचय है । इस शास्त्रार्थ में आवागमन, अवतार और ईश्वर द्वारा अपराधों को क्षमा करने के विषय में दयानन्द द्वारा ईसाई विचारों पर शंका और पादरी टी. जी. स्काट द्वारा उन का समाधान है । इस में ईश्वर, जीव और कर्मफल के स्वरूप आदि पर दोनों पक्षों के विचार हैं । दयानन्द के मत में अंग्रेजी जानने वाला वेदमत का निर्णायक नहीं हो सकता । संस्कृतज्ञ का ही यह काम है ।

४१३ **सिद्धान्त-शतकम् आर्यभावाभाष्योपेतम्**; ले. जयदत्त शास्त्री; सम्पादक, प्र०–युधिष्ठिर मीमांसक; **वेवा.**, २३.३; १.१६७१; ३३–४०; सं., हि० । अत्र चतुर्षु अध्यायेषु मध्ययुगीनपद्धतिमनुसृत्य निर्मितासु १०० कारिकासु वेदप्रतिपादितानामृषिदयानन्दाभिमतानां सिद्धान्तानां निरूपणमस्ति । प्रथमाध्यायस्य १२ कारिकासु ईश्वरं नमस्कृत्य जगतो विचारे कतिपयप्रश्नानामवतारो विद्यते ।

वेदप्रतिपादित एवं ऋषि दयानन्दस्वामी द्वारा स्वीकृत आर्ष सिद्धान्तों का मध्ययुगीन दार्शनिक पद्धति पर कारिकाबद्ध निरूपण है । ये कारिकाएं १०० हैं और चार अध्याय हैं । प्रथम अ० की पहली १२ कारिकाओं में ईश्वर को नमस्कार कर जगत् के विचार के सम्बन्ध में कतिपय प्रश्नों की अवतरणा की गई है ।

४१४. **हिन्दी साहित्य को आर्यसमाज की देन**; ले. क्षेम चन्द्र 'सुमन'; प्र० मधुर प्रकाशन, बाजार सीताराम, दिल्ली–६; ४–००; **समीक्षक:** भवानी लाल भारतीय; **आ०मा०, ५०.२०;** १५.१२.७०; १६:१–२; हि० । यह एक अभिभाषण का संशोधित और परिवर्धित रूप है । समीक्षा में एतद्विषयक अन्य शोधों की सूचना दी गई है ।

४१५. सार्वदेशिक सभान्तर्गत वैदिक अनुसंधान विभाग के अध्यक्ष आचार्य वैद्यनाथ शास्त्री-व्यक्तित्व तथा कृतित्व; भवानी लाल भारतीय; आ. मा., ५०.२०; १५.१२.१९७०; २-३; हि० । यह वैद्यनाथ के जीवन और कृतियों का संक्षिप्त परिचय है ।

४१६. हिन्दी गद्य के जन्मदाता: महर्षि दयानन्द; सत्यव्रत, प्राध्यापक, हि. वि., उस्मानिया वि. वि.; दयास्मा., १९७१; ४२-४४; हि. । सर्वप्रथम दयानन्द ने भागवत खण्डन प्रकाशित कर हिन्दी गद्य का सूत्रपात किया । उसे अपने प्रवचनों और ग्रन्थों से समृद्ध किया । लेख में दयानन्द की भारतेन्दु के कार्य से तुलना कर माना गया है कि भारतेन्दु को हिन्दी के गद्य का जन्मदाता मानना अनैतिहासिक है । ले. ने दयानन्द का साहित्य, भक्ति, विचारात्मक गद्य और व्याख्यान के क्षेत्रों में मूल्यांकन भी किया है ।

सुधीर कुमार गुप्त

अध्यात्म (Spiritualism)

३३३. ब्रह्मयज्ञ; रामेश्वर दयाल गुप्त, प्रिंसिपल, टेलीकाम ट्रेनिंग सेन्टर, आदर्शनगर, जयपुर-४; आर्यों का त्रैतवाद, १.२; १.२.१९७१; १-१५३; (=१५४); हि० ।

१६. ऋग्वेद का इन्द्र, इन्द्राणी और वृषाकपि का सम्वाद; रामनाथ वेदालंकार; गुप०, २३.१-२; ९-१०.१९७०; ७०-७९; हि० ।

७५. ऋग्वेद के ऋषि और उन का सन्देश और दर्शन; सुधीर कुमार गुप्त,; प्राध्यापक, सं. वि., राजस्थान वि. वि., जयपुर-४; भामप्रशा., १९६७; ६४; ८-७०; पं., हि. ।

१२९. ऋग्वेद में गोतत्त्व; (टंकित); बद्री प्रसाद पंचोली, प्राध्यापक, हि. वि., राजकीय कालिज, किशनगढ़ (राज०); राज.वि.वि., पीएच. डी. (सं.) का स्वीकृत शोधप्रबन्ध, १९६५; हि० ।

१३०. ऋग्वेद में धन की परिकल्पना; (टंकित); ले. श्रद्धा चौहान, जोधपुर; जोधपुर वि. वि., पीएच. डी. (सं.) का स्वीकृत शोधप्रबन्ध, १९७०; १-२९३; हि० ।

८०. एक आध्यात्मिक विवेचन-ऋतुराज वसंत; रामनारायण शर्मा, भू. पू. उपनिदेशक, शिक्षा विभाग, (राजस्थान); रा. प., ३१.१.१९७१; ३-४; हि० ।

131. Ṛṣis of the Ṛgveda; Laxmi Narain Sharma; Thesis approved for the Ph.D. Degree of the Raj. Univ. 1962; *6+9+393+5; H.*

५. पञ्चवृत्ति मुख्य प्राण; गुप०; २३.१-२; ९-१०.१९७०; १०३; हि० ।

२४. ब्रह्मगवी; बद्री प्रसाद पंचोली, प्रवक्ता, हिन्दी विभाग, राजकीय कॉलेज, अजमेर; गुप., २३.१-२; ९-१०.१९७०; ८५-८७; हि० ।

४१७. विश्वशांति की खोज; ब्रजनारायण मेहरोत्रा; प्र० रघु साहित्य प्रकाशन, कानपुर; समीक्षा; सागरिका, ९.२; २०२७ वि.; सं । ग्रन्थेऽस्मिन् लेखकेन प्रतीकात्मकशैल्यां स्वाध्यात्मिकानुभूतयोऽभिव्यक्ताः ।

इस ग्रन्थ में ले. ने प्रतीकात्मक शैली से अपनी आध्यात्मिक अनुभूतियों को व्यक्त किया है ।

प्रभाकर शर्मा

१४. हे मनुष्यो ! अपनी आत्मा को देखो; (वैदिक विनय से उद्धृत); वेवा., २३.३; १.१९७१; १-२; हि. ।

75. Seers Of The Ṛgveda Their Message And Philosophy (With Hindi Translation); Sudhir Kumar Gupta, Reader. Deptt. of Skt., Univ. of Raj., Jaipur; BMAS., 1967; 61; 8-60; E., H.

मनोविज्ञान (Psychology)

४१८. **कठपुतलियां और मानसिक रोगोपचार**; देवीलाल सामर, उदयपुर; **लोककला**, २०; ७.१९७०; १-५९; हि० । कठपुतलियां अब तक हमारे लिये केवल मनोरंजन का साधन रही हैं। शैक्षणिक उपयोग तथा मानसिक रोगोपचार की दृष्टि से भी ये बड़ी कारगर सिद्ध हो सकती हैं, इस ओर हमारा ध्यान प्रायः नहीं के बराबर गया है। पिछले कुछ वर्षों से कठपुतली कला विशेषज्ञ देवीलाल सामर ने इस क्षेत्र में कई अभिनव प्रयोगों द्वारा कठपुतलियों की विविधरूपा उपयोगिता के माध्यम से अनुसंधित्सुओं तथा प्रयोगियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है। वस्तुतः मानवी पात्रों में कठपुतली पात्रों से अधिक कृत्रिमता है। ले० ने मानसिक मंतव्यों के प्रतीक के रूप में कठपुतलियों द्वारा मनोपचार करने के प्रकार बताए हैं। कठपुतलियां दुःखी और अभाव ग्रस्त बालक के लिए नया वातावरण उपस्थित कर उसे ग्रन्थियों से मुक्त कर देती हैं। कठपुतलियों से दबी हुई वृत्तियों का विकास कर के रोगी को स्वस्थ किया जा सकता है। ऐसे बच्चे जिन्हें मानसिक शिराओं के बिखराव का रोग है, जिनका वाचन सदोष है, जो हकलाते हैं, बोलते हुए सकुचाते हैं उनके लिए पुतलियां रामबाण औषध बन सकती हैं। शब्दचयन, भाषा-प्रांजल्य तथा विचारसंयोजन की दृष्टि से भी ये पुतलियां बड़ी महत्त्वपूर्ण सिद्ध हुई हैं। इनसे सृजनात्मक आनन्द, प्रौढ़ समुदाय की विशिष्ट समस्याओं का समाधान और रोगों. भून और मनोसत व्यवहार का उपचार किये जा सकते हैं। नाट्यवाचन से रोगी को पहचाना जा सकता है। लेख और कठपुतली निर्माण में रोगी को पूर्ण स्वतन्त्रता अभीष्ट है। इस दृष्टि से ले. ने इस लेख में मानसिक रोगोपचार के कई महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं का गहरा विश्लेषण किया है, कठपुतलियों के माध्यम से उनका सहज सुगम हल बताया है तथा अपने निजी अनुभवों के आधार पर इस विषय की समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत किया है।

महेन्द्र भानावत

दार्शनिक परिकल्प (Philosophical Concepts)

७१. **अग्निसंहिता रहस्यविदां सिद्धान्तः**; (आर्यपत्रिकायां प्रकाशिताग्निसूक्तानां प्रस्तावनातः संकलिताः सन्दर्भाः); अरविन्दः, अनुवादकस्य नाम न प्रत्तम्; गुप., २३.१-२; ९-१०.१९७०; ४०-४४; सं. ।

३१९. **अद्वय और अद्वैत : एक समीक्षात्मक टिप्पणी**; करुणेश शुक्ल, गोरखपुर, भारत; **गोपुविविशोप.**, १९६९-७०; १०-१५; हि० ।

३५१. **अद्वैतवेदान्ते प्रतिबिम्बवादः**; केशव प्रसाद पाठकः, शोधकः; **सागरिका**, ९.२; २०२७ वि.; २०५-२०८; सं. ।

३५२. **अद्वैतवेदान्ते मोक्षस्वरूपम्**; राममूर्ति शर्मा; **सागरिका**, ९.२; २०२७ वि.; १९१-१९६; सं. ।

३५३. **आगमिक ईश्वरवाद तथा शंकर अद्वैत या ब्रह्मवाद**; राममूर्ति त्रिपाठी, अध्यक्ष स्नातकोत्तर हि. वि., विक्रम वि. वि., उज्जैन; **उमकव.**, १९७०; १८७-१९२; हि० ।

320. **Ātman in Buddhist Philosophy : Viewpoints of the Buddha** (Summary Only); Karunesha Shukla, Gorakhpur, India; Proceedings of the XXVI International Congress of Orientalists, Vol. III, Part I; E.

४२. **आलम्भ यज्ञ**; बद्री प्रसाद पंचोली, प्राध्यापक, राजकीय महाविद्यालय, किशनगढ़; **पुरासंहिस.**; २; ७ १९६७; ४७-६३; हि० ।

४१९. **इतिहास-दर्शन का स्वरूप**; यशदेव शल्य, उपनिदेशक, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर; **तत्वचिन्तन**, ३.२; ४.१९७१;

77. **Try'ambaka (the Genesis of the Concept)**; Sadashiva Ambadas Dange, Bombay; **JOI.**, XIX, 3; 3.1970; 223-227; E.

356. **The Theory of Appearance in Śaṁkara Vedānta**; Satya Deva Mishra, Senior Research Fellow, CASPh., Univ. of Madras, Madras; **IPhA**, 5;1969; 272-290; E.

322. **Diṅnāga's Remarks on the Concept of Anumeya**; Bimal Krishna Matilal, Associate Prof., Deptt of East Asian Studies, Univ. of Toronto, Toronto 5, Ontaries Canada; **UMCV.**, 1970; **151-160**; E.

३३८. **न्यायदर्शने त्रिलोचनमतविमर्शः**; किशोर नाथ झा, सीनियर रिसर्च फैलो, कामेश्वर सिंह, सं०वि०वि०, दरभंगा; **उमकव०**, १९७०; २०६-२१३; सं० ।

४२१. **परोपकार परीक्षा**; स्व० योगी ब्र० जगन्नाथ 'पथिक'; **वेवा.**, २३.३; १.१९७१; ३-७; हि० । निष्काम कर्म 'परोपकार' सामाजिक कर्म है, इस में कामना मात्र और उस के स्रोत 'अहंभाव' का सर्वथा अभाव रहना आवश्यक है । सर्वविध स्व के भाव से हीन परहितार्थ कर्म परोपकार है । इस में आसक्ति का अभाव और आत्मसाक्षात्कार अनिवार्य हैं । विवेकी पुरुष दिव्य महाशक्ति की प्रेरणा से काम करता है । आत्मीय जनों में आसक्ति मोह है । अन्यों के दुःखों से द्रवित हो सहायक होना दया—परोपकार है । इस में अपने-पराये का भेद मिट जाता है ।

सुवीर कुमार गुप्त

३९९. **प्रकृति की सत्ता**; रामेश्वर दयाल गुप्त, असिस्टेंट इंजीनियर, रानी बाजार, बीकानेर; **आर्यों का त्रैतवाद**, १.१; १०.१९७०; खण्ड १; १-१९; हि० ।

78. **Philosophical Concepts in the Hymn of Creation**; Satya Prakash Singh, Aligarh (India); **Rtam**, I.2; 1970; 39-46; E.

23. **Bṛhaspati Und Indra**; Au Von Hanns-Peter Schmidt; Otto Harrassowits, Wiesbaden; Reviewer : V. G. Rahurkar; **ABORI.**, L. I-IV; 1969; **109-112**; E.

७३. **वैदिक देववाद**; सत्यकाम वर्मा; गुप०, १३.१-२; ९-१०.१९७०; १०४-११३ हि० ।

363. **Śaṁkara's Doctrine of Nescience in the Context of Present Day Science**; Ajit Kumar Sinha, Kurukshetra, India; **Ṛtam**, I. 2; 1970; **55-68**; E.

४०२. **शब्द प्रमाण**; रामेश्वर दयाल गुप्त, असिस्टेंट इंजीनियर, रानी बाजार, बीकानेर; **आर्यों का त्रैतवाद**; १.१; १०.१९७०; १०-२०; हि० ।

३६४. **शाङ्कर वेदान्त में ईश्वरवाद**; योगेश पाण्डेय, सं० वि०, सागर वि० वि०, सागर; **उमकव.**, १९७०; २१५-२४७; हि० ।

४०३. **शास्त्रार्थ अजमेर**, सम्पादक भवानी लाल भारतीय; **वेवा०**, २३.१; ११.१९७०; ११८-१२८; हि० ।

१५८. **श्रौतं तारावुधचन्द्रतत्त्वम्**; वेंकटरमण शास्त्री, जामदग्न्यः, गोकर्ण क्षेत्र; **गुप०**, २३.१-२; ९-१०.१९७०; ३९; सं० ।

३५. **सत्य का अनुसन्धान कैसे करें ?**; जयदत्त शास्त्री; **वेवा०**, २३.३; १.१९७१; ८-१६; हि० ।

४२२. **साधुशक्ति**; रामजी उपाध्याय; **स्मारिका हि० वि० प० हा०**, १९७०; ५९-६१; हि० । लोकैषणा से युक्त होने पर भी ऋषियों ने वैदिक ज्ञान दिया । आचार्यों ने आनुषंगिक ज्ञान और दर्शन दिया । वानप्रस्थी सदैव समाज के हित में तत्पर थे । ये ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर संन्यासी वन लोक में विचरण करते थे, मैत्री की भावना बढ़ाते थे । साधु सदा भारत की सर्वाङ्गीण प्रगति में योग देते रहे हैं । उन्हों ने त्याग और मुक्ति का मार्ग

दिखाया है। वैदिक और जैन मुनियों का विशेष वर्णन किया गया है।

सुधीर कुमार गुप्त

भारतीय संस्कृति (Indian Culture)

१५. अन्नदान प्रशंसा; रामचन्द्र वामन कुम्भारे, प्रोफेसर ऑफ संस्कृत, वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली; पूरासंहिस०, २; ७.१९६७; ६८-७१; हि०।

१९५. कालिदास की कृतियों में अवस्था-भेद; बलदेवसिंह, रीडर, सं० वि०, कुरुक्षेत्र वि० वि०, कुरुक्षेत्र (हरियाणा); पूरासंहिस०, १९६७-६८; १०१-१०८; हि०।

१९६. कालिदास की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि; कल्याण शुक्ल, गोरखपुर; गोरखपुर विश्वविद्यालय पत्रिका; १९६०-६१; ३१-३८; हि.।

423. A Note on the Study of Feasts and Festivities of The Hindus; Chintaharan Chakravarti, 28/3 B, Sahanagar Road, Kalighat, Calcutta-26; **UMCV**, 970; 771-773; E. The author points out the importance of a properly organised study by a band of scholars belonging to different parts of the country of the feasts, festivals and rites, which are *celebrated or performed in different ways* in various parts of the country. He lays down some points for this study. He also desires a study of folk deities, whose identity is generally unknown.

ले० ने देश के विभिन्न भागों के निवासी विद्वानों के समुदाय द्वारा देश के विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न रूपों में मनाए जाने या सम्पन्न होने वाले भोजों, पर्वों और क्रियाओं के सुव्यवस्थित अध्ययन का महत्त्व बताया है। वह इस अध्ययन के लिए कुछ बिन्दु भी उपस्थित करते हैं। वह उन लोक देवताओं के अध्ययन को भी आवश्यक मानते हैं जिन की पहचान सामान्यतः अज्ञात है।

सुधीर कुमार गुप्त

८३. प्राचीन भारत में गोमांस एक समीक्षा; प्र० मोतीलाल जालान; गीता प्रेस, गोरखपुर; २३६; २-००; हि०; समीक्षा; गुप०, २३.३; १०-११.१९७०; १३४; सं०।

३८. बृहस्पति द्वारा फालमणि-बन्धन; भगवद्दत्त वेदालङ्कार; गुप०, २३.१-२; ९-१०. १९७०; ९७-१०२; हि०।

४२४. भारतीय कामशिल्पमीमांसा; सुरेश र देशपांडे; नभा., १०.१९७०; ३८-४३; म०। जरी जगाच्या अन्य भागा तही स्त्रीपुरुषांच्या समागमाची शिल्पे मिळतात तरी भारतात जितकी कामशास्त्रीय सूक्ष्मता आणि विविधता दृष्टीस पडते तितकी दुसरी कडे कुठे ही नाही. इ. स. पू. ३०००च्या मोहेंजो दरो अवशेषा तही नर्तिका दिसते ती प्राचीनतम ज्ञात कामशिल्प आहे. शुंग, कुषाण, सातवाहन आदि राजांच्या काळात पुष्कल कामशिल्पे दिसतात. प्राचीन कालापासून "काम" विषयक "शास्त्र" भारतात विकसित झाले. तसेच शाक्त, कौल कापालिक इत्यादी पंथात स्त्रीपुरुष-संयोगाला स्थान आहे. म्हणून कामशास्त्राचे अध्यापन हा कामशिल्पांचा हेतु असावा. कामशिल्प शिल्पकलेची ह्रासावस्था सुचवते.

यद्यपि विश्व के अन्य भागों में भी स्त्री-पुरुष-समागम का शिल्प में चित्रीकरण मिलता है तथापि भारत में कामशास्त्र दृष्ट्या जितनी सूक्ष्मता और विविधता दीख पड़ती है उतनी [illegible] भी नहीं। ई० पू० ३००० के मोहेंजो दरो के अवशेषों में जो नर्तिका मिलती है, वह प्राचीनतम ज्ञात कामशिल्प है। शुंग, कुषाण, सातवाहन आदि के कालों में बहुत से कामशिल्प प्राप्त होते हैं। प्राचीन काल से "काम" विषयक "शास्त्र" भारत में विकसित हुआ है। इसी तरह शाक्त, कौल और कापालिक आदि पंथों में स्त्रीपुरुष संयोग का प्रमुख स्थान था। अतः कामशास्त्र का अध्यापन करना ही इन कामशिल्पों का हेतु हो सकता है।

ामशिल्प शिल्पकला की ह्रासावस्था का भी निर्दे-न करता है।

गणेश उमाकांत थिटे

२१३. क्षेमेन्द्रकृत बृहत्कथामञ्जरी में भारतीय संस्कृति तथा सामाजिक आधुनिक विचारधारा; श्रीमत.) प्रतिभा तिवारी, अध्यक्षा, संस्कृत विभाग, महिला कालिज, लखनऊ; उमकव., १९७०; ४६६-४७५; हि० ।

८२. धर्म के हिन्दू सिद्धान्त की उत्पत्ति एवं विकास; रणजीतसिंह, प्राध्यापक, इति. वि., इलाहाबाद वि. वि., इलाहाबाद; उमकव., १९७०; ३०१-३२६; हि० ।

८४. भारतीय संस्कृति के मूल तत्त्व; प्रभु दयाल अग्निहोत्री; स्मारिका हि. वि. प. हा., १९७०; ४५-५१; हि० ।

४२५. मकर संक्रान्ति का महत्त्व; वेदव्रत मीमांसक, आर्यसमाज, उज्जैन; वेवा०, २३.३; १.१९७१; २७-३२; ४१-४३; हि० । वर्ष में बारह संक्रांतियां होती हैं। मकर संक्रान्ति सब से महत्त्वपूर्ण है। भूमध्यरेखा से उत्तर और दक्षिण में सूर्य क्रम से दक्षिणायन और उत्तरायण होता है। परन्तु उस पर्व के मूल में यह परिवर्तन नहीं है, प्रत्युत प्रेय से श्रेय की ओर संक्रमण है।

सुधीरकुमार गुप्त

४२६. मानव कर्त्तव्य दर्पण; ले., प्र. सत्यवीर सिंह सत्यप्रेमी, सेवाश्रम, सपनावत (मेरठ); २-००; हि.; समीक्षा; गुप., २३.३; १०-११.१९७०; १३४; सं. । चतुर्दशाध्यायेषु बहूनि पुस्तकान्यालोच्य यावज्जीवं मनुष्यस्य कर्त्तव्य-ज्ञानानि निरूपितानि सन्ति । देहात्मनोरुन्नत्युपाया अपि दर्शिताः सन्ति ।

चार अध्यायों में अनेक पुस्तकों के आधार पर मनुष्य के समस्त जीवन के कर्त्तव्य बताए गए हैं। शरीर और आत्मा की उन्नति के उपाय भी दर्शाए गए हैं।

५२. मूलविधिः स्वरूप आणि उगम; प्रभाकर भा. मांडे; नभा., १०.१९७०; २१-२८; म० ।

८५. मेघदूत की वैदिक पृष्ठभूमि और उसका साँस्कृतिक सन्देश; सुधीर कुमार गुप्त; भारती मन्दिर, नई बस्ती, खुरजा; ५.१९५४; १-३७; ०-६०; हि० ।

४२७. राजस्थानी लोकगीतों में चित्रित अन्धविश्वास; जगमाल सिंह ग्रामीण, सिरोही; यूरासंहिस., १९६८-६९; १८१-१९१; हि० । इस में विभिन्न गीतों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राजस्थानी जन-जीवन में प्रचलित अन्धविश्वासों का उल्लेख किया गया है। ये अन्ध-विश्वास भारतीय संस्कृति द्वारा विरासत में प्राप्त वह सम्पत्ति है जिस को पैतृक सम्पत्ति समझ कर आज भी भारतीय जनता छोड़ने को तैयार नहीं है। ये अन्ध-विश्वास भारतीय जनता के उस समय के साथी एवं सम्बल हैं, जब उस का विवेक कुंठित हो जाता है तथा सामर्थ्य जवाब दे देता है।

मनमोहन अग्रवाल

87. **Recognition of Merit in Caste System in Ancient India;** Jogi Raj Basu, Professor and Head of the Deptt. of Skt., Gauhati Univ., Gauhati; **UMCV., 1970; 685-694; E.**

324. **Life in North-Eastern India in Pre-Mauryan Times;** (With special reference to C. 600 B. C.—325 B. C.); Madan Mohan Singh; Pub. Motilal Banarasi Dass, Delhi; 1967; **xxv+308;** 25-00; Rev. Thomas R. Trautmann; **JRAS (GBI).,** 1.1970; 83; E.

304. **Was It Permissible For a Saṃnyāsi (Monk) To Revert To Lay Life?;** Y. Krishan; **ABORI**, 1-IV;1969; 75-89; E.

१२६. वेदलावण्यम्; सुधीर कुमार गुप्त, आचार्य सं. वि., गोरखपुर वि वि., गोरखपुर; प्र. भामप्रका., ४२८; सं०, हि० ।

[उपनयनसूत्रों की भूमिका में शूद्रों की स्थिति और ऋ. १०.९०.११-१२; २.१२.६; १०.१२५.५ पर विचार विशेष दर्शनीय हैं।]

८६. वैदिक वाङ्मय में गोहत्या या गोरक्षा? जयदेव, गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार; गुप०, २३.३; १०-११.१९७०; १४२-१४६; हि०।

४२८. शास्त्रीय व्रतों के सामान्य विधि-विधान; लक्ष्मी शर्मा, वनस्थली; शोप., २१.२; ७, ६.१९७०; १७-२६; हि०। व्रतों के दो विधान हैं—शास्त्रीय और लौकिक। प्रस्तुत लेख में शास्त्रीय व्रतों में विधिविधानों का उल्लेख करते हुए व्रत के अधिकारी, अशक्तावस्था और अशुद्धावस्था में व्रतानुष्ठान, व्रतानुष्ठान में प्रतिनिधि, व्रतकर्ता और व्रत का वातावरण, व्रत के विधि-विधान, व्रत की समाप्ति और पारणा, व्रत का उद्यापन, व्रतकाल में वर्जनीय कर्म और व्रतभंग पर प्रकाश डाला गया है। देव-पूजा के लिए आवश्यक उपचारों का विशेष वर्णन किया गया है।

नाथूलाल पाठक

९२. संयोजक का वक्तव्य; फतहसिंह, कोटा; स्मारिका हि.वि.प.हा; १९७०; ३३-४१;हि.।

२३२. संस्कृतसाहित्यान्तर्गत विवाह संस्कार; प्रीतिप्रभा गोयल, जोधपुर; जोधपुर वि०वि० पीएच. डी० का शोध प्रबन्ध; १९७१; हि०।

तथा किसी लौकिक व्यक्तित्त्व के रूप में देखा है। परन्तु इन मान्यताओं की सांझीपूजा के विविध पक्षों से संगति नहीं बैठती है। इसके गीतों में सांझी शब्द सन्ध्या का ही रूपान्तर है। उनका भाव और सांझी की आकृति भी इस ओर लक्ष्य करते हैं। यह सन्ध्या ब्रह्मा की मानसी कन्या ही है। इसकी पुष्टि पुराणों के लेखों से होती है। सन्ध्या का एक रूप अरुन्धती भी है। सांझीपूजा का लक्ष्य कन्याओं द्वारा भावी जीवन के सौभाग्य की कामना नहीं है, वरन् अपने कौमार्य की पवित्रता की रक्षा का अनुष्ठान ही उनका उद्देश्य है। यही कारण है कि प्रत्येक कुमारी के लिए समझ आते ही सांझी की पूजा करना अनिवार्य हो जाता है, जिससे सन्ध्या पूजा के फलस्वरूप कोई अशोभनीय घटना उनके जीवन में घटित न हो।

महेन्द्र भानावत

328. **Studies in the Buddhist Culture of India** (during the 7th & 8th centuries A. D.); Lalmani Joshi; Pub. MLBD; 1967; i-xli+538; 30-00; Rev. V.M. Bedekar; **ABORI**, L. I-IV; 1969; 133-135; E.

430 **Hindu Culture with Special Reference to the Domestic Rites and the Temple Rituals**; S. Singaravelu, Lecturer and Ag. Head, Dept. of Indian Studies, Univ. of Malaya, Kuala Lumpur;

हिन्दू मत (Hinduism)

१९. ओषधि; मुंशीराम शर्मा, आर्यनगर, कानपुर; गुप०, २३.१-२; ९-१०.१९७०; ८९-९३; हि० ।

४३१. गागर; ले., प्र० गजेन्द्र सिंह सोलंकी, पत्रकार, बक्शपुरी का कुण्ड, पुरानी धान मण्डी कोटा-६ (राज०); भूमिका ले० फतहसिंह; १४+१५१; ६-००; हि० । आकांक्षा, समर्पण, वन्दना, भारत दर्शन, युग दर्शन, विविध दर्शन, नियति दर्शन और छवि दर्शन नामक आठ शीर्षकों में आदि काल से आज तक के अपने देश के प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक प्रवृत्तियों और शौर्य का चित्रण है ।

सुधीर कुमार गुप्त

४३२. प्रार्थना; हाहिविपस्मा., १९७०; १:२; सं.। मानवस्योत्थानाय, मातृभूमे रक्षायै, जगदुद्धरणाय, ईशकार्यकरणाय यशसे च वयं प्रभुणा प्रेषिताः स्मः ।

हम मानव के उत्थान, मातृभूमि की रक्षा, जगत् के उद्धार, परमेश्वर के कार्य और यश के लिए प्रभु द्वारा भेजे गए हैं ।

४३३. योग्यता फिर सिद्ध करें; आनन्द पाल रघुवंशी, कोटा; हाहिविपस्मा०, १९६०; ६४-६८; हि० । हिन्दू धर्म ने महान् व्यक्ति, महान् दर्शन, वर्णव्यवस्था आदि दिए, पर उन में व्यावहारिकता नहीं है । उन का अस्तित्व खतरे में है । उन्हें सामाजिक पक्ष पर शक्ति केन्द्रित करनी है । विज्ञान और अध्यात्म का मिश्रण कर नया निर्माण करना है । इसी प्रकार के २० और सुझाव दिए गए हैं ।

४३४. विश्व हिन्दू परिषद् कल्पना और विचार; शि० शं० आप्टे, महामन्त्री, विश्व हिन्दू परिषद्; हाहिविपस्मा०, १९७०; ५२-५८; हि० । इस्लाम ईसाई और साम्यवादी धर्मों के भारतीय राष्ट्र के घातक कर्मों की पृष्ठभूमि में हिन्दूओं में आत्मरक्षा के प्रति उद्बोधन, भ्रातृभाव सृजन, नई अनुभूति देने, एकता स्थापन, धर्म सम्वर्द्धन आदि उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विश्व हिन्दू परिषद् की स्थापना की गई है ।

४३५. सात्त्विक हिन्दू शक्ति का जागरण आवश्यक; श्री ५ महेन्द्र वीर विक्रम शाह, नेपाल; हाहिविपस्मा०, १९७०; ४२-४३; हि० । हिन्दू संस्कृति में नेपाल देवभूमि माना गया है । यह परमपावन और एकमात्र हिन्दू राष्ट्र है । श्रुतियों में प्रतिपादित, उदार भाव के संस्थापक, द्वेष आदि से दूर, हिन्दूधर्म के सात्त्विक भावों का धारण करने से ही अभ्युदय हो सकेगा ।

४३६. हिन्दूलक्षणम्; हाहिविपस्मा०, १९७०; ९८; सं, हि० । ऋषीणां शिक्षासु भारतीयमहापुरुषेषु च श्रद्धापरो देशजातिभेदहीनः सदाचारी च जनो हिन्दुर्भवति ।

ऋषियों की शिक्षा और भारत के महापुरुषों को मानने वाला, देश और जाति के भेद से ऊपर सदाचारी जन हिन्दू है ।

कबीरपन्थ (Kabir Sect)

४०७. शास्त्रार्थ मसूदा; सम्पादकः भवानी लाल भारतीय; वेवा०, २३.१; ११.१९७०; १७२-१९०; हि० ।

वैष्णवमत (Vaiṣṇavism)

३५७. ब्रह्मसूत्र और वैष्णवभाष्य; राम कृष्ण आचार्य; बलवन्त राजपूत कालिज, आगरा; प्र. विनोद पुस्तक मन्दिर, हास्पिटल रोड, आगरा; १.१९६०; १+८८; सं., हि० ।

अन्य सम्प्रदाय (Other Sects)

४३७. ब्रह्माकुमारी मत खण्डन; ले. श्रीराम आचार्य; प्र० वैदिक साहित्य प्रकाशन, कासगंज (जिला एटा); ०-६०; समीक्षक भवानी लाल भारतीय; आ. मा., ५०.२१; १.१.१९७१; १६:२; हि० । इस में ब्रह्माकुमारी मत की मान्य-

ताओं पर तीखा प्रहार किया है । समीक्षा में ब्रह्मा-कुमारी मत का परिचय दिया गया है ।

सुधीर कुमार गुप्त

२९५. भारतीय दर्शन के सम्प्रदाय; सुधीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, सं. वि., राज. वि. वि., जयपुर; प्र. भामग्रशा, १९६९; १६अ+२८८+४अ; ५-००; ६-००; ७-५०; हि० ।

ईसाई मत (Christian Religion)

258 God and Evil : Zoroaster And Barth; Eldon R. Hay; **Dalhousie Review,** 49.3; (Autumn) 1969; 369-376; E.

२९५. भारतीय दर्शन के सम्प्रदाय; सुधीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, सं० वि०, राज० वि० वि०, जयपुर; प्र० भामग्रशा०; १९६९; १६अ+२८८+४अ; ५-००; ६-००; ७-५०; हि० ।

438. The Morning Thoughts; सम्पादकः पी० कृष्णमूर्तिः; समीक्षा; सागरिका, ९.२; २०२७ वि०; २२०; सं० । अस्मिन् पुस्तके बाइबलधर्मग्रन्थाद् एकत्रिंशद् वाक्यानि संकलय्य आंग्लभाषायां तेषां विस्तरशो व्याख्या प्रस्तुता ।

इस पुस्तक में बाइबल नामक धर्मग्रन्थ से ३१ वाक्यों का संकलन कर अंग्रेजी भाषा में उन की विस्तृत व्याख्या की गई है ।

प्रभाकर शर्मा

४०३. शास्त्रार्थ अजमेर; सम्पादकः भवानी लाल भारतीय; वेवा०, २३.१; ११.१९७०; ११८-१२८; हि० ।

४०७. शास्त्रार्थ मथुरा; सम्पादकः भवानी लाल भारतीय; वेवा०, २३.१; ११.१९७०; १७२-१९०; हि० ।

४१०ब. सत्यधर्मविचार—मेला चांदापुर; सम्पादक, भवानी लाल भारतीय; वेवा०, २३.१; ११.१९७०; ७१-१०४; हि० । इस में नोबिल और स्काट आदि ईसाई पादरियों द्वारा ईश्वर, सृष्टि और मुक्ति पर दयानन्द के साथ हुए विचार में [illegible] ईसाई मत का सार है ।

इस्लाम (Islam)

२९५. भारतीय दर्शन के सम्प्रदाय; सुधीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, सं० वि०, राज० वि० वि०, जयपुर; प्र० भामग्रशा०, १९६९; १६अ+२८८+४अ; ५-००; ६-००; ७-५०; हि० ।

४०४. शास्त्रार्थ उदयपुर; सम्पादक, भवानी लाल भारतीय; वेवा०, २३.२; १२.१९७०; ७-१२; हि० ।

४०६. शास्त्रार्थ जालंधर; सम्पादक, भवानी लाल भारतीय; वेवा०, २३.१; ११.१९७०; १०५-११७; हि० ।

४१०अ. सत्यधर्मविचार—मेला चांदापुर; सम्पादक, भवानी लाल भारतीय; वेवा०, २३.१; ११.१९७०; ७१-१०४; हि० । इस में मोलवी मुहम्मद द्वारा ईश्वर, सृष्टि और मुक्ति पर दयानन्द सरस्वती के साथ हुए विचार में प्रस्तुत इस्लाम के मत का सार है ।

प्राकृत (Prākṛta)

४३९. जैन प्राकृत ग्रन्थ—"पउम चरिय" की आभरण-कला; छोटे लाल शर्मा, वनस्थली; पुरासंहिस०, १९६८-६९; २७-३५; हि० । वैदिक-युग से सम्बन्ध जोड़ते हुए इस लेख में पउम चरिय में वर्णित दिवांशुक, रंगीन और चित्रित आदि वस्त्रों के प्रकारों, केशविन्यास, कान, गला, हाथ, पैर आदि अंगों के आभूषण और अनुलेपनों का परिचय दिया गया है ।

सुधीर कुमार गुप्त

४४०. जैसलमेरी बोली में प्राकृत एवं अवहट्ट की झलक; दीन दयाल ओझा; विश्व, ६.३; १९७० (२०२७ वि०); १९-२१; हि० । जैसलमेरी बोली में प्राचीन भाषाओं प्राकृत, अप-भ्रंश और अवहट्ट के शब्द (—[illegible]) मूल रूप में विद्यमान हैं । अवहट्ट उत्तर भारत की अपभ्रंश से आधुनिक भाषाओं के [illegible] के बीच की भाषा

है और कीर्तिलता में सुरक्षित है। कीर्तिलता के प्रयोगों और जैसलमेरी के नौ छन्दों में समानता है। ले. ने जैसलमेरी के १४ छन्दों की अपभ्रंश और सं० के छन्दों से तुलना भी दी है।

४४१. **प्राकृत रामकाव्य की छन्दोयोजना;** छोटेलाल, वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली; यूरासंहिस., २; ७.१९६७; ९९-१२८; हि०। छन्दोविधान साधारणीकरण प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। प्राकृत भाषाओं में रामकाव्य विपुल मात्रा में मिलता है। इन में रावणवहो (सेउवहो) का प्रमुख छन्द स्कन्धक है। यह मातृक वृत्त है। अन्तराल छन्द गलितक जाति के हैं। पउमचरिय में आर्या (गाथा) का विशुद्ध प्रयोग है। कवि को कहीं-कहीं गुरु-लघु एवं नासिक्य व्यत्यय के प्रयोग की स्वतन्त्रता का उपयोग करना पड़ा है। अन्तराल और प्रकरणान्त छन्द वर्णवृत्त हैं। ये नाटकीय परिप्रेक्ष्य के वाहक हैं। कवि की प्रवृत्ति मिश्रित वृत्तों की ओर अधिक है। सीयाचरियं में वर्णवृत्तों, आर्या, उद्गीतिका और अपभ्रंश के जाति-छन्दों का प्रयोग है। यहां प्रमुख छन्द आर्या ही है। पउमचरिउ में ८९ छन्दों का प्रयोग है। छन्दनिका और ध्रुवक का वैविध्य से प्रयोग किया गया है। महापुराण (रामायण) खण्ड में प्रयोग प्रणाली ने नया मोड़ लिया है। यहां ध्रुवक और छन्दनिका का भेद मिटा कर कवि ने कलात्मक प्रकृति का परिचय दिया है, उपर्युक्त सभी ग्रन्थों में छन्दःप्रयोग विषयानुकूल है। इस छन्दःप्रयोग के अध्ययन से यह सुव्यक्त है कि जातिवृत्तों का जन्म प्राकृतकाल में, विकास अपभ्रंशकाल में और प्रौढ़ता प्रान्तीय भाषाओं के काल में हुए हैं। अपभ्रंश के उत्तरवर्ती काल में वर्ण जाति के क्षेत्र में ही पुनः अपनी गुणात्मक स्वतन्त्रता प्राप्त करने लगा था। अब यह अपने स्फुट रूप में आ गया है। अपभ्रंश ने छन्दःप्रयोग से नाटकीय तत्वों को काव्य में मिला दिया है। आधुनिक भाषाओं में इन का पुनरुत प्रयोग हुआ है। अपभ्रंश साहित्य ने प्रान्तीय भाषाओं को नाद और चित्रांकन की कला दी हैं। उस की नाटकीय विधान्युक्त छन्दःपरम्परा आज भी प्रांतीय भाषाओं में जीवित है। लेख के अन्त में उपर्युक्त सभी रचनाओं के प्रमुख और अन्तराल छन्दों का नाम, प्रकार, लयनियम, गणनियम, आश्वासक और विशेष शीर्षकों में विश्लेषण दिया गया है।

सुधीर कुमार गुप्त

अपभ्रंश (Apabhraṁśa)

४४२. **अपभ्रंश जैन साहित्य;** देवेन्द्र मुनि शास्त्री; सस्म'. १९ ०; ४५-५२; हि०। अपभ्रंश साहित्य प्राचीन भारतीय साहित्य और आधुनिक भारतीय साहित्य की मध्यवर्ती कड़ी है। यह साहित्य विविध रूपों और विधाओं में उपलब्ध होता है। परम्परागत काव्यात्मक वर्णन, साहित्यिक रूढ़ियों का निर्वाह, लौकिक शास्त्रीय शैलियों का समन्वय, छन्दों की विविधता आदि इस साहित्य की विशेषताएं हैं। ले. ने इस साहित्य के प्रमुख चरितकाव्यों—पउमचरिउ, रिट्ठणेमिचरिउ, णायकुमारचरिउ, जसहरचरिउ, भविसयत्तकहा, करकण्डुचरिउ, सुलोयणाचरिउ आदि तथा मुक्तक काव्यों—परमात्मा प्रकाश, योगसार, दोहा प्राभृत, श्रावकधर्म दोहा आदि का संक्षिप्त परिचय दिया है।

नरेन्द्र भानावत

४४३. **नानक वाणी की भाषा, अपभ्रंश तथा प्राचीन व्रजभाषा;** सत्यपाल गुप्त, होश्यारपुर; यूरासंहिस., १९६८-६९; ५३-५९; हि०। नानक वाणी से तात्पर्य गुरु ग्रन्थ साहिब में प्रथम महला में संकलित गुरु नानक की वाणी से है। यह वाणी १५ वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध तथा १६ वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध की भाषा पर प्रकाश डालती है। आदि ग्रन्थ में वाणियों का संकलन १६०४ ई० में हुआ। उस समय जैसा उच्चारण था, वैसा ही लिपिबद्ध कर दिया गया। नानक वाणी ही हिन्दी का

प्राचीनतम ग्रन्थ है। गुरु नानक की भाषा अपभ्रंश के अधिक समीप है। यहाँ समीकरण, वर्णपरिवर्तन, स्वरविवृत्ति, स्वरसंयोग, परसर्गों का प्रयोग, सर्वनाम (पुरुषवाचक), क्रियारचना अपभ्रंश के समान हैं। ध्वनिसंरचना और पदरचना में यह शौरसेनी अपभ्रंश के अधिक समीप है। इस पर व्रजभाषा का भी प्रभाव है। व्रजभाषा और नानक की बोली में सर्वनाम तथा क्रिया में अधिक समानता है, कुछ प्रयोग पूर्वी हिन्दी के भी हैं। शब्द रूपों में लहंदा और पंजाबी का प्रभाव बहुत अधिक दिखाई पड़ता है। अनेकों देशज शब्द इन्हीं भाषाओं के हैं। क्रियारूप पर खड़ी बोली का भी प्रभाव है। नानक की वाणी क्रमशः विकास को प्राप्त हुई है। अतः नानक की भाषा के विषय में यह मत स्वीकार्य नहीं है कि आदि ग्रन्थ में पंजाबी भाषा का पूर्ववर्ती रूप सुरक्षित है। नानक की वाणी भारत की विभिन्न बोलियों का मिश्रण है, जिस के रूप को लेखकों ने विकृत कर दिया है। आदि ग्रन्थ की बोलियों में मुख्य बोली व्रजभाषा है। ग्रन्थ साहब का बहुत कम अंश बोली जाने वाली पंजाबी पर आश्रित कहा जा सकता है। ग्रन्थ साहब के प्रारम्भ का "जपुजी" इस का एक अच्छा उदाहरण है।

सुधीर कुमार गुप्त, मनमोहन अग्रवाल

आधुनिक भारतीय भाषाएं

(Modern Indian Languages)

उद्देश्य से नये सिरे से सोचने का प्रयास किया है। इस में सिद्ध किया गया है कि गालिब फाकामस्ती के दौर से नहीं गुजरे। 'गालिब शताब्दी समारोह' में वन्दनीय गालिब को देशद्रोही बताया गया है क्यों कि शासक परिवर्तन के साथ गालिब की खुशामद की नीति भी बदलती रही तथा १८५७ में उन्हों ने अंग्रेजों की खुशामद की और क्रांतिकारियों को खंजीर (सूअर) और रुसियाह (पापी) कहा। उर्दू व गालिब एक नहीं हैं क्यों कि गालिब पर मीर, बेदिल इत्यादि का प्रभाव है, तथा उसने फारसी में अधिक लिखा है। तकरीज' व 'दस्तंबू' के अनुवाद परिशिष्ट में देने से पुस्तक की उपादेयता बढ़ी है।

अनिल कुमार गुप्त

४४५. श्रीकृष्ण और उर्दू साहित्य; इकबाल अहमद; विभ. ६.३; १९७०(२०२७वि.); २२-३१; हि०। उर्दू साहित्य की उदार दृष्टि का उल्लेख करते हुए ले. ने उर्दू साहित्य में श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र, घटनाओं और शिक्षाओं से सम्बन्धित बहुत सी नज़्मों, गीतों और गद्य का विवरण दिया है। ले. ने वली मोहम्मद, नजीर अकबराबादी, मुहम्मद मुहसिन काकोरवी, व्रजमोहन दत्तातरिया कैफी देहलवी. वासित बिसवानी, हसरत मोहानी, मुंशी जगन्नाथ प्रसाद शौक निगम देहलवी और सीमाब अकबराबादी का संक्षिप्त जीवन और मूल्यांकन प्रस्तुत करते हुए इन की कृष्ण सम्बन्धी कविताओं से उद्धरण दिए हैं।

सुधीर कुमार गुप्त

नई ऊष्मा और स्फूर्ति प्रदान की तथा उपन्यासकार की दृष्टि को विस्तृत कर दिया। नाटक में कैलासन ने शब्दों में एक अभूतपूर्व अन्तश्चेतना की निष्पत्ति उपलब्ध की। क. नाटक स्वतंत्रता के पश्चात् ह्रसित हो गया। यहां जीवन की समग्रता के लिए कोई अभिरुचि दिखाई नहीं देती है। रंगमंच को केवल मात्र उत्साही अनुरागियों और मनोरंजन के जुटाने वालों के अनुग्रह पर छोड़ दिया गया। अन्ततोगत्वा युवा ले. ने क. नाटक को निष्फल उद्यमों से मुक्ति दिलाई। कुछ 'विषम नाटकों' में प्रशंसनीय सफलता प्राप्त हुई है, जो जगत् में मनुष्य की परिस्थितियों के वैषम्य को प्रस्तुत करते हैं। अब नाटकीय कला में गुणी, गम्भीर और विचारशील लेखकों और मेधावी अभिनेताओं की अभिरुचि जागृत हो गई है। क. नाटक का नया यौवन प्रवृत्त हो चुका है। लेख में अनेक काव्यों, उपन्यासों, लघुकथाओं और नाटकों के रचयिताओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन भी दिया गया है।

तमिल (Tamil)

४६. इक्कीसवें अध्याय में बताया गया है कि दयानन्दभाष्य के सिद्धांतों का आधार वेदादि कृतियों के पूर्व वर्णित वर्णन है। यहां पादटिप्पणियों में पहले अध्यायों के उन स्थलों का निर्देश किया गया है, जिन में दयानन्दभाष्य के सिद्धांतों के अनुरूप विषय प्रतिपादित किया जा चुका है। इस अध्याय में वेद के शब्दार्थ सम्बन्ध के नियत होने की भावना का मूल अर्थानुसारी पदच्छेद की वेदार्थप्रणाली को बताया गया है। वेद के रचनाकाल पर विभिन्न मतों का उल्लेख किया गया है। साथ ही मन्वंतर गणनाक्रम का मूल वेदमंत्रों में दिखाया गया है, परंतु काल-निर्णय की चेष्टा नहीं की गई है क्यों कि वह इस कृति की परिधि से बाहर है।

४७. बाईसवें अध्याय में दयानन्दभाष्य की दृष्टि में वैदिक धर्म का मूल आधार एकेश्वर-वाद बताया गया है। इस के विरोधी मतों की समीक्षा भी की गई है। मानव की ज्ञानप्राप्ति के प्रकार का वर्णन करते हुए मूल एकेश्वरवाद को ही धर्म का स्रोत या आधार माना गया है। इस अध्याय में तेंतीस, तीन और एक देवता के वादों का विवेचन कर के तीनों में एक-वाक्यता दर्शाई गई है। यहां यह भी बताया गया है कि दयानन्दभाष्य की देवताविषयक धारणाओं में अभिमानी देवताओं या पदार्थों की सजीवता के वाद आदि के लिए कोई स्थान नहीं है। वेदों में संकलित मन्त्र वैदिक काल में घटित ग्रहणों के अवसर पर असुरों से ग्रहणग्रस्त देवताओं के मोक्ष के लिए की गई प्रार्थनाएं हैं—डा० शाम शास्त्री के इस वाद के लिए भी दयानन्दभाष्य में कोई स्थान नहीं है। दयानन्दभाष्य में इन सब स्थलों पर आध्यात्मिक, वैज्ञानिक, राजनैतिक, धार्मिक और आचार सम्बन्धी विभिन्न विषयों का वर्णन पाया जाता है।

४८. तेईसवें अध्याय में दिखाया गया है कि दयानन्दभाष्य में ऐतिहासिक व्यक्तियों के नामों के सामान्य अर्थ किए गए हैं। दयानन्दभाष्य ने दानस्तुतियों में भी व्यक्ति-विशेष राजाओं का सम्बन्ध नहीं माना है। वे इन में सामान्य रूप से दान की महिमा का प्रतिपादन मानते हैं।

कात्यायनसर्वानुक्रमणी के दानस्तुतियों के वर्णन के विश्लेषण और यास्क की साक्षी से दयानन्द-भाष्य के सिद्धांत की समीचीनतता प्रकाशित की गई है।

४९. चौबीसवें अध्याय में दिखाया गया है कि दयानन्द वैदिक आख्यानों को आलंकारिक मानते हैं और उन का व्याख्यान ब्राह्मणों आदि के अर्थों और निर्वचनों के आधार पर करते हैं। इस सम्बन्ध में उन के प्रजापति और उस की दुहिता, इन्द्र अहल्या और गौतम, इन्द्र और वृत्र, देवासुर संग्राम, कश्यप प्रजापति से सृष्टि की उत्पत्ति और गया तीर्थ के व्याख्यान दिखाए गए हैं। यहां यह भी दिखाया गया है कि दयानन्द सरस्वती के वेदभाष्य में आख्यानों की कोई सत्ता नहीं है। इस तथ्य को शुनःशेप के आख्यान तथा इन्द्र और दधीच की कथा के दयानन्दभाष्य के व्याख्यानों को दे कर हृदयंगम कराया गया है। अन्त में यह बताया गया है कि दयानन्दभाष्य की यह शैली पौराणिक आख्यानों के व्याख्यान की कुंजी है।

५०. यहां दयानन्द सरस्वती के वेद सम्बन्धी मूलभूत सिद्धांतों का वर्णन और विवेचन पूरा हो जाता है। अगले नौ अध्यायों—२५ से ३३ तक में दयानन्द सरस्वती की वेदभाष्यशैली का विवेचन किया गया है।

५१. इस विवेचन में पचीसवें अध्याय में दिखाया गया है कि दयानन्दभाष्य ने सर्वनामों निपातों, क्रियाप्रयोगों और संज्ञाओं के व्याख्यान में वेदों की शैली को अपनाया है। सर्वनामों का संज्ञापदों से व्याख्यान किया है। निपातों के भी विशेष अर्थ दिए हैं। लकारों के व्याख्यान वर्तमानकाल में किए हैं। कुछ स्थलों पर पुरुषों का प्रथम पुरुष में पर्यवसान भी किया है। धातुओं के नए अर्थ भी दिए हैं, परन्तु इन का सम्बन्ध उन के मूल अर्थ से अवश्य पाया जाता है। इस भाष्य ने यज्ञ सम्बन्धी पदों को भी पारिभाषिक माना है। उन के अर्थ कर्मकाण्ड से भिन्न दिए हैं। प्रकरण, अध्याहार और अनुवृत्ति का भी प्रयोग किया है।

५४. अट्ठाईसवें अध्याय में दिखाया गया है कि दयानन्दभाष्य ने शतपथ ब्राह्मण का प्रचुर प्रयोग किया है। इस ब्राह्मण की परिभाषाओं और मन्त्रों के व्याख्यानों के व्याख्यान भी किए हैं। दयानन्दभाष्य और शतपथ ब्राह्मण के व्याख्यानों में एकता का प्रतिपादन भी किया गया है।

५५. उनत्तीसवें अध्याय में दिखाया गया है कि अनेक स्थलों पर दयानन्द सरस्वती ने शाकल्य के पदपाठ में समुचित संशोधन किया है। इस संशोधन में दयानन्दभाष्य के मूलभूत सिद्धांतों की छाप लक्षित होती है।

५६. तीसवाँ अध्याय बड़ा महत्त्वपूर्ण है। इस में दयानन्दभाष्य के इस मत की समीक्षा की गई है कि निघण्टु के ऐकपदिक में पठित समस्त शब्द 'पद' शब्द के पर्याय हैं और गति, *प्राप्ति और ज्ञान अर्थों को प्रकाशित करते हैं। साथ ही अपने धातुज अर्थों को भी। इस का* प्रतिफलन अन्य अर्थ-खण्डों पर भी हुआ है। वहाँ प्रत्येक पद के अपने धातुज अर्थ भी हैं और अर्थ-खण्ड के नाम के धातुज और रूढ़ि अर्थ भी। इस समीक्षा में निरुक्त के लेखों का विश्लेषण, निघण्टुपदों के निर्वचन और ब्राह्मणों के मत की परीक्षा की गई है। अध्याय के अन्तिम भाग में दयानन्दभाष्य के निघण्टु पदों के व्याख्यान को दिखा कर, दयानन्द सरस्वती के निघण्टु के संस्करण की कुछ विशेषताएँ दिखाई हैं। यहाँ यह भी दिखाया है कि दयानन्दभाष्य में कुछ ऐसे पदों को भी निघण्टु में पठित बताया गया है जो मुद्रित संस्करणों में उपलब्ध नहीं होते।

५७. इकत्तीसवें अध्याय में दयानन्दभाष्य में उपलब्ध निरुक्त के प्रयोगों और व्याख्यानों की समीक्षा की गई है। दयानन्दभाष्य ने निरुक्त को प्रमाण माना है। अतः उस के निर्वचनों आदि में वे सब गुणदोष मिलते हैं, जो निरुक्त के निर्वचनों में। दयानन्दभाष्य ने अनेक बार निरुक्त के अस्पष्ट व्याख्यानों को स्पष्ट किया है। अनेक बार अपने व्याख्यान की पुष्टि में निरुक्त के व्याख्यानों को उद्धृत किया है।

५८. बत्तीसवें अध्याय में दिखाया गया है कि दयानन्द सरस्वती को अनिवार्य रूप से अपने व्याख्यानों की व्याकरण की प्रक्रिया दर्शानी पड़ी है। परन्तु यह प्रक्रिया सायण की अपेक्षा बहुत संक्षिप्त है। स्वर का विवेचन तो विरला ही किया गया है। दयानन्दभाष्य में व्याकरण का प्रयोग बहुत संयत है। यहाँ व्यत्यय और छान्दस नियमों का अल्प प्रयोग किया गया है। धातुओं के बहुधा पठित अर्थ लिए गए हैं, अथवा उन से सम्बन्धित अर्थ। कल्पना को कहीं आश्रय नहीं दिया गया है।

५९. तेंतीसवें अध्याय में दिखाया गया है कि दयानन्द सरस्वती ने अनेकशः उपमा श्लेष और रूपक अलंकारों का प्रयोग मान कर वेदमन्त्रों का व्याख्यान किया है। यहां कुछ उदाहरण भी दिए गए हैं।

६०. चौंतीसवें अध्याय में दयानन्द सरस्वती की वेदभाष्यशैली का क्रियात्मक रूप दिखाया गया है। इस में कुछ ऐसे मन्त्रों के दयानन्दभाष्य (का हिन्दी रूपान्तर) दिया गया है जिन्हें ग्रिफिथ आदि विद्वानों ने अश्लील, अस्पष्ट और अज्ञेय बताया है। दयानन्दभाष्य में इन मन्त्रों में न कोई अश्लीलता रह पाई है, न अज्ञेयता और अस्पष्टता। यहाँ विविध विषयों का उदात्त वर्णन पाया जाता है।

६१. अगले तीन अध्यायों—३५ से ३७ में वेदभाष्यकारों में दयानन्द सरस्वती का स्थान प्रतिपादित किया गया है। पैंतीसवें अध्याय में मध्यकालीन भाष्यकारों की शैलियों का वर्णन किया गया है और दिखाया गया है कि वहां प्राचीन वेदभाष्यपद्धति की निर्वचन-प्रधानता और लचक रूढ़िवाद में परिणत हो गई हैं। ऋषि और छन्द का वेदार्थ में क्रियात्मक प्रयोग नहीं रहा है। ऋषि व्यक्तिविशेष हो गए हैं और देवता शक्तिविशेष। आख्यान ऐतिहासिक और पौराणिक बन गए हैं।

६२. छत्तीसवें अध्याय में बताया गया है कि सामान्यतः पश्चिमी विद्वानों द्वारा प्रतिपादित वेदार्थशैली में मध्यकालीन शैली का ही प्रतिबिम्ब है। यहां पर कुछ नयी धाराएँ भी आई हैं। इन में भारतीय परम्परा की उपेक्षा और तुलनात्मक अध्ययन और भाषाविज्ञान आदि के प्रयोग हैं। भाषाविज्ञान की अपनी सीमाएँ हैं। उस के प्रयोग काल में भाषाओं के संश्लेषण और विश्लेषण तत्त्वों की उपेक्षा कर देने से यह वेदार्थ में अनुपयुक्त हो जाता है। इस के प्रयोग से ही वैदिक पाठों में विकार की कल्पना का जन्म हुआ है। अवेस्ता और वेद में समता की अपेक्षा विषमता अधिक और महत्त्वपूर्ण है। अतः उसे पोषक प्रमाण तो माना जा सकता है, वेदार्थ में आधार नहीं। धर्मविज्ञान आदि का उद्देश्य वेदार्थ नहीं है। ये तो विभिन्न धर्मों में एकता स्थापित करते हैं। अतः वेदार्थ में इन का प्रयोग सतर्क हो कर ही किया जा सकता है।

कार्य हैं। उस काल में वेदज्ञान ह्रसित हो चुका था। अनेकों सम्प्रदाय जन्म ले चुके थे। ईसाई और मुसलमान अपना प्रचार कर रहे थे। राजनैतिक शासन अंग्रेजों के हाथ में था। समाज में अनेकों कुरीतियां थीं। दयानन्द सरस्वती ने कुरीतियों का उन्मूलन और विभिन्न सम्प्रदायों की कटु आलोचना की। स्वदेशी का सन्देश दिया। परिणामतः सब ही ने इन का विरोध किया और दयानन्द सरस्वती के प्रभाव से बचने के लिये दयानन्दीय विचारधारा की पूर्णतः उपेक्षा कर दी। दयानन्दभाष्य की बाह्य शैली की जटिलता, उस के बौद्धिक और आत्मिक स्तर तथा वेद-विषयक धारणाएँ और अध्येताओं का रूढ़िवाद भी इस भाष्य के मार्ग में बाधा रहे हैं।

६५. उन्तालीसवें अध्याय में दयानन्दभाष्य के व्यापक प्रभाव का चित्रण किया गया है। इस का सार पहले 'महत्त्व और आवश्यकता' के अन्तर्गत प्रथम पृष्ठ पर सन्दर्भ ३–४ में दिया जा चुका है।

६६. चालीसवें अध्याय में ग्रन्थ का उपसंहार है। इस में ऊपर के समस्त अध्ययन का सार है जिस में दयानन्दभाष्य की प्रमुख विशेषताओं और आधुनिक वेदाध्ययन में उपयोगिता का चित्रण किया गया है। इस के अनुसार दयानन्दभाष्य अपनी मान्यताओं के अनुरूप, नैरुक्त प्रक्रिया का अनुगामी, यज्ञ के विशेष भावों का प्रतिपादक, मंत्रगत भाव को स्पष्ट करने वाला, प्राचीन शैली और परम्परा का उद्धारक, वेदार्थ की लुप्त कड़ी का परिचायक, ऐकपदिक की समस्या को सुलझाने वाला, यास्क के भावों का व्याख्याता, ऋषि, छन्द और देवता के यथार्थ स्वरूप का निर्देशक, एकेश्वरवाद और त्रैतवाद का प्रतिपादक और आख्यानों के वास्तविक स्वरूप का प्रकाशक आदि विशेष गुणों वाला है।

६७. आधुनिक वेदाध्ययन को दयानन्दभाष्य की देन और उपयोगिता अनेकविध है। इस के अध्ययन से अनेकों आधुनिक वादों में परिवर्तन की आवश्यकता अनुभव होगी। इस से भारतीय परम्परा के वेदार्थ में उपयोग, भाषाविज्ञान आदि के यथार्थ स्थान और सर्वानुक्रमणियों के ऋषिसंबंधी लेखों की प्रामाणिकता और वेदार्थ में प्रयोग की रीति का ज्ञान होता है। देवता-विषय में अनुभूति और ब्राह्मणों की परिभाषाओं को समझने में सहायता मिलती है। ऐकपदिक के व्याख्यान में सौकर्य हो जाता है। वेदार्थ में अलंकारों के क्रियात्मक प्रयोग की रीति का पता चलता है। भाषाविज्ञान आदि के अध्ययन में नई दृष्टि और अवेस्ता के अध्ययन और व्याख्यान में अभूतपूर्व प्रकाश प्राप्त होते हैं।

६८. ग्रंथ यहां समाप्त हो जाता है।

भाषाविज्ञान के अनुसार मानव ने भाषा का क्रमपूर्वक शनैः शनैः अनुकरण आदि अनेकों उपायों की सहायता से विकास किया। प्रारम्भिक भाषा सम्भवतः एकाक्षरा थी। इस तथ्य ने जहां भारोपीय काल्पनिक भाषा का स्वतः ही निराकरण कर दिया, वहां वैदिक भाषा के एकाक्षरात्व को भी इंगित किया। वैदिक साहित्य ने वाणी को एकाक्षरा, अक्षरसम्मान, योग और व्यतिहार के उपायों से विद्वानों द्वारा विचारपूर्वक शोध कर बनाई हुई कह कर उपर्युक्त इंगित को मूर्त रूप दे दिया। ब्राह्मणों और यास्क ने पदों के विभिन्न अक्षरों को पृथक्-पृथक् पद मान कर व्याख्यान किए। उपनिषदों और पुराणों तक में यह परम्परा आई है। तन्त्रों में तो यह प्रचुरता से लक्षित होती है। अतः ऋग्वेद की भाषा का निर्माण या विकास एकाक्षरा वाणी से हुआ। उस का व्याख्यान समस्या बना होगा। इस लिए ऋषियों ने पदगत प्रत्येक अक्षर के भाव को दृष्टि में रख कर उस पद को इन सब अर्थों के प्रकाशक किसी धातु से सम्बद्ध या निरुक्त किया। कई बार एक धातु देना सम्भव नहीं होता, वहां एकाधिक, मिलते-जुलते धातु या समानार्थक धातु या संज्ञा आदि से व्याख्यान दिया जाता है। यही निर्वचन है। एकाक्षरा वाणी से विकसित और उस एकाक्षरात्व स्वभाव को अपने अन्दर धारण करने वाली भाषा के व्याख्यान का यह पद्धति ही एक मात्र उपाय था और है। विभिन्न भारोपीय भाषाओं की तुलना से वैदिक पदों का मूल अर्थ प्राप्त करना सम्भव नहीं। यह तुलना भ्रामक है।

७५. दयानन्द सरस्वती के युग में न भाषाविज्ञान बहुत विकसित हो पाया था, न दयानन्द का उस से कोई परिचय था। तथापि दयानन्द ने संहिता, ब्राह्मण, उपनिषद् और सूत्र आदि के गहन अध्ययन से और निरुक्त की सहायता से वैदिक भाषा को यौगिक घोषित कर निर्वचन से वेदार्थ करने का सिद्धान्त प्रतिपादित किया और अपनी घोषणाओं के अनुरूप जगत् को एक श्रेय और प्रेय का समन्वय करने वाला लोकोपकारक भाष्य दिया।

स्मृतिकारों द्वारा स्वयंवर का उल्लेख न किए जाने के विभिन्न कारण प्रस्तुत किये जा सकते हैं। संस्कृत साहित्य में स्वयंवर केवल क्षत्रिय राजाओं में ही पाया जाता है, सामान्य समाज में नहीं। द्रौपदीस्वयंवर में ब्राह्मणवेशधारी अर्जुन द्वारा लक्ष्यवेध और द्रौपदी द्वारा जयमाल डाल दिये जाने के पश्चात् क्षुब्ध राजाओं ने यही कहा कि स्वयंवर केवल क्षत्रियों का होता है, ब्राह्मणों को यह अधिकार नहीं है।[४] स्वयंवर के लिए एकत्रित हुए राजसी जमाव में ब्राह्मण केवल साक्षी के रूप में और दान लेने आया करते थे।[५] धृष्टद्युम्न ने द्रौपदी के स्वयंवर की उद्घोषणा करते हुए केवल राजाओं और राजकुमारों को ही सम्बोधित किया था।[६] सारे राजाओं और राजकुमारों के असफल हो जाने पर ही ब्राह्मण वेशधारी अर्जुन ने अपना पराक्रम दिखाने का साहस किया था।[७] अर्जुन के जीत जाने के बाद भी राजा एवं कुमारगण बिना युद्ध के पराजय मानने को तैयार नहीं थे।[८]

स्वयंवर को प्राजापत्य विवाह का ही एक रूप भी माना जा सकता है, क्यों कि स्वयंवर में भी प्राजापत्य की ही भांति पुरुष ही अर्थी बन कर आया करते थे। हो सकता है कि स्मृतिकारों ने इसी कारण स्वयंवर का अलग से उल्लेख न किया हो।

स्वयंवर के उल्लेख न किये जाने का एक कारण यह भी सम्भव है कि स्वयंवर तो वरचयन का एक ढंग मात्र था। आजकल जैसे समाचार पत्रों में विज्ञापन निकलते हैं, वैसे ही स्वयंवर में उपयुक्त वर का चयन मात्र किया जाता था, वास्तविक विवाह तो बाद में सम्पन्न होता था।

स्मृतिकारों द्वारा अवर्णित किन्तु लौकिक संस्कृत साहित्य में वर्णित स्वयंवर के सम्बन्ध में विवेचन यहां अप्रासंगिक न होगा। समग्त काव्यों के स्वयंवर उदाहरणों को देखने से ज्ञात होता है कि स्वयंवर प्रथा भी प्रारम्भ में काव्यों में भिन्न रूप में वर्णित है और धीरे-धीरे उसका स्वरूप परिवर्तित हो गया है।

रामायण और महाभारत में सीता और द्रौपदी के विवाहप्रसंगों को छोड़कर भी अनेकों स्वयंवर प्रसंग हैं। इन में कुछ प्रसंग ऐसे हैं, जहां अभिभावक या पिता ने स्वयं ही पुत्री को कहीं भी वरचयन करने की पूर्ण स्वतंत्रता दे दी थी। सावित्री और कैकसी के नैपुण्य और गुणोत्कर्ष के कारण जब उन के पिता उपयुक्त वर को ढूंढने में असमर्थ रहे, तो उन्होंने अपनी कन्याओं को वरचयन की अनुमति दे दी। सावित्री के पिता ने सम्भावित सार्वजनिक कलंक से डर कर पुत्री

---

४. महाभारत १।१८०।६। न च विप्रेष्वधिकारो विद्यते वरणं प्रति।
स्वयंवरः क्षत्रियाणामितीयं प्रथिता श्रुतिः॥

५. महाभारत १।१७५।११–१५।

६. महाभारत १।१७६।३४–३६।

७. महाभारत १।१७६।१।

८. महाभारत १।१८०।१–१०।

स्वयंवर एवं द्रौपदी स्वयंवर में एक सूक्ष्म सा अन्तर दिखाई देता है। सीता के धनुर्यज्ञ में पृथिवी के सभी वर्णों और जातियों के मनुष्यों ने ही नहीं, वरन् नागों और राक्षसों तक ने आकर धनुष को चढ़ाने का प्रयत्न किया था। यदि उन में से कोई सफल हो जाता तो सीता उसी की भार्या बन जाती। किन्तु द्रौपदी के स्वयंवर में स्थिति थोड़ी भिन्न रही। द्रुपद के द्वारा रक्खी गई शर्त को पूरा करने के लिए जब कर्ण तत्पर हुआ तो द्रौपदी ने उच्च स्वर में कहा—"मैं सूत पुत्र का वरण नहीं करूंगी।[१५]" इस से यह ध्वनित होता है कि यद्यपि पुत्री पर पिता का पूर्ण अधिकार था एवं स्वयं वरचयन कर लेना शिष्ट आर्य परिवार में सम्भवतः अनुचित माना जाता था, फिर भी कन्या अपनी अरुचि को प्रदर्शित कर ही सकती थी। इस प्रकार के स्वयंवर क्षत्रियों के ही वर्णित हुए हैं। इन में जीत की शर्त का आधार शौर्य और रणकौशल है। स्वयंवर के पश्चात् उपस्थित प्रार्थियों और विजेता में कई बार युद्ध भी दिखाया गया है, जिस में विजेता उसी प्रकार सफल निकलता है, जिस प्रकार याज्ञवल्क्य ने जनक की सभा में अपने आपको ब्रह्मिष्ठ प्रमाणित किया था। संभव है, शर्त रखते समय व्यक्तिविशेष को ध्यान में रखा जाता हो। कम से कम द्रौपदीस्वयंवर की शर्त के मूल में अर्जुन का अस्त्रकौशल प्रतिबिम्बित हो रहा है।

स्वयंवर विवाह के इस प्रकार में पिता अपनी पुत्री एवं वर को सामर्थ्यानुसार पर्याप्त यौतुक दिया करता था। राजा जनक ने सीता के विवाह पर प्रभूत कन्याधन दिया था।[१६] द्रौपदी का विवाह हो जाने पर द्रुपद ने भी बहुत धन-सम्पत्ति अपनी कन्या एवं वर को दी थी।[१७]

स्वयंवर प्रथा का दूसरा रूप वह है जो संस्कृत साहित्य के रघुवंश और नैषध आदि काव्यों में प्राप्त होता है। पिता विवाह योग्य कन्या के लिए स्वयंवर सभा का आयोजन कर देता था और कन्या आगत व्यक्तियों में से प्रत्येक का कुल-शील वर्णन जानकर अपने उपयुक्त व्यक्ति को वरमाला पहना देती थी। कालिदास ने रघुवंश में इन्दुमती स्वयंवर का बड़ा सुन्दर वर्णन किया है।[१८] इन्दुमती स्वयंवर के पश्चात् विदर्भराज ने अपनी छोटी बहन इन्दुमती और वर अज को सामर्थ्यानुसार धन दिया।[१९] नैषध में दमयंती ने यद्यपि स्वयंवर से पूर्व ही राजा नल को अपना वर मनोनीत कर लिया था, तथापि उस के लिए स्वयंवर का आयोजन किया गया। उस में भी दमयन्ती ने अपने प्रिय व्यक्ति को ही वर रूप में चुना।[२०] बिल्हण ने विक्रमांकदेवचरित के

---

१५. महाभारत १।१७८।१७ के नीचे पादटिप्पणी में अन्य संस्करणों से उद्धृत—"दृष्ट्वा तु तं द्रौपदी वाक्यमुच्चैर्जगाद नाहं वरयामि सूतम्।।"

१६. वा० रा० १।७४।३-६।

१७. महाभारत १।१९०।१५-१८।

१८. रघुवंश ५।३९;६४;७६;६।१०;६७;८०।

१९. रघुवंश ७।३२।

२०. नैषध चरित, ९।३०;६४;१५।२४।

नवें सर्ग में करहाट के शिलाहार राजा की पुत्री चन्द्रलेखा (चन्दल देवी) के ऐतिहासिक स्वयंवर का चित्रण किया है, जिस में कन्या ने चालुक्य राजा विक्रमांक या आहवमल्ल को चुना।

साहित्य में प्राप्त स्वयंवरों के इन वर्णनों के अतिरिक्त स्मृतिकारों ने भी पिता या अभिभावक द्वारा बड़ी आयु तक विवाह न किए जाने की अवस्था में कन्या द्वारा स्वयंवरण का विधान किया है। ऋग्वेद के दशम मण्डल के एक सूक्त में भी ऐसा वर्णन है कि रूपवती और अलंकृता वधू मनुष्यों के बीच स्वयं अपने मित्र को ढूंढ लेती है।[२१]

धर्म सूत्रकारों एवं स्मृतिकारों ने भी ऐसी कन्या को स्वयं ही पति वरण करने का आदेश दिया है जिस का विवाह बड़ी आयु तक पिता ने न किया हो। गौतम कहते हैं कि कुमारी कन्या तीन मासिक धर्मों को बिताने के पश्चात् स्वयं अपनी रुचि के अनिन्दित-चरित्र व्यक्ति से विवाह कर ले और पिता या परिवार से प्राप्त आभूषणों को त्याग दे।[२२] वसिष्ट ने व्यवस्था दी कि ऋतुमती हो जाने के पश्चात् कुमारी तीन वर्ष तक प्रतीक्षा कर के फिर स्वयं सवर्ण पति को ग्रहण कर ले।[२३] महाभारत में बिल्कुल वसिष्ट के समान ही व्यवस्था प्राप्त होती है।[२४] बौधायन ने इस व्यवस्था में इतना संशोधन और कर दिया कि उपयुक्त वर प्राप्त न होने पर कन्या गुणहीन व्यक्ति को ही वर रूप में ग्रहण कर ले।[२५] याज्ञवल्क्य और मनु ने निश्चित विधान किया कि यदि विवाह कराने वाला कोई नहीं है तो कन्या तीन वर्ष तक प्रतीक्षा कर के समान गुण वाले वर को स्वयं ग्रहण कर ले। न दी गई कन्या यदि स्वयं पति के पास जाती है (ढूंढती है), तो वह कन्या और वर-दोनों ही पाप के भागी नहीं होते हैं।[२६]

कन्या के द्वारा स्वयंवरण के इस विधान में पिता द्वारा यौतुक दिए जाने का कोई अवसर था ही नहीं, सूत्रकारों ने यह विधान किया कि स्वयं वरण करने वाली कन्या पिता के द्वारा दिए गए अलंकारों को त्याग दे। यदि ऐसी कन्या अपने साथ पिता, माता या भाई द्वारा दिए गये अलंकारों को या धन को ले जाती थी तो वह चौर कर्म की भागी होती थी।[२७]

स्मृतिकारों द्वारा दी गई स्वयंवरण की इस व्यवस्था के विवेचन से ज्ञात होता है कि इस के नियामक दो तत्त्व थे—(१) पिता का कन्या पर से अधिकार हट जाता था, (२) कन्या को आभूषणादि त्याग कर ही जाना होता था। इस प्रकार पिता और कन्या-दोनों को ही जो यह दण्ड मिलता था, यह स्पष्टतया सूचित करता है कि इस प्रकार का स्वयंवरण लोकप्रिय नहीं था और स्मृतिकार ऐसे विवाह को प्रोत्साहन नहीं देना चाहते थे।[२८]

---

२७. मनुस्मृति ९।९०–९१—त्रीणि वर्षाण्युदीक्षेत कुमार्यृतुमती सती। ऊर्ध्वं तु कालादेतस्माद् विन्देत सदृशं पतिम्॥ अदीयमाना भर्तारमधिगच्छेद्यदि स्वयम्। नैनः किंचिदवाप्नोति न च यं साधिगच्छति॥

२८. मनुस्मृति ९।९२—अलंकारं नाददीत पित्र्यं कन्या स्वयंवरा। मातृकं भ्रातृदत्तं वा स्तेना स्याद् यदि तं हरेत्॥

काठक संहिता में
राजसूय

श्रीमती कृष्णा बोस, शोध छात्रा, संस्कृत विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

राजसूय यज्ञ पूर्णतया सोमयज्ञ नहीं है। यह एक जटिल यज्ञ है। इस में बहुत सी पृथक् पृथक् इष्टियां सम्पादित होती हैं। यह यज्ञ केवल क्षत्रिय द्वारा ही सम्पादित होता है। राजसूय यज्ञ से सम्बन्धित मंत्र और विधिब्राह्मण पन्द्रहवें स्थानक के दस अनुवाकों में हैं।[1] यहां इस यज्ञ से सम्बन्धित केवल विधिब्राह्मण का ही वर्णन किया जायेगा। मंत्रभाग की क्रियाओं से सम्बन्धित ब्राह्मण के न होने से उन का उल्लेख मात्र किया जायेगा।

निर्ऋति तथा अनुमति के लिए इष्टि :—सोमयाग के बाद प्रथम दिन अनुमति के लिए पुरोड़ाश को पीसते समय जो अन्न पीछे गिर जाये उस से निर्ऋति के लिए हवि बनाते हैं। निर्ऋति के लिए एककपाल पुरोड़ाश तथा अनुमति के लिये अष्टकपाल पुरोड़ाश एक साथ पकाया जाता है। पहले निर्ऋति के लिए किसी बंजर भूमि पर अङ्गार रख कर विस्रंसिका के काण्डों से 'जुषाणा निर्ऋतिर्वेतु स्वाहा' से आहुति देता है। इस की दक्षिणा धेनु है। अनुमति के अष्टकपाल पुरोड़ाश की आहुति देता है। इस की दक्षिणा भिन्न किनारी वाला वस्त्र है। अनुमति के लिए पुरोड़ाश पीसते समय शम्या के उत्तर की ओर गिरे हुए धान्य को ले कर उत्तरी दिशा में वल्मीकवपा को खोद कर आहुति दे। उस छिद्र को पत्थर से ढक देता है।[2]

पांच विशिष्ट हवियोंग :—अगले पांच दिनों तक निम्न आहुतियां देता है।

प्रथम दिन :—घृवद्वत् आदित्यों के लिए घी से बना हुआ चरु दे। दक्षिणा वर है।

द्वितीय दिन :—अग्नि-विष्णु के लिए एकादशकपाल की आहुति दे। दक्षिणा नाटा बैल है।

तृतीय दिन :—अग्नि-सोम के लिए एकादश कपाल पुरोड़ाश दे। दक्षिणा हिरण्य है।

चतुर्थ दिन :—इन्द्राग्नी के लिए एकादशकपाल पुरोड़ाश दे। दक्षिणा सेचनसमर्थ बैल है।

पंचम दिन :—अग्नि के लिए अष्टकपाल पुरोड़ाश दे। दक्षिणा रेशमी वस्त्र है।[3]

---

१. का० सं० १५।१–१०   २. का० सं० १५।१।१   ३. वही

आग्रयणेष्टि :—अगले दिन अर्थात् सातवें दिन आग्रयणेष्टि के लिए सोम के लिए श्यामाक चरु और इन्द्र और अग्नि के लिए द्वादशकपाल, विश्वदेव के लिए चरु, द्यावापृथिवी के लिए एककपाल पुरोड़ाश की आहुति दे। दक्षिणा बभ्रू तथा पिङ्गल वत्स और प्रथमज वत्स है।[४]

चातुर्मास्ययाग :—आठवें दिन चार मास पश्चात् किये जाने वाले चातुर्मास्य यज्ञों का प्रारम्भ होता है।

इन्द्रतुरीयाग :—इस याग में अग्नि के लिये अष्टकपाल, वरुण के लिए यवमय दस-कपाल चरु, रुद्र के लिए गावीधुक चरु तथा इन्द्र के लिए सान्नाय्य की आहुति दे। दक्षिणा नवप्रसूतिका गाय है।[५]

अपामार्ग होम :—स्थिर जलों में से अपामार्ग (पौधाविशेष) को ला कर उस का सक्तु बना कर दक्षिण की ओर बंजर भूमि में एक-एक अङ्गार रख कर पलाश की स्रुव द्वारा अपामार्ग की समंत्र आहुति देता है। इस की दक्षिणा वर है।[६]

पञ्चेध्मीय होम :—मंत्रों[७] से आहुतियां दी जाती है। इस की दक्षिणा पांच अश्वों से युक्त रथ है।[८]

देविका हविर्याग :—अगले दिन अनुमति, राका, सिनीवाली तथा कुहू के लिए चरु की आहुतियां तथा धातृ के द्वादशकपाल पुरोड़ाश की आहुति देता है। दक्षिणा अप्रसूत चार साल की गाय है।[९]

त्रिषंयुक्त हविर्याग :—तीन-तीन हवियों वाला यह यज्ञकर्म क्रमशः तीन दिनों में किया जाता है।

प्रथम दिन :—अग्नि-विष्णु के लिए एकादशकपाल पुरोड़ाश, इन्द्रविष्णु के लिए चरु और विष्णु के लिए त्रिकपाल पुरोड़ाश दे। दक्षिणा बौना बैल है।

द्वितीय दिन :—सोमपूषा के लिए एकादशकपाल पुरोड़ाश, इन्द्रपूषा के लिए चरु तथा पूषा के लिए चरु की आहुति दे। दक्षिणा श्याम बैल है।

---

४. वही
५. का० सं० १५।२।२।
६. का० सं० १५।२।२।
७. का० सं० १५।२।३-४
८. का० सं० १५।२।४।
९. का० सं० १५।३।५

तृतिय दिन :—अग्नि-वैश्वानर के लिए द्वादशकपाल पुरोड़ाश तथा वरुण के लिए यवमय चरु दे। दक्षिणायें क्रमशः हिरण्य और बभ्रु अश्व हैं।[10]

रत्नियों की हवियां :—अगले दिन से बारह दिन तक बारह रत्नियों अर्थात् सदस्यों के घर जा कर निम्न बारह हवियों की आहुतियां देता है।

१. **पुरोहित के घर :**—बृहस्पति के लिए चरु दे। दक्षिणा शितिपृष्ठ बैल है।

२. **राजा के घर :**—इन्द्र के लिए एकादशकपाल पुरोड़ाश दे। दक्षिणा ऋषभ है।

३. **महिषी के घर :**—अदिति के लिए चरु दे। दक्षिणा धेनु है।

४. **परिवृक्ति के घर :**—निर्ऋति के लिये नाखूनों से वितूपीकृत कृष्ण धान से निर्मित दक्षिणा श्येनी (सफेद) कूटा (सींग वाली) वण्डापस्फुरा गाय है।

५. **सेनानी के घर :**—अग्नि के लिए अष्टकपाल पुरोड़ाश दें। दक्षिणा हिरण्य है।

६. **संगृहीता के घर :**—अश्विनौ के लिए द्विकपाल पुरोड़ाश दे। दक्षिणा जुड़वां बैल है।

७. **अन्तःपुराध्यक्ष के घर :**—सवितृ के लिए अष्टकपाल पुरोड़ाश दे। दक्षिणा सफेद बैल है।

८. **सूत के घर :**—वरुण के लिए यवमय दशकपाल पुरोड़ाश दे। आठ दिन का भूरा बैल दक्षिणा है।

९. **वैश्यग्रामणी के घर :**—मरुत् के लिए सप्तकपाल पुरोड़ाश दे। दक्षिणा चितकबरी बालगर्भिणी चार साल की गाय है।

१०. **करसंग्राहक के घर :**—पूषादेवताक चरु दे। दक्षिणा श्याम बैल है।

अक्षावाप और आखेटक के घर :—ग्यारहवें और बारहवें दिन रुद्र के लिए गावीधुक चरु की आहुति दे। दक्षिणा म्यानयुक्त तलवार और छेद को ढकने वाला बालों का प्रतिग्रथित पवित्र कपड़े का टुकड़ा, दामभूषा वत्सतर या शबल (धब्बेदार) बैल है।

रत्नियों की आहुति के बाद राजा अपने घर में सुत्रामन् तथा अंहोमुच् इन्द्र के लिए एकादशकपाल पुरोड़ाश की आहुतियां दे। दक्षिणा ऋषभ है।[11]

---

१०. वही

११. का० सं० १५।४।६।

इस के उपरान्त दीक्षणीयेष्टि का अनुष्ठान होता है।

मैत्रबार्हस्पत्य चरु :—मित्र और बृहस्पति के लिए चरु बनाया जाता है।

निर्माण विधि इस प्रकार है :—स्वयं टूटी हुई अश्वत्थ वृक्ष की शाखा से पात्र बना कर उस में श्वेतवत्सा श्वेतगाय का दूध दूह कर, उस दूध को स्वयं जमने, मथने तथा मन्थित मक्खन को स्वयं पिघलने दिया जाता है। आज्य में मित्र के लिए मोटे चावल और बृहस्पति के लिए दो टुकड़े हुए चावलों को पकाते हैं। इन आहुतियों के लिए वेदियां आधी बनाई जाती हैं, आधी स्वयंकृत होती हैं। बर्हियां और इध्म आधे कटे हुए और आधे स्वयं कटे हुए होते हैं। मित्र और बृहस्पति के लिए चरु की आहुति देते हैं। इन की दक्षिणा क्रमशः अश्व और श्वेतपृष्ठ बैल हैं।[१२]

इस के उपरान्त दीक्षा बारह दिन तक होती है। सोमक्रयण सामान्य नियमों के अनुसार होता है।[१३]

देवसुव हवियां :—गृहपति अग्नि के लिए आशूधान्यों का अष्टकपाल प्रसवितृ सविता के लिए सतीन धान्यों का अष्टकपाल, वनस्पति सोम के लिए श्यामाक चरु, वाचस्पति बृहस्पति के लिए नैवार चरु, ज्येष्ठ इन्द्र के लिए वर्ष में बढ़ने वाले धान्यों का एकादशकपाल, सत्यपति मित्र के लिए आम्बों का चरु, धर्मपति वरुण के लिए यवमय दशकपाल, पशुपति रुद्र के लिये गावीधुक् चरु-ये आहुतियां देवसुव की हैं। समंत्र इन देवताओं की प्रार्थना की जाती है।[१४]

अभिषेचनीय दिवस

छठे अनुवाक में विविध प्रकार के जलों का ग्रहण, संस्कार, जलों को काष्ठ पात्रों में भरना, धिष्ण्याग्नि में स्थापन तथा आग्नीध्रीय अग्नि में आहुति और यजमान द्वारा पाठ किये जाने वाले मंत्र हैं।[१५]

सप्तम अनुवाक में यजमान द्वारा वस्त्र पहिनना, पगड़ी बांधना, नवनीत द्वारा अञ्जन लगाना, मंत्र का जप, धनुर्ग्रहण तथा मानसिक रूप से सभी दिशाओं में गमन सम्बन्धी मंत्र है।[१६]

अभिषेक :—सप्तम अनुवाक में ही अभिषेक सम्बन्धी मंत्र हैं जिन में यजमान द्वारा व्याघ्र चर्म बिछे चौकी पर आरोहण, सीसे और चांदी के टुकड़ों को क्रमशः नपुंसक और नाई को देने तथा पार्थनामक छः आहुतियों से विनियुक्त मंत्र और विषाण से यजमान के अभिषेक सम्बन्धी मंत्र हैं।[१७]

---

१२. का० सं० १५।५।७।
१३. मा० श्रौ० सू० ९।१।२।१५-१६।
१४. का० सं० १५।५।७।
१५. का० सं० १५।६।८-१३
१६. का० सं० १५।७।१४-१६।
१७. का० सं० १५ ७।१७-१८।

विजय अभियान :—अष्टम अनुवाक का उन्नीसवां मंत्र यजमान द्वारा रथारोहण, निर्धारित दूरी तक गमन, यजमान के हाथ में आमिक्षा देना तथा लौट कर यजमान का जूते उतार कर रथ से उतर जाने में विनियुक्त है।[१८] शेष मंत्र यजमान द्वारा जप, आहवनीय के उत्तर की ओर आसन्दी रखने, उस पर आरुढ़ होने तथा रथविमोचनीय आहुति देने और सारथि सहित रथ को रथवाह में रखने से सम्बन्धित हैं।[१९] राजसभा और द्यूत क्रीडा से सम्बन्धित मंत्र उपलब्ध हैं।[२०]

अभिषेकोत्तरकर्म

संसृप हवियां :—दस देवताओं के लिए दस हवियां ये हैं—सवितृ के लिए अष्टकपाल, सरस्वती के लिए चरु, पूषन् के लिए चरु, बृहस्पति के लिए चरु, इन्द्र के लिए एकादशकपाल, वरुण के लिए यवमय दसकपाल, त्वष्टृ के लिए अष्टकपाल, अग्नि के लिए अष्टकपाल, सोम के लिए चरु, तथा विष्णु के लिए त्रिकपाल पुरोड़ाश। इन आहुतियों की दक्षिणायें क्रमशः श्येत बैल, अप्रसूत चार वर्ष की गाय, श्याम बैल, शितिपृष्ठ बैल, ऋषभ, बभ्रु महानिरष्ट, शुण्ठ (सफेद अथवा नाटे कद का बैल) हैं।[२१]

दशपेय याग

दिशा सम्बन्धी हवि पंचक :—विभिन्न दिशाओं में अग्नि के लिए अष्टकपाल, इन्द्र के लिए एकादशकपाल, विश्वेदेव के लिये चरु, मित्र-वरुण के लिए आमिक्षा तथा बृहस्पति के लिए चरु दे। इन की दक्षिणायें क्रमशः हिरण्य, ऋषभ, पिशङ्गी लाल मिश्रित भूरा) धेनु, वशा (विनम्र गाय) और शितिपृष्ठ बैल हैं।[२२]

प्रयुज हवियाग :—इस भाग में छः छः हवियों के दो वर्ग हैं। प्रथम वर्ग में आग्नेय कष्टकपाल, सौम्य चरु, सावित्र अष्टकपाल, बार्हस्पत्य चरु, अग्नि-वैश्वानर के लिये द्वादश-कपाल, त्वष्टृ के लिये अष्टकपाल हैं। दक्षिणा दक्षिण की ओर जोता हुआ रथवाहनवाह है। द्वितीय वर्ग में सरस्वती, पूषन्, मित्र, वरुण, अदिति और क्षेत्रपति के लिये विभिन्न चरुओं की आहुतियां दी जाती हैं। दक्षिणा बांया रथवाहनवाह है।[२३]

पशुबन्धयाग :—इस के उपरान्त सामान्य नियमों से पशुयज्ञ होते हैं।

सत्यदूत हवियाग :—सवितृ के लिये द्वादशकपाल, अश्विनौ और पूषन् के लिये एकादशकपाल और सत्यवाक् सरस्वती के लिये चरु की हवियां दी जाती हैं। दक्षिणा दण्ड, जूते

१८. का० सं० १५।८।१९।
१९. का० सं० १५।८।२५।
२०. का० सं० १५।८।२६-२९
२१. का० सं० १५।९।३०।
२२. का० सं० १५।९।३०-३१
२३. वही

की जोड़ी और पानी में न भीगने वाला थैला है। इन आहुतियों के बाद दूतों को अन्य राजाओं के पास भेजा जाता है।[२४] इस तरह राजसूय की विधि समाप्त होती है।

राजसूययज्ञ में त्रिवृत् बहिष्पवमान, पञ्चदश याज्य, पञ्चदश माध्यन्दिन पवमान, सप्तदश पृष्ठ, सप्तदश आर्भव पवमान, इक्कीस अग्निष्टोम, चौंतीस अभिषेचनीय के पवमान, पञ्चदश याज्य, सप्तदश पृष्ठ, इक्कीस अग्निष्टोम और उक्थ, सप्तदश दशपेय, इक्कीस केशवपनीय के बहिष्पवमान, सप्तदश याज्य, सप्तदश माध्यन्दिन पवमान, पञ्चदश पृष्ठ, पंचदश आर्भव पवमान, त्रिवृत् अग्निष्टोम और उक्थ, एकविंश षोडशी होते हैं। जितनी संवत्सर की अहोरात्रियां होती हैं उतने ही स्तोत्र होते हैं।[२५]

—ooOoo—

गृह

मोनियर विलियम्स ने गृह का भी प्रारम्भिक अर्थ अनुदास और सेवक[८] बताया है।[९] फिर इस का अर्थ क्रमशः घर, घर के लोग और पत्नी में विकसित हो गया। यास्क मुनि[१०] का निर्वचन है गृह्णन्तीति सताम् अर्थात् जो वस्तुओं को पकड़ता या प्राप्त करता है। यही मत कोशकारों[११] का है, अतः 'घर' और 'कलत्र' दो अर्थ किए गए हैं। इसी लिए कोशकारों ने 'गृहस्थ' का अर्थ गृहे (गृहेषु) दारेषु तिष्ठति अभिरमते है, अर्थात् जो गृह में रहता है और स्त्रियों में अभिरमण करता है।[१२] परन्तु गृह शब्द प्राचीन है, क्यों कि इस से मिलते जुलते शब्द भारोपीय भाषा में मिलते हैं। ghridh=to plait और gərəda=a cave, a residence of Daevas.[१३]

गृहपति

गृहस्वामी के लिए वैदिक साहित्य में गृहपति[१४] और गृहप[१५] शब्द प्रयुक्त हुए हैं। पाणिनि काल[१६] में भी ये शब्द प्रचलित थे। पुराणों में उस के पञ्चमहायज्ञ,[१७] यज्ञादि, व्रत, अग्निहोत्र, श्राद्ध आदि[१८] कर्तव्यों का चित्रण किया गया है। आर्यों का मुख्य देवता अग्नि है जिस का सर्वाधिक वर्णन वेदों में हुआ है। उसे भी गृहपति[१९] और विश्पति[२०] कहा गया है। अतः आगे चल कर समृद्ध वैश्य को भी गृहपति कहा जाने लगा। कभी-कभी यह कुलपति के लिए भी प्रयुक्त होता था।[२१]

अन्वय-अन्ववाय

प्रत्येक परिवार में एक कुलविशेष की सत्ता होती है। कुल के लिए अन्वय (अन्ववाय) वंश और कुल शब्द प्रयोग में आते हैं। 'परस्परनिरपेक्षायामेकस्मिन्नन्वयः'[२२] अर्थात् परस्पर निरपेक्ष पदों का सम्बन्ध अन्वय है और पदानां परस्पराकांक्षा योग्यता च'[२३] के आधार पर अन्वय (अनु+) इ (इण्)+अच् का मूलार्थ है 'क्रम' सङ्गति (Prose order)। इस प्रकार श्लोकार्थ या

---

८. (क) तुलनीय ऋ० १०।११६।१३।।

९. ऐ० ब्रा० ने द्वार युक्त होने से गृहों को दुर्या, स्थिति हेतु होने से प्रतिष्ठा, निरन्तर वस्तुओं का संग्रहस्थल होने से ओक कहा है।

१०. नि० ३।१३।।

११. गृह्णातीति—अमर-सुधा २।२।४; गृह्णातीति धान्यादिकं जीवनार्थे यस्मिन्निति—शब्दक०।।

१२. तु० न गृहं गृहमित्याहुः गृहिणी गृहमुच्यते।

१३. इटी० या० डा० सि० वर्मा पृ० ७६।।

१४. ऋ० ६।५३।२; अथर्व १४।१।५१।। श० ४.६।८।५ आदि।

१५. वा० सं० ३०।११।।

१६. पा. अष्टा.४।४।९०।।

१७. मा० पु० ७।१४; म० पु० ४०।१,२।।

१८. म० पु० ५२ अ०।।

१९. ऋ० १।१२।६; ३६।५; ६०।४; वा०सं० २।२७।।

२०. ऋ० १०।४।४।।

२१. शौनको गृहपतिर्वै नैमिषीयैस्तु दीक्षितैः। दीक्षासु चोदितः प्राह सत्रे तु द्वादशाह्निके।।

२२. सिद्धांत कौमुदी

२३. शब्द क०

वाक्यार्थ के इस सादृश्य पर इस का अर्थविकास 'कुल' हुआ प्रतीत होता है। अन्ववाय [अनु+अव+अय्+घञ् (अच्)] का लगभग यही अर्थ है। यद्यपि बाद में इस का विग्रह यह भी किया गया—'अन्वेति जन्म प्राप्नोति जनपरम्परया ऽस्मिन्' अर्थात् जिस में लोग जन्म ग्रहण करते हैं।

वंश

वंश का अर्थविकास 'कुल' भी बांस की गांठों के अविच्छिन्न क्रम से हुआ। महर्षि यास्क[२४] ने 'वन+√शी' और 'वन+√श्रु' से निष्पन्न कर यह मन्तव्य प्रकट किया है कि यह वन में होता है और इस में से शब्द सुनाई पड़ता है परन्तु इस से 'कुल अर्थ पर कोई प्रकाश नहीं पड़ता। अमर-कोश सुधाव्याख्या और शब्दकल्पद्रुम में √वश कान्तौ, √वन सम्भक्तौ, √टुवम उद्गिरणे और √वन शब्दे आदि धातुओं[२५] से इसे निष्पन्न किया गया है जो यह स्पष्ट करता है कि उस समय तक इस का 'कुल' अर्थ विकसित हो चुका था।[२६]

कुल

वंशवाची कुल शब्द का प्रचलन वैदिक साहित्य में ब्राह्मण ग्रन्थों से पूर्व नहीं मिलता। पहले यह गृहवाची रहा होगा और फिर गोत्र या परिवार का भी अर्थ देने लगा। कोशकारों और वैयाकरणों ने √कुल संस्त्याने (संस्थाने) बन्धुषु च (to accumulate, to be a kin) और √कुङ् शब्दे से निष्पन्न किया है। प्रथम से सम्मिलित परिवार प्रथा का और द्वितीय से 'जहां बरतन होते हैं, खनकते ही हैं' के अनुसार परिवार में कलह का संकेत मिलता है, परन्तु उन से संगीतात्मक ध्वनि भी निकल सकती है जो परस्पर सौमनस्य से ही सम्भव है।[२७] जिस के लिए वेद का ऋषि कहता है—"संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्"[२८] कुल का विग्रह 'कुं भूमिं लाति' अर्थात् जो पृथ्वी पर स्थित है और 'कौ लीयते' अर्थात् जो अन्त में पृथ्वी में विलीन हो जाता है—भी किया गया है। तन्त्रशास्त्र में यह शरीर और आचारवाची भी है। वहां शिव और शक्ति दोनों को 'कुल' कहकर नव विशिष्ट कुलों का वर्णन है। देवी का नाम कुलाङ्गना और कुलेश्वरी भी है।[२९]

---

२४. नि० ५।४।६॥

२५. क्रमशः इन के अर्थ हैं—√वश-to desire √वन to honour, to help √टुवम to vomit √वन to sound. सभी से किसी न किसी प्रकार कुल अर्थ लाया जा सकता है जैसे वमति उद्गिरति पुरुषान् आदि।

२६. मोनियर विलियम्स ने Derivation doubtful कहकर छोड़ दिया है।

२७. यही अर्थ वन शब्दे से निर्मित वंश का भी किया जा सकता है।

२८. ऋ० १०।१९१।२॥ २९. ललितासहस्रनाम १।९१-९६॥

कुलपति

कुल के स्वामी के लिए कुलपा,[३०] कुलवृद्ध,[३१] वृद्ध[३२] और कुलपति उत्तरोत्तर संज्ञाएं पड़ती गईं। 'कुलानि पाति' या 'कुलस्य पतिः' अर्थात् जो कुलों की रक्षा करता है या जो कुल का स्वामी है—विग्रह के कारण कुलपति का अर्थविकास भावसादृश्य वश शैक्षणिक संस्थान, गुरुकुल या छात्रवर्ग के पालक के रूप में हुआ—

मुनीनां दशसाहस्रं योऽन्नदानादिपोषणात्।
अध्यापयति विप्रर्षिरसौ कुलपतिः स्मृतः ॥[३३]

अर्थात् भोजन तथा पालनपोषण की व्यवस्था करते हुए दस हजार ब्रह्मचारियों को पढ़ाने वाला कुलपति कहलाता है। इस परिभाषा से मिलता जुलता शब्द अंग्रेजी में 'डीन' (Dean) है जो विश्वविद्यालय के विभिन्न सङ्कायों में अध्यक्ष होता है। यह लैटिन शब्द 'दशन्' (decen) या 'डेसेनस' (decanus अर्थात् दश डिवीजन का सेनापति या दश पादरियों के ऊपर मुख्य पादरी) से बना है। अब इस में से दश का भाव लुप्त हो गया है और अधीनस्थ विभागों की संख्या कुछ भी हो सकती है। इसी प्रकार कुलपति में 'दश-सहस्र' का भाव लुप्त हो गया है और अब विश्व-विद्यालय के सर्वोच्च अधिकारी को कुलपति कहा जाता है। रामायण[३४] में इस का आर्षी निर्वचन 'कुलानि पातयति' किया गया है और एक लघुकथा के द्वारा यह बताया है कि कुलपति (मठाधीश) जैसे उच्च एवं समर्थ पदों पर धनापहरण उत्कोच, धन का दुरुपयोग और परपीडन आदि से व्यक्ति बच नहीं पाता है अतः उसे सचेत हो कर समाजहित में ध्यान रखना चाहिए। इस अंश को भले ही प्रक्षिप्त मान लिया जाय परन्तु इस से आर्षी निर्वचन पर प्रकाश पड़ता है जैसे कुत्सित या अप्रिय बोलने पर कुलपति का विग्रह 'कुत्सिता लपतिः यस्य' कर दिया जाए। आजकल कुलपति राज्यपाल (गवर्नर) होता है जो नाम मात्र का है क्यों कि उस का छात्रों के शरीर व मन से कोई सम्बन्ध नहीं होता। प्रबन्धकार्य उपकुलपति करता है पर व्यवहारतः छात्रों के मन व शरीर से उस का भी कोई सम्बन्ध नहीं है।

---

३०. ऋ० १०।१७९।१।। श०ब्रा० १।२।२२।। वृह०उप० १।५।३२।।
३१. महा० शांति० १०८।२७।। ३२. पा० अष्टा० १।२।६५।। ३३. शब्द क० से उद्धृत
३४. वा० रा० उत्तर २।४५।।

वैज्ञानिक परिदृष्टि और 'जीवन' की धारणा

डा० वीरेंद्र सिंह, व्याख्याता, हिन्दी विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–४

१. वैज्ञानिक-चिंतन का एक विशिष्ट आयाम विकासवादी (इवोल्यूशन) अन्तर्दृष्टि है जिस ने मानवीय मूल्यों तथा 'जीवन' की धारणा को समझने का प्रयत्न किया है और जो 'जीवन' के रहस्य तथा उस की समस्या को एक तार्किक–परिदृष्टि प्रदान करता है।

२. जब भी जीवन के उद्भव तथा उस के संगठन का प्रश्न आता है तब वैज्ञानिक-चिंतन में जैविक-अंगीय धारणा (कौन्सेप्ट औफ ऑरगैनिज्म) का एक विशिष्ट योगदान माना गया है। यह धारणा, जीवशास्त्रीय दृष्टि से एक तार्किक नियम का रूप भी है। विकासवाद के अन्तर्गत प्राण-शक्ति का एक विकसित रूप हमें एककोषीय प्राणी से अनेककोषीय प्राणियों तक प्राप्त होता है। एककोषीय प्राणी (यूनीसेलूलर) 'अमीबा' में जीवन का संगठन अपने आदितम रूप में प्राप्त होता है और यह संगठन उतना ही जटिल होता जाता है जैसे-जैसे अनेककोषीय (मल्टीसेलूलर) प्राणियों का विकास होता जाता है। यह विकास की अनेककोषीय परिणति केवल जीवधारियों की विशेषता नहीं है, पर जल में तथा धरती पर प्राप्त वनस्पतियों में यह परिणति दर्शनीय है। इसी तथ्य पर जैविक–अंगीय सिद्धांत आधारित है कि भौतिक-मानव का विकास 'जैविक-अंगों' का क्रमागत विकास है जो मूलतः अपने आदिम रूप में आदिम-जीवन-प्रकार से सम्बन्धित है।[१] भ्रूण (एम्ब्रीयो) का शुरू से अंत तक का विकास, इन सभी जीवन–प्रकारों से हो कर गुजरता है जो उस के विकास–इतिहास में पूर्व घटित हो चुके हैं। यही कारण है कि शिशु जन्म की नौ महीने की अवधि उन सभी पूर्व स्थितियों की 'स्मृति' है जिस से उस का विकास क्रम घटित हो चुका है। 'अमीबा' से लेकर मानव तक की विकास-यात्रा, जैविक-अंगीय-धारणा के अनुसार, एक क्रमिक विकास यात्रा है—वह अनायास कोई घटित होने वाली घटना नहीं है। अतः जीवन की गति एक प्रक्रिया (प्रोसेस) है और यह प्रक्रिया 'संगठन' पर आधारित है। यहां 'जीवन' का ऐतिहासिक पक्ष उभरता है और इसी तथ्य पर जीवशास्त्रीय-विचारकों ने 'जैविक-अंग' (ऑरगेनिज्म) को 'ऐतिहासिक–व्यक्ति' के रूप में स्वीकार किया है।[२]

३. जीवन के स्वरूप को समझने के लिए वैज्ञानिक शब्दावली में 'संगठन (ऑरगेनाइजेशन) शब्द के अर्थ को समझना आवश्यक है। इस शब्द के स्वरूप का अर्थ अनेक तत्त्वों की

---

१. ह्यूमन डेस्टनी, लीकॉम्ट द्यू नूं, पृ० ५५

२. प्रोब्लेम्स ओफ लाइफ, लुडविग वान बर्टालैनफी, पृ० १०८

जटिलता का अन्योन्य क्रिया-प्रतिक्रियात्मक रूप है। ये सभी 'तत्त्व' सापेक्ष अवस्था में, एक 'जैविक-अंग' की धारणा एवं संरचना में सहायक होते हैं। जिस प्रकार परमाणुओं के संगठन से 'अणु' की संगठना होती है, उसी प्रकार अनेक तत्त्वों के पारस्परिक सम्बन्ध से 'अंग' की संगठना होती है। अतः इन तत्त्वों तथा प्रक्रियाओं के परिवर्तन से 'सम्पूर्ण' में परिवर्तन होता है और जब इन तत्त्वों तथा प्रक्रियाओं का विलयन हो जाता है, तब वह संगठन भी नष्ट हो जाता है। इस नियम का जीवन की व्यवस्था तथा संगठन से घनिष्ठ सम्बन्ध है। ऐसे अनेक नियम हैं, पर उन में एक महत्त्वपूर्ण नियम कोषीय विभाजन का अनुक्रम है। यह चतुरायामिक कोषों का विभाजन एक कोष और उस से उत्पन्न कोषों का एक संगठित रूप है। दूसरा महत्त्वपूर्ण नियम पैतृक-संस्कारों के वाहक तत्त्व 'जीन' का अनुक्रमिक रूप है जिस के द्वारा संगठन का आंतरिक पक्ष पुष्ट होता है। आंतरिक पक्ष से मेरा तात्पर्य उन गुणों से है जो संस्कार के रूप में किसी जीवधारी के शिशु को प्राप्त होते हैं। मेंडिल का यह जीन सिद्धांत संगठन के एक विशेष पक्ष का उद्‌घाटन करता है जो जीवधारियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास का मूलतत्त्व है। मेंडिल ने लिखा है कि विज्ञान केवल तथ्यों का आकलन एवं संगठन नहीं है; तथ्य उसी समय ज्ञान का रूप धारण करते हैं जब वे धारणात्मक-पद्धति के अन्तर्गत आते हैं।[3] मेंडिल ने जीन-सिद्धांत के अन्तर्गत तथ्यों का यही धारणात्मक रूप रखा है। इस से यह भी स्पष्ट होता है कि विज्ञान केवल तथ्य-परक प्रक्रिया नहीं है, पर वह धारणात्मक-चिंतन का भी क्षेत्र है। विज्ञान का यह पक्ष मानवीय ज्ञान का वह रूप है जो विश्व, प्रकृति और मानव के रहस्यों तथा सत्यों को उद्‌घाटित करता है। यही विज्ञान का ज्ञान-मूल्य है।[4]

४. तीसरा नियम शारीरिक आकृति और शरीर के अन्दर होने वाली भौतिक प्रक्रियाओं से सम्बन्धित है। एक जैविक-अंग केवल शारीरिक आकृति सम्बन्धी अनुक्रम को ही प्रदर्शित नहीं करता है, पर इस के अतिरिक्त वह आंतरिक प्रक्रियाओं के क्रम को भी प्रदर्शित करता है।

५. इन तीन महत्त्वपूर्ण नियमों के प्रकाश में संगठन और जैविक-अंग का एक सापेक्ष सम्बन्ध प्राप्त होता है। इसे ही जीवशास्त्रीय शब्दावली में 'जीवन की व्यवस्थित-धारणा' कहा गया है। इस धारणा के अन्तर्गत जैविक आकृतियों का रूप स्थिर नहीं होता है, पर मूलतः गत्यात्मक होता है। यही गत्यात्मकता ही 'जीवन' को गतिवान् बनाती है और वृद्धि (ग्रोथ) को जीवन का अंतरंग तत्त्व स्वीकारती है। जीवन की यह गत्यात्मकता एक अन्य तत्त्व की ओर संकेत करती है। वह यह कि जीवन का प्रभुत्व सब स्थानों पर है, चाहे वह पृथ्वी हो या कोई अन्य ग्रह

---

३. मैन इन द माडर्न वर्ल्ड, जे० हक्सले, पृ० २००

४. वैज्ञानिक परिदृष्टि, बर्टरेन्ड रसेल, पृ० १५०

या नक्षत्र। यह दूसरी बात है कि जीवन का रूप आवश्यकतानुसार परिवर्तित हो गया हो, पर मूल रूप से जीवन की विश्वजनीन 'शक्ति' का वह एक अनेकपक्षीय रूप है। इसे ही श्री अरविंद ने 'ब्रह्मांडीय जीवन-शक्ति' की संज्ञा दी है जो जैविक और अजैविक विश्व में समान रूप से व्याप्त है।[५] यह जीवन-शक्ति समस्त विश्व में व्याप्त है जो केवल मात्र कल्पना नहीं है, पर आधुनिक विज्ञान की एक आदर्श-धारणा है।

६. उपर्युक्त विवेचन के प्रकाश से यह स्पष्ट होता है कि जीवन में जहां एक ओर विभिन्नता है, वहीं दूसरी ओर उस विभिन्नता में एकता भी विद्यमान है। जीवधारियों में जीवन की एकता का रूप अनेक दृष्टियों से देखा जा सकता है, यदि हम उसे मानवीय मानदण्ड से देखें और परखें। इस दृष्टि से समस्त जीवधारियों में शुभ और अशुभ (पाप और पुण्य) की कोई न कोई भावना समान रूप से प्राप्त होती है। अच्छे और बुरे का यह विस्तार समस्त प्राणीजगत की एक विशेषता है जो उस की एकता का रूप माना जाता है। इस के अतिरिक्त जीन-प्रक्रिया, विभिन्न जातियों में सहयोग-भावना, परिस्थतिजन्य आचरण तथा प्रजनन--प्रक्रिया—ये कुछ अन्य क्षेत्र हैं जहां जीवन की एकता दर्शनीय है।[६] आकृति, शारीरिक रचना, मनश्चेतना आदि के क्षेत्र में हमें विभिन्नता के दर्शन होते हैं। विभिन्नता का महत्त्व उसी सीमा तक स्वीकार किया जा सकता है जहां तक प्रत्येक वनस्पति तथा जीवधारी अपने 'स्वधर्म' का पालन कर सकने में समर्थ हो। प्रसिद्ध प्राणिशास्त्री हाल्डेन ने इसी कारण से 'स्वधर्मपालन' को जीवन की एकता के लिए एक अत्यन्त आवश्यक तत्त्व माना है।

७. जीवन की एकता तथा अनेकता के इस आयाम को दृष्टि में रख कर, जीवन के एक अभिन्न अंग 'व्यक्ति' (इण्डीवीज्वल) के स्वरूप को समझना भी आवश्यक है। जीवशास्त्र में 'व्यक्ति' का अर्थ सामान्य अर्थ ही है जो केवल एक जैविक अंग है जब कि मनोविज्ञान में व्यक्ति का अर्थ सामान्य न हो कर विशिष्ट होता है। विकासवादी-दृष्टि से 'व्यक्ति' एक ऐसा जीवधारी है जो दिक्, काल और क्रिया के परिप्रेक्ष्य में जीवित रहता है और एक विशिष्ट जीवन-चक्र (लाइफ-साइकिल) का पालन करता है। विकास के निम्न स्तर में अमीबा और हाइड्रा को यदि दो भागों में विभाजित किया जाता है तो प्रत्येक भाग एक 'व्यक्ति' की तरह आचरण करता है। कुछ इसी प्रकार की विकसित दशा मानव नामधारी प्राणी में यदा कदा देखी जाती है, जब डिम्ब (ओवा) के सिंचन के पश्चात्, वह दो या अधिक में विभक्त हो जाता है और इस प्रकार दो या दो से अधिक शिशु एक साथ जन्म लेते हैं। यहां पर व्यक्ति की धारणा एक भौतिक रूप में है जब कि

५. साइंस एण्ड कल्चर, महर्षि अरविन्द, पृ० ३६

६. दि यूनिटी एण्ड डाइवर्सिटी ओफ लाइफ, जे. बी. एस. हाल्डेन, पृ. ४०-४१

'व्यक्तित्व' की भावना व्यक्ति के समस्त आंतरिक एवं वाह्य गुणों या अवगुणों का एक समष्टि रूप है। इस दृष्टि से 'व्यक्ति' की भावना एक प्रगतिशील एकीकरण की भावना है जिस में पैतृक संस्कार, शारीरिक संरचना, नाड़ी-संस्थान और जीवन-चक्र का एक सानुपातिक एकीकरण प्राप्त होता है। इस प्रकार 'व्यक्ति' एक सीमा है जिस का सम्पूर्ण साक्षात्कार असंभव है, पर जिस तक पहुंचा जा सकता है।[७] यह तथ्य एक अन्य दिशा की ओर भी संकेत करता है कि व्यक्ति की धारणा कोई पूर्ण-धारणा नहीं है। यही कारण है कि 'पूर्ण-व्यक्ति' की भावना एक कल्पना है। जीव-विज्ञान की दृष्टि से पूर्ण-व्यक्ति का तात्पर्य केंद्रीकरण है जिस का सम्बन्ध नाड़ी-संस्थान (सुषुम्ना नाड़ी=स्पाइनल कौर्ड) से है और इस केंद्रीकरण के विरोध में विकेंद्रीकरण या बिखराव की प्रवृत्ति लक्षित होती है। इसी से जीवधारियों में केंद्रीकरण की प्रवृत्ति प्रजनन क्रिया में व्यवधान भी दे सकती है और यही कारण है कि विकेंद्रीकरण की प्रवृत्ति जीवधारियों के लिए कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है। वस्तुतः जीवन के स्थायित्व एवं विकास के लिए ये दोनों प्रवृत्तियां न्यूनाधिक रूप से आवश्यक हैं।

८. अस्तु। जीवन के विकास में केंद्रीकरण एवं बिखराव की प्रवृत्तियां निरपेक्ष न हो कर सापेक्ष हैं क्यों कि जीवन के विकास में इन दोनों तत्त्वों का कार्य-कारण-सम्बन्ध है। विकास-क्रम में किसी भी अंग का (व्यक्ति) विकास संयोगाश्रित नहीं है, पर यह विकास सीमित है। यह विकास सीमित इस लिए है कि प्रकृति के नियम के अन्तर्गत प्रत्येक वस्तु या घटना का एक परिवेश होता है और यह परिवेश उस घटना या वस्तु को एक अर्थ देता है। इस के अतिरिक्त विकास का यह सीमित पक्ष तीन तत्त्वों के प्रकाश में कार्यान्वित होता है। प्रथम तत्त्व जीन में अवश्यंभावी परिवर्त्तन की प्रक्रिया है जिस का संकेत ऊपर किया जा चुका है। दूसरा तत्त्व वे आन्तरिक गुण हैं जो विकासक्रम के दौरान किसी जाति या जीवधारी में अनेकानेक परिवर्तन लाते हैं। यह प्रक्रिया सामूहिक भी है और व्यक्तिगत भी। तीसरा तत्त्व संगठना का है जिस पर विचार किया जा चुका है। इस प्रकार विकास की अपनी सीमाएं लक्षित होती हैं और घटित होते हुए विकास-क्रम के आधार पर हम भावी विकास की सम्भावनाओं से भी अवगत हो सकते हैं। इस पक्ष पर विकासवादी-चिंतकों ने विचार किया है[८] और वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि मानव जीवन का भावी विकास भौतिक एवं शारीरिक स्तर पर न हो कर अब मानसिक एवं आत्मिक स्तर पर ही संभव है। जीवन की गति सदैव उच्चतर क्षितिजों की ओर ही होती है जैसा कि विकास-परम्परा से लक्षित होता है। ●

---

७. प्रोब्लेम्स ओफ लाइफ, बरटालैनफी, पृ० ५०

८. ऐसे कुछ चिंतक ली कॉम्ट ड्यू नूं, डब्लू० एच० हाइटहेड, जे. हक्सले और अरविंद हैं।

भारतेन्दु युगीन चेतना और उसके प्रतिनिधि पं. बालकृष्ण भट्ट

डॉ० राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, रीडर, हिन्दी विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

भारतेन्दु युग आधुनिक हिन्दी साहित्य का विहान है। यह युग हिन्दी साहित्य की प्रायः सभी आधुनिक विधाओं का जनक है। अतः इस की महत्ता अनेक दृष्टियों से समूचे हिन्दी साहित्य में अद्वितीय और अतुलनीय है।

किसी भी साहित्य की समृद्ध आलोचना उस साहित्य के सर्जनात्मक पक्ष को भी प्रतिबिम्बित करती है। इस दृष्टि से भारतेन्दु युगीन आलोचना अपने युग का वास्तविक प्रतिनिधित्व करती है।

यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि समूचे भारतेन्दु युग का गहन एवं वैज्ञानिक अध्ययन अद्यावधि नहीं हुआ है। अतः इस युग का साहित्यिक मूल्यांकन भी अभी अपूर्ण है।

भारतेन्दु युग का यदि मनोयोग पूर्वक अध्ययन किया जाये तो यह देख कर आश्चर्य होगा कि उस युग की रचनाओं में आज भी बड़ी ताजगी एवं जीवंतता है। इस युग का समूचा साहित्य यदि प्रकाश में लाया जा सके तो अनेक प्रचलित परवर्ती मान्यताओं में आमूलचूल अंतर उपस्थित हो जायगा। उदाहरणार्थ, यह धारणा सर्व प्रचलित है कि हिन्दी आलोचना को भौतिकतावादी यथार्थ का निकष मार्क्सवाद ने दिया है किन्तु तथ्य यह है कि आलोचना का यह भौतिक एवं यथार्थवादी निकष भारतेन्दु युग में ही परीक्षित एवं पुष्ट हो चुका था। यह निर्भ्रान्त भाषा में कहा जा सकता है कि इस के समीक्षकों की दृष्टि यथार्थ परक होने के साथ-साथ वैज्ञानिक भी थी।

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, पं. बालकृष्ण भट्ट, पं. प्रताप नारायण मिश्र, पं. बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन' तथा लाला श्री निवासदास भारतेन्दु युगीन आलोचना के प्रमुख स्तम्भ हैं। इन में भी सैद्धान्तिक निष्ठा वैचारिक विशदता, स्पष्ट एवं प्रखर चिन्तन, निर्भीकता तथा अभिव्यक्तिगत वैशिष्ट्य की दृष्टि से पं. बालकृष्ण भट्ट ही इस युग के निर्विवाद प्रतिनिधि आलोचक हैं।

भौतिकतावादी दृष्टिकोण :-

संसार को नश्वर और जीवन को क्षणभंगुर मानने की चिरपरिचित वेदान्ती विचारधारा से भट्ट जी की विचारधारा मूलतः भिन्न है। 'हिन्दी प्रदीप' में एक स्थान पर वे अत्यन्त स्पष्ट भाषा में पूरी निर्भीकता के साथ लिखते हैं :—

"संसार सुख का सार और स्वार्थ तथा परमार्थ साधन का पवित्र मन्दिर है। पर हम इसे अपने कुलक्षणों से दुःख के प्रवाह का स्रोत, यावत् संताप और क्लेश का अपवित्र आलय कर रहे हैं। पौरुषेय गुण शून्य हम अपने अकर्मण्य वेदान्तिओं को क्या कहें जो संसार को दुःख रूप मिथ्या और नश्वर मानते हैं। यह प्रत्यक्ष है कि हमारे ही अविचार, अविवेक अशान्ति, असंतोष मोहान्ध बुद्धि आदि दुर्गुणों का कारण है कि स्वर्णमंदिर संसार को हम ढहाके उजाड़ खंडहर कर रहे हैं। जहां अमृत का कुंड भरा है उसे हम हलाहल विष से भरे देते हैं बड़े विद्वान हुए यावज्जीवन शास्त्र और फिलासफी को रट-रट पच मरे जितना रट डाला उस के एक वाक्य पर भी जो विवेक और विचार को काम में लाते तो अपने अस्तव्यस्त कामों से जो अनेक दुःख सहते हैं और अपनी समझ और काम का दोष न दे संसार को दुःख का आगार मान बैठे हैं, यह भ्रम मिट जाता। यदि विवेक और विचार को मन में जगह देते तो जो दुःखमय बोध होता है वही अनन्त सुख का हेतु होता।"[1]

आलोचना में इतिहास, और ऐतिहासिक दृष्टिकोण को प्रमुखता देते हुए भट्ट जी एक स्थान पर लिखते हैं:—

"जब हमारा प्रश्न ही मनुष्य जाति का अनूठापन नितांत ऐतिहासिक है तो इस लिए जहां इतिहास हम को सहारा न देगा वहाँ निश्चय हम को ठहर जाना पड़ेगा।"[2]

धर्म और राजनीति की तुलना में राजनीति को वरेण्य बताते हुए भट्टजी लिखते हैं:—

"चाहे धर्म सम्बन्धी एकता से आप और-और तरह का लाभ मानें पर देश की उन्नति और वास्तविक भलाई करने का द्वार हम राजनीतिक एकता को ही मानेंगे। जब तक कोई जाति एक राजनीतिक समूह न होगी जिस का एक ही राजनीतिक उद्देश्य है और जिस जाति के लोग एक ही राजनीतिक ख्याल से प्रोत्साहित नहीं हैं, तब तक आप उस जाति की सम्पत्ति और बुद्धि की बुनियाद किस चीज पर कायम रखेंगे? हम देखते हैं कि अंगरेजों के इतिहास में बहुत जल्दी राजनीतिक एक जातित्व आ गया जिस के कारण उन की जाति की उन्नति चरम सीमा को पहुंचने लगी और उसी के विपरीत हम देखते हैं कि राजनीतिक बंधन न होने से बहुत जल्द हमारी जाति तीन तेरह हो गई। अंगरेजों में राजनीतिक एकता के कारण उन के देश की वास्तविक उन्नति हुई उसी के विपरीत राजनीतिक एकता न होने से हमारा ह्रास हुआ और आगे चल कर इस का यह परिणाम हुआ कि अंगरेज जाति ने अपना इतिहास अपने अनुकूल कर लिया। वही

---

१. 'हिन्दी प्रदीप' सितम्बर, १८९५, पृ० ४

२. वही, जनवरी, १८८७, पृ० ३

हमारी जाति का इतिहास झख मार के हमारे प्रतिकूल हो गया। और आपस की फूट से जो कुछ बची खुची ताकत रह भी गई थी उसे विदेशीय नेताओं ने आकर चूर-चूर कर डाला।"[3]

किसी भी पराधीन जाति के साहित्य में राजभक्ति और देशभक्ति में से राजभक्ति ही वरेण्य रूप में चित्रित मिलेगी। भारतेन्दु युग के प्रायः सभी समर्थ लेखक पराधीनता की मानसिक कायरता से नितांत मुक्त हैं। उन सब में भी भट्टजी की देश भक्ति का स्वर सब से अधिक प्रखर-मुखर है। राजभक्ति और देशभक्ति की वरेण्यता के संदर्भ में भट्टजी अपनी निर्भ्रान्त और द्विधाहीन भाषा लिखते हैं:—

"हमारा कथन है कि राजभक्ति और प्रजाहित दोनों का साथ कैसे निभ सकता है? जैसे हंसना और गाल का फुलाना बहुरी चबाना और शहनाई का बजाना एक संग नहीं हो सकता ऐसा ही यह भी असंभव और दुर्घट है। राजभक्ति का फल निस्संदेह पहले देखने में बड़ा मीठा है पर परिणाम में महामंदकारी और रूखा है। इसे बहुत खाते-खाते मनुष्य क्षीणवीर्य क्षीणस्वत्व और क्षीणतेज हो जाता है और रग-रग और रोम-रोम में दास्य भाव अलर्क अर्थात कुत्ते के विष के समान ऐसा असर कर जाता है कि जिस के दूर करने की कितनी ही तदबीर हो कुछ कारगर नहीं होती।"[4]

भारतीय समाज में—विशेष रूपेण हिन्दुओं में—यह धारणा युग-युगों से बद्धमूल है कि वेद अपौरुषेय हैं। अपौरुषेय शब्द की प्रायः अलौकिक के अर्थ में व्याख्या की जाती है। इधर पश्चिम के विज्ञानवादी तथा मार्क्सवादी दृष्टिकोण ने सभी परम्परा मुक्त मान्यताओं की जड़ हिला दी है। पश्चिमी दृष्टि से जीवन-जगत् को देखने वाले अनेक महानुभाव यह समझते हैं कि यह भौतिकतावादी दृष्टिकोण हमारे देश के लिए बड़ा अद्भुत और अश्रुतपूर्व है। परन्तु तथ्य यह है कि इस देश में आरंभ से ही अध्यात्मवादी विचारधारा के साथ-साथ ही भौतिकतावादी विचारधारा भी प्रवाहित होती रही। भारतेन्दु युगीन अनेक प्रमुख लेखकों में यही विचारधारा बड़े प्रखर रूप में मिलती है। यह भी युगों से प्रचलित भारतीय विचारधारा के एक पक्ष की विकसित एवं आधुनिक परिणति है। संस्कृत के निष्णात् विद्वान एवं प्राध्यापक होने पर भी भट्टजी इस आधुनिक विचारधारा के सब से बड़े प्रवक्ताओं पोषकों एवं समर्थकों में से एक थे। वेदों के सम्बन्ध में व्यक्त भट्टजी के विचारों से उपर्युक्त कथन का सहज ही समर्थन हो जायगा। भट्टजी वेदों के सम्बन्ध में अत्यन्त स्पष्ट शब्दों में लिखते हैं:—

---

३. वही, जनवरी, १८८८, पृ० ६

४. वही, सितम्बर, १८८२. पृ० १–३

१. किसी भी देश और जाति के जीवन और प्रगति का सूचक उस का साहित्य होता है। इसी कारण सभी देशों और जातियों में अनेकों व्यक्ति साहित्यसृजन में व्यापृत होते हैं और उस कर्म से कोई भौतिक लाभ न होने पर भी इस साधना में अपने जीवन को लगा देते हैं। साहित्य में प्रवृत्तियां युगानुरूप होती हैं। देश में जब पतन और उत्थान की शक्तियों का संघर्ष होता है, देश को अपनी आत्मा को पहचानने, बचाने तथा नवनिर्माण की आवश्यकता होती है, तब साहित्यकार देश को ऐसी प्रेरणा अपने मधुर और मोहन सृजन से देता है। दयानन्द सरस्वती के आविर्भाव से प्रारम्भ हो कर, स्वतन्त्रतासंग्राम के काल में विशेष बल पा कर ऐसी प्रेरणा देने वाला साहित्य आज भी अनेक साहित्यकार प्रस्तुत कर रहे हैं। गजेन्द्र सिंह सोलंकी भी ऐसे लेखकों की श्रेणी में आते हैं। इन की 'गागर' राष्ट्र की एकता और गौरव का सन्देश देने वाला काव्य है, जो अपने में सागर को समाए हुए है।

२. इस छोटे से कविता संग्रह में श्री सोलंकी ने आकांक्षा, समर्पण, वन्दना, भारतदर्शन, युगदर्शन, विविधदर्शन, नियतिदर्शन और छविदर्शन—इन आठ शीर्षकों में आदि काल से आज तक के अपने देश के प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक प्रवृत्तियों और शौर्य का सुन्दर, सरस, अलंकृत, स्वाभाविक और प्रवाहमय सरल देशी और तद्भव शब्दों के समुचित सन्निवेश से युक्त शैली में जाति और धर्म आदि की संकीर्णता से रहित, भावात्मक एकता का प्रत्यक्ष दर्शन कराने वाला, आर्य द्रविड, हिन्दु जैन सिक्ख और मुसलमान आदि सब ही देशवासियों को एक सूत्र में बांधता हुआ चित्रण प्रस्तुत किया है।

३. इस काव्य के गुणों की प्रकाशक भूमिका के लेखक डा. फतहसिंह के शब्दों में 'श्री गजेन्द्र सिंह सोलंकी ने वर्तमान हिन्दी कविता को एक नई शक्ति दी है जिस में परम्परा का संबल, नवीनता का उत्साह एवं मानवता के नव निर्माण का स्वस्थ, सुन्दर तथा सरस स्वर है।' कवि को जहां अपनी संस्कृति की उपलब्धियों पर गौरव है, वहां राष्ट्रविरोधी कुत्सित एवं गर्हित तत्त्वों और प्रवृत्तियों पर खेद भी है। वह देश को एक सूत्र में बांधने वाले सभी महापुरुषों को सम्मान देता है। कवि का ऋतुवर्णन तप, पौरुष और नवीनता का सन्देशवाहक है। 'छविदर्शन' में

कवि ने शृङ्गार का उज्ज्वल स्वरूप उपस्थित किया है। वस्तुतः श्री सोलंकी की गागर विविध रूपों में मनोरंजन, चिन्तन और आचरण की विचारोत्तेजक, पुष्कलसामग्री प्रस्तुत करती है।

४. इस काव्य में अनुप्रासों की छटा और थिरकन मनोमोहक हैं। नए प्रयोगों और अकविता के इस युग में कवि का पुरानी शैली में लिखना सम्भवतः कुछ को अटपटा लगे, परन्तु प्राचीन शैली को भी नूतन युगानुरूप आनन्दप्रवाहिणी बनाने में ही तो कविकर्म का उत्कर्ष है। अकविता की भी अपनी रूढ़ियां हैं। प्रत्येक नवयुग में शैलियों का संघर्ष सम्भव है और होता रहा है। इस से श्री सोलंकी के काव्य का मूल्य बढ़ता ही है, घटता नहीं है। वैसे भी काव्य में शैली एक माध्यम मात्र है–गौण है। वहां विचार ही प्रमुख हैं। अतः कवि इस रचना के लिए बधाई के पात्र हैं। हमें उन की लेखनी से भविष्य में भी अन्य देश के मार्गदर्शक राष्ट्र भावना से ओतप्रोत काव्यों की आशा है।

" शतमन्यु "

लेे० कवि श्री रामस्वरूप खरे, प्रकाशक हिन्दी प्रचार सभा, सदर, मथुरा
(उत्तर प्रदेश); प्रथम संस्करण; २०२६ वि.; पृ. ५२; मूल्य १-५०

समीक्षक : डा० वीरेन्द्र सिंह,
व्याख्याता, हिन्दी विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

'शतमन्यु' श्री रामस्वरूप खरे का खण्डकाव्य है जो द्विवेदीकालीन खण्डकाव्य की शैली में लिखा गया है। शतमन्यु एक पौराणिक चरित्र है जिस के बलिदान से दुर्भिक्ष पीडित जनता को वर्षा का लाभ होता है। कथा अत्यन्त छोटी है। दुर्भिक्ष पड़ता है और जनता वर्षा के लिए विकल है। यह मान्यता है कि नरमेध के द्वारा ही वर्षा सम्भव है और नरपति द्वारा यह घोषणा होने पर एक बालक 'शतमन्यु' अपना बलिदान देकर जनता के दुःख को दूर करता है। अन्त में कवि ने बालक के बलिदान के व्याज से आज के युग में राष्ट्र के लिए बलिदान की महत्ता को उपदेशात्मक शैली के द्वारा प्रस्तुत किया है। इस प्रतिपादन में नरमेध की भावना को ले कर कवि ने एक प्राचीन परम्परा को नया संदर्भ देने का प्रयत्न किया है, पर यह प्रयत्न पूर्ण सफल नहीं हो सका है, क्योंकि काव्य का अन्तिम सर्ग उपदेश से आरोपित है। काव्य का सौंदर्य उपदेश की व्यंजना करना है जो कथा के माध्यम से ध्वनित होना चाहिए। आधुनिक बोध का जहां तक प्रश्न है, यह काव्य परम्परा से ही अधिक बंधा है। काव्य शैली प्राचीन है, वर्णनात्मकता का अधिक आग्रह है और कथासंयोजन में अन्तर्द्वन्द, संघर्ष तथा वर्त्तमान मानव नियति का वैसा चित्रण नहीं है जो हमें डा० धर्मवीर भारती के 'अंधायुग' तथा कुंवरनारायण के 'आत्मजयी' में प्राप्त होता है। ये दोनों रचनाएं पौराणिक वातावरण पर आधारित होते हुए भी उनका ट्रीटमेंट (Treatment) नितांत नया है। शतमन्यु का 'ट्रीटमेंट' नया न हो कर पुराना है जो आज के पाठक की संवेदना को आंदोलित करने में असमर्थ है।

फिर भी, कवि ने कहीं-कहीं पर काव्यसर्जना की दृष्टि से, अच्छे प्रयोग किए हैं जहां तक भाषा तथा उक्ति का प्रश्न है। आमुख में कवि का कथन है कि—

लुटाता सौरभ वही प्रसून प्रथम जो खिलता कांटो बीच।
वही दे पाता अभिनव ज्योति— दीप, जो हंसता तम के बीच।

इस प्रकार की अनेक उक्तियां मिलती हैं जो कवि की सर्जनात्मकता के प्रति संकेत करती हैं। उसी प्रकार कवि की एक और सुन्दर उक्ति है—

सृजन किलकारी भर कर आज मुक्त हो खेलेगा सानन्द।
पड़ेगा फूट नया स्वर सहज आदि कवि का ज्यों पहला छंद।

काव्य उक्तियां तथा उन में प्रयुक्त उपमान अधिकतर परम्परा से लिए गए हैं, और उन का प्रयोग भी नया न हो कर पुराना है जैसा कि उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है।

दयानन्द कॉलेज, अजमेर रजतजयन्ती १९७१ स्मारिका

Souvenir आचार्य वाल्ले अभिनन्दन ग्रन्थ Principal Vable Commemoration Volume; सम्पादक : रविशंकर वर्मा, सदाविजय आर्य; जी. एल. जोशी, संयोजक आचार्य वाल्ले अभिनन्दन समिति; प्रकाशक ताराचन्द, मंत्री, आर्यसमाज शिक्षा सभा, अजमेर

समीक्षक : डा० सुधीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, संस्कृत विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–४

१. यह ग्रन्थ दयानन्द कालिज अजमेर की रजत जयन्ती के अवसर पर आचार्य वाल्ले को उन की कालिज की सेवाओं के सम्मान में भेंट किया गया था। इस ग्रन्थ के चार भाग हैं—पहले में आचार्य वाल्ले और दयानन्द कालिज की प्रशस्ति और शुभकामना के सन्देश हैं। इन में जीवन के विविध क्षेत्रों के मूर्धन्य व्यक्तियों के उद्‌गार हैं। दूसरे भाग में दयानन्द कॉलेज की स्थापना और प्रगति का इतिहास दिया गया है। डी. ए. वी. स्कूल की स्वर्णजयन्ती के वर्ष में ५. ४. १९४१ को इस की स्थापना हुई। अनेक संकटों का सामना करते हुए यह सुखाडिया की सहायता से, जियालाल के पुरुषार्थ से और अनुदानों आदि के द्वारा आधुनिक रूप को प्राप्त हुआ है। कालिज के पाठ्यविषय तथा क्रमोन्नति, आर्थिक विकास, प्रिंसिपल वाल्ले के साथी और सहयोगियों पर प्रकाश डाला गया है, कालिज की प्रगति के चित्र तथा पुराने छात्रों की २५ वर्ष की गुणीय तालिका दिए गए हैं।

२. तीसरे भाग में स्मारिका है जिस में १९ निबन्ध हैं—९ अंग्रेजी में और १० हिन्दी में। यद्यपि लेख अच्छे हैं और विषय के प्रकाशक हैं, तथापि विषय की गरिमा को देखते हुए उन में अनेक बहुत छोटे और रूपरेखा मात्र कहलाने योग्य हैं। वे सामान्य जन के लिए रोचक और उपयोगी हैं, शोध की दृष्टि से उन का मूल्य साधारण है। यदि कतिपय लेख कुछ विस्तृत और सप्रमाण होते तो शोध की दृष्टि से अधिक उपयोगी सिद्ध होते। इन उन्नीस में से एक दयानन्द पर, एक महात्मा हंसराज पर लिखे गए हैं, शेष दयानन्द और उन की विचारधारा से सम्बन्धित हैं। अपने लेख में टी. एन. चतुर्वेदी[1] ने भारतीय जनता में पुस्तकों के अध्ययन में रुचि बढ़ाने और पुस्तकों के प्रकाशन और वितरण के लिए सुन्दर सुझाव दिए हैं। जनोपयोगी पुस्तकों का देश में भारी अभाव है। इस ओर उठाए गए पग अपर्याप्त हैं। प्रौढ़ और बालसाहित्य असन्तोषजनक हैं। चतुर्वेदी ठीक ही चाहते हैं कि चुनी हुई पुस्तकों को सहायता दे कर सस्ते मूल्य में प्रकाशित और वितरित कराया जाए। पुस्तकालयों का प्रचार, पुराने लेखों और पुस्तकों का पुनर्मुद्रण और

---

१. पृ० ३

पुस्तकक्रय के लिए अनुदान दिए जाएं। आर. के. चौधरी[2] ने शिक्षा पर दयानन्द की विचारधारा का सुस्पष्ट चित्रण किया है और उसे आधुनिक माना है। ज्योत्स्ना वेलंकर[3] मानतीं हैं कि स्वा. दयानन्द ने राजनीति में भाग नहीं लिया। इन्हों ने सामाजिक अभ्युत्थान पर शक्ति लगाई। इन्हों ने संसार को शारीरिक, आध्यात्मिक और सामाजिक उन्नति का नारा दिया। जातिप्रथा की कटु आलोचना की। शुद्धि का प्रचार किया। स्त्रियों के अभ्युत्थान के लिए पर्दा, अशिक्षा, सतीप्रथा, विधवाजीवन आदि का विरोध किया। राजवंशी[4] ने गुरुकुल प्रणाली की विशेषताओं का प्रतिपादन करते हुए २० वीं शती में गुरुकुलों के अभियान को विफल माना है। अडवानी और राव[5] ने छात्रों में अनुशासन हीनता की समस्या का, प्रीतम वेली[6] ने आदर्श अध्यापक के गुणों और कार्यप्रणाली, और जोगेन्द्रसिंह ने लोकहितैषी राज्य में प्रशासकीय सेवाओं के आदर्श, लक्ष्य और कार्य का विश्लेषण किया है। सूर्य देव[7] ने आर्यसमाज की हिन्दी सेवाओं पर विहंगम दृष्टि डाली है। सुनीति देवी[8] ने महिला जागृति में आर्यसमाज के कार्य का संक्षिप्त परिचय दिया है। सत्यव्रत[9] का महर्षि दयानन्द का हिन्दी गद्य के जन्मदाता के रूप में मूल्यांकन हिन्दी के इतिहास लेखकों को भारी चुनौती है। राजेन्द्र जिज्ञासु[10] का डी. ए. वी. संस्थाओं के छात्रों, अध्यापकों और कार्यकर्त्ताओं की स्वतन्त्रता आन्दोलन में देन का वर्णन स्फूर्ति दायक और जानकारी से भरा पड़ा है। यह इन संस्थाओं के गौरव को सदा के लिए अविस्मरणीय बनाने वाला है। क्षेमचन्द्र[11] सुमन का दक्षिण में हिन्दी प्रचार में आर्य समाज के योगदान का विवरण ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक है। उन का यह कहना ठीक ही है कि दक्षिण में हिन्दी प्रचार की विशालता और व्यापकता के मूल में आर्यसमाज के कार्य की प्रधान देन है। भगवान दास[12] ने महात्मा हंसराज के प्रभावशाली और आकर्षक व्यक्तित्व, वैदिक विचारों में अदम्य आस्था, आर्यसमाज और लोक कार्य में अक्षीण उत्साह, लगन और निर्भयता, अलोभ का प्रभावपूर्ण चित्रण किया है।

३. चौथे भाग में आचार्य वाल्ले के व्यक्तित्व, कृतियों तथा कार्य पर ५४ लेख हैं, जिन में १७ अंग्रेजी में हैं, शेष हिन्दी में। श्री वाल्ले एक अथक यात्री, अद्भुत कार्यकुशल, विकसमान व्यक्तित्व वाले, सदा कार्यरत, दुःखों से न घबराने वाले लेखक और प्रशासक तपस्वी हैं। इन की शैक्षणिक कृतियां भी उच्च कोटि की हैं। ऐसे विद्वान् कर्मवीर का अभिनन्दन उचित ही था, और किया भी गया। इस ग्रन्थ को उन को भेंट किया गया। उन के अनुरूप बनाने के लिए उस में भारी संख्या में चित्र भी हैं।

---

२. पृ० ७　　३. पृ० ११　　४. पृ० १४　　५. पृ० २०　　६. पृ० २३　　७. पृ० ३४
८. पृ० ३९　　९. पृ० ४२　　१०. पृ० ४५　　११. पृ० ५२　　१२. पृ० ५७

४. आज कल अभिनन्दन और स्मृति ग्रन्थों और स्मारिकाओं की भरमार है। उन में से अधिकांश सरकार से सहायता लेने, विज्ञापनों से धन कमाने और किञ्चित् प्रसिद्धि के लिए निकाले जाते हैं, उन के लेखों के स्तर ऊंचे नहीं होते, न उन में शोधगरिमा होती है। वे सामयिक होते हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ उपर्युक्त तीनों में से किसी भी लक्ष्य को ले कर नहीं चला है, इस का शुद्ध सात्त्विक भाव है—कालिज का परिचय और वाब्ले का अभिनन्दन। इस कारण इस का स्तर अन्य बहुत से ग्रन्थों से ऊंचा है, परन्तु विद्या की गरिमा की दृष्टि से यह मध्यम गुणों वाला ही माना जा सकता है। आशा है भविष्य में आर्य समाज और उस की संस्थाओं में जब किसी अन्य व्यक्ति को अभिनन्दन ग्रन्थ भेंट किया जायगा, तो उस में शोधगरिमा और ठोस विचारप्रधान लेखों का बाहुल्य रहेगा।

महावीर जयन्ती स्मारिका १९७१

प्रधान सम्पादक : भंवरलाल पोल्याका; प्रकाशक : ताराचन्द साह, मन्त्री, राजस्थान जैन सभा, जयपुर; पृष्ठ ७०+१३२+२०; चित्र ६; मूल्य २–००

समीक्षक : डा० नन्दकिशोर शर्मा, प्राध्यापक दर्शन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–४

आधुनिक युग में विज्ञान के बढ़ते चरण जहां एक ओर मानव के भौतिक जीवन को अधिक सम्पन्न तथा सुखमय बनाने में सहायक हुए वहां दूसरी ओर मानव संस्कृति पर उस का विपरीत प्रभाव भी स्पष्ट परिलक्षित हुआ। समस्त नैतिक तथा धार्मिक मूल्यों को चुनौती दे, उस ने मानव के आध्यात्मिक अस्तित्व को ही संकट में डाल दिया। मानव जीवन केवल भौतिक जीवन नहीं है। उस का वास्तविक अस्तित्व तो नैतिकता तथा आध्यात्मिकता को लेकर है। तथा वे ही आध्यात्मिक तथा नैतिक मूल्य अनादि काल से मानव जीवन को सार्थकता प्रदान करते रहे हैं।

ऐसी स्थिति में जो भी संस्थाएं इस संकट काल में नैतिक तथा आध्यात्मिक मूल्यों का संचालन तथा पुनःस्थापन का कार्य कर रही हैं वे मानव तथा उस की संस्कृति की बहुत बड़ी सेवा कर रही हैं। जैन सभा इस क्षेत्र में विशेष रूप से सक्रिय है। आचार्य तुलसी का अणुव्रत आंदोलन मानव समाज के आध्यात्मिक तथा नैतिक जीवन में क्रांति ला देने की आकांक्षा रखता है। धनी जैन समाज का पर्याप्त धन धार्मिक संस्थाओं में व्यय होता है। इस से जहां एक ओर समाज के नवयुवकों की धार्मिक तथा नैतिक मूल्यों में रुचि एवं आस्था की वृद्धि होती है वहां दूसरी ओर उन की विभिन्न व्यसनों तथा दुर्गुणों से रक्षा भी होती है।

महावीर जयन्ती स्मारिका का लगभग हर वर्ष नियमित प्रकाशन इस दिशा में एक सराहनीय कदम है। हर वर्ष "जनता को महावीर स्वामी के प्रेरणाप्रद जीवन, उन के सर्वोदयी सिद्धांतों आदि के साथ-साथ जैन धर्म और जाति के इतिहास, पुरातत्त्व, संस्कृति आदि की याद दिला ये स्मारिकाएं जीवन को गौरवमय बनाने के लिए प्रेरणा प्रदान करती हैं।" आध्यात्मिक तथा नैतिक महत्त्व के साथ-साथ इन स्मारिकाओं का शोध की दृष्टि से भी काफी महत्त्व होता है। जैन दर्शन, संस्कृति, इतिहास आदि के शोध में समाज की रुचि बनाए रखने के लिए स्मारिका का नियमित प्रकाशन उत्तम साधन है।

इस वर्ष सन् १९७१ की स्मारिका का प्रस्तुत प्रकाशन उपरोक्त दोनों दृष्टियों से सफल कहा जा सकता है। आत्मनिवेदन के अन्तर्गत श्री केवल चन्द ठोलिया और श्री तारा चन्द साह ने

स्मारिका का इतिहास और परिचय दिया है। श्री भंवरलाल पोल्याका ने महावीर जयन्ती की छुट्टी की मांग कर एकता से विशिष्ट, चारित्रपूर्ण, धर्मोन्मुख स्वस्थ समाज के निर्माण का आह्वान किया है। श्री ताराचन्द साह ने राजस्थान जैन सभा, जयपुर का परिचय देते हुए उस के कार्य का संक्षिप्त विवरण दिया है। शेष स्मारिका तीन भागों में विभक्त है। प्रथम खण्ड महावीर स्वामी के धर्म तथा दर्शन से संबंधित है जिस में छः कविताएं तथा अट्ठारह लेख संकलित हैं। द्वितीय खंड में इकत्तीस लेख हैं जिस में आठ कविताएं भी सम्मिलित हैं। उपरोक्त दोनों खंड हिन्दी भाषा में हैं। तृतीय खंड में केवल तीन लेखों का संग्रह है जो आंग्ल भाषा में हैं तथा साथ में चिंतन के लिए कुछ विचार भी संकलित हैं। विवेचन की दृष्टि से हम स्मारिका के लेखों पर विषयानुसार विचार करेंगे।

प्रथम—पद्यात्मक रचनाएं :—जैसा अभी उल्लेख किया, स्मारिका में कुल चौदह कविताएं हैं। द्वितीय खंड में, जो मुख्य रूपेण इतिहास तथा पुरातत्त्व आदि से संबंधित है, कविताओं का होना अप्रासंगिक है। इन कविताओं को भी प्रथम खंड में ही होना चाहिए था, विशेष रूप से इस लिए कि प्रथम खंड की कविताएं तथा द्वितीय खंड की कविताएं एक ही प्रकार की हैं। स्मारिका निर्भय हाथरसी की 'ज्योतिर्मय अमरदीप' नामक कविता से प्रारंभ होती है जिस में महावीर स्वामी का जयघोष है। स्मारिका के काव्यात्मक भाग की एक मुख्य विशेषता है पंडित चैनसुख दासजी की कविताओं का समावेश। पंडितजी की सात कविताओं में से एक में कवि भगवान् को वरदान को पूर्ण करने में विलंब के लिए 'उपालंभ' देता है। एक अन्य कविता कवि की 'अन्तर्वेदना' को प्रकट करती है जो उसे अपने जीवन की अन्तिम अभिलाषा की पूर्ति में सफलता दिखलाई न देने पर खसोट रही है। 'आत्म कामना' में कवि भगवान् के गुण-गान करते हुए उन में अपने को लीन करने की कामना करता है। महागति में मानव की चरम स्थिति का सुन्दर चित्रण है। किन्तु कवि की सर्वश्रेष्ठ कविताएं हैं 'जीवन-गीत' तथा 'जीवन पट'। 'जीवन-गीत' में कवि निष्ठात्मक जीवन को ही सफल जीवन मानते हैं। निष्ठा में विफलता भी सफलता है। निष्ठा के साथ जूझते रहना ही जीवन की सच्ची सफलता है तथा इस से विमुख होने वाला जन हीन, निर्बल व निर्मोही है। जीवन पट कवि के अंतिम समय की रचना है, जब उस का जीर्ण शीर्ण जर्जर शरीर मृत्यु की छाया को स्पष्ट मंडराते देखता है। जीवन का समस्त नशा उतर जाने से निर्मल जीवन अधिक निखार पा जाता है। जीवन व मृत्यु का अन्तर्द्वन्द्व अब अधिक नहीं सहा जाता तथा कवि भगवान् से शीघ्र ही इस से मुक्त करने की प्रार्थना करता है। कविता बड़ी मार्मिक तथा हृदयस्पर्शी है। उपरोक्त कविताओं से स्पष्ट है कि पं० चैन सुख दासजी न केवल उच्चकोटि के दार्शनिक तथा विद्वान् थे वरन् अच्छे कवि भी थे। स्मारिका की अन्य कविताओं में विपिन

जारोली की 'जीओ और जीने दो" कविता भी उल्लेखनीय है। कविता का भाव उस के शीर्षक से स्पष्ट है।

द्वितीय श्रेणी के लेखों में धार्मिक, दार्शनिक तथा सांस्कृतिक लेखों की चर्चा हम कर सकते हैं। श्री निहाल चन्द जैन का "जीवन सरोज की पांच पांखुड़ी" भावात्मक गद्य प्रणाली में लिखा गया उत्तम लेख है जो महावीर स्वामी के जीवन के पांच पहलुओं का सुन्दर चित्रण करता है। प्रो० उदय चन्द जैन के लेख में अहिंसा दर्शन का अच्छा विवेचन है। अहिंसा प्राणियों का जीवन नष्ट न करना मात्र ही नहीं है। प्राणियों से मैत्रीभाव, राग-द्वेष आदि अन्तरंग शत्रुओं पर विजय प्राप्ति तथा आसन, शयन, भोजन गमनादि प्रत्येक क्रिया का सावधानी पूर्वक सम्पन्न करना भी अहिंसा का आवश्यक अंग हैं। श्री इन्द्रमल जैन ने जैन दर्शन को उस के स्याद्वाद तथा नय सिद्धांत के आधार पर उदार दृष्टिकोण वाला प्रदर्शित किया है। वे कहते हैं कि जैन दर्शन दुराग्रही नहीं है—किन्तु वे इस संदर्भ में इस प्रश्न पर विचार करना भूल जाते हैं कि जब सभी दर्शन अंशतः ठीक हैं तो जैन दर्शन भी तो अंशतः ही सत्य हुआ। फिर यह कैसे कहा जा सकता है कि जैन दर्शन अन्य दर्शनों की तुलना में अधिक सत्य है जैसा कि जैन दार्शनिक दावा करते हैं। दो ही विकल्प हैं, या तो वह अन्य दर्शनों की भांति ही अधूरा दर्शन है या वह फिर निश्चित अनुदार दर्शन है। श्री चन्दनमलजी चांद अपने लेख में आध्यात्मिक तथा नैतिक क्रांति को ही वास्तविक क्रांति मानते हैं। श्रीमती शांता भानावत ने जैन ग्रन्थों के आधार पर क्रोध का उत्तम विश्लेषण प्रस्तुत किया है। श्री अगर चन्दजी नाहटा ने अपने लेख में यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि अहिंसा तथा अपरिग्रह ही विश्वशांति का अमोघ उपाय हैं। श्री सत्यंधर कुमार सेठी ने श्री महावीर को महान् क्रांतिकारी के रूप में देखा है। डा० नरेन्द्र भानावत ने शाकाहार के पक्ष में युक्तियां देते हुए यह निष्कर्ष निकाला है कि शाकाहार ही मानव का प्राकृतिक भोजन है। श्री लक्ष्मीचन्द सरोज ने अणुव्रत के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए इसे अति उपयोगी आंदोलन बतलाया है तथा श्री प्रेमचन्द रावका ने आज के युग में धर्म की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला है। आंग्ल भाषा में लिखा गया डा० ज्योति प्रसाद जैन का 'दी जैन पाथ ऑफ रिलीजन' लेख उच्चकोटि का है। लेखक ने इस लेख में जैन धर्म को युक्ति युक्त तथा मानवीय माना है। लेख में जैन धर्म की मुख्य-मुख्य विशेषताओं पर रोचक एवं युक्तिपूर्ण ढंग से प्रकाश डाला गया है।

उपरोक्त सभी लेखों का परिप्रेक्ष जैन दर्शन तथा धर्म तक ही सीमित है। इन लेखों में किसी भी विषय पर अन्य दर्शनों के संदर्भ में विचार नहीं किया गया है। स्मारिका के अधिकांश लेख इस प्रकार के हैं, यह स्मारिका की एक कमी भी है। इसी लिए स्मारिका में मुद्रित कुछ ऐसे

लेखों का जिन का दृष्टिकोण व्यापक अथवा तुलनात्मक है स्मारिका में विशेष महत्त्व है। इस कोटि के लेखों में आंग्ल भाषा में लिखा हुआ श्री रामचन्द्र जैन का 'पदार्थिज्म' नामक लेख विशेष रूप से उल्लेखनीय है। लेखक के अनुसार पदार्थ आत्मा तथा भौतिक तत्त्वों की एकता है तथा इस ऐक्य का सर्वोत्तम विकास मनुष्य है। मनुष्य न केवल आत्मा है और न केवल भौतिक तत्त्वों का समूह। अतः धर्म तथा दर्शन मानव से संबंधित होने के कारण इन दोनों तत्त्वों को महत्त्व देगा। पूर्ण रूपेण भौतिक संस्कृति अथवा दर्शन वैसा ही एकांगी है जैसा केवल आत्मिक दर्शन। लेखक के अनुसार भारतीय दर्शन सदैव पदार्थ का दर्शन रहा है। आज साम्यवादी संस्कृति ने, जो पदार्थ का दर्शन न हो कर भौतिक दर्शन है, इस संतुलित दर्शन को चुनौती दी है तथा लेखक ने अपने लेख में प्रश्न किया है कि हमें विचार करना है कि इस संक्रमण काल में हम संतुलित पदार्थ के दर्शन को स्वीकार करें या एकांगी साम्यवादी भौतिक दर्शन को? डा० सुधीर कुमार गुप्त का 'महावीर तथा दयानन्द' नामक लेख भी इसी कोटि में आता है। लेख में महावीर तथा दयानन्द का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। लेखक के अनुसार अपने समय में फैले हुए अनाचारों का प्रतीकार करना दोनों महापुरुषों का प्रधान लक्ष्य रहा है। दोनों के दार्शनिक सिद्धांतों में कई रोचक समानताओं पर भी लेखक ने प्रकाश डाला है। लेख विद्वत्ता पूर्ण है। डा० दरबारी लाल का "श्रमण संस्कृति की वैदिक संस्कृति को देन" नामक लेख उत्तम कोटि का है। लेखक के अनुसार श्रमण परंपरा अत्यन्त प्राचीन है तथा बहुत प्राचीन समय से वह वैदिक संस्कृति को प्रभावित करती आ रही है। लेखक के अनुसार वैदिक संस्कृति में अहिंसा, मूर्तिपूजा तथा अध्यात्म का महत्त्वपूर्ण स्थान श्रमण संस्कृति के प्रभाव के कारण ही हैं। श्री रिषभ दास रांका ने भी अपने लेख में बतलाया है कि प्राचीन श्रमण परंपरा ने कई धाराओं में वैदिक संस्कृति को प्रभावित किया है तथा भारतीय संस्कृति इन दोनों परम्पराओं का सुन्दर समन्वय है।

साहित्य सम्बन्धी लेख स्मारिका में बहुत कम हैं। इस विषय पर लिखे गए लेखों में डा० लालचन्द का 'व्रज भाषा—जैन प्रबन्ध काव्यों में लक्ष्यानुसंधान' लेख उल्लेखनीय है। लेखक के अनुसार जैन साहित्यकारों ने सुन्दर के साथ-साथ सत्यं तथा शिवं का मेल बिठाया है जब कि जैनेतर साहित्यकारों का लक्ष्य केवल सुन्दर तक ही सीमित रहा है। साहित्यिक लेखों में प्रो. सत्यव्रत का "जैन साहित्य का नैषध हीर सौभाग्य" नामक लेख भी महत्त्वपूर्ण है।

इतिहास तथा पुरातत्त्व से सम्बन्धित लेखों ने स्मारिका को गौरव प्रदान किया है। इस विषय पर लेखों की संख्या पर्याप्त है तथा इन में से कुछेक लेख उच्चकोटि के कहे जा सकते हैं। आंग्ल भाषा में लिखा गया डा० डी. एन. शुक्ल का "जैन मूर्ति कला" नामक लेख अपना विशेष महत्त्व रखता है। जैन मूर्तिकला का प्रारंभ से लेकर आज तक का इतिहास, उस की विशेषताएं, जैन

दर्शन तथा संस्कृति का उन की मूर्तिकला पर प्रभाव आदि महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर लेखक ने विद्वत्ता के साथ प्रकाश डाला है। डा० भागचन्द्र भागेन्दु ने देवगढ़ की उपाध्याय मूर्तियों तथा उन में से एक पर अंकित लेख का वर्णन प्रस्तुत किया है। श्री दिगम्बर दास जैन ने विभिन्न शिला लेखों, मूर्तियों तथा अन्य आधार पर बुन्देलखंड के इतिहास में जैन पुरातत्त्व के योगदान की चर्चा की है। लेख में शोध विद्यार्थियों के लिए अच्छी सामग्री एकत्रित है। डा० सत्य प्रकाश ने अपने संक्षिप्त लेख में जैन कलाकारों की भारतीय चित्रकला को देन को अनुपम बतलाया है। यदि जैन ग्रंथों की प्रशस्ति, जैन मूर्तियों के पाद लेख, जैन मंदिरों के शिला लेख आदि का अध्ययन किया जावे तो भारतीय इतिहास की रिक्तता बहुत भरी जा सकती है। श्री रामवल्लभ सोमानी ने उपरोक्त कथन की पुष्टि अपने लेख में जयपुर के १२ वीं शताब्दी के प्राचीनतम दिगम्बर जैन लेखों के अध्ययन के आधार पर की है। प्रो० कृष्णदत्त वाजपेयी ने उज्जयिनी के पुरातत्त्व की रोचक एवं ज्ञानवर्द्धक झांकी प्रस्तुत की है। तथा डा० पवन कुमार ने श्री महावीर के समय के राजतंत्र तथा शासन पर प्रकाश डाला है।

अंत में स्मारिका को अधिक उपयोगी बनाने तथा उस का स्तर उच्चतर बनाने की दृष्टि से कुछ सुझाव अनुपयुक्त नहीं होंगे। ऐसे प्रकाशनों का एक उद्देश्य जैन धर्म दर्शन तथा संस्कृति आदि से पाठकों का सामान्य परिचय कराना भी होता है। किन्तु स्मारिका में कोई भी ऐसा लेख नहीं है जो इस उद्देश्य की पूर्ति कर सके। यदि एक दो ऐसे लेखों का समावेश भी स्मारिका में होता जो जैन धर्म तथा दर्शन का सामान्य किन्तु समग्र परिचय पाठकों को दे सकते तो स्मारिका की उपयोगिता में निश्चित वृद्धि होती।

आज के युग में विज्ञान से धर्म को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। तथा इस का समाधान केवल ऋषि-मुनियों, तीर्थंकरों, अथवा श्रुति आदि की दुहाई देकर नहीं किया जा सकता। आज ऐसे साहित्य की आवश्यकता है जो धर्म की सत्यता अथवा उपयोगिता तर्क अथवा युक्ति के आधार पर स्थापित कर सके। कुछ लेखों में इस प्रकार का प्रयास भी किया गया है, किन्तु वह पर्याप्त नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि अभी भी जैन समाज इस चुनौती से पूर्ण रूपेण परिचित नहीं है और इसी लिए उस का समाधान खोज निकालने के प्रयास का अभाव है।

भारतीय दार्शनिक परम्परा काफी समृद्ध परम्परा रही है। विभिन्न दार्शनिक सम्प्रदायों में मुख्य प्रश्नों पर निरंतर तर्क वितर्क भी होता रहा है। स्मारिका के लेखकों ने अपने लेखों में इस परम्परा को ध्यान में नहीं रखा है, यद्यपि इस के कई लेखक भारतीय दर्शन से अच्छा परिचय रखते हैं। यदि वे अपने लेखों के परिवेश को अधिक व्यापक बनाते तो उन लेखों का मूल्य काफी बढ़ जाता।

स्मारिका विश्व हिन्दू परिषद् हाड़ौती सम्मेलन कोटा १९७०

सम्पादक डा० फतसिंह, सिन्धु लिपिविशेषज्ञ एवं भू० पू० निदेशक, राज० प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर; प्रकाशक स्वागत समिति हाड़ौती सम्मेलन; १९७०; पृष्ठ ८+३७+३५ (विज्ञापन); निःशुल्क वितरणार्थ

समीक्षक : डा० सुधीर कुमार गुप्त
प्रवाचक, संस्कृत विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर-४

१. प्रत्येक जाति में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। कभी वह ऊपर उठती है, तो कभी नीचे जाती है। जब वह अधोगामिनी होती है, तो उस जाति के मनीषी उस को ऊपर उठाने के लिए अपने सर्वस्व की आहुति देते हैं। बुद्ध, महावीर, शंकर और दयानन्द आदि ने अपने बलिदानों और उपदेशों से भारतीय जन को ऊँचा उठाने का प्रयास किया और अपने पीछे एक संगठित समाज छोड़ कर गए।

२. विदेशी शासन के युग में हिन्दु-मुसलमान का जो दूषित बीज अंकुरित और विकसित हुआ, उस के विकास की धारा देश के स्वतन्त्र होने पर भी आगे बढ़ती रही। हिन्दू और मुसलमान दोनों ने ही अपने अभ्युत्थान की पृथक्-पृथक् योजना की। हिन्दू विश्वपरिषद् ऐसी ही एक योजना है। यह हिन्दू मात्र का अभ्युत्थान और उत्कर्ष उन को एकता और स्नेह के सूत्र में बांध कर करना चाहती है, भेदभाव को, ऊंच नीच को, आर्य-द्रविड भावना को, हिन्दी और अहिन्दी के विष को दूर करना चाहती है। एतदर्थ जनसम्पर्क के लिए स्थान-स्थान पर अपने सम्मेलन आदि करती है। हाड़ौती सम्मेलन भी एक ऐसा ही समारोह था।

३ हिन्दू विश्वपरिषद् ने अपनी विचारधारा और लक्ष्य से अभिज्ञ करने के लिए प्रस्तुत स्मारिका का प्रकाशन और वितरण किया। इस का आरम्भ संस्कृत पद्य में निबद्ध प्रार्थना तथा जैन, बौद्ध, सिक्ख और हिन्दुओं के प्रार्थना मन्त्रों से मंगलाचरण से होता है। अमर सिंह सिसोदिया ने हाड़ौती प्रदेश पर एक विहंगम दृष्टि में हाड़ौती का भौगोलिक, ऐतिहासिक, राजनैतिक, और सांस्कृतिक परिचय दिया है। हाड़ौती में भील, मीना और गणसिया नामक वनवासी रहते हैं। उद्बोधन में फतह सिंह ने भारतीय भावना और आदर्शों को प्रस्तुत करते हुए जनमात्र का उन आदर्शों की उपलब्धि के लिए आह्वान किया है। पादटिप्पणी में कठिन शब्दों का अर्थ दिया है। तत्पश्चात् २६ पृष्ठों में देश की विविध महान् विभूतियों के उत्साह और प्रेरणा दायक सन्देश हैं। इन में हिन्दुओं के सब वर्गों का अध्ययन कर उन को संगठित करने, व्यावहारिक कार्यक्रम निर्धारित करने, मन्दिरों की सुरक्षा, हिन्दू-मुसलमान—दोनों के लिए एक से नागरिक कानून

बनवाने, पारिवारिक आदर्शों की स्थापना करने क्षत्रिय संस्कार को जागृत करने, वैदिक चिन्तन पर प्रतिष्ठित आर्य सत्य को पहचान कर व्यवहार में लाने, साम्प्रदायिक और संकीर्णता की समस्याओं के समाधान तथा राष्ट्रकल्याण के लिए ठोस कार्यक्रम बनाने की प्रेरणा दी गई है।

४. अगले छै पृष्ठों में विश्व हिन्दू परिषद् के प्रन्यासी मण्डल, प्रबन्ध समिति, राजस्थान में परिषद् के कार्य की प्रगति और राजस्थान प्रदेश समिति के विवरण दे कर राजस्थान में सेवा योजनाओं, उद्देश्य और प्रवृत्तियों का परिचय दिया है। विज्ञापनों से पूर्व हिन्दुओं के संदर्भ में ईसाई शिक्षा संस्थाओं, धर्मयाजकों और उन के प्रचार और हिन्दू विश्व परिषद् की अद्यावधि उपलब्धियों के विवरण दिए गए हैं, जो इस विषय पर कार्य करने वाले शोधक के लिए उपयोगी हैं।

५. स्मारिका में कुल सात लेख हैं—छै हिन्दी में और एक अंग्रेजी में। अंग्रेजी लेख में आनन्दप्रिय ने हिन्दु जाति के चारों ओर मंडराने वाली अनेकों भीतियों और समस्याओं का चित्रण कर के उन से त्राण की योजना बनाने का आह्वान किया है।

६. हिन्दी लेखों में प्रभुदयाल अग्निहोत्री ने 'भारतीय संस्कृति के मूल तत्त्व' में आत्मा की शाश्वतता, कर्मवाद और वर्णाश्रम-व्यवस्था का विवेचन किया है। आप ने ठीक ही लिखा है कि भारतीय जन-जीवन पर उस की दार्शनिक और धार्मिक विचारशैली की छाप है। यह हिन्दू को अविच्छिन्न जीवनप्रवाह, कर्मण्यता और कर्त्तव्यपालन का सन्देश देती है। डा० अग्निहोत्री ने आधुनिकों की शूद्र, दास, दस्यु आदि सम्बन्धी कतिपय मान्यताओं का औचित्य-पूर्ण खण्डन किया है। भारत में पूर्वकाल में सब धर्मों में सह अस्तित्व भाव था। वे एक दूसरे का आदर करते थे। वर्ण के जन्मगत हो जाने से ही ईर्ष्या द्वेष आदि की वृद्धि हुई। शिक्षा निःशुल्क और समानता की आपदक थी। विद्याप्रतिष्ठान समाज के नियामक थे। वहीं साहित्य-रचना हुई।

७. शि. शं. आपटे ने विश्वहिन्दू परिषद् की कल्पना और उस के विचारों का परिचय देते हुए माना है कि हिन्दुओं के द्योतन के लिए हिन्दू शब्द बहुत ही उपयुक्त है। यह भौगोलिक क्षेत्र का द्योतक है। आज हिन्दू समाज विघटन के पथ पर है। उस को सब ओर से भय उत्पन्न हो चुका है। अतः उन में उत्साहसृजन, संघटन और आत्मबोध जागृत करने की आवश्यकता है। हिन्दू विश्व परिषद् का लक्ष्य यह सब कुछ करना है। आज राजनैतिक कारणों से अथवा अलौकिक उदारता से प्रेरित हो कर अथवा दूसरों की प्रतिक्रिया से भयभीत हो कर तथा अन्य एवं-विध कतिपय कारणों से हिन्दू की बात करने वाले को साम्प्रदायिक और देश के साथ उचित न्याय न करने वाला घोषित किया जाता है। लेखक ने इस प्रतिक्रिया की ठीक ही उपेक्षा की है

और बड़ी शिष्ट और संयत भाषा में अपनी मान्यता को प्रस्तुत किया है। उन की मान्यता 'धर्मान्तर का अर्थ है राष्ट्रान्तर' पूर्णतः तो नहीं, अंशतः ही सत्य मानी जा सकती है।

८. रामजी उपाध्याय ने विभिन्न धर्मों और कालों—वैदिक, बौद्ध, जैन और हिन्दू में साधु शक्ति के स्वरूप और प्रभाव का संक्षिप्त वर्णन किया है। प्राचीन काल में साधु ही सच्चे कर्मयोगी और उदात्त आदर्शों के संस्थापक थे। डा० उपाध्याय आधुनिक भारत के पुनर्निर्माण के लिए साधु शक्ति की पुनः अवतारणा को आवश्यक मानते हैं। डा० उपाध्याय का कर्मयोगित्व को साधुओं में ही सीमित कर देना विचारणीय प्रतीत होता है। राम और कृष्ण जैसे कर्मयोगी साधु नहीं थे। वे गृहस्थ थे। भीष्म आदि भी साधु नहीं थे। साधु वीतरागी और सर्वहितेच्छु होता है। ऐसे जनों की आज परम आवश्यकता है।

९. आनन्दपाल सिंह रघुवंशी का सन्देश सभी भारतवासियों के लिए उपयोगी है। आज भारतवासी कर्मठ और व्यावहारिक कम है। दर्शन, महान् व्यक्तियों और वर्णव्यवस्था आदि के गुणगान मात्र से कल्याण सम्भव नहीं। हिन्दू के लिए आवश्यक है कि वह विभाजन का अन्त, दलितों का उद्धार, समाज का एकीकरण एवं स्वदेशीकरण करे और देश में सब के लिए सुख, शांति और वैभव उत्पन्न करे और उसे बनाए रक्खे। विज्ञान और अध्यात्म की मिली-जुली विचारधारा ही आज का व्यावहारिक धर्म हो सकता है। हिन्दुओं के पुनरुत्थान के लिए डा० रघुवंशी ने २० सूत्री कार्यक्रम सुझाया है।

१०. स्मारिका का प्रमुख और सब से अधिक महत्त्वपूर्ण लेख फतह सिंह का 'संयोजक वक्तव्य' है जो १२ उपशीर्षकों—फूट और अलगाव, हिन्दुत्व बोध, हिन्दुकुश की परम्परा, परशु का प्रतीक, हिन्दुत्व, व्यावहारिकता, हिन्दू मात्र की सम्पत्ति, सम्मिलित प्रयत्न की रूपरेखा, हमारे आन्दोलन का आधार घृणा न हो, अस्पृश्यता हिन्दुत्व विरोधी, अस्पृश्यता केवल तात्कालिक आवश्यकता के रूप में और विवेयात्मक दृष्टि की आवश्यकता में प्रस्तुत किया गया है। लेखक की मान्यता उचित ही है कि हिन्दू समाज अपनी मूल भावना 'एकं सत्' के सिद्धान्त को भूल कर अलगाव की शोचनीय प्रवृत्तियों से आक्रांत हो गया है। इस सिद्धांत से ही हिन्दुत्व की यह प्रमुख विशेषता विकसित हुई है 'कि वह अपनी परिधि में अनेक प्रकार की विविधता को समेटे हुए है और किसी एक मान्यता के लिए दुराग्रह नहीं करता है।' लेखक के मत में हिन्दु शब्द देशवाची है जो सिन्धुवाटी की मुद्राओं के 'हिन्धु' पद से विकसित हुआ है और विदेशी भाषाओं में इंडोस, इंडस और इंडिया के रूप में अभिव्यक्त हुआ है। सिन्धु और हिन्धु का सह अस्तित्व था। आध्यात्मिक दृष्टि से 'हिन्धु' का 'सिन्धु' में पर्यवसान होता है। इस 'सिन्धु' आदर्श का चित्रण लेखक ने ऋ. १०-९ से उपस्थित किया। इस सूक्त से चिलोचिस्तान से ब्रह्म

पर्यन्त भारत का चित्र सामने आता है। लेखक के इस कथन में सार प्रतीत होता है कि हिन्दुकुश नाम में हिन्दु और √कुष् का ध्वन्यात्मक और आर्थिक योग है। वे परशु को भी हिन्दुकुश का समानार्थक एक प्रतीक मानते हैं। परशु का लक्ष्य असत्य का नाश और सत्य—आनन्दमय सोम का पुनरुज्जीवन है। अतः हिन्दुत्व में व्यक्ति और राष्ट्र का वह निर्माण निहित है जो हिन्दू को सम्पूर्ण हन्ता को नष्ट कर सम्पूर्ण विश्व को हिलाने वाला बना सकता है। हिन्दु पद राष्ट्रीय संस्कृति का द्योतक है। उसे सम्प्रदाय मानना अनुचित है। वह जयन, यजन और भजन के द्वारा मानवता के उत्कर्ष की कामना करता है। आज यदि डा० सिंह के हिन्दु और हिंदुत्व के इस व्याख्यान को सुचारु रूप में मनोगत कर लिया जाए तो राष्ट्र के कुछ व्यक्तियों में हिंदु को बुरा-भला कहने, हिंदु के प्रत्येक कार्यकलाप की निंदा करने, उसे साम्प्रदायिक कहने की जो दूषित प्रवृत्ति प्रतिदिन समाचारपत्रों और भाषणों आदि में दिखाई पड़ती है, प्रत्येक विज्ञ, राष्ट्रहितैषी और न्याय्य व्यक्ति को उस के निराकरण और अपनयन के लिए विचार करने के लिए बाधित होना पड़ेगा। स्वयं हिंदु समाज को भी आत्मबोध होगा और वह अपनी रक्षा और अभ्युत्थान में समर्थ होगा। डा० सिंह ने हिंदू को परामर्श दिया है कि वह स्नेहसिक्त वातावरण में राष्ट्रोत्थान के आंदोलन के निमित्त विधेयात्मक दृष्टि को अपनाते हुए ऋग्वेद के 'विश्वमानुष' और 'सिंधु-क्षित्' आदर्शों को पूर्णरूपेण अपने जीवन में ढाले। इस प्रकार लेखक हिंदू को संकीर्णता, अकर्मण्यता और हीनता से उठा कर उदार, सक्रिय और उन्नत राष्ट्रीय व्यक्ति बनाता है।

११. प्रस्तुत स्मारिका के इस विवरण से यह अनायास ही समझा जा सकता है कि यह अपने लक्ष्य के अनुरूप बन पड़ी है। इस का अध्ययन उदार भावों की सृष्टि और आत्मबोध में सहायक है। साथ ही विश्वहिंदू परिषद् के असाम्प्रदायिक रूप का भी इस से सम्यक् परिचय हो जाता है। विश्वहिंदू परिषद् की साहित्यिक गतिविधि यदि इस प्रकार की स्मारिकाओं के साथ और भी शोधप्रधान रचनाएं प्रस्तुत कर सकी तो यह निश्चय ही देश में प्रेम और एकता का भाव जागृत करने में राजकीय भाविक वैमत्य की योजनाओं से कहीं अधिक सफल हो सकती है। इस विषय में डा० फतह सिंह की सिंधु घाटी विषयक खोजें और भारतीय समाज और संस्कृति के व्याख्यान विश्वहिंदू परिषद् के लिए विशेष मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं।

१२. स्मारिका का मुद्रण आदि उच्च कोटि का है।

अलंकारस्य संस्कृतसोपानम्

प्रणेता डा० सुभाष वेदालंकार (तनेजा), एम. ए., पीएच. डी., साहित्याचार्य; प्रकाशक : अलंकार प्रकाशन, ७४, आदर्श नगर, जयपुर–४; प्रथमसंस्करण (१८-७-६६); पृष्ठ ८+क–ख+६६; मूल्य १-३०

समीक्षक : डा० सुधीर कुमार गुप्त, प्रवाचक, संस्कृत विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–४

१. संस्कृत भाषा चिरकाल से मानवों को, विशेषतः भारतीयों को विविध प्रकार की अनुभूतियां देती रही है। पिछली लगभग दो शताब्दियों में तो पश्चिम ने इस से विशेष अनुभूति ले कर भाषाविज्ञान आदि अध्ययनों का प्रवर्तन किया है। संस्कृत इस देश को आदि काल से एकता के सूत्र में बांधती रही है। जब-जब भी भाषाविवाद की परिस्थितियों में देश में विघटन की प्रवृत्तियों ने जन्म लिया, तभी संस्कृत ने अपनी सौम्यता और सर्वग्राहिता से देश को विघटन से बचाया। अतः भारतीय संस्कृत का पढ़ना–पढ़ाना अहो भाग्य मानते रहे हैं। आज देश की परिस्थितियों में संस्कृत के व्यापक पठन-पाठन का महत्त्व और भी बढ़ गया है। अतः उस के पठन-पाठन में सहायक सभी सामग्री अभिनन्दनीय है।

२. प्राचीन काल से ही बालकों को संस्कृत सिखाने के लिए ग्रंथ लिखे जाते आए हैं। लघुपाणिनीय, ऋजुपाणिनीय, लघुसिद्धांतकौमुदी, अनुवादशिक्षक, भाषाप्रवेशिकाएं, सरल व्याकरण आदि बालकों को बोध कराने के लिए रचे गए हैं। डा० तनेजा का प्रस्तुत प्रयास भी संस्कृत में प्रवेश पाने वालों के लिए है। इस में चार सोपान हैं—पहले में वर्ण, सन्धि, विभक्ति, कारक, क्रिया, धातु, समास, अव्यय, कृदन्त और तद्धित का प्रारम्भिक परिचय दिया गया है। दूसरे सोपान में व्यवहारोपयोगी ५७ शब्दों और ३० धातुओं के रूप दिए हैं। धातुओं के रूप पांच लकारों के हैं। चार धातु आत्मनेपदी हैं। तीसरे सोपान में व्यावहारिक शब्द और धातु कोष देते हुए यह भी इंगित किया है कि उन के रूप किस प्रतिनिधि शब्द या धातु के समान चलेंगे। चौथे सोपान में पत्रलेखन सम्बन्धी कुछ सामान्य निर्देश दे कर संस्कृत में ५ पत्र और १३ छोटे-छोटे निबन्ध दिए गए हैं। इस प्रकार विषयों के चयन और प्रतिपादन की दृष्टि से रचना बहुत उपयोगी है जिस में व्याकरणविषय को आधुनिक पद्धति पर प्रस्तुत करते हुए सरल करने का भरसक प्रयास किया गया है।

३. प्रारम्भिक स्तर के छात्रों के लिए निर्मित पुस्तकों में मुद्रण, कागज और टाइप का विशेष ध्यान आवश्यक है। इस पुस्तक में इन का उचित ध्यान नहीं रक्खा गया है। टाइप बारीक है। छपाई घिनकी है, और कागज हल्का है। मुद्रण में पर्याप्त भूलें हो गई हैं। लेखक ने स्वयं ग्रन्थारम्भ में चार पृष्ठ का शुद्धिपत्र दिया है।

४. यदि लेखक इस में हिन्दी से संस्कृत में और संस्कृत से हिन्दी में अनुवाद करने पर भी कुछ पृष्ठ जोड़ देते, तो पुस्तक और भी अधिक उपयोगी बन जाती।

Descriptive List of Works

by Dr. S. K. Gupta

N. B All books are in Hindi except nos. 1 and 26–29 which are in English.

Prices indicated here are exclusive of postage which runs from Rs. 1. 25 to Rs. 2. 50 depending upon the weight of the publication. Full postage is charged.

1. **Seers of the Ṛg-Veda, Their Message And Philosophy** :—(with Hindi Translation and Appendices) being the Kerala (University) Koil Varma Valia Thampuran Gold Medal Essay for 1954. The paper arrives at the conclusion that the names of ṛṣis, devatās and chandas' associated with Vedic verses are special terms coined to express the senses of the Mantras related with them. Price Bound Rs. 8/–

2. **Rāvaṇa Bhāṣyam** :—is the first critical edition in Devanagri script of the commentary by Rāvaṇa on thirteen Ṛks preserved by Sūrya Paṇḍita Daivajña in his Parmārtha-Prabhā ṭikā on the Gītā. It is an improvement upon the collection of Hall (now long out of print) and the remarks of Pt. Bhagavaddatta. The introduction contains a comparative study of the various commentators and Rāvaṇa. The appendices and indices contain a Hindi version of the commentary, the various interpretations of Vedic words by various commentators and a lot of other information. Price Rs. 15/–

3. **Bhāratīya Darśana ke Sampradāya** :—The only book in Hindi presenting a brief introduction to the history, contents and literature of Indian philosophy from the Vedas to the present day. It deals with the philosophies of the Vedas, the Smṛtis, the systems of philosophy-orthodox (Sāṁkhya, Yoga, Nyāya, Vaiśeṣika, Pūrva and Uttara Mimāṁsās), heretic (Cārvāka, Bauddha, Jaina), Tantras—Hindu, Bauddha and Jaina and new systems of Nānaka and other saints, Dayānanda Saraswatī, Ānanda Mārga, Brahmākumārī, Aravinda Ghosha, Mahatmā Gāndhī, Swāmī Śaraṇānanda, Parsis, Christians and Musalmans along with various appendices and an index. It is most suited to the general reader, the B. A. student and those who require authentic information on new systems and trends of Indian philosophy. Cloth Bound Rs. 7.50, Ordinary Binding Rs. 6. 00, Paper back Rs. 5. 00

---

4. **Veda-Lāvaṇyam** :—in two parts contains an edition of the initiation aphorisms of Pāraskara, Rv I. 154; II. 12; X. 90 (also Yv. 31); 121; 125 with detailed introductions, Sāyaṇa's commentary, Hindi translation, notes containing critical and comparative study of important words, phrases and sentences with three appendices on vedic grammar, accent and padapāṭha Unbound Rs. 11-00

Library edition Rs. 13-50

Vol. I Cloth bound 10-50

Vol. II Unbound 3-00

(Some of its parts are also available separately as indicated below :-)

---

5. **Saṭippaṇa Pāraskarīyopanayana Sūtrāṇi** :—contains introduction, text of Pāraskara Gṛhyasūtra Upanayana sūtras, their Hindi translation and notes (containing among other things translation of verses according to the ceremony in whcih they are applied).

Paper back Rs. 4-00

6. **Pāraskarīyopanayanasūtrāṇi** :—contains Hindi translation with text and notes and indices. Paper back Rs. 3-50

7. **Ṛksūktāni** :—contains the text, Sāyaṇa Bhāṣya, Hindi translation and notes on Rv. I. 154; II. 12; X. 90 (as also Yv. XXXI); 121; 125 with appendices on padapāṭha, Vedic accent and grammar and indices. Paper back Rs. 7-00

8. **Indra Sūkta** :— Paper back Rs. 1-50

9. **Puruṣa Sūkta** :— Paper back Rs. 1-50

10. **Veda Bhāratī** :—presents a collection of Rv. 3. 62. 10; 5. 82. 5; Yv. 36. 24; Ait. Br. 33. 2-3; Śat. Br. 1. 8. 1. 1-11; Tait. Up., Śikṣā Vallī, 9; 11 and Iśa Upaniṣad with Hindi translation, notes and author's own Sanskrit commentary.

Bound Rs. 4-80, Paper back Rs. 4-00

11. **Veda Bhāratī (Kena)** :—Above with Kenopaniṣad in place of Īśa Upaniṣad. Paper back Rs. 4-80

12. **Veda Bhāratī (A)** :—The above without the Īśa and the Kena Upaniṣads.

Paper back Rs. 3-00

BHARATI MANDIRA ANUSANDHANA SHALA
R-2, Vishva Vidyalaya Puri, Jaipur-4 (Raj.) India

13. **Īśopaniṣad** :—It contains the text of the Upaniṣad with a brief introduction, Hindi translation, explanatory and c itical notes containing several new interpretations etc., a new simple Sanskrit commentary 'Bhāvaprakāśikā Sudhīriṇī' by the editor containing a summary of the views of commentators and the editor's own views.

Paper back Rs. 1-25

14. **Kenopaniṣad** :—It contains the text of the Upaniṣad with a brief introduction, Hindi translation, critical and explanatory notes containing editor's new interpretations, editor's new Sanskrit commentary—'Bhāvaprakāśikā Sudhīriṇī', appendices and indices. This edition claims to present for the first time a clear, easy and intelligible exposition of some of the intricate and difficult passages of the text. Import and nature of Umā, the senses of Yakṣa with reference to adhyātma and adhideva have become clear. The appendices contain a running Hindi translation, **English translation**, a note on metres in the Upaniṣad and a comparative study of the tadvanam of the Kenopaniṣad with the tadvanam of the Indus seals as deciphered by Dr. Fatah Singh.

Paper back Rs. 2-00 Library edition Rs. 3-50

15. **Vedabhāṣyapaddhati ko Dayānanda** Sarasvatī **kī Dena kā Sāra** :—It is a short summary of the author's thesis for the Degree of Doctor of philosophy (Rajasthan University). The full work contains 40 chapters and several appendices. This summary gives a gist of all these chapters, and appendices. It also contains a brief statement of the author's further work on this subject done after the composition of this work.

Paper back Rs. 2-50 Library edition Rs. 3-50

16. **Saṃkṣipta Daśa Kumāra Caritam** :—Chapters I, II and III of the Pūrva Pīṭhikā and the Uttara Pīṭhikā with a detailed introduction, Sanskrit gloss, literal Hindi translation, notes (on ch. 1 only), indices and the Pūrvavṛttānta of Bhaṭṭa Nārāyaṇa with Hindi translation.

Bound Rs. 6-50

17. **Prathama Ucchvāsaḥ** :—of the Pūrva Pīṭhikā of Daśakumāra Caritam of Daṇḍin edited with introduction, notes, Hindi translation, Pūrva Vṛttānta etc., Vocabulary and indices (From the above).

Third Edition Bound Rs. 4-60 Paper back Rs. 3-80

18 **Viśruta Caritam** :—Chapter VIII and the relevant portion of the Uttara Pīṭhikā of the Daśakumāra Caritam edited with a new detailed Sanskrit commentary Sudhīriṇī Bhāvaprakāśikā by the editor along with Hindi translation, notes and introduction.

Fourth Edition Library edition Rs. 7-20 Paper back 4-40

19. **Kumārotpattirviśrutacaritañca** :—A combined edition of the preceding two publications (Chapter I and Chapter VIII) with one introduction. Rs. 7-80

20. **Śukanāsopadeśaḥ** :—of the Kādambarī of Bāṇa Bhaṭṭa edited with a detailed introduction, new Sanskrit commentary Anilā by the editor, literal Hindi translation and notes etc.

Bound Rs. 4-80 Paper back Rs. 4-00

21. **Bāṇa aura Daṇḍī-Eka Adhyayana** :- It presents a critical, comparative and analytical study of the two Sanskrit prose writers. It deals with the definition and other problems of prose, prose romance, life, date, works, style, merits, demerits, description of nature, sentiments, figures of speech, knowledge of Paurāṇika mythology, art of story writing etc. etc. of both the poets The study of the two poets presented here forms part of the introductions to publications numbers 16 to 20 above. Cloth Bound Rs. 6-00

N. B. The study of these poets is also available separately—Bāṇa Rs. 4-00; Daṇḍī Rs. 3-50

22. **Meghadūta kī Vaidika Pṛṣṭhabhūmi aura Usa kā Saṁskṛtika Sandeśa** :—discusses the vedic background of the paurāṇika myths alluded to in the Meghadūtaṁ of Kālidāsa and brings out their cultural import. 0-90

23. **Arthavyañjakatā-Citram** :—is a chart presenting a comparative study of the arthavyañjanā treated in the Sāhitya Darpaṇa and the Kāvya Prakāśa. 0-60

Collections of Spare Reprints of Research Papers and Articles :— (from various journals). Supply of these reprints is subject to availability at the time of indent or supply as the case may be.

24. **Vaidika bhāṣā aura Nirvacana** :—(It contains 7 papers). Rs. 8-50

BHARATI MANDIRA ANUSANDHANA SHALA
R-2, Vishva Vidyalaya Puri, Jaipur-4 (Raj.) India

25 **Yāskīya Nirvacana** :—contains 4 papers. All these are also included in the above collection. Rs. 6–00

26. **Ancient Schools of Vedic Interpretation** :—discusses the underlying unity of all the Vedic schools of interpretation referred to by Yāska in his Nirukta. (Reprint from the JGRI). Rs. 3–00

27. **Coconut (Tryambaka) in the Ṛg–Veda is the Origin of Śiva Cult** :— It is a reprint from the Śodha Bhāratī and holds that the Śiva cult has originated and developed from a personification of the coconut (=tryambaka). Rs. 4–00

28. **Indological Essays** :—contains the reprints of the above two papers along with a reprint of 'Monosyllabic Origin of the Vedic Language', (from the JGJRI). Rs. 10–50

29. **Nature and Scope of Etymology in the Context of Vedic Words** :— It is a reprint from the RUSSH. It examines critically the modern and ancient concepts of etymology in relation to their usefulness for Vedic interpretation and suggests the adoption of Indian approach corroborated by evidences of modern approach. Rs. 5–00

30. **Indological Papers** :—Includes the above, and Law of Palatalisation A Rethinking, Aryan Problem, Validity of Historical and Legendary Interpretation of Vedic Stanzas, Viśvāmitra aura Nadiyāṃ; Brāhmaṇa and Veda meṃ Vikāra. Rs. 12–50

इस अंक के लेखक और समीक्षक

१. श्रीमती कृष्णा बोस, एम. ए., शोध छात्रा, संस्कृत विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–४

२. डा० नन्द किशोर शर्मा, एम. ए., पीएच. डी., प्राध्यापक, दर्शन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–४

३. श्रीमती प्रीति प्रभा गोयल, एम. ए., प्राध्यापिका, संस्कृतविभाग, जोधपुर विश्वविद्यालय, जोधपुर

४. डा० फतह सिंह, (भूतपूर्व निदेशक, राजस्थान ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीटयूट, जोधपुर), प्रोफैसर्ज कोलोनी, नयापुरा, कोटा

५. डा० राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, एम. ए., पीएच. डी., रीडर, हिन्दी विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–४

६. डा० वीरेन्द्र सिंह, एम. ए., पीएच. डी., व्याख्याता, हिन्दी विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–४

७. श्री शिवसागर त्रिपाठी, प्राध्यापक, संस्कृत विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

८. श्रीमती सुकेशी रानी गुप्ता, प्राध्यापिका, संस्कृत विभाग, रघुनाथ गर्ल्ज कालिज, मेरठ

९. डा० सुधीर कुमार गुप्त, एम. ए., पीएच. डी., शास्त्री, प्रभाकर, प्रवाचक, संस्कृत विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर–४

फरवरी के अन्तिम दिवस के पश्चात् प्रकाशित होने वाले प्रथम अंक में प्रकाशनीय त्रैमासिक **भारतीशोधसारसंग्रह**, जयपुर के स्वामित्व और अन्य विषयों का विवरण—

फार्म ४

(नियम ८ के अनुसार)

१. प्रकाशन का स्थान	जयपुर
२. प्रकाशनान्तराल	त्रैमासिक (वर्ष में चार अंक)
३. मुद्रक का नाम	**श्री सुबोध कुमार गुप्त**
राष्ट्रीयता	भारतीय
पता	भारती मन्दिर अनुसन्धान शाला, आर–२, विश्वविद्यालयपुरी, जयपुर–४
४. प्रकाशक का नाम	**श्री सुबोध कुमार गुप्त**
राष्ट्रीयता	भारतीय
पता	भारती मन्दिर अनुसन्धानशाला, आर–२, विश्वविद्यालयपुरी, जयपुर–४
५. सम्पादक का नाम	**डा० सुधीर कुमार गुप्त**
राष्ट्रीयता	भारतीय
पता	आर–२, विश्वविद्यालयपुरी, जयपुर–४
६. पत्रिका के स्वामी का नाम और पता	**भारती मन्दिर अनुसन्धानशाला,** आर–२, विश्वविद्यालयपुरी, जयपुर–४

मैं, सुबोध कुमार गुप्त घोषणा करता हूं कि ऊपर दिये गए विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं।

सुबोध कुमार गुप्त
प्रकाशक